(i) शैक्षिक सम्बन्धित कार्यों के लिये 2 दिन का वर्ष भर मे अवकाश स्वीकृत करना। वे इन अवकाशो की पूर्व सूचना अपने नियन्त्रण अधिकारी को देंगे।

(ii) अपने छात्रों के कल्याण तथा उनमे अनुशासन बनाये रखने के लिए आवश्यक कदम उठाना।

(iii) अपने अधीनस्थ अध्यापकों तथा छात्रावास-अधीक्षकों को अपनी ऐसी शक्तियां सौंपना जो कि वे उचित समझे।

(iv) विद्यालय की प्रवृत्तियो मे अभिभावकों तथा नागरिकों का सहयोग प्राप्त करने तथा उनके साथ सम्पर्क बनाने के लिये अभिभावक-अध्यापक सघ बनाना।

(v) अपनी पाठशालाओ मे बालचर, श्रमदान, समाज सेवा, वाद विवाद, नाटक-प्रदर्शन उत्सवो के आयोजन आदि सामाजिक प्रवृत्तियो को प्रोत्साहन देना।

(vi) कक्षा 10 व 11 का उस वर्ष के जिले के औसत स्तर से कम परीक्षा परिणाम नही रखना।

(vii) विद्यालय के प्रत्येक अध्यापक के अध्यापन लिखित एव सहशैक्षिक कार्य का परिवीक्षण 30 अध्यापक तक वर्ष मे तीन बार करना। 30 से अधिक अध्यापक होने पर वर्ष मे *दो बार परिवीक्षण करना। (सख्या न्यूनतम है।)*

(viii) स्वय के कार्यालय का वर्ष मे दो बार परिवीक्षण करना।

(ix) विद्यालय योजना का निर्माण करना, क्रियान्वयन करना, और उसका मूल्याकन करना।

(x) कई प्रायोगिक, रचनात्मक, पत्रवाचन, व्यावसायिक योग्यता वृद्धि आदि म से कोई दो प्रवृत्तियो मे भाग लेना। (वर्ष म)

प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान

16. प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयो से प्रधानो के निम्नलिखित अधिकार एव कर्त्तव्य होंगे :—

(i) शैक्षणिक कार्यों के लिये अवकाश देना जो कि वर्ष मे 2 दिन से अधिक नही होगा। वे इसकी पूर्व स्वीकृति अपने नियन्त्रण अधिकारी से लेगे।

(ii) अपने छात्रो के कल्याण तथा उनमे अनुशासन बनाये रखने के लिये आवश्यक कदम उठाना।

(iii) अपने अधीनस्थ अध्यापकों तथा छात्रावास-अधिक्षको को अपनी ऐसी शक्तियां सौंपना, जो कि वे उचित समझे।

(iv) विद्यालय की प्रवृत्तियो मे अभिभावकों तथा नागरिको का सहयोग प्राप्त करने तथा उनके साथ सम्पर्क बनाने के लिये अभिभावक अध्यापक सघ बनाना।

(v) अपनी पाठशालाओं म बालचर, श्रमदान, समाज सेवा, वादविवाद, नाटक-प्रदर्शन व उत्सवो के आयोजन आदि सामाजिक प्रवत्तियो को प्रोत्साहन देना।

(vi) न्यूनतम रूप से सम्मान परीक्षा व्यवसाय क्षेत्र के उस वर्ष के औसत शाला परिणामो के बराबर परिणाम रखना।

(vii) विद्यालय के प्रत्येक अध्यापक के अध्यापन लिखित कार्य एव सह शैक्षिक कार्य का परिवीक्षण वर्ष मे तीन बार करना। यदि 30 अध्यापक से अधिक हो तो दो बार।

(viii) विद्यालय योजना का निर्माण करना, त्रिया-वयन करना, और उसका मूल्याकन करना।

(ix) प्रायोगिक/विकासात्मक/प्रायोजना/ रचनात्मक लेखन पत्र वाचन प्रदर्शन पाठ सगोष्ठी, वार्ता, सेवारत, प्रशिक्षण, व्यवसायिक योग्यता आदि मे से कोई एक प्रवृत्ति मे भाग लेना।

[शिविरा/सस्था/स्पे /ए/11286/बी/82 दिनांक 11-5-82 आदेश के तहत है।]

शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के व्याख्याता/वरिष्ठ व्याख्याता/प्रोफेसर

(i) बी. एड., एम. एड. का विश्वविद्यालय के उस वर्ष के स्तर के समान विषयानुसार परिणाम रखना।

(ii) महाविद्यालय मे किसी एक सहशैक्षिक प्रवृत्ति का सचालन/नियोजन एव मूल्याकन का दायित्व निभाना।

(iii) प्रायोगिक/विकासात्मक आयोजन/रचनात्मक लेखन पत्रवाचन प्रदर्शन पाठ, सगोष्ठी, वार्ता, सेवारत प्रशिक्षण, व्यवसायिक योग्यता आदि मे से कोई दो प्रवृत्ति मे भाग लेना।

व्याख्याता स्कूल शिक्षा

इनके अधिकार एवं कर्त्तव्य निम्नलिखित होगे :

(i) 10वी, 11वी और शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा का उस वर्ष के स्तर के अनुसार परिणाम रखना (न्यूनतम)।

(ii) विद्यालय मे दो सहशैक्षिक प्रवृत्तियो का नियोजन/योजन, मार्गदर्शन एव मूल्याकन करना।

(iii) विद्यालय मे कम से कम एक प्रायोगिक/विकासात्मक प्रायोजनाओ पर कार्य करना।

(iv) रचनात्मक लेखन/पत्र वाचन/प्रदर्शन पाठ/सगोष्ठी/वार्ता/व्यवसायिक योग्यता वृद्धि/सेवारत प्रशिक्षण आदि मे से कोई एक कार्य मे वर्ष मे भाग लेना।

(v) शाला प्रशासन की गतिविधियो, कक्षा अध्यापक, कार्य प्रभारी, परीक्षा प्रभारी छात्र सघ अनुशासन प्रभारी, विषय प्रभारी जैसी ही अन्य कार्यक्रमो मे किसी एक मे मे न्यूनतम रूप से दायित्व निभाना।

वरिष्ठ अध्यापक

इनके अधिकार एव कर्त्तव्य निम्नलिखित होगे :

(i) 10वी 11वी और शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा का उस वर्ष के स्तर के अनुसार परिणाम रखना (न्यूनतम)

(ii) विद्यालय मे दो सहशैक्षिक प्रवृत्तियो का नियोजना/आयोजन, मार्गदर्शन एव मूल्याकन करना।

(iii) विद्यालय मे कम से कम एक प्रायोगिक/विकासात्मक परियोजनाओ पर कार्य करना।

(iv) रचनात्मक लेखन, पत्रवाचन, प्रदर्शन पाठ, सगोष्ठी, वार्ता, व्यावसायिक योग्यता वृद्धि, सेवारत प्रशिक्षण आदि मे से कोई एक कार्य मे वर्ष मे भाग लेना।

(v) शाला प्रशासन की गतिविधिया जैसे कक्षा अध्यापक, कार्य प्रभारी, परीक्षा प्रभारी, छात्र सघ अनुशासन प्रभारी, विषय प्रभारी जैसे ही अन्य कार्यक्रमो मे से किसी एक मे न्यूनतम रूप से दायित्व सम्भालना।

अध्यापक

अध्यापक के निम्नलिखित अधिकार एवं कर्तव्य होंगे :

(अ) उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय

(i) समान परीक्षा व्यवस्था क्षेत्र (जिला/उप जिला/पंचायत समिति) के उस वर्ष के स्तर के समान विषयानुसार परिणाम रखना। (न्यूनतम)

(ii) वाह्य परीक्षा बोर्ड के उस वर्ष के स्तर के समान विषयानुसार परीक्षा परिणाम रखना। (न्यूनतम)

(iii) विद्यालय में कम से कम दो सहशैक्षिक प्रवृत्तियों का नियोजन/आयोजन, मार्गदर्शन एवं मूल्यांकन करना।

(iv) विद्यालय में कम से कम एक प्रायोगिक/विकासात्मक प्रयोजनाओं पर कार्य करना।

(v) शाला प्रशासन की गतिविधियों, कक्षा अध्यापक, कार्य प्रभारी, परीक्षा प्रभारी, छात्र संघ अनुशासन प्रभारी, विषय प्रभारी जैसी ही अन्य कार्यक्रमों में किसी एक में न्यूनतम रूप से दायित्व निभाना।

(ब) प्राथमिक विद्यालय

(i) समान परीक्षा व्यवस्था क्षेत्र (जिला/उप जिला/पंचायत समिति) के उस वर्ष के स्तर के समान विषयानुसार परीक्षा परिणाम रखना। (न्यूनतम)

(ii) शारीरिक शिक्षा सम्बन्धी किसी एक प्रवृति के साथ कोई एक अन्य प्रवृति में भाग लेना।

(iii) विद्यालय में कम से कम एक प्रायोगिक/विकासात्मक प्रयोजनाओं पर कार्य करना।

(iv) शाला प्रशासन की गतिविधियां, कक्षा अध्यापक, कार्य प्रभारी, परीक्षा प्रभारी छात्र संघ अनुशासन प्रभारी, विषय प्रभारी जैसे ही अन्य कार्यक्रमों में से एक में न्यूनतम रूप से दायित्व निभाना।

(शिविरा/संस्था/ए/11286/स्पे/बी/82 दिनांक 11-5-82 द्वारा प्रकाशित विहित मानदण्ड जो राज्य सरकार के पत्रांक एफ-4 (32) शिक्षा/ग्रुप-11/76 दिनांक 2-3-82 द्वारा अनुमोदित किये गये।

नोट—पहले तृतीय श्रेणी व द्वितीय श्रेणी अध्यापक को सहायक अध्यापक कहा जाता था परन्तु राज्य सरकार के आदेश संख्या एफ-10 (13) शिक्षा-2/81 दिनांक 6-4-83 द्वारा तृतीय श्रेणी अध्यापक को अध्यापक और द्वितीय श्रेणी अध्यापक को वरिष्ठ अध्यापक पद नाम दिया गया है।

अध्याय-4

निरीक्षण

(1) विभाग के निरीक्षण अधिकारी निदेशक, संयुक्त निदेशक/उप-निदेशक, जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ उप-जिला शिक्षा अधिकारी, उप-जिला शिक्षा अधिकारी अपर उप-जिला शिक्षा अधिकारी और वे अधिकारी होंगे जिन्हें निरीक्षण का कार्य सौंपा गया है अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा निरीक्षण का कार्य सौंपा जाय।

(2) निरीक्षण अधिकारियों के मार्ग दर्शन के लिए निम्नलिखित निर्देश दिये जाते है जो सभी सस्थाओ पर लागू होगें :

(i) निरीक्षण अधिकारियो का मुख्य कार्य शिक्षण सस्थाओ के कार्य और कार्य-दक्षता की जाच करना है । यह कार्य उन्हें सहानुभूति पूर्ण रूख अपना कर चतुराई से करना चाहिये और अपने गहन ज्ञान और अनुभव के आधार पर मार्गदर्शन देना चाहिये । वे किसी भी कार्य की प्रशसा या आलोचना करने के लिए स्वतन्त्र है परन्तु आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए जो कार्यकर्ता को भय दिखाने वाली नही होकर प्रोत्साहित करने वाली होनी चाहिए ।

(ii) *एक सस्था के कार्य एवं कार्यक्षमता की जाच मुख्यतः दो भागो मे सम्बन्ध रखती* है अर्थात् निरीक्षण एवं परीक्षा । इनमें प्रथम का आशय किसी सस्था का उसके सामान्य कार्य के समय निरीक्षण करना है उदाहरणार्थ स्थान की सुविधा, फरनीचर, पढ़ाई के यत्र, कक्षाओ का प्रवन्ध एव व्यवस्था, लेख, रेकार्ड तथा रजिस्टरों को रखने की विधि, शारीरिक शिक्षा के साधन पुस्तकालय की दशा, व्यवस्था व अनुशासन, अध्यापक व छात्रो का पारस्परिक सम्बन्ध तथा अध्ययन आदि की विधियो से है । दूसरे का आशय छात्रो की परीक्षा लेने के तरीके से है जिससे *विदित हो सके कि वे अपने अध्यापको के अध्यापन से कहां तक लाभान्वित हुए* हैं व अध्यापको की अध्यापन विधि मे उन कमियो को ढूढने से है जिनके कारण कक्षा कम योग्य रहती है । संस्था की दशा का वास्तविक अनुमान लगाने के लिए निरीक्षण एवं परीक्षा दोनो ही अनिवार्य है । निरीक्षण या उसका कुछ भाग पहले पूरा करना चाहिये तथा छात्र परीक्षा बाद मे । लेखा रिकार्ड तथा रजिस्टर आदि की जाच, संस्था निरीक्षण तथा छात्र परीक्षा के उपरान्त की जानी चाहिए ।

(iii) निरीक्षण हमेशा निरीक्षण अधिकारी या उससे पूर्ववर्ती के पूर्व निरीक्षण के समय दिये गये निर्देशों या अभ्युक्तियो को ध्यान मे रख कर किया जाना चाहिये । निरीक्षण अधिकारी को सर्वप्रथम यह निश्चय कर लेना चाहिए कि उसका निरीक्षण और जांच किन बातो को ध्यान में रख कर होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पहले के निर्देश का कहा तक पालन हुआ है । इसके बाद ही उसे सस्था का निरीक्षण और फिर कक्षाओ की जाच करनी चाहिए । यही रचनात्मक निरीक्षण का सार है । निरीक्षण प्रतिवेदन से स्पष्ट ज्ञात होना चाहिए कि निरीक्षण अधिकारी अपने स्वय के निष्कर्षों के आधार पर बढ़ रहे हैं या अपने पूर्ववर्ति निरीक्षण को आधार मान कर चल रहे हैं ।

(iv) सस्थाओ की स्थापना छात्रो को शिक्षित करने के लिए की गई है अतः निरीक्षण अधिकारी का मुख्य दायित्व यह जानकारी करना है कि उस विद्यालय मे छात्र किस प्रकार कार्य कर रहे हैं । वे क्या सीख रहे हैं, उनकी आदतें कैसी बन रही है, *क्या बौद्धिक, श्रमिक और शारीरिक कार्यकलापो मे उचित समन्वय है, क्या* छात्र-छात्रायें विद्यालय या महाविद्यालय मे संतुष्ट हैं और ऐसा कार्य कर रहे हैं जो उनकी क्षमता के अनुसार है । उन्हें व्यवस्थापकों, अध्यापकों और छात्रो को इस बात से प्रभावित करने के लिए प्रत्येक अवसर का उपयोग करना चाहिये कि केवल पुस्तकीय ज्ञान की प्राप्ति के लिए बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक शिक्षण की ओर कम ध्यान देना कितना हानिकारक व अनुचित है । उस यह देखना

चाहिये कि छात्रों के चरित्र और व्यक्तित्व के विकास पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय की व्यवस्था पाठयक्रम और क्रियाएं इस प्रकार आयोजित होनी चाहिए जिससे कि जनतान्त्रिक जीवन पद्धति का पूरा प्रशिक्षण मिल सके।

(v) निरीक्षण अधिकारी को यह बात देखनी चाहिये कि स्टाफ के सदस्य योग्य अपना उत्तरदायित्व समझने वाले उत्साही एवं संतुष्ट है तथा संस्था प्रधान एवं उनमें आपसी विश्वास बना हुआ है। उसे यह भी देखना चाहिये कि अध्यापकगण कहां तक अध्यापन कला एवं शाला प्रबन्ध को समझते है। उसे उनका पथ प्रदर्शन करना चाहिए तथा उन्हें सलाह देनी चाहिए एवं उनकी प्रत्येक कठिनाई को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। निरीक्षण अधिकारी को छात्रों की उपस्थिति में किसी अध्यापक की आलोचना या निन्दा नहीं करनी चाहिए। यदि एक अधिकारी अध्यापक में अयोग्यता या कमजोरी के कोई चिन्ह देखता है तो उसका स्पष्ट कर्तव्य या तो उस पर स्वयं बाद में कार्यवाही करना अथवा उसके उच्चाधिकारी की निगाह में आवश्यक कार्यवाही हेतु उसे ला देना है। अध्यापन विधि की आलोचना के सम्बन्ध में सतर्कता बरतनी चाहिए। उनकी जांच उनकी प्रभावशीलता तथा मौलिकता के आधार पर की जानी चाहिये तथा उनके स्वतन्त्र विचारों को प्रोत्साहन देना चाहिए। निरीक्षक अधिकारी को चाहिये कि वह अध्यापन विधि पर अपनी स्वच्छन्द राय देने की अपेक्षा अध्यापकों को ही अपने विषय में सोचने दे फिर उन्हें उन विधियों का त्याग करने हेतु उत्साहित करे जो कि पूर्णत लाभदायक नहीं है। किसी भी अध्यापक को किसी विषय के पढ़ाने में अयोग्य घोषित करने से पूर्व निरीक्षण अधिकारी पहले उसके अध्ययन तथा परिणाम को देख तथा उसके सम्बन्ध में अपने विचारों को अभिलिखित करे। उचित यह होगा कि अपना अंतिम निर्णय दूसरे निरीक्षण तक स्थगित रखें। निरीक्षण अधिकारी का उद्देश्य भी संस्था अध्यक्ष का अपने में विश्वास उत्पन्न करने का होना चाहिए। उसे यह अनुभव होने देना चाहिए कि निरीक्षण अधिकारी केवल व्यावसायिक आलोचक ही नहीं वरन् एक ऐसा अधिकारी है जिसके साथ वह स्वतन्त्र रूप से बातचीत कर सकता है तथा अपनी समस्याओं के विषय में स्पष्टीकरण कर सकता है और जिससे वह सहानुभूति निर्देश तथा पथ प्रदर्शन प्राप्त कर सकता है।

(vi) निरीक्षण अधिकारी को संस्था में इस प्रकार का व्यवहार करना चाहिये कि जो छात्रों अध्यापकों के लिए आदर्श का काम करे। उसे अध्यापकों और छात्रों की भावनाओं का उसी प्रकार आदर करना चाहिये जिस प्रकार वह अपने प्रति सम्मान चाहते हैं। सदेह अभय और मनोवैगो के भाव प्रदर्शित नहीं करना चाहिये। उसे निरीक्षण के समय किसी भी परिस्थिति में धूम्रपान नहीं करना चाहिये और न ही पान मुंह में चबाय रखना चाहिये।

(vii) व्यक्तिगत प्रबन्धाधीन संस्थाओं के कल्याण हेतु व्यवस्थापकों एवं निरीक्षकों में सहयोग होना चाहिए। ऐसी संस्थाओं में व्यवस्थापकों एवं अध्यापकों को आदेश देने में तानाशाही प्रवृति को दूर रखने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसी संस्थाओं में निरीक्षण अधिकारियों को कुछ भी ऐसी बात कहना करना व लिखना नहीं चाहिये जिससे कि अध्यापकों की इज्जत उनके व्यवस्थापकों के सम्मुख समाप्त हो जाय तथा व्यवस्थापकों का अधिकार अध्यापकों पर समाप्त हो जाय। फिर भी यह स्पष्ट कर देना चाहिये कि सुझावों एवं दोषों को दूर

करना संस्था की मान्यता प्राप्ति या सहायता प्राप्त करने के लिये अनिवार्य है। उनको शिक्षा म व्यक्तिगत प्रयासो को सामान्यत: प्रोत्साहन देना चाहिये तथा लाभदायक दिशा मे उसको छोड देने के लिए उन्हे अपने सम्पूर्ण अधिकारो के अन्तर्गत अपनी राय एव सामयिक सूचना के द्वारा जो कुछ हो सके करना चाहिये।

(viii) मान्यता प्राप्त सस्था जिस क्षेत्र की सेवा कर रही है उस क्षेत्र की जानकारी भी निरीक्षण अधिकारी को करनी चाहिए ताकि उसे यह ज्ञात हो सके कि स्थानीय आवश्यकताओ की पूर्ति कर रही है और उसके अभिभावको और अन्य समुदायो का सहयोग और सम्मान मिल रहा है या नही।

(ix) स्थानीय लोगों से सम्पर्क करना भी निरीक्षण अधिकारी का महत्वपूर्ण दायित्व है। जहा तक सम्भव हो उसे अपने निरीक्षण के बाद यदि मान्यता प्राप्त सस्था हो तो व्यवस्थापको से और यदि सार्वजनिक सस्था हो तो क्षेत्र के प्रभावशाली लोगो से मिलना चाहिये और सस्था के विकास के लिये सुझाव देने चाहिये।

जहा तक सम्भव हो छात्रो के माता-पिता और अभिभावको से भी मिलना चाहिए। इस प्रकार वह उसके ध्यान मे आने वाली कमियो को बता सके, नियमित व सम्भव उपस्थिति के बारे मे भी समझा सकता है और लोगो को शिक्षा मे सक्रिय रुचि लेने की प्रेरणा दे सकता है।

(3) सामान्यत: महाविद्यालयो, उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों प्रशिक्षण और विशिष्ट विद्यालयो को निरीक्षण की सूचना निरीक्षण तिथि से पूर्व मे भेजी जायेगी और उसमे यह लिखा जायेगा कि निरीक्षण के समय विद्यालय मे कार्य हमेशा की तरह चलना चाहिये। सस्था प्रधान अपने विद्यालय के बारे मे सभी सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र मे निरीक्षण अधिकारी के देखने के लिए तैयार करके रखे। निरीक्षण अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की सस्था का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा सकता है। आकस्मिक निरीक्षण का उद्देश्य यह होगा कि अभिलेख किस तरह रखा जा रहा है और यह कि प्रधान और उसके सहायक नियमित रूप से विद्यालय मे किस प्रकार कार्य कर रहे हैं।

(4) (i) निरीक्षण प्रतिवेदन परिशिष्टो मे दिये गये प्रारूप मे लिखा जायेगा।

(ii) *महाविद्यालय, उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, प्रशिक्षण तथा विशिष्ट विद्यालयो के* निरीक्षण के सम्बन्ध मे निरीक्षण की समाप्ति से एक माह के भीतर भीतर एक टंकित प्रतिवेदन तैयार किया जाना चाहिये। इसकी एक प्रति सम्बन्धित सस्था के प्रधान को तथा दूसरी व्यवस्थापक को (यदि सस्था व्यक्तिगत प्रबन्धक के अधीन हो) तथा तीसरी अपने उच्चाधिकारी को भेजी जानी चाहिये, एक प्रति रिकार्ड मे रखनी चाहिये।

प्रयत्न यह किया जाना चाहिये कि यह प्रतिवेदन निरीक्षण/परीवीक्षण के सप्ताह के भीतर-भीतर भिजवा दिया जाय (आदेश स. शिविरा/शिप/21760/82/मैन/5325/1/83–प्रतिस्थापित)

(iii) निरीक्षण परिवीक्षण प्रतिवेदन पर तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ हो इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक विद्यालय मे निरीक्षण का अलग से रजिस्टर रखा जाय और उसमे निरीक्षण अधिकारी क्रियान्विति के लिए मुख्य बिन्दु लब

(14) (i) प्रत्येक निरीक्षण अधिकारी को निरीक्षण की वार्षिक योजना (रोस्टर) बनानी चाहिए। योजना का निर्माण माह अप्रेल से मार्च तक की अवधि का किया जायेगा। योजना मे ऐसे विद्यालयो को सम्मिलित किया जावे जिनका निरीक्षण गत दो वर्षों मे या इससे पूर्व अवधि मे एक बार भी नही हुआ है एव जिनका परीक्षा परिणाम बहुत न्यून रहा है, उन्हे प्राथमिकता दी जाए। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि गत दो वर्षों से उन विद्यालयो का निरीक्षण किन परिस्थितियो के कारण नही हुआ। वार्षिक निरीक्षण योजना नितान्त व्यावहारिक होनी चाहिए जिसमे कम से कम परिवर्तन करने पडे। अधिकारियो के स्थानान्तरण पर योजना मे परिवर्तन करने या नवीन योजना बनाने की आवश्यकता नही होनी चाहिए। इसमे केवल सूचित निरीक्षण ही सम्मिलित किए जाय और इसकी प्रति सम्बन्धित सस्था को अवश्य भेजी जाय। निदेशालय मे केवल मण्डल एव जिला शिक्षा अधिकारी ही अपनी योजना प्रेषित करेंगे बाकी अन्य अधिकारी अपने नियन्त्रण अधिकारी को अपनी योजना भेजेंगे। (क्रमाक शिविरा/निरीक्षको/21760/80 दिनाक 5-4-1980)

(ii) दौरे की योजना प्रत्येक कार्यालय मे इस प्रकार बनाई जानी चाहिए कि जहा एक से अधिक राजपत्रित अधिकारी है वहा कम से कम एक राजपत्रित अधिकारी मुख्यावास पर हमेशा उपलब्ध रहे। मासिक यात्रा कार्यक्रम बनाते समय कुछ दौरे के दिन (लगभग 25%) खाली रखे जाए ताकि निर्धारित निरीक्षण जो नही हो पाए है उन्हे अथवा आकस्मिक निरीक्षण किए जा सके। अधीनस्थ एव प्रशासनिक कार्यालयो का निरीक्षण यथा सम्भव ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन अवकाश मे रखा जाए। (शिविरा/निजी/निर्देश/77-78/17 दिनाक 23-3-78)

(15) जो विद्यालय बहुत बडे है उनमे दलीय परिवीक्षण किया जाना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रति वर्ष दलीय परिवीक्षण की योजना बनाएगे और उसे सम्पादित करेंगे। (क्रमाक शिविरा/निप्र/22708/मेन/80-82/61 दिनाक 26-8-82).

अध्याय-5

स्नातकीय तथा स्नातकोत्तरीय महाविद्यालय

नोट:—इस अध्याय मे उल्लिखित नियम समस्त राजकीय महाविद्यालयों पर लागू होते हैं तथा राजस्थान विश्वविद्यालयो के नियमो के पूरक हैं।

(1) राजस्थान मे स्नातकीय तथा स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय, जो कि विभिन्न परीक्षाओ के लिए पाठ्यक्रम निर्धारित करता है, से सम्बद्ध है।

(2) महाविद्यालय राजस्थान सरकार के शिक्षा सचिव के अधीन है तथा वे सीधे उन्ही से पत्रव्यवहार करते हैं।

(अब महाविद्यालय शिक्षा के लिए अलग निदेशक है अतः सभी राजकीय महाविद्यालय निदेशक की मार्फत ही शिक्षा सचिव से पत्रव्यवहार करते है:

(3) महाविद्यालय शुल्क वसूल करेंगे तथा सरकार द्वारा स्वीकृति के अनुसार छात्रो को पूरी अथवा आधी शुल्क की छूट देंगे।

(4) सरकार द्वारा स्वीकृत अधिकारो की सूची के अनुसार जो अधिकार महाविद्यालयो के आचार्यों को दिये गये हैं, उनके अतिरिक्त उन्हे विश्वविद्यालय के द्वारा बनाये गये

नियमो के अनुसार छात्रो के प्रवेश, कक्षोन्नति, स्थानान्तरण, हटाना, निवास, संस्था से निकाल देना अथवा सीमित अवधि के लिए अध्ययन से निलम्बित करना तथा कक्षाओ का विभाजन व अध्ययन के विषयो का निर्धारण आदि सभी अधिकार होगे।

(5) छात्रो के निवास की स्थिति सन्तोषजनक होनी चाहिए तथा जो छात्र छात्रावास मे नही रहते हैं उन्हे या तो अपने माता-पिता अथवा अभिभावक के साथ रहना चाहिए अथवा प्राचार्य द्वारा स्वीकृत स्थान पर रहना चाहिए। इन महाविद्यालयो के साथ लगे हुए छात्रावास प्रधानाचार्य की देख-रेख मे एक स्थानीय अधीक्षक द्वारा व्यवस्थित होगे।

(6) इन महाविद्यालयो के भवन शैक्षणिक उद्देश्य के अलावा किसी अन्य कार्य के लिए तब तक प्रयुक्त नही किये जावेगे जब तक कि उपयुक्त प्राधिकारी की स्वीकृति न मिल जावे।

(7) प्रत्येक महाविद्यालय मे वहा के समस्त प्राध्यापको की एक "स्टॉफ कौंसिल" होगी।

(8) इस स्टॉफ कौंसिल के अध्यक्ष प्रधानाचार्य होगे जो कि महाविद्यालय मे सामाजिक जीवन, अनुशासन तथा अध्ययन से सम्बद्ध सभी महत्वपूर्ण विषयो पर इस कौंसिल की राय लेगे।

(9) ऐसे महाविद्यालयो मे जहा कि प्राध्यापको की सख्या 20 से अधिक नही होगी, यह कौन्सिल एक नियम के रूप मे एक माह मे कम से कम एक बार अवश्य एकत्र होगी। तथा यदि प्रधानाचार्य आवश्यक समझें तो अधिक बार भी इसकी बैठक हो सकती है।

(10) (i) ऐसे महाविद्यालयो जहा कि प्राध्यापको की सख्या 20 से अधिक हो, स्टॉफ कौंसिल की बैठक एक सत्र मे कम से कम एक बार होगी। उसमे महाविद्यालय के सामाजिक एव शैक्षणिक जीवन से सम्बन्धित नीति पर विचार होगा।

(ii) ऐसे महाविद्यालयो मे स्टॉफ कौंसिल का कार्य मामलो से शीघ्र निपटने के लिए स्टॉफ परामर्शदात्रि समिति द्वारा सम्पादित किया जा सकता है। इस परामर्शदात्रि समिति के अध्यक्ष प्रधानाचार्य होगे और विभागाध्यक्षो और स्टॉफ कौंसिल द्वारा निर्वाचित अध्यापक वर्ग के 5 प्रतिनिधि इसमे सम्मिलित होगे। इस परामर्शदात्रि समिति की बैठक कम से कम माह मे एक बार अवश्य होगी।

(11) आचार्य एव स्टॉफ कौंसिल अथवा स्टॉफ परामर्शदात्रि समिति के मध्य मतभेद होने पर आचार्य का निर्णय अन्तिम होगा।

(12) महाविद्यालयो के प्राध्यापको के कर्त्तव्य केवल कक्षाओ तक ही सीमित नही रहेगे। छात्रो के शारीरिक बौद्धिक तथा नैतिक विकास करने वाली सभी प्रवृत्तियो मे वे आचार्य के साथ सहयोग करेगे।

(13) विश्वविद्यालय के नियमो के अन्तर्गत सरकार द्वारा स्वीकृत छुट्टियो तथा अवकाश सभी महाविद्यालय मनायेगे।

(14) यह आचार्य का दायित्व होगा कि महाविद्यालय मे उचित अनुशासन बनाये रखे। वह समय-समय पर इस सम्बन्ध मे नियम बनायेगा तथा महाविद्यालय के भीतर या बाहर छात्रो के आचरण को नियन्त्रित रखेगा।

(15) स्टॉफ के द्वारा की जाने वाली प्राईवेट ट्यूशन को हतोत्साहित किया जाना चाहिए और किसी एक प्राध्यापक द्वारा ली जाने वाली प्राईवेट ट्यूशन की सख्या एक से अधिक नही होनी चाहिए तथा उसके लिए प्रधानाचार्य से पूर्व स्वीकृति ली जानी

चाहिए। वह ऐसी प्राईवेट ट्यूशन के बारे मे आवश्यक जानकारी सहित, एक रजिस्टर रखेगा।

(16) किसी अन्य धन्धे को करने की स्वीकृति आचार्य से लेनी चाहिए और सरकारी कर्मचारियो के सम्बन्ध मे ऐसी स्वीकृति, सरकार द्वारा स्वीकृत सरकारी कर्मचारी आचरण नियमो के अन्तर्गत ही दी जा सकेगी।

(17) आचार्य एव अध्यापकगण को शैक्षणिक अवकाश भी, जो कि एक वर्ष मे राजस्थान के लिए 15 दिन से अधिक तथा बाहर के लिये 6 दिन से अधिक का नही होगा, उनको आकस्मिक अवकाश स्वीकार करने वाले उचित अधिकारी द्वारा दिया जा सकेगा।

(18) वह शैक्षणिक अवकाश विश्वविद्यालय के कार्य जिसमे विश्वविद्यालय समितियो की बैठक, निरीक्षण, परीक्षायें, तथा शैक्षणिक सम्मेलन, बैठके व सेमिनार सम्मिलित होगे, के लिये दिया जावेगा।

(19) अपना कार्य-स्थल छोडने से पूर्व आचार्य समुचित अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करेगे।

(20) महाविद्यालयो मे शारीरिक शिक्षा, जिसमे ड्रिल, जिम्नास्टिक, खेल-कूद सम्मिलित होगे, तथा एन सी सी. के लिए भी उचित प्रावधान होना चाहिए। खेल कूद जहा तक हो सके, अनिवार्य किये जाने चाहिए तथा उसमे सभी छात्रो को भाग लेना चाहिए।

(21) महाविद्यालय मे सामाजिक जीवन को प्रोत्साहन देने तथा प्रजातन्त्रीय नागरिकता के लिए छात्रो को प्रशिक्षित करने के लिये आचार्य छात्रो का, अपने द्वारा निर्मित अथवा स्वीकृत नियमो के अनुसार महाविद्यालयो म सामाजिक, सास्कृतिक व खेल-कूद सबधी प्रवृतियो को बढ़ाने हेतु समितिया निर्माण करने के लिए मार्ग दर्शन करेगा।

अध्याय 6

सस्थाओ का आंतरिक प्रशासन

नोट : इस अध्याय मे उल्लिखित नियम समस्त शिक्षण सस्थाओ (महाविद्यालयो को छोडकर) लागू होगे।

(1) शिक्षण के स्तर के अनुसार कक्षाएं और खण्ड इस प्रकार होगे :

उच्च माध्यमिक स्तर	:	कक्षा 9, 10 एव 11
माध्यमिक स्तर	:	कक्षा 9 एव 10
उच्च प्राथमिक स्तर	:	कक्षा 6 से 8
प्राथमिक स्तर	:	कक्षा 1 से 5

(2) माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर का पाठ्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और प्राथमिक व उच्च प्राथमिक कक्षाओ का पाठ्यक्रम विभाग द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

(3) (सिवाय उन सस्थाओ के जहा मान्यता देने वाले अधिकारी और विशेष रूप से छूट न की गई हो)। समस्त विद्यालयो म माध्यमिक शिक्षा बोर्ड या विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का अनुसरण किया जायेगा। पाठ्य पुस्तको का चुनाव अधिकृत या निर्धारित पुस्तको की सूची से ही किया जायेगा और सस्था प्रधान की यह जिम्मेवारी होगी कि वे देखें कि छात्रो द्वारा कोई अनधिकृत पाठ्य पुस्तके काम मे नहीं ली जा रही है।

(4) कार्य स्थान छोडने की स्वीकृति : सस्थाग्रो के ग्रध्यक्ष यदि वह सस्था राजकीय है तो बिना सक्षम ग्रधिकारी की पूर्व लिखित स्वीकृति प्राप्त किये ग्रपना मुख्य स्थान नही छोड सकते तथा यदि वह सस्था निजी प्रवन्ध मे है तो उन्हे व्यवस्थापक की स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। ग्रध्यापक गए सस्था के ग्रध्यक्ष की बिना स्वीकृति प्राप्त किये ग्रपना मुख्यालय नही छोड सकते हैं।

(5) शारीरिक प्रशिक्षरण : प्रत्येक सस्था मे छात्रो के स्वास्थ्य शारीरिक एव नैतिक विकास के हित मे ड्रिल, जिमनास्टिक, खेलकूद एव कसरत ग्रादि का शारीरिक प्रशिक्षरण देने हेतु उचित प्रावधान रखा जाना चाहिए। मैदान मे खेले जाने वाले खेल जैसे फुटबाल, हाकी, क्रिकेट, वास्केट बाल, वालीबाल, डैक टेनिस तथा भारतीय खेलो की व्यवस्था करनी चाहिए । फिर भी यदि ऐसे खेलो के लिए पर्याप्त भूमि प्राप्य न हो तो ऐसे खेल जिनमे कम भूमि की ग्रावश्यकता हो प्रबन्ध किया जाना चाहिए।

(6) ग्रध्यापको से ग्रपेक्षा है कि वे ग्रपने छात्रो के शारीरिक प्रशिक्षरण मे क्रियात्मक रूचि रखे । बारी के ग्रनुसार उनको विद्यालय के समय के बाद खेलो के निरीक्षरण एव व्यवस्था मे सहायता देने हेतु कार्य दिया जाना चाहिए । यदि उम्र के कारण ग्रयोग्य न हो तो उन्हे खेलो मे भाग लेना चाहिए।

(7) खेलो एव कसरतो के ग्रतिरिक्त सभी स्तर की शिक्षरण सस्थाग्रो मे शारीरिक प्रशिक्षरण ग्रवश्य होगा।

(8) प्रत्येक स्तर की सस्थाग्रो मे एक छोटा सा सग्रहालय स्थापित करने व उसे बनाये रखने के प्रयत्न किये जाने चाहिए। प्रकृति या कला की, वैज्ञानिक, कलात्मक या ऐतिहासिक महत्व की सुन्दर वस्तुए, मानचित्र, नमूने कृषि सवधी सग्रह तथा ग्रध्यापको एव विद्यार्थियो के विशिष्ट हस्तकार्य ग्रादि इस संग्रहालय की प्रमुख विशेषताए होनी चाहिए। छात्रो को केवल ऐसे नमूने ही एकत्र करने के लिए उत्साहित नही करना चाहिए जिनसे कि सग्रहालय की उपयोगिता बढे वरन उन्हे एकत्रित वस्तुग्रो का वर्गीकरण एव प्रबन्ध मे व्यावहारिक रूचि लेने हेतु भी उत्साहित करना चाहिये।

(9) सारे विद्यालय के जीवन मे एक नैतिक वातावरण का निर्माण कर नैतिक शिक्षा सभी प्रकार की सस्थाग्रो म देने का प्रबन्ध किया जाना चाहिए। नैतिक शिक्षा प्रेरणादायक गीतो, भाषण, नाटक ग्रादि के माध्यम से दी जानी चाहिए। बालको मे इस प्रकार की भी ग्रादत डालनी चाहिए कि वे ग्रपने बडो व माता-पिता ग्रादि को प्रणाम, नमस्कार करें ग्रौर सम्मान सूचक शब्दो से सम्बोधित करें। ग्रादेश स. शिविरा/भा/ग्रस/22225/4/68 दिनाक 19-7-1968)।

(10) मान्यता प्राप्त निजी प्रबन्धाधीन शिक्षरण सस्था मे निम्न प्रतिबन्ध सहित धार्मिक निर्देशन दिया जा सकता है :

(i) किसी भी छात्र को किसी भी प्रकार के धार्मिक निर्देशन या पालन करने हेतु उपस्थित रहना ग्रावश्यक नही होगा जब तक कि वह (यदि वह नाबालिग है) या उसका सरक्षक उस धार्मिक निर्देशन मे सम्मिलित होने के लिए ग्रपनी सहमति प्रकट नही करता है।

(ii) धार्मिक निर्देशन शाला या महाविद्यालय के कार्य के प्रारम्भ या ग्रन्त मे ही दिया जावे।

(11) ग्रनुशासनात्मक नियम : निम्न ग्राचरण सर्वथा वर्जित है :

(i) शाला या महाविद्यालय भवन मे या उसके पास थूकना।

(ii) कक्षाओ मे या उनके पास धूम्रपान करना ।

(iii) औषधियो या नशीली, वस्तुओ का प्रयोग ।

(iv) किसी भी प्रकार का जुआ खेलना ।

(v) शाला के फर्नीचर या भवन को असुन्दर बनाना या अन्य प्रकार से नुकसान पहुंचाना ।

(vi) शाला या विद्यालय प्रागण मे शोर गुल युक्त व्यवहार ।

(12) छात्रो द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता रखने हेतु तथा उनमे स्वास्थ्य सम्बन्धी आदतें डालने हेतु यथेष्ठ प्रयत्न किया जाना चाहिये । सस्था के अध्यक्ष तथा उसके सहायक अध्यापको से अपेक्षा की जाती है कि वे समय की पाबन्दी, नम्रता, स्वच्छता तथा सफाई की महत्ता पर हर सभव जोर दे । उन्हे छात्रो को प्रसन्नतापूर्वक कर्त्तव्यो का पालन करने की आवश्यकता के विषय मे तथा दूसरो के प्रति आदर व श्रद्धा एव क्रिया मे ईमानदारी तथा सच्चाई आदि की प्रेरणा देनी चाहिए ।

(13) (i) सभी राजकीय शिक्षण सस्थायें विभाग द्वारा निर्धारित समयानुसार ही सस्थाओ को खोलेंगे तथा बन्द करेगी । विश्राम हेतु दिए जाने वाले समय के अतिरिक्त *शिक्षा का समय सर्दियो मे कम से कम 5 घटा तथा गर्मियो मे 4 से कम नही* होना चाहिए ।

(ii) एक पारी तथा दो पारी विद्यालयो के लिए विद्यालय समय की व्यवस्था इस प्रकार रहेगी :

(क) एक पारी विद्यालय :

(1) 1 अप्रेल से 31 अगस्त तक : प्रात: 7 बजे से 12 बजे तक

(2) 1 सितम्बर से 31 मार्च तक : प्रात: 10.30 से साय 4.30

(ख) दो पारी विद्यालय :

(1) 1 अप्रेल से 15 अक्टूबर तक : प्रात: 7 बजे से साय 6 बजे तक (प्रत्येक पारी 5½ घण्टे)

(2) 16 अक्टूबर से 31 मार्च तक · प्रात: 7.30 बजे से साय 5 30 बजे तक (प्रत्येक पारी 5 घण्टे)

(ग) आशिक दो पारी (तीन पारी के विद्यालय)

(1) 1 अप्रेल से 15 अक्टूबर तक : प्रात: 7 बजे से साय 6 बजे तक अश पारिया 5½ घण्टे, मूल पारी 6 घण्टे (मूल पारी 10 30 से 4.30 तक)

(2) 16 अक्टूबर से 31 मार्च तक · प्रात: 7.30 बजे से 5.30 बजे तक अशपारिया 5 घण्टे, मूल पारी 6 घण्टे (मूल पारी 10.30 बजे से 4.30 बजे तक)

शाला समय मे परिवर्तन 1 सितम्बर के स्थान पर 15 सितम्बर से करना चाहे तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति प्राप्त करके ऐसी व्यवस्था कर सकेंगे ।

(iii) प्राथमिक विद्यालयो के मामले मे या उ. प्रा. की प्राथमिक कक्षाओ की दशा मे उपरोक्त कार्य के समय खेल का समय भी सम्मिलित है जबकि अन्यविद्यालयो मे खेल इस समय के अतिरिक्त समय मे खेले जायेंगे।

(14) सस्थाओ के अध्यक्षो के मुख्य कर्तव्यो मे से एक यह भी है कि वे इस बात के निरीक्षण मे अपना उत्तरदायित्व समझें कि सम्पूर्ण सस्थाओ मे छात्रो को जिस प्रकार का गृहकार्य दिया जाता है वह उनकी कार्य क्षमता के अनुकूल है तथा उनको इतना समय मिल सकता है कि वे इस कार्य को कर सकते हैं तथा वह कार्य विभिन्न विषयो मे उचित प्रकार के विभाजन से दिया गया है। उसे अपने दिये गये निर्देशो को लिख लेना चाहिये ताकि वह यह निरीक्षण कर सके कि उन निर्देशो का पालन किया जा रहा है।

(15) सस्था प्रधान को यह देखना चाहिए कि उनके विद्यालय मे कार्य करने वाले अध्यापक पढाये जाने वाले पाठो की योजना बनाते है। इस योजना को निरीक्षण अधिकारी को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(16) प्रत्येक कक्षा मे अध्यापको एव छात्रो के मार्ग दर्शन हेतु प्रति दिन के अध्ययन कार्यक्रम को प्रदर्शित करते हुए उस कक्षा का समय विभाग चक्र एक महत्वपूर्ण स्थान मे लगा दिया जायेगा। जहा तक सभव हो माध्यमिक/उच्च माध्यमिक कक्षाओ के अध्यापको के लिए सप्ताह 9 कालाश तथा अन्य के 6 कालाश रिक्त रहने चाहिये।

(17) विद्यालय के आकार तथा प्रकार के अनुसार सस्था का प्रधान प्रति दिवस दो या तीन कालाश पढायेगा तथा समय विभाग चक्र इस प्रकार बनायेगा कि वह पढाने के अतिरिक्त कार्यालय का कार्य करने तथा साथियो के पर्यवेक्षणार्थ पर्याप्त समय निकाल सके।

(18) माध्यमिक विद्यालयो मे स्टाफ का प्रावधान प्रधानाध्यापक एव ऐच्छिक तथा व्यवहारिक विषयो के अध्यापको के अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा खण्ड के लिये एक अध्यापक से किया जाना चाहिये। प्राथमिक विद्यालयो मे 49 या इस से कम के नामाकन पर एक अध्यापक दिया जाना चाहिए, नामाकन 50 से 89 पर 2, 90 से 129 पर 3 और इसी प्रकार से आगे के अध्यापक दिये जायेंगे। उच्च प्राथमिक विद्यालयो मे भी कक्षा 1 से 5 तक के लिए उपरोक्तानुसार अध्यापक होगे और 6 से 8 के लिए प्रत्येक कक्षा वर्ग के लिए एक अध्यापक, प्रधानाध्यापक अतिरिक्त तथा प्रत्येक 5 वर्गो पर एक अतिरिक्त अध्यापक दिया जायेगा। (शिविरा/प्राथ/डी/19895/221/82/19-3-83 द्वारा प्रतिस्थापित)

(19) सस्थाओ के प्रधान कक्षाओं के कमरो के आकार तथा शिक्षण क्षमता का उचित ध्यान रखते हुए किसी भी कक्षा या खण्ड मे छात्रो की प्रवेश सख्या निश्चित करेंगे। सामान्यतया प्रत्येक छात्र के लिए 10 फिट जमीन से कम जमीन नही होनी चाहिये। कक्षा प्रथम से अष्टम तक छात्रो की सख्या सामान्यत: 40 से अधिक नही होनी चाहिये लेकिन माध्यमिक कक्षाओ के मामले मे जिला शिक्षा अधिकारी की आज्ञा से छात्र सख्या को 45 तक भी बढाया जा सकता है। अष्टम कक्षा से आगे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नियमो का पालन किया जावेगा।

(20) सामान्य रूप से छात्रो का प्रवेश सत्रारम्भ मे ही किया जावेगा तथा जहा तक सभव होगा छात्रो के सरक्षको द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रपत्र उचित एव सही रीति से भर कर छात्रो के साथ भेजा जायेगा।

(21) प्रत्येक प्रवेश प्रपत्र को निर्णय दिये जाने के पश्चात् प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षरो से विद्यालय के अभिलेख मे रखने हेतु फाईल मे लगा दिया जावेगा।

(22) एक छात्र का नाम कक्षा के रजिस्ट्र मे उस समय तक प्रविष्ठ नहीं किया जावेगा जब तक कि उसे प्रवेश न मिला हो तथा उसका नाम प्रवेश रजिस्टर मे न दर्ज कर लिया गया हो। सामान्यत: एक छात्र को, जब तक उसका प्रवेश विचाराधीन है, कक्षा मे नही बैठने दिया जावेगा।

(23) एक विद्यार्थी जिसने पहिले कभी शाला मे प्रवेश नही लिया हो उसको उस कक्षा मे प्रविष्ट कर लिया जावेगा जिसके लिये प्रधानाध्यापक उचित परीक्षा लेने के बाद उसे योग्य समझता हो (कक्षा छ: से ऊपर की कक्षा मे नही)। प्रधानाध्यापक का इस संबध मे लिया गया निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

(24) एक छात्र जो सम्पूर्ण वर्ष तक या वर्ष के अधिक समय तक शाला मे उपस्थित नही रहा हो तथा उचित परीक्षा लेने के पश्चात् संस्था प्रधान यदि सन्तुष्ट हो जाये तो उसे सत्रारम्भ मे पूर्व कक्षा से जिसमे वह पढ रहा था उससे एक उच्च कक्षा में प्रविष्ट किया जा सकता है ऐसे मामलो का पूरा अभिलेख छात्र रजिस्टर मे किया जाना चाहिये। इसी प्रकार यदि कोई छात्र दो वर्ष तक या दो वर्ष से अधिक भाग में शाला मे अनुपस्थित रहा है तो उसे भी सत्रारम्भ मे दो कक्षायें ऊपर वाली कक्षा मे प्रवेश दिया जा सकता है लेकिन किसी भी दशा मे कोई भी छात्र उस कक्षा से उच्च कक्षा मे प्रविष्ट नही किया जायेगा जिसका अभिलेखन छात्र रजिस्टर मे किया हुआ है तथा संस्था प्रधान को यह भी शक्ति प्रदान की जाती है कि वह किसी भी छात्र को परीक्षोपरान्त यदि वह उसकी निम्न श्रेणी के योग्य समझे तो उसमे प्रविष्ट कर सकता है।

(25) एक ही सत्र म एक छात्र को उस समय तक दूसरी शाला में उस कक्षा से उच्च कक्षा मे प्रविष्ट नही दिया जायेगा जिसमे कि वह पूर्व शाला मे पढ़ रहा था जब तक कि उस विद्यालय के विद्यालय छोडने के प्रमाण-पत्र मे यह घोषित न कर दिया जाये कि उसने उस कक्षा मे उत्तीर्ण किये जाने वाली परीक्षा पास कर ली है।

(26) कोई भी छात्र जिस विद्यालय मे पढ रहा है उसे छोड कर अन्य विद्यालय मे उस समय तक प्रविष्ट नही किया जायेगा जब तक कि वह अपने प्रवेश पत्र के साथ अपनी पूर्व शाला का विद्यालय छोडने का प्रमाण-पत्र संलग्न न करे या संस्था प्रधान से निर्धारित अवधि मे उसे पेश करने की स्वीकृति न मिले। दूसरे राज्य से स्थानान्तरण की दशा मे उसे प्रमाण-पत्रो पर उस राज्य के सक्षम अधिकारी के द्वारा हस्ताक्षर किये जाने चाहिये।

(27) सत्र के मध्य एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय मे स्थानान्तरण को प्रोत्साहन नही दिया जाना चाहिए तथा संबंधित प्रधानाध्यापको को अधिकार है कि वे ऐसे छात्रो को प्रविष्ट करने से इन्कार कर सकता है यदि वे ऐसे स्थानान्तरणो को उचित समझे। सत्र के मध्य मे किसी भी छात्र को एक ही बस्ती मे एक शाला से दूसरे शाला मे बिना संस्था प्रधान की लिखित विशेष स्वीकृति के प्रविष्ट नही किया जायेगा। संस्था प्रधान ऐसी स्वीकृति प्रदान करने का कारण लिखेंगे।

(28) किसी भी छात्र को अमुक वर्ग, जाति या धर्म का अनुयायी होने के आधार पर किसी संस्था मे प्रवेश के लिए इन्कार नहीं किया जायेगा।

(29) संस्था के प्रधान इस बात का निरीक्षण करेंगे कि छात्रो के प्रार्थनापत्र प्राप्त होने पर उन्हे शाला छोडने का प्रमाणपत्र कम से कम समय मे प्रदान किये जाते हैं। उन्हे वितरित करने से पूर्व उनकी सावधानीपूर्वक जाच एव परीक्षा की जानी चाहिए।

(30) छात्रो के लिए निर्धारित सभी विद्यालयो म छात्रो को प्रवेश दिया जा सकेगा। विभागीय नीति के अनुसार विशेष रूप से छात्रो के प्राथमिक विद्यालयो मे छात्राओ के प्रवेश को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।

(31) यदि कोई छात्र किसी प्रकार के छल से प्रवेश किया हुआ पाया गया तो सस्था प्रधान द्वारा उसका नाम उपस्थिति रजिस्टर से हटा दिया जावेगा तथा इस सम्बन्ध मे अग्रिम कार्यवाही हेतु सुझाव देकर उच्चाधिकारी को इसकी सूचना दे दी जावेगी।

(32) एक छात्र को एक शिक्षण सस्था म पढते रहने के लिए अनुशासन के नियमो का पालन तथा सद्व्यवहार एक आवश्यक शर्त है। ऐसे नियमो को भग करने तथा अन्य अभद्र व्यवहार करने पर सस्था प्रधान को यह अधिकार है कि वह उस छात्र का नाम विद्यालय के छात्र उपस्थिति रजिस्टर से काट दे।

(33) निम्न कारणो पर भी किसी छात्र का नाम छात्र उपस्थिति रजिस्टर से काट दिया जायेगा :

(i) भुगतान की अन्तिम तिथि के पश्चात् एक माह तक शुल्क एव अन्य ऋण उसके द्वारा जमा न कराने पर, या

(ii) माध्यमिक और उच्च माध्यमिक कक्षाओ मे बिना प्रार्थना पत्र भेजे हुए 10 दिन से अधिक अनुपस्थित रहने पर तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओ मे 15 दिन से अधिक अनुपस्थित रहने पर।

फिर भी शुल्को के भुगतान के सम्बन्ध मे सस्था प्रधान विद्यार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र देने पर मामले के औचित्य को ध्यान मे रखते हुए कुछ दिवस की अवधि बढा सकता है।

(34) अनुशासनात्मक कार्यवाही के कुछ रूप नीचे लिखे जा रहे हैं जो शिक्षण सस्थाओ मे काम मे लिये जा सकते हैं :

(i) अतिरिक्त कार्य (मानसिक या भौतिक प्रकृति के अतिरिक्त कार्य जो कक्षा या सस्था के कार्य से सम्बन्धित हो)।

(ii) आर्थिक दण्ड   (iii) शारीरिक दण्ड

(iv) अस्थाई बहिष्कार (Rustication)

(v) निष्कासन   (vi) निलम्बन।

(35) इनम से प्रथम दो प्रकार के दण्ड प्रधानाध्यापक द्वारा बनाये गये नियमो के अनुसार कक्षा के अध्यापको द्वारा छोटे अपराधो के करने पर दिये जा सकते हैं।

(36) काम न करने पर दण्ड दिया जा सकता है।

(37) जुर्माना सामान्यतया निम्न बातो के होने पर दिया जा सकता है :

(i) जहा पर छात्रो के सरक्षको को आशिक रूप से दोषी ठहराया जाये। उदाहरण के तौर पर जैसे एक छात्र देरी से उपस्थित होता है तो उसके सरक्षक का यह कर्तव्य है कि वह अपने बच्चे को ठीक समय पर घर से भेज दे;

(ii) जब एक अध्यापक छात्र के किसी विशिष्ट अपराध के विषयो मे उसके सरक्षक का ध्यान आकर्षित करना चाहता हो,

(iii) जब छात्र द्वारा स्कूल सम्पत्ति का नुकसान कर दिया गया हो;

(iv) जब एक छात्र छुट्टियों के बाद देर से उपस्थित होता है; तथा

(v) जब छात्र द्वारा शुल्क एवं अन्य बकाया जमा कराने में देर की जा रही हो ।

(38) प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को शारीरिक दण्ड नहीं दिया जाय । अन्य विद्यार्थि में भी यह केवल छात्र संस्थाओं में दिया जायेगा और ऐसे मामले में दिया जायगा नैतिक अपराधों से सम्बन्धित हों और जिनके कारण छात्र का निष्कासन किया जा उचित न हो जैसे अभद्र या गम्भीर हटधर्मितापूर्ण व्यवहार अथवा गम्भीर अनुशास हीनता का कार्य ।

(39) जब शारीरिक दण्ड दिया जावे तो इस बात को ध्यान रखा जावे कि यह दुर्भाव *(विन्डीकेटिव) से कठोर एवं बहुत ज्यादा न हो । यह केवल प्रधानाध्यापक द्वारा* दिया जाना चाहिए ।

(40) अस्थाई बहिष्कार (रेस्टीकेशन) तथा निष्कासन का दण्ड केवल महान अपराधों के कि जाने पर ही उस समय देना चाहिए जबकि लड़के को सुधारने के लिए अन्य कोई उचि साधन न हो या जब उसका शाला में रहना विद्यालय की नैतिकता एवं अनुशासन खतरे में डालने वाला हो ।

(41) निष्कासन का तात्पर्य यह है कि उस छात्र को उस शाला में जिससे यह निकाला गया फिर भर्ती नहीं किया जावेगा लेकिन इससे उसे सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्रा करके दूसरी संस्था में भर्ती किये जाने से रोका नहीं जा सकेगा । बहिष्कार का तात्पय है कि जितने समय के लिए छात्र बहिष्कार किया गया है उतने समय तक उसको कि भी संस्था में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

नोट—सहज न्याय के सिद्धान्त के अनुसार इस प्रकार की कार्यवाही करने के पूर्व छात्र कारण बताओ नोटिस देना चाहिए और उसकी सुनवाई करनी चाहिए ।

(42) प्रधानाध्यापक की रिपोर्ट पर छात्र के अस्थाई बहिष्कार या निष्कासन के आदेश केव सक्षम अधिकारी द्वारा ही निकाले जा सकते हैं (देखिये आगे नियम 43) तथा प्रत्येक मामले में ऐसे आदेश की एक प्रतिलिपि शीघ्रातिशीघ्र छात्र के संरक्षक या मात पिता के पास भेजनी चाहिये ।

(43)

संस्था	सक्षम अधिकारी
माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय	संस्था प्रधान
प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय	जिला शिक्षा अधिकारी या वरिष्ठ उप जि शिक्षा अधिकारी (जिले की प्रभारी)

(44) अस्थाई बहिष्कार (रेस्टीकेशन) के आदेश को राजस्थान के राज पत्र में प्रकाशित कि जायेगा ।

(45) सामान्यतः अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के पूर्व अध्यापक को खूब सोच विच करना चाहिए और नापसन्दगी प्रकट करना ही पर्याप्त होना चाहिए । अधिकत मामलों में प्रगति पत्र में अंकित चेतावनी ही यथेष्ट होगी ।

(46) पुरस्कार—स्वीकृत बजट में से छात्रों को अध्ययन, कुशलता, व्यायामों एवं सामूहि क्रियाओं के लिये पुरस्कार दिये जा सकते हैं ।

(47) पंजिकायें (रजिस्टर)—प्रत्येक शिक्षण संस्था में सरकार द्वारा निर्धारित सभी रजिस एवं अन्य रिकार्ड रखा जायेगा तथा संस्था का प्रधान उनमें उचित प्रविष्टियों के लि स्वयं उत्तरदायी होगा ।

(48) छात्र रजिस्टर—छात्र रजिस्टर तैयार करने के लिये निम्न नियमो को उपयोग मे लाना होगा :

(i) किसी भी स्तर की मान्यता प्राप्त सस्था मे प्रवेश पाने पर प्रत्येक छात्र के लिये एक छात्र रजिस्टर तैयार किया जायेगा। किसी विशेष सत्र के लिये छात्र रजिस्टर दूसरे सत्र के प्रारम्भ तक पूर्णरूपेण तैयार कर लेना चाहिये। यह रजिस्टर या तो स्वय सस्था प्रधान द्वारा या उसकी देखरेख म तैयार किया जावेगा लेकिन चरित्र एव कार्य सम्बन्धी स्तम्भ हमेशा स्वय उसके द्वारा भरा जाना चाहिए।

(ii) छात्रो को प्रविष्ट करते समय उनके प्रवेश की सख्या उन्हे दे देनी चाहिये तथा प्रत्येक छात्र को उस सख्या को अपने उस सस्था मे रहने के समय तक रखना चाहिए। कुछ समय तक अनुपस्थित रहने के बाद यदि वह छात्र फिर उस सस्था मे वापिस आता है तो उसे अपने पूर्व प्रवेश सख्या पर ही दर्ज किया जायेगा।

(iii) छात्र रजिस्टर सुविधाजनक आकार मे तैयार किये जायेंगे तथा प्रत्येक छात्र रजिस्टर 100 प्रपत्रो का होगा जिनको कि छात्रो के प्रवेश के क्रम के अनुसार लगाया जायेगा। रजिस्टर मे वर्णमाला के क्रम के अनुसार सूची पत्र पहिले लगाया जायेगा, एक पृष्ठ या प्रत्येक अक्षर के लिए आवश्यक जगह छोडी जानी चाहिए तथा हासिया (मार्जिन) अक्षर के आवश्यक सन्दर्भ को लिखने के लिए सामान्य रूप से छोडा जाना चाहिए। रजिस्टर मे इस वर्णमाला क्रम से बनाई गई सूची मे प्रत्येक नाम के आगे छात्र की प्रवेश सख्या को लिखना चाहिए। रजिस्टर हमेशा नियमित रूप से तैयार किया जाना चाहिये।

(iv) प्रत्येक सस्था का प्रधान छात्रो द्वारा किसी कक्षा म प्रवेश पाने हेतु दिये गये प्रार्थना पत्रो के साथ पूर्व सस्थाओ से लाये गये छात्र रजिस्टर की प्रतिलिपिया को भी आवश्यक सदर्भ के लिए सुरक्षित रखेगा तथा प्रत्येक छात्र के लिए स्कूल छोडते समय उसकी प्रतिलिपि दी जायेगी। पोर्ट फोलियो पर एक सूची पत्र लगाना चाहिए जिसमे कि इन छात्रो का नाम लिखा जाये जिनके कि रजिस्टर इस प्रकार प्राप्त हुए है तथा इसमे इस रजिस्टर के प्राप्त करने की तारीख तथा वह तारीख जिसको कि इसकी प्रतिलिपि छात्र को या उसके सरक्षक को दी गई है, आदि भी दर्ज हाना चाहिए।

(49) एक छात्र के अनुपस्थित रहने की छुट्टी, छात्र द्वारा अपने सरक्षक या माता–पिता के हस्ताक्षर की हुई प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करन पर केवल सस्था के प्रधान द्वारा ही स्वीकृत की जा सकती है या यदि वह अपनी यह शक्ति कक्षाओ के अध्यापकों को प्रदान कर देता है तो वे भी ऐसे अवकाशो को स्वीकृत कर सकत हैं। उच्च प्राथमिक एव माध्यमिक विद्यालय मे बिना प्रार्थना–पत्र भेजे अनुपस्थित रहने पर पाच पैसे प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना दिया जा सकता है।

(50) अनुपस्थिति का कारण सतोषजनक है या नही, इसका निर्णय केवल सस्था के प्रधान पर निर्भर रहेगा। सामान्य रूप से पिछली तिथियो का अवकाश स्वीकृत नही किया जायगा।

(51) निजी प्रबन्ध के अधीन सभी सस्थायें विभाग द्वारा निर्धारित छुट्टियो की सूची एव अवकाशो को प्रदान करेगी तथा निदेशक की विशेष स्वीकृति के बिना उनम से कोई भी अवकाश या छुट्टी मे कमी या वृद्धि नही की जायेगी।

(52) पूर्वोक्त सूची म निर्धारित छुटियो के अलावा कोई विशेष छुट्टी स्वीकृत नही की जायेगी फिर भी शिक्षण सस्थाम्रो को चिकित्सको की सलाह के अनुसार व्यापक रोग के फैलने के कारण कुछ ऐसे समय क लिए बन्द रखा जा सकता है जिसके लिए नियत्रण अधिकारी आवश्यक समझे ।

(53) केवल विश्वविद्यालय से सलग्न सस्थाम्रो के प्रधानो के अतिरिक्त अन्य सस्थाम्रो के प्रधानो को विशेषतया यह देखना चाहिए कि प्रत्येक शिक्षण सस्था का कार्यकाल कम से कम साल म 200 दिन होना चाहिए तथा वे छुट्टियो एव अवकाशो को कम करने का प्रस्ताव रख सकते हैं यदि यह समझे कि सस्था का कार्यकाल इस कम से कम अवधि से भी कम रहने वाला है ।

(54) परीक्षा एव कक्षोन्नति नामक अध्याय म दिये गये नियमो के अनुसार सभी शिक्षण सस्थाम्रो म छात्रो का टैस्ट एव परीक्षा ली जायेगी तथा उन्ह एक कक्षा से दूसरी कक्षा म चढाया जायेगा फिर भी राज्य सरकार टैस्ट एव परीक्षाम्रा के विषय म प्रायोगात्मक प्रायोजना के लिए या छात्रो की प्रगति के मूल्य निर्धारण के अन्य तरीको के अपनाने के पक्ष म है तथा सस्थायें विभाग की स्वीकृति प्राप्त करके विभिन्न योजनाम्रो को अपना सकती है ।

(55) सार्वजनिक प्रबन्ध के अधीन सभी शिक्षण सस्थायें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क वसूल करेगी । सबधित सस्थाम्रो के प्रधान माह की 15 तारीख से पूर्व मासिक शुल्क एकत्रित करने के एव उसे कोष मे उस माह की 22 तारीख तक जमा कराने के लिए उत्तरदायी होगे । त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक या वार्षिक आधार पर इकट्ठा किया जाने वाला शुल्क, शुल्क के इकट्ठ किये जाने की निर्धारित तिथि से पहले सग्रहित किया जाना चाहिए । कोई विद्यार्थी यदि निधारित की गई अतिम तिथि से एक माह के भीतर निर्धारित शुल्क जमा नही कराता है तो उसका नाम उपस्थिति रजिस्टर म से काट दिया जावेगा । ऐसे भुगतानो की निश्चित तिथि के बाद शुल्क एव अन्य बकाया जमा न कराने पर 10 पैसे प्रति दिवस दण्ड के रूप मे वसूल किया जावेगा ।

(56) वास्तव म योग्य छात्रो को शुल्क मुक्त करने एव अर्द्ध शुल्क मुक्त करने की स्वीकृति प्रदान करने का अधिकार सस्थाम्रो के प्रधानो को है । वे स्टाफ परिपद् की सलाह द्वारा इस उद्देश्य के लिए कुछ नियम बनायगे जिसम वे यह सुनिश्चित कर सकें कि यह रियायत कवल गरीब एव योग्य व्यक्तियो को ही प्राप्त हो ।

(57) राजकीय नियमो के अनुसार केवल गरीब व्यक्तियो को ही शुल्क मुक्त किया जावे । सस्था का प्रधान कुछ पूर्ण शुल्क मुक्तियो को छात्रा के हित म अर्द्धशुल्क मुक्तियो के रूप म परिवर्तित कर सकता है । व्यक्तिगत प्रबन्ध के अधीन राजकीय स्तर की शिक्षण सस्थाम्रो मे यह पूर्ण शुल्क मुक्ति एव अर्द्ध शुल्क मुक्ति उतने ही प्रतिशत छात्रो को दी जायेगी जितनी कि राजकीय सस्थाम्रो म दी जाती है । यदि इन रियायतो म परिवतन किया जाना आवश्यक हो तो उसके लिए विभाग की सहमति प्राप्त कर लेनी चाहिए ।

(58) निजी प्रबन्ध के अधीन सस्थाम्रो मे शुल्क दर का निर्णय सस्था की प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा किया जायेगा लेकिन उन्हे राज्य द्वारा निर्धारित शुल्क अथवा उसी बस्ती म सहायता प्राप्त सस्थाम्रो से अपना शुल्क कम तय नही करने दिया जायेगा । मण्डल अधिकारी यह देखेंगे कि इन सस्थाम्रो म शुल्क की दर न तो अनुचित रूप से कम है न ज्यादा है तथा यदि ये दरें अनुचित रूप से कम या ज्यादा है तो ये अधिकारी इन सस्थाम्रो का उन्हें उचित रूप से बदलने के लिए निर्देशन दगे तथा सबधित सस्थाए

तब तक इन निर्देशो का पालन करेगी जब तक कि वे उच्चाधिकारी द्वारा . . . पर सशोधित न कर दी गई हो ।

(59) उन सभी विषयो पर जो उपरोक्त नियमो के अधीन नही आते उन विषयो मे सस्थाओ के प्रधान अपने विवेक के अनुसार निर्णय करेंगे तथा जब कभी आवश्यक होगा तो वे उच्चाधिकारियो से उस सबध म पत्र व्यवहार करेंगे ।

(60) सभी परिपत्रो, आदेशो एव अधिसूचनाओ का जो कि विभाग या सरकार से, सस्थाओ को सुचारु रूप से चलाने के लिए जारी की जाती है उनका कठोरता के साथ पालन किया जाना चाहिए तथा सस्थाओ के प्रधान का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे अपने अधिकार के छात्रो एव स्टाफ से उन नियमो का पालन करावें ।

(61) अपने कर्मचारियो के आचरण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अलावा व्यक्तिगत ट्यूशनो के मामले मे व्यक्तिगत रूप से सार्वजनिक परीक्षाओ मे बैठने की स्वीकृति एव ऐसे अन्य मामलो मे अपने अधीन अध्यापक एव कर्मचारियो के पथ प्रदर्शन एव पर्यवेक्षण के लिए विभाग अपने अलग अलग नियम जारी करेगा ।

(62) किसी भी विद्यालय का प्रधानाध्यापक अपने स्वय के छात्र या कर्मचारियो के अलावा किसी भी व्यक्ति सघ, सस्था, सगठन अथवा दल (पार्टी) को अपने परिसर मे कोई ड्रिल (व्यायाम), रैली अथवा प्रदर्शन (जो अस्त्र शस्त्र जिसमे लाठी भी सम्मिलित है, सहित या रहित हो) करने की अनुमति सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी की बिना पूर्व स्वीकृति के नही देगा ।[1]

अध्याय–7

शुल्क एव निधि

नोट—यह अध्याय केवल राजकीय प्रबन्धाधीन सस्थाओ पर ही लागू होगा ।

(1) राजकीय प्रबन्धाधीन सस्थाओ म विभिन्न कक्षाओ के छात्रो से शुल्क एव निधि राज्य सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित दरो के अनुसार वसूल की जावेगी । शुल्क की वर्तमान दरें परिशिष्ट 9 मे दी गई है ।

(2) (i) ऐसी सस्थाओ मे सम्पूर्ण निधि सबधी प्रशासन सस्था के प्रधान मे निहित होगी जिस एक समिति, जिसका नाम छात्र निधि वित्त समिति होगा सहायता एव परामर्श देगी । सस्था का प्रधान समिति का पदेन अध्यक्ष होगा और विद्यालय म विभिन्न कार्यक्रमो को नियत्रित करने वाली छात्र समिति के सचिव या छात्र सस्था की कार्यकारिणी के सदस्य इसके सदस्य होग । सस्था प्रधान द्वारा एक स्टाफ के सदस्य को इस समिति के सदस्य के रूप म मनोनीत किया जायेगा । यह समिति—

(क) प्रत्येक कक्षा मे 10% की सीमा को ध्यान मे रखते हुये इस निधि के इस सबध मे निर्धारित की गई सीमा को ध्यान मे रखते हुये इस निधि के शुल्क को माफ करने के आवेदन-पत्रो पर विचार करेगी ।

(ख) विभिन्न कार्यकलापो को हाथ मे लेकर समिति द्वारा तैयार किये गये बजट पर बहस करेगी तथा उसे स्वीकार करेगी ।

1　प० 12 (22) शिक्षा/ग्रुप 2/80 दिनांक 13-12-83 ।

(ग) सस्था के प्रधान की सहमति से विभिन्न समितियो द्वारा खर्च किये जाने वाले खर्चे की शक्तियो की व्याख्या करते हुये नियम बनायेगी।

(घ) विशेष आवश्यकता पर एक निधि को दूसरी निधि मे परिवर्तित करेगी।

(ङ) निधि के उचित उपयोग सबधी अन्य सभी मामलो पर कार्यवाही करेगी।

(ii) प्रत्येक निधि के लिए नियमित वार्षिक बजट तैयार किया जायेगा।

(iii) निम्न विषयो पर निधि का उपयोग किया जायेगा—

(अ) परीक्षा निधि :

सस्था द्वारा आयोजित गृह परीक्षा की व्यवस्था करना।

(ब) वाचनालय कक्ष निधि :

(i) वाचनालय हेतु समाचार पत्र एव पत्रिकाओ के लिये चन्दा देना।

(ii) छात्रो के लिये आवश्यक पुस्तके क्रय करना।

(iii) पत्रिकाओ की जिल्दसाजी पर खर्चे।

(iv) वाचनालय के सबध मे अन्य फुटकर खर्चे।

(स) खेल निधि :

(i) मैचो एव स्थानीय खेलकूद प्रतियोगिताओ मे टीम के प्रवेश शुल्क का भुगतान।

(ii) उपरोक्त वर्णित मैचो या प्रतियोगिताओ के सम्बन्ध मे खिलाडियो या आमन्त्रित टीमो के लिए अल्पाहार।

(iii) अभ्यासार्थ मैचो या प्रतियोगिताओ की व्यवस्था, जैसे निमत्रण पत्र तथा कार्यक्रमो के छपवाने आदि का प्रबन्ध।

(iv) खेलकूद मे निपुणता प्रकट करने वालो के लिए विशेष पुरस्कार या पदक।

(v) वित्त समिति द्वारा स्वीकृत खेलकूदो के सम्बन्ध मे अतिरिक्त कार्य करने वाले सहायक कर्मचारियो को भत्ता या पुरस्कार।

(vi) खेलो के सामान की मरम्मत।

(vii) खेलकूद पर स्टेशनरी या अन्य फुटकर ऐसे खर्चे जो कि विभागीय बजट से नही किये जा सकेंगे।

(द) पत्रिका निधि :

(i) लेखो की प्रेस प्रतियो को तैयार करना।

(ii) ब्लोक की कीमत आदि।

(iii) पत्रिका समिति के कार्यालय मे काम हेतु आवश्यक स्टेशनरी एव अन्य फुटकर खर्चे।

(iv) पत्रिका मुद्रण।

(य) सामाजिक संगठन निधि :

(i) सामाजिक एकत्रीकरण तथा उत्सवो के मनाये जाने पर खर्च एव स्वस्थ सामाजिक एव सास्कृतिक जीवन की अभिवृद्धि करने वाले अन्य कार्यक्रम पर खर्च।

(र) सघ शुल्क निधि (छात्र संसद) :

(i) सघ कार्यालय के लिए स्टेशनरी तथा अन्य फुटकर खर्चे।

(ii) सघ के उत्सव तथा सत्र पर खर्चा।

(iii) कोई ऐसा खर्च जो सघ एव उसकी कार्यकारिणी द्वारा स्वीकार किया गया हो तथा प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रो के हित म उसे स्वीकार कर लिया गया हो।

(ख) महाविद्यालय छात्रावास सामान्य कक्ष शुल्क निधि .

(i) समाचार पत्र एव पत्रिकाए।

(ii) भीतरी क्रीडायें (इनडोर गेम्स)

(iii) प्रतियोगिता (छात्रालय व उसके अन्य सामाजिक एव सास्कृतिक कार्यक्रम)

(iv) उपरोक्त निधियो के अतिरिक्त सस्था का प्रधान निम्न निधियो एव सघ (एसोसियेशन) और स्थापित कर सकता है

(i) छात्र सहायता निधि (ii) नाट्य सघ (iii) साहित्य समाज (v) अन्य शैक्षणिक एव सास्कृतिक सघ।

(3) छात्र सहायक निधि जिसका उपरोक्त अन्तिम नियम म उल्लेख किया गया है, की व्यवस्था एव प्रशासन निम्न प्रकार से होगा

(i) इस निधि को दान एकत्रित करके तथा स्वेच्छा के आधार पर विद्यार्थियो एव अन्य व्यक्तियो से चन्दा इकट्ठा कर बनाया जायेगा।

(ii) इस निधि से केवल उपयुक्त परिस्थिति वाले छात्रो के अतिरिक्त किसी को किसी भी प्रकार का भत्ता नही दिया जायेगा तथा न भुगतान ही किया जायेगा।

नोट —उपयुक्त विद्यार्थिया से तात्पर्य उस विद्यार्थी से है जिसे वित्तीय सहायता की आवश्यकता हो तथा जो अपनी गरीबी व योग्यता (मेरिट) क कारण ऐसी सहायता प्राप्त करने का अधिकारी हो।

(iii) प्राप्त तथा उसम स भुगतान की गई धनराशि का सही हिसाब सस्था के कार्यालय मे रखा जावेगा।

(iv) सस्था के प्रधान द्वारा लिखित अधिकार के बिना कोई भुगतान नही किया जायेगा तथा जितना भी भुगतान किया जायेगा उन सब की रसीद ली जायगी एव सब प्राप्त धन को रसीद दी जायेगी। प्राप्त धन के लिए एक छपी हुई तथा क्रम सख्या लगी हुई रसीद पुस्तिका उपयोग मे लेनी चाहिए।

(v) महाविद्यालयो मे उपयुक्त छात्रो को आर्थिक सहायता देने के सम्बन्ध मे आवश्यक जाच एक वरिष्ठ प्राध्यापक द्वारा की जावेगी। इन्हे छात्रो के द्वारा प्रति वर्ष चुने हुए इस समिति का सचिव सहायता करेगा। विद्यालयो म ऐसी जाच म सहायतार्थ एक सदस्य स्टाफ का होगा जो सस्था प्रधान द्वारा मनोनीत किया जायेगा। जो सस्थायें बडे शहरा अथवा कस्बो म है वहा इस मामल म सहायतार्थ बहुत स वरिष्ठ स्टाफ सदस्य सस्था प्रधान द्वारा मनोनीत किये जा सकते हैं।

(vi) विद्यार्थियो को सहायता सामान्य रूप से पुस्तको के रूप म दी जायेगी। किन्हीं विशेष कारणो मे ही नकद रकम की सहायता दी जायेगी।

(4) नियम दो के उप नियम 4 मे क्रम सख्या (1) (21) मे वर्णित सघो की व्यवस्था प्रशासन एव अर्थ व्यवस्था के सम्बन्ध मे निम्न निर्देशो का पालन करना चाहिए :

(i) यह निधि इन सघो के सदस्यो से मासिक या वार्षिक चदा इकट्ठा करके बढानी चाहिए तथा इन सघो की आर्थिक क्षमता बढाने के लिए, विविध दृश्यो, नाटको, सिम्पोजियम आदि का आयोजन एव प्रदर्शन के माध्यम को अपनाना चाहिए ।

(ii) सामान्य रूप से इन सघो के कार्यकर्ता निम्न प्रकार से होगे :

(1) अध्यक्ष (2) उपाध्यक्ष (3) सचिव (4) कोषाध्यक्ष

(5) कार्यकारिणी समिति के सदस्य ।

(iii) इन सघो की सभी कार्यवाही सस्था प्रधान के मार्गदर्शन मे होगी और उसके लिए उसकी स्वीकृति आवश्यक होगी ।

(5) निधियो के हिसाब रखने आदि के लिए निम्नलिखित नियम हैं :

(i) खेल एव स्पोर्ट्स या क्रीडा स्थल पर अनुशासन का पालन न करने के कारण जो निधि वसूल की जायेगी वह खेल निधि मे जमा की जायेगी ।

(ii) सरकारी क्रम सख्या लगी हुई निर्धारित प्रपत्र मे रसीद सब धनराशि के लिए दी जायेगी जो इन निधियो मे जमा की जायेगी ।

(iii) (सघो की निधियो को छोडकर) अन्य निधियो की सम्पत्ति :

(1) पोस्ट आफिस सेविंग बैंक अकाउन्ट मे या

(2) सस्था द्वारा स्वीकृत किसी बैंक मे जिसमे सस्था के नाम से खाता खोला जाना है या

(3) सस्था के प्रधान के विशेष उत्तरदायित्व पर शाला या महाविद्यालय के कार्यालय मे जमा करा दी जायेगी ।

(iv) सार्वजनिक हिसाब रखने के लिये राजकीय नियमो के अनुसार निधियो का हिसाब शाला या कालेज कार्यालय मे रखा जायेगा । उनका निरीक्षण विभाग के अधिकारियो द्वारा या लेखा विभाग के अधिकारियो द्वारा किया जा सकता है ।

(6) छात्रकोष निधि व्यय हेतु प्रक्रिया :[1]

(i) छात्रकोष समिति का गठन व उसकी कार्य प्रक्रिया :

छात्रकोष शुल्क का समुचित उपयोग एव व्यय की दृष्टि से प्रत्येक विद्यालय स्तर पर एक छात्रकोष शुल्क समिति का गठन किया जावे जो छात्रकोष शुल्क के व्यय के लिये योजना का निर्माण करेगी तथा व्यय पर नियन्त्रण रखेगी । इस समिति का गठन निम्नांकित प्रकार से होगा :

(1) सस्था प्रधान —अध्यक्ष

(2) माता-पिता/अभिभावक —एक सदस्य, यदि छात्र सख्या 300 से अधिक हो तो दो सदस्य ।

इनका मनोनयन अध्यापको-अभिभावको परिषद् द्वारा किया जावेगा । अध्यापक-अभिभावक परिषद् का अस्तित्व न होने की स्थिति मे ये

[1] शिविरा/माध्यमिक/स/22334/मुख्य/17/77-78 दिनाक 25-11-78

सम्बन्धित पंचायत या नगरपालिका द्वारा मनोनीत होगे । इस सदस्यता के लिये केवल उन्ही माता-पिता/अभिभावक का मनोनयन किया जा सकेगा जो पचायत या नगरपालिका के सदस्य न हो तथा जिनका बच्चा उस विद्यालय मे पढ़ता हो ।

(3) छात्र सघ प्रतिनिधि —दो सदस्य, इन सदस्यो मे छात्रसघ का प्रधान मत्री तथा छात्र सघ का वित्त मत्री होगे ।

(4) एक अध्यापक —सस्था प्रधान द्वारा मनोनीत ।

समिति की बैठक नियमित रूप से होगी । प्रथम बैठक जुलाई मे होगी । इस बैठक मे वर्षभर की योजना बनाई जायेगी । शेष बैठको के मध्य तीन माह से अधिक का अन्तराल नही होना चाहिये । बैठक मे लिए गये निर्णयों का प्रतिवेदन सम्बन्धित नियत्रण अधिकारी को भेजा जायेगा ।

(ii) छात्रकोष व्यय के मद व सीमाए :

छात्रकोष शुल्क से व्यय निम्नाकित मदो मे ही किया जावेगा । (यद्यपि वसूली एक मद (छात्रकोष) की ही राशि के रूप मे होगी)

(1) परीक्षा (2) पुस्तकालय एव वाचनालय (3) कार्यानुभव

(4) विकास (निर्धन छात्र कल्याण सहित) भवन, बिजली, टेलीफोन, पानी, फरनीचर आदि के लिये अनावर्तक व्यय ।

(5) सख्या 4 मे वर्णित आइटम्स पर आवर्तक व्यय अर्थात् भवन की मरम्मत, पुनाई, बिजली, टेलीफोन, पानी का बिल आदि ।

(6) शारीरिक शिक्षा एव स्वास्थ्य (खेलकूद, स्काउटिंग आदि)

(7) खेलकूद प्रतियोगिताए

(8) छात्रसघ प्रवृतियां, सास्कृतिक प्रवृतिया, सामाजिक प्रवृतिया, मनोरजन उत्सव, समारोह, पुरस्कार, शाला पत्रिका, अतिथि सत्कार, निमन्त्रण पत्र आदि ।

उपरोक्त छात्रकोष व्यय मदों में छात्रकोष से व्यय करते समय निम्नलिखित सीमा शर्तों का पालन किया जावे :

(1) अन्य स्थान पर खेलकूद प्रतियोगिता मे भोजन पर अधिकतम दैनिक व्यय प्रति छात्र/छात्रा जिले मे 8/–रुपये तथा जिले के बाहर 10/–रुपये देय होगा ।[1]

(2) व्यय मद सख्या 5 जिसमे आवर्तक खर्च है वह गत वर्ष की कुल छात्रकोष की आय का 5% से अधिक नही होगा ।

(3) व्यय मद सख्या 8 (छात्र सघ प्रवृतियो आदि) पर व्यय की अधिकतम सीमा 10% तक की होगी जो गत वर्ष की छात्रकोष की आय के आधार पर निर्धारित किया जा सकेगा ।

(4) यदि अग्रिम राशि का भुगतान करना अत्यन्त ही आवश्यक हो तथा अग्रिम राशि के भुगतान के अतिरिक्त कोई विकल्प न हो तो 250/–से अधिक की राशि का भुगतान नही किया जावे ।

1. शिविरा/खेलकूद/55039/12/81–82 दि. 4–2–82 ।

(7) शिक्षण शुल्क (ट्यूशन फी)[1]

(1) (i) बारह महीनो का शिक्षण शुल्क मासिक अथवा त्रैमासिक किस्तो मे, सस्था की सुविधानुसार, वसूल किया जायेगा।

(ii) इसे वार्षिक अथवा छमाही किस्तो मे वसूल नही किया जाना चाहिये।

(iii) यदि त्रैमासिक किस्तो मे इसकी वसूली की जाय तो इसे जुलाई, अक्टूबर, जनवरी एव अप्रेल मे वसूल किया जाय।

(iv) उन छात्रो से जो बोर्ड की परीक्षा मे सम्मिलित हो रहे हैं, उनसे अन्तिम चतुर्थाश का यानि अप्रेल मे देय शुल्क तीसरे चतुर्थाश के शुल्क के साथ ही जनवरी माह मे वसूल किया जाए।

(2) राजकीय सामान्य विद्यालयो मे कक्षा प्रथम से अष्टम तक कोई शिक्षण शुल्क वसूल नही किया जायेगा।

(3) उच्च/उच्चतर व बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9, 10 व 11 के छात्रो से वसूल की जाने वाली वर्तमान दर परिशिष्ट 9 (बी) म दी जा रही है।

(4) जब कोई छात्र एक राजकीय सस्था से दूसरी राजकीय सस्था मे स्थानान्तरित होता है तो पहली सस्था मे पढने की अवधि का शिक्षण शुल्क उससे वसूल नही किया जायगा, यदि उक्त तथ्य उसके स्थानान्तरण प्रमाणपत्र पर उस सस्था प्रधान द्वारा अकित किया गया हो।[2]

(8) शिक्षण शुल्क से मुक्ति की सीमाएं :

(1) जिनके पिता/सरक्षक आयकर दाता नही है, ऐसी छात्राओ से कोई शिक्षण शुल्क वसूल नही किया जायेगा,[3] किन्तु शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय/महाविद्यालयो मे उनसे पूरा शुल्क वसूल किया जाएगा।[4]

(2) ऐसे माता-पिता जो आयकर दाता नही हैं उनके प्रथम दो पुत्रो से शिक्षण शुल्क वसूल किया जाएगा। यदि प्रथम या द्वितीय सन्तान बालिका है तो शिक्षण शुल्क द्वितीय और तृतीय का या प्रथम और तृतीय बालको का, जैसी भी स्थिति हो, वसूल किया जाएगा। इस स्थिति मे महाविद्यालयो (सामान्य, व्यावसायिक एव तकनीकी शिक्षा दोनो प्रकार क) मे अध्ययन करते हुए बालको को भी गणना मे सम्मिलित किया जायगा। यदि एक भाई महाविद्यालय मे शिक्षण शुल्क दे रहा है तो दूसरे भाई को, जो माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय म पढता है, शिक्षण शुल्क देना होगा। तीसरे भाई से जो कक्षा 9, 10 या 11 मे अध्ययन कर रहा है, शुल्क नही लिया जायेगा।

(3) ऐसे छात्र जो सामान्य विद्यालयो मे अध्ययन करते हैं और विशिष्ट विद्यालयो मे, यथा सादुल पब्लिक स्कूल, बीकानेर, माटेसरी स्कूल आदि मे नही पढते हैं

---

1. शिवरा/माध्यमिक/स/22346/12/70 दि 3-7-70।
2. शिविरा,माध्यमिक/स 22346/12/70 दिनाक 3-7-1970
3. शिविरा/माध्यमिक/सी/22346/12/70 दिनाक 3-7-1970
4. शिविरा/माध्यमिक/स/22346/110/70-71 दिनाक 2-4-71

तथा जिनके माता-पिता राजकीय सेवा मे हैं एव आयकर दाता नही है[1] कक्षा 9, 10 व 11 मे शिक्षण शुल्क देने से मुक्त रहेगे।

(4) सार्दुल पब्लिक स्कूल, बीकानेर के अध्यापको (जो आयकर दाता नही है)[2] के बच्चे यदि श्री गगा बाल विद्यालय, बीकानेर मे पढते है तो वे शिक्षण शुल्क से मुक्त रहेगें।

(5) ऐसे अध्यापको से जो राजकीय शिक्षणालयो मे नियुक्त है तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण या राजकीय सस्थानो मे (जैसे बी एड. या एस टी सी इत्यादि) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हो, एव आयकरदाता नही है[1] उनसे शिक्षण शुल्क वसूल नही किया जाएगा।

(6) राज्य कर्मचारी शिक्षण शुल्क से मुक्ति की सुविधा की प्रार्थना करते समय निर्धारित प्रपत्र मे तत्सम्बन्धी शपथ-पत्र प्रस्तुत करेगा। अपने सरक्षित छात्र जिसके लिए शुल्क मुक्ति प्रार्थित है, उस विद्यालय में पढने की अवधि मे कम से कम एक बार शपथ-पत्र भरेगा कि उक्त सरक्षित छात्र आर्थिक सहायता की दृष्टि से उस पर पूर्णतः आश्रित है। तदुपरान्त समस्त आगामी वर्षों के लिए वह घोषणा पत्र प्रस्तुत करेगा कि उक्त सरक्षित छात्र उससे सहायता व सहयोग प्राप्त करता रहा है। राज्य कर्मचारी शब्द मे अस्थाई राज्य कर्मचारी भी सम्मिलित माने जायेंगे।

टिप्पणी :—

(अ) राज्य कर्मचारी के परिवार के सदस्यो मे वह स्वय, पत्नी, वैध अथवा अवैध सतानें, भाई और बहिनें जो राज्य कर्मचारी पर पूर्णतः आश्रित हैं सम्मिलित होते है। राज्य कर्मचारियो की पुत्रिया तथा बहिनें अपने विवाह के पहले तक ही इस सुविधा की अधिकारिणी होगी, विवाह के बाद नही।

(आ) केवल राजस्थान सरकार के कर्मचारी ही इस शुल्क मुक्ति के अधिकारी होगे। इस आदेश के अन्तर्गत भारत सरकार, रेलवे, भारतीय डाक व तार विभाग के कार्यालयो तथा अन्य राज्यो के कर्मचारियो को शुल्क मुक्ति प्राप्त नही हो सकेगी।

(इ) पचायत समितियो एव जिला परिषदो के कर्मचारियो जो आयकर नही देते इस शुल्क मुक्ति के अधिकारी होगे। मगर अ. शा. सस्थाओ तथा नगरपालिकाओ व राजकीय सहायता प्राप्त[2] सस्थाओ मे सेवारत व्यक्ति इस शुल्क से मुक्ति नही प्राप्त कर सकेगे।

(ई) शुल्क मुक्ति की यह सुविधा केवल (अ) शिक्षण शुल्क (आ) प्रवेश शुल्क (इ) विज्ञान एव वाणिज्य शुल्क (तकनीकी विषय का शुल्क) के सम्बन्ध मे होगी। छात्रनिधि शुल्क मे राज्य कर्मचारियो को उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त कोई छूट नही दी जायेगी।

(उ) इन आदेशो द्वारा स्वोकृत अन्य निःशुल्कता अथवा छात्रवृत्तियो पर यह आदेश प्रभावी रहेगा।

(ऊ) राजस्थान सरकार के पेंशन प्राप्त व्यक्ति इस आदेश के लाभ के अधिकारी नही होगे।

---

1. स्थायी आदेश मे उनका मासिक वतन 400/– से कम होने के स्थान पर। शिविरा/माध्यमिक/सी/22346/11/70 दिनाक 3–7–70 द्वारा आयकर दाता नही है प्रतिस्थापित किया गया है। आयकर दाता न होने का प्रमाणपत्र कार्यालयाध्यक्ष से प्राप्त करके सस्था प्रधान को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
2. ईडीबी/एली/ए/19301/स्पे/68-69 दिनाक 9-6-1969 (1-7-69 से प्रभावी)

(ए) यह लाभ राज्य कमचारी को उस समय तक मिलता रहगा जब तक कि वह आयकरदाता नही बनता। यदि सत्रावधि म किसी भी समय राज्य कमचारी द्वारा आयकर देय हो जाय तो उसे सत्र की अवशेष अवधि के लिए शिक्षण शुल्क देना पडेगा।

(ऐ) शुल्क मुक्ति के लाभ की प्राप्ति हेतु यदि छात्र क सरक्षक के नाम म परिवतन चाहा जायेगा तो परिवर्तन नही किया जायगा। ऐसे मामले सरकार के पास स्वीकृति हेतु प्रेषित किए जाने चाहिये।

(ओ) नि शुल्क शिक्षा की सुविधायें जा राज्य कर्मचारियो के परिवार के आश्रितो को उपलब्ध होगी वे उन राज्य क महिला कर्मचारियो के सरक्षितो को भी उपलब्ध रहेगी जिनक पति राज्य सेवा म नही है एव व तथा उनके पति यदि आयकर दाता नही है।

(औ) राजस्थान राज्य विद्युत् बोर्ड के अल्प वेतन भोगी कर्मचारी जिनका मासिक वेतन निर्धारित राशि से कम हो आवश्यक प्रमाण पत्र सहित प्रार्थना पत्र देने पर, उन कर्मचारियो के बच्चो को शिक्षण शुल्क देने से मुक्त किया जायेगा। सस्था प्रधान शासन सचिव, विद्युत् विभाग राजस्थान, जयपुर से उक्त रकम को वसूल करें।

(क) राजस्थान राज्य परिवहन निगम, जयपुर के कर्मचारी जिनका मासिक वेतन निर्धारित राशि स कम हो उनके बच्चो को भी शिक्षण शुल्क देने से मुक्त रखा जायेगा। सस्था प्रधान द्वारा मासिक शुल्क देने स मुक्ति के आधार पर व्यय पत्रक (बिल) निगम को प्रस्तुत करने पर निगम सीधे ही सस निधि का भुगतान कर देगा।

(ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडी जाति के छात्रो, चाहे उनके माता पिता/अभिभावक आयकर दाता हो अथवा न हो, या चाहे उन्ह भारत सरकार या राज्य सरकार से छात्रवृत्ति मिलती हो कोई शिक्षण शुल्क नही लिया जायेगा। अन्य शुल्को की वसूली भी उनसे अक्टूबर म की जाए ताकि उसे जुलाई, सितम्बर की देय उनकी छात्रवृत्ति से काटा जा सके (यदि देय हो)[1]

(ग) अनुसूचित जाति व जनजाति एव अन्य पिछडी जाति क प्रत्याशी तथा उन राज्य कमचारियो के जो आयकर नही देते, पुत्र, पुत्रिया अथवा सरक्षित राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण सस्थाओ के शिक्षण शुल्क स मुक्त रहगे।

(7) राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयो एव महाविद्यालयो म अध्ययन कर रहे प्रत्याशी जो शिक्षण शुल्क मुक्ति की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, एक वर्ष तक राजकीय सेवा करने का अनुबध हस्ताक्षरित करेंगे।

(8) (1) राज्य कर्मचारियो के सरक्षित, अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछडी जाति के जो छात्र निरन्तर दो वर्ष तक अगली कक्षा मे कक्षोनत होने म असफल रहे है उनसे शुल्क मुक्ति की सुविधा वापिस ले ली जायेगी, चाहे छात्र विपन्नावस्था म ही हो।

1. प 2(18) शि प्र /6/69 दिनाक 17-6-1969

(ii) ये सुविधायें उस छात्र को उत्तीर्ण होने के महीने से ही पुनः चालू कर दी जायेगी चाहे वैसा एक वर्ष या उससे कम अवधि के बाद ही हुआ हो।

(9) (i) छात्रो की योग्यता एव आवश्यकता के अनुसार विद्यालय मे दस प्रतिशत पूर्ण शुल्क मुक्ति (फ्रीशिप) भी दी जायेगी। प्रत्येक कक्षा मे 10% अर्द्ध-शुल्क मुक्ति दी जायेगी, जो छात्रो की योग्यता एव आवश्यकता के अनुसार पूर्ण शुल्क मुक्ति के अतिरिक्त होगी।

(ii) प्रत्येक कक्षा की दस प्रतिशत की सीमा मे पूर्ण शुल्क मुक्ति व दस प्रतिशत अर्द्ध-शुल्क मुक्ति योग्य छात्रो को मुक्ति स्वीकार करने का अधिकार सस्था प्रधान को होगा।

(iii) जिन विद्यालयो मे सहशिक्षा है उन विद्यालयो मे दस प्रतिशत पूर्ण शुल्क मुक्ति व 10% अर्द्ध-शुल्क मुक्ति की गणना प्रति कक्षा कुल विद्यार्थियो की सख्या मे से छात्राओ, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछडी जाति के विद्यार्थियो तथा राज्य कर्मचारियो के बच्चो (जिन्हे शिक्षण शुल्क से मुक्ति प्राप्त है की सख्या घटाकर, शेष छात्रो मे से की जायेगी।[1]

उदाहरणार्थ यदि किसी कक्षा मे कुल विद्यार्थियो की सख्या 50 है तथा उस कक्षा मे 5 छात्राए, 5 अनुसूचित जनजाति के छात्र, 5 अनुसूचित जाति के छात्र, 5 पिछडी जाति के छात्र तथा 5 राज्य कर्मचारियो के बच्चे (जिन्हे शिक्षण शुल्क से मुक्ति प्राप्त है) हो तो उस कक्षा के लिए पूर्ण शुल्क मुक्ति तथा अर्द्ध-शुल्क मुक्ति की गणना 25 विद्यार्थियो पर की जायेगी।

टिप्पणी :—10% पूर्ण शुल्क मुक्ति एव 10 प्रतिशत अर्द्ध-शुल्क मुक्ति प्रदान करते समय पूरी इकाई का ध्यान रखा जाए। जैसे, एक कक्षा मे 15 छात्र है, तो वह सुविधा एक ही छात्र को प्राप्त होगी, 15 से 16 होने पर दो छात्रो को सुविधा प्रदान की जा सकती है।

(10) (i) अन्य राजकीय सस्थाओ के अनुसार ही प्रशिक्षण विद्यालय के छात्रो को भी दस प्रतिशत पूर्ण शुल्क मुक्ति तथा दस प्रतिशत अर्ध शुल्क मुक्ति, अन्य कारणो से शुल्क मुक्ति प्राप्त छात्राध्यापको को छोडकर, बाकी के आधार पर गिनकर दी जायगी।

(ii) पूर्ण या अर्द्ध मुक्ति केवल गरीबी तथा योग्यता के आधार पर स्वीकृत की जाएगी।

(iii) ऐसे प्रशिक्षणार्थियो को एक वर्ष के लिए राजकीय सेवा करने का अनुबध स्वीकार करना होगा। यदि वे सेवा नही करते हैं तो उन्हे ब्याज सहित शिक्षण शुल्क, जिसकी छूट मिली थी, जमा करवाना होगा।

(9) अन्य शुल्क

(1) प्रवेश शुल्क

(i) कक्षा 5 तक के छात्रो से प्रवेश शुल्क वसूल नही किया जायेगा।

---

1. शिविरा/माध्य/स/22334/161/69-70 दि 11-2-1972

(ii) एक ही विद्यालय मे एक कक्षा से दूसरी कक्षा मे कक्षोन्नति होने पर कोई प्रवेश शुल्क नही लिया जायगा।

(iii) पूर्व पाठशाला से स्थानान्तरण प्रमाणपत्र प्राप्त करके अन्य विद्यालय मे प्रवेश लेने पर पुनः प्रवेश शुल्क लिया जाएगा।

((iv) इस प्रकार प्रवेश शुल्क केवल एक बार लिया जाय, जबकि कोई छात्र प्रथम बार विद्यालय म प्रवेश चाहता है अथवा स्थानान्तरण प्रमाणपत्र लेने के बाद पुन' प्रवेश लेना चाहता है।

(2) छात्रनिधि शुल्क

(1) सभी स्तरो के विद्यालयो मे छात्र निधि शुल्क मे कोई छूट नही होगी क्योकि वे विशेष सवाग्रो एव सुविधाग्रो से सम्बन्धित है। परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एव पिछडी जाति के छात्रो से यह शुल्क आधी दर से वसूल किया जायगा।

(2) विभिन्न छात्र निधि शुल्क जो वार्षिक आधार पर निर्धारित है, जुलाई माह म प्रवेश के समय वसूल किए जाने चाहिए। मासिक आधार पर निर्धारित शुल्क शिक्षण शुल्क के साथ वसूल किए जाए।

(3) बस परिवहन शुल्क

जहा विद्यालयो मे बस परिवहन की सुविधा विद्यमान है, वहा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित दरो स बस परिवहन शुल्क लिया जाएगा। वर्तमान दर 15 रु प्रति माह है।[1]

टिप्पणी . (क) उपरोक्त दर पर छात्राग्रो की भांति अध्यापिकाए भी बसो का उपयोग कर सकेंगी। बस के रुकने आदि के कारण हुए विलम्ब क कारण अध्यापिकाए, विद्यालय मे विलम्ब से उपस्थित हाने की स्थिति म, उसी कार्यवाही की भागी होगी जो उन्हे अपनी यात्रा व्यवस्था से मिलती है।

(ख) बसें मुख्य मार्गों पर ही चलेगी तथा गलियो म नही जाए गी। गलियो म रहने वाले छात्र बस के ठहरने के स्थान (मुख्य मार्ग) पर जिन्हे सम्बन्धित सस्था या प्रधान निश्चित करेगा, बस म प्रवेश करेंगे तथा उसे छोडेंगे।

(ग) बस परिवहन शुल्क ग्रीष्म अवकाश को छोड कर पूरे दस महीनो का वसूल किया जाएगा। शीतकालीन अवकाश के कारण शुल्क म कटौती नही की जाएगी। परन्तु यदि किसी भी कारण से बस को चलाना सभव न हो तो उस माह बस परिवहन शुल्क वसूल नही किया जाए।

(घ) बस परिवहन का एकत्रित शुल्क सरकारी कोष म जमा कराया जाएगा तथा उसके आय व्यय के पूरे आकडे रखे जायेंगे।

(ङ) विभिन्न प्रकार के शुल्को से मुक्त विद्यार्थी, बस को उपयोग मे लाने की इच्छा रखन की स्थिति म, बस परिवहन शुल्क से मुक्त नही होग। सस्थाओ की जिम्मदारी है कि बसें ठीक अवस्था म रहे तथा नियमित रूप से समय पर चल। यदि बस खराब होने के कारण यह व्यवस्था नियमित

1. ईडीबी/रिकाड/5911/71/73 दिनाक 24-8-1973

रूप से चलाना सभव न हो तो बस की मरम्मत एक साथ करवाई जानी चाहिए तथा उस अवधि के लिए सभी विद्यार्थियो को विवशता से सूचित किया जाना चाहिए। यदि 10 दिन या इससे अधिक बस की दुरुस्ती मे लगे तो उस माह बस की व्यवस्था बन्द रखनी चाहिए और शुल्क वसूल नहीं करना चाहिए। पूरे सत्र तक बस का उपयोग करने वाले विद्यार्थियो से दस माह का शुल्क वसूल किया जाएगा। यदि विद्यार्थी एक या दो माह के लिए बस का प्रयोग करता है तो बस का शुल्क एक या दो माह का ही वसूल किया जाएगा। ग्रीष्मावकाश के अतिरिक्त शीतकालीन अवकाश या अन्य दीर्घावकाश के कारण शुल्क मे कटौती नही होगी। उन विद्यार्थियो से भी शुल्क कम नही किया जाएगा जो छुट्टी पर होगे।

(4) अवधान राशि

(i) अवधान राशि (काशनमनी) के सम्बन्ध मे स्पष्ट किया जाता है कि यह सस्था को हानि अथवा अपव्यय से सुरक्षित रखने के लिए है। यह निधि लौटाये जाने योग्य है। विद्यालय छोडने के समय अधिकाश छात्र अपने स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करत है। सस्था प्रधान को चाहिए कि स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र देते समय उनको अवधान राशि भी लौटा दे।

(ii) विद्यालय छोडने के बाद तीन वर्षो तक भी यदि जमा कराने वाला छात्र इस निधि को लौटाने की माग नही करे तो उस धन को राजकीय आय के रूप मे जमा करवा देना चाहिए।

(10) चिकित्सा शुल्क

(i) जिन विद्यालयो मे छात्र/छात्राओ के स्वास्थ्य की देखरेख एव उपचार हेतु 50 पैसे वार्षिक चिकित्सा शुल्क लिया जाता है, उसके उपयोग हेतु निर्देश है कि अगर सरकारी डाक्टर है तो उसे 40 पैसे प्रति छात्र/छात्रा वर्ष म एक बार मेडिकल चेकअप करने का भुगतान कर दिया जाए।

(ii) जहा सरकारी डाक्टर उपलब्ध न हो, छात्रो के स्वास्थ्य की जाच गैर सरकारी डाक्टर से भी कराई जा सकती है।[1]

(11) भवन

(i) विद्यालय भवन के लिए निर्माण सुधार और मरम्मत कार्यों के लिए छात्रनिधि से वर्तमान मे 30000/-रुपये तक की राशि के व्यय का अधिकार शिक्षा निदेशक प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा को है। शिक्षा विभाग यह राशि पी. डब्लू. डी. के स्थान पर एक निर्माण समिति के माध्यम से व्यय करेगा, जिसका गठन इस प्रकार होगा।[2]

(1) अध्यक्ष : प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका

(2) सदस्य : (1) छात्र ससद का एक प्रतिनिधि

(2) शाला का एक अध्यापक

(3) एक स्थानीय गणमान्य व्यक्ति

---

1 शिविरा/माध्यमिक/म/22346/281/70-71 दिनाक 26-12-75

2. शिविरा/लेखा/डी-2/25448/51/72/71 दिनाक 7-6-1973

(4) पी. डब्लू. डी. का एक स्थानीय इ जीनियर जो सहायक अभियन्ता, पी डब्लू डी (बी. एण्ड आर.) से कम का पद का न हो।

(ii) यह व्यय, व्यय सम्बन्धी वर्तमान प्रावधानो के अनुसार किया जायेगा। व्यय का समुचित हिसाब रखा जाएगा, और पी.डब्लू डी. के स्थानीय इ जीनियर की सलाह ली जायगी।

अध्याय 8

परीक्षा एव कक्षोन्नति नियम

(1) क्षेत्र

ये नियम परीक्षा एव कक्षोन्नति नियम कहलायेंगे तथा राजस्थान के सभी राजकीय एव मान्यता प्राप्त विद्यालयो के कक्षा 1 से 9 तक के समस्त छात्रो पर लागू होगे।

(2) सामान्य नियम[1]

(1) परीक्षा प्रवेश योग्यता :

(i) कक्षा तीन से कक्षा नौ तक की वार्षिक परीक्षाओ मे केवल वे ही छात्र प्रविष्ट हो सकेंगे जिन्होने किसी राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त शिक्षण सस्था मे नियमित छात्र के रूप मे सत्र पर्यन्त अध्ययन किया है अथवा जिन्होने स्वयपाठी परीक्षार्थी के रूप मे परीक्षा मे बैठने की आज्ञा ले ली है।

(ii) यदि कोई छात्र या छात्रा बोर्ड की परीक्षा मे लगातार दो वर्ष तक असफल रहे तो उसे विद्यालय मे प्रवेश नही दिया जाये। यह नियम कक्षा 1 से कक्षा 9 तक पढने वाले छात्रो पर लागू नही होगा।[2]

(2) छात्रों की उपस्थिति

(i) नियमित छात्रो की उपस्थिति विद्यालय आरम्भ होने के दिन से एव पूरक परीक्षा म बैठने वाले छात्रो की उपस्थिति पूरक परीक्षा परिणाम घोषित होने के दिन से गिनी जाएगी।

(ii) छात्रो को सत्र की कुल उपस्थिति का 60% प्राथमिक कक्षाओ मे, 70% कक्षा 6 से कक्षा 8 तक एव 75% माध्यमिक कक्षाओ मे उपस्थित रहना अनिवार्य है।

(3) स्वल्प उपस्थिति से मुक्ति

यदि प्रधानाध्यापक सतुष्ट हो कि छात्र रूग्णावस्था अथवा अवकाश पर रहा है तो वे विद्यालय के कुल दिवसो की प्रतिशत उपस्थिति न्यूनता के आधार पर छात्रो को निम्न प्रकार मुक्त करके वार्षिक परीक्षा मे बैठने की आज्ञा दे सकते हैं :

(i) कक्षा 3, 4 व 5 15% (ii) कक्षा 6, 7 व 8 10%
(iii) कक्षा 9 20%

---

1. शिविरा/प्राथमिक/अ/19746/286/67/70 दिनाक 21-11-1972
2. शिविरा/प्राथमिक/अ/19746/41/74-75 दिनाक 1-4-75

(4) **परीक्षा तैयारी अवकाश**

(i) प्रधानाध्यापक कक्षा 3 से 11 तक के छात्रो को अर्द्धवार्षिक परीक्षा हेतु एक दिन तथा वार्षिक परीक्षा हेतु कक्षा 3 से 9 तक के छात्रो को दो दिन की परीक्षा तैयारी अवकाश, राजपत्रित एव रविवार की छुट्टियो के अतिरिक्त दे सकते है।

(ii) कक्षा 10 तथा 11 के छात्रो का परीक्षा तैयारी अवकाश अर्द्धवार्षिक परीक्षा हेतु उपरोक्त प्रकार ही रहेगा तथा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा हेतु बोर्ड के नियमानुसार अवकाश रहेगा।

(5) **प्रश्नपत्र व्यवस्था :**

(i) सभी कक्षाओ मे परीक्षार्थियो की सख्या 10 से अधिक होने की दशा मे प्रश्नपत्र मुद्रित/चक्र लेखाखित तथा इससे कम सख्या होने पर चक्र लेखांकित अथवा कार्बन पेपर से हस्तलिखित होगे।

(ii) परखो मे प्रश्नपत्रो को लिखा कर या श्यामपट्ट पर लिख कर लिखवाया जायगा।

(6) **परीक्षाएं :**

(i) कक्षा 3 से 11 तक प्रति वर्ष, नियमित अन्तर के साथ प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विषय की दो आवधिक परखे होगी।

(ii) कक्षा 9 की तीसरी आवधिक परख होगी और कक्षा 3 से 8 तक तीसरी आवधिक परख के स्थान पर लिखित कार्य का सत्र मे दो बार (नवम्बर तथा मार्च मे) मूल्याकन किया जायगा जो 5–5 अको का होगा अर्थात् दोनो मूल्याकनो का योग 10 अक होगा।

(iii) बोर्ड की परीक्षा मे बैठने वाले छात्रो की तृतीय परख नही होगी। इसलिए उनके लिए तृतीय परख के पूर्णांक पहली दो परखो मे ही वितरित कर कर दिये जाए।

(iv) सत्र मे दो परीक्षाए होगी। पहली (अर्द्धवार्षिक) किसी भी समय दिसम्बर मास मे तथा दूसरी (वार्षिक) 15 अप्रेल के पश्चात्।

(v) वार्षिक परीक्षा परिणाम ग्रीष्मावकाश के लिये शालाओ के बन्द होने से पूर्व घोषित कर दिया जायगा।

(vi) वार्षिक परीक्षा मे वही छात्र सम्मिलित किया जायगा जिसने कम से कम दो आवधिक परखें दी हो या एक परख और अर्द्धवार्षिक परीक्षा दी हो और जिसमे वह नही बैठा हो उनके कारणो की प्रामाणिकता से सस्था प्रधान को पूर्णतया सतुष्ट कर दिया हो।

(vii) अर्द्धवार्षिक परीक्षा तथा वार्षिक परीक्षा क्रमश: अधिक से अधिक 10 दिन व 14 दिन मे समाप्त कर ली जाय।

(viii) विभिन्न परीक्षाओ मे पूर्णांक निम्नलिखित सारिणी के अनुसार होगे :

परीक्षा	अविभक्त इकाई कक्षा 1-2	कक्षा 3 से 8 तक प्रत्येक विषय मे	कक्षा 9 से 11 अनिवार्य विषय		ऐच्छिक विषय			
			हिन्दी व अंग्रेजी को छोडकर शेष मे	हिन्दी व अंग्रेजी	वे विषय जिनमे केवल सै. परीक्षा होती है	वे विषय जिनमे सैद्धा व प्रायोगिक दोनो परीक्षाए होती हैं		
						सैद्धा	प्रायो॰	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9
प्रथम परख	–	10	5	10	15	–	–	15
द्वितीय परख	–	10	5	10	15	–	–	15
तृतीय परख	–	10	5	10	15	–	–	15
लिखित कार्य का दो बार मूल्यांकन	–	प्रत्येक लिखित कार्य का मूल्यांकन 5 × 2 (10)						
अर्द्धवार्षिक परीक्षा	–	70	35	70	105	70	35	105
वार्षिक परीक्षा	ईकाईवार सान्तिक मूल्यांकन का योग 100	100	50	100	150	100	50	150
योग पूर्णांक	100	200	100	200	300	170	85	300

(3) उत्तीर्णता नियम

(1) छात्रा को उनकी आवधिक परख, अर्द्धवार्षिक परीक्षाओ के परिणाम को मिलाकर नियमानुसार उत्तीर्ण किया जायगा ।

(2) (i) वही छात्र कक्षोन्नति/उत्तीर्णता का अधिकारी माना जायगा जो उपरोक्त सारिणी के पूर्णांक के न्यूनतम 36% अक प्रत्येक विषय म प्राप्त करेगा ।

(ii) इसके साथ ही वार्षिक परीक्षा मे प्रत्येक विषय मे 20% न्यूनतम अक प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

(3) (i) यदि वार्षिक परीक्षा मे कोई छात्र रूग्णता प्रमाणपत्र देता है तो उसको, उन सब विषयो म जिसके लिए रूग्णता प्रमाणपत्र दिया गया है, पुनः परीक्षा मे बैठना पडेगा ।

(ii) यह पुन परीक्षा उन्ही दिनो मे होगी जिन दिनो मे पूरक परीक्षा होगी ।

(iii) पुन: परीक्षा के लिए वार्षिक परीक्षा का शुल्क लिया जाय तथा परिणाम घोषित करते समय परख एव अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अको को जोडकर बिना कृपाक दिये हुए परीक्षाफल घोषित किया जाये ।

(4) माध्यमिक कक्षाओं के जिन विषयो मे सैद्धान्तिक व प्रायोगिक परीक्षा होती है उनमे अलग अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक नही है ।

(5) (i) यदि कोई छात्र अपनी गंभीर रूग्णावस्था के कारण अपनी किसी आवधिक परख या अर्द्धवार्षिक परीक्षा मे सम्मिलित होने की स्थिति मे नही हो रहा है तो उसके द्वारा उक्त परीक्षा समाप्ति के एक सप्ताह के अन्दर रूग्णता प्रमाणपत्र, प्रस्तुत करने पर, केवल उन्ही परीक्षाओ के आधार पर, जिसमे वह सम्मिलित हुआ है, उसका परीक्षाफल घोषित किया जा सकेगा।

(ii) लेकिन ऐसी स्थिति मे उसका कम से कम दो परख तथा एक परीक्षा अथवा एक परख और दो परीक्षाओ मे बैठना आवश्यक है ।

(iii) ऐसे छात्र कृपाक के अधिकारी नही होगे ।

(6) कक्षा 9 तक निम्नलिखित अनिवार्य विषयो मे न्यूनतम 36% अक प्राप्त करने पर छात्र उत्तीर्णता के योग्य होगा मगर इनमे वार्षिक परीक्षा मे पृथक् से न्यूनतम 20% अक प्राप्त करना अनिवार्य नही है :

(1) तृतीय भाषा सस्कृत/उर्दू/सिंधी/पजाबी/गुजराती

(2) सगीत (3) ड्राइग (4) उद्योग

(7) किसी भी परख या परीक्षा के प्राप्ताक यदि भिन्न (सही बटे) मे हो तो उन्हे अगले पूर्णांक मे परिवर्तित कर दिया जाए ।

(8) कक्षा 4 तक किसी भी छात्र को अनुत्तीर्ण घोषित नहीं किया जावेगा । स्वरूप यह होगा कि परीक्षा यथावत प्रतिवर्ष होगी व कक्षा विभाजन भी यथावत रहेगा । किन्तु परीक्षा परिणाम के आधार पर किसी भी छात्र/छात्रा को अनुत्तीर्ण घोषित कर रोका नही जावे व उसे अगली कक्षा मे आने दिया जावे । जिस विषय मे छात्र कमजोर हो उसमे अगली कक्षा मे विशेष ध्यान देकर व विशेष प्रयत्न करके कमजोरी दूर करवाई जावे ।[1]

स्पष्टीकरण—

(1) कक्षा 2 अविभक्त इकाई से कक्षा 3 मे जाने के लिए जो परीक्षा ली जानी थी वह यथावत रहेगी । किसी छात्र को इस परीक्षा मे अनुत्तीर्ण घोषित नही किया जायेगा । जो छात्र किसी कारणवश दूसरी कक्षा की अन्तिम परीक्षा मे नही बैठ पाए हैं उनके लिए अगली जुलाई/अगस्त मे पूरक परीक्षा मे बैठना आवश्यक होगा ।

कक्षा 3 से 4 म जाने के लिए परीक्षा म उत्तीर्ण होना तो आवश्यक नही होगा, परन्तु इसके लिए वाछित मात्रा मे उपस्थिति आवश्यक होगी जो छात्र/छात्रा कक्षा 3 की वार्षिक परीक्षा मे किसी कारणवश नही बैठ पाए हैं उनके

1. शिविरा/प्राप/अ/19813/9/78–79 दिनाक 16-10-1978

लिए माह जुलाई/अगस्त मे पूरक परीक्षा आयोजित की जावेगी। जो छात्र इस पूरक परीक्षा में भी नही बैठेंगे उनको कक्षा 4 म नही जाने दिया जावेगा।[1]

कक्षा 4 से 5 म जाने के लिए परीक्षा प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।

स्पष्टीकरण—(2) विभाग के पूर्व आदेशो के अनुसार कक्षा 4 तक किसी विद्यार्थी को परीक्षा म अनुत्तीर्ण नही करने का आदेश दिया गया था। इसका अर्थ यह था कि कक्षा 3 तक के समस्त विद्यार्थियो को कक्षा 4 तक बिना रोक-टोक कक्षोन्नति दी जायेगी। कक्षा 1 से कक्षा 4 तक विद्यार्थी अबाध गति से प्रतिवर्ष उत्तीर्ण होता रहेगा लेकिन कुछ विद्यालयो मे इसका अर्थ यह लगाया गया कि कक्षा 4 मे भी कोई बाधा नही रहेगी। यह अर्थ त्रुटिपूर्ण था। अतः पुन यह स्पष्ट किया जाता है कि कक्षा 4 से कक्षा 5 म कक्षोन्नति के समय प्रचलित परीक्षा प्रणाली के अनुसार परीक्षा ली जायेगी और विद्यार्थी की योग्यता के अनुसार उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण घोषित किया जावेगा।

(4) श्रेणी निर्धारण :

(1) (i) 60% या अधिक प्राप्ताक होने पर प्रथम श्रेणी।

(ii) 48% व उससे अधिक परन्तु 60% से कम प्राप्ताक होने पर द्वितीय श्रेणी।

(iii) 36% या उससे अधिक परन्तु 48% से कम प्राप्ताक होने पर तृतीय श्रेणी।

(iv) किसी विषय मे 75% अक प्राप्त करने पर उस विषय म विशेष योग्यता मानी जायेगी।

(2) कक्षा 9 मे तृतीय भाषा व उद्योग के प्राप्ताको को श्रेणी निर्धारण हेतु वृहद योगाक म सम्मिलित नही किया जाए।

(3) श्रेणी निर्धारण कृपाक रहित प्राप्ताको के वृहद् योगाक के आधार पर ही होगा। अर्थात् श्रेणी निर्धारित करते समय कृपाक न जोडें।

(4) कक्षा 1 व 2 अविभक्त इकाई मानी गई है। इसके लिए अविभक्त कक्षा इकाई सदर्शिका देखें (जो कि राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल द्वारा प्रकाशित है)

(5) कृपाक :

(1) यदि छात्र किसी एक अथवा दो विषयो मे उत्तीर्ण अक प्राप्त करने मे असफल रहता है तो उस प्रधानाध्यापक निम्न प्रकार से कृपाक देकर कक्षोन्नति दे सकते हैं :

(i) कृपाक पाने के लिए छात्र का आचरण तथा व्यवहार उस सत्र मे उत्तम होना आवश्यक है।

(ii) प्रति एक कृपाक प्राप्त करन के लिए यह आवश्यक होगा कि छात्र जिन विषयो मे उत्तीर्ण है उनमे न्यूनतम से 5 अक अधिक प्राप्त करे। जैसे यदि कोई परीक्षार्थी अग्रेजी म असफल है और परीक्षार्थी ने अग्रेजी को छोडकर अन्य विषयो मे कुल मिला कर 36% अको से 30 अक अधिक प्राप्त कर लिए है तो उसे 6 कृपाक दिए जा सकते है।

(iii) यदि छात्र एक ही विषय म असफल है तो उसे अधिकतम 8% कृपाक उसमे दिए जा सकते हैं।

-(1) शिविरा/प्राथ/अ/19813/62/78-79 दिनाक 26-4-1979

(2) शिविरा/प्राथ/अ/19346/200/81-82 दिनाक 11-5-1983

(iv) यदि छात्र दो विषयो मे असफल है तो उसे अधिक से अधिक 12 कृपांक, दोनो विषयो मे मिला कर दिए जा सकते हैं। किन्तु दोनो मे से एक विषय मे 7 से अधिक कृपांक न दिए जाए (अर्थात् उन 12 अंको का अधिकतम वितरण 7+5 ही हो सकता है, 8+4 या 9+3 आदि नही हो सकता)।

(6) पूरक परिक्षाएं :

(1) जो छात्र एक अथवा दो विषय मे अनुत्तीर्ण घोषित हो वह उसी वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह मे होने वाली पूरक परीक्षा मे सम्मिलित होने के अधिकारी होगे यदि :

(क) एक विषय मे :

(i) एक विषय मे अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को उस उस विषय मे समस्त आवधिक परखों व परीक्षाओ को मिलाकर न्यूनतम 20% अक प्राप्त हो।

(ii) यदि छात्र को सभी विषयो मे उत्तीर्णांक 36% अक अथवा अधिक अक प्राप्त हो, परन्तु किसी एक विषय मे वार्षिक परीक्षा मे न्यूनतम 15% अक प्राप्त हो।

(ख) दो विषयों मे :

(i) दो विषयो मे अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र को यदि उन दोनो विषयो मे पृथक् पृथक् समस्त आवधिक परखो व परीक्षाओ को मिला कर 22% से कम अक प्राप्त न हो।

(2) पूरक परीक्षा के पूर्णांक वही होगे जो उस विषय की वार्षिक परीक्षा मे हैं।

(3) पूरक परीक्षा मे वही छात्र सफल घोषित समझा जाएगा जो उक्त विषय/विषयो मे (प्रत्येक मे) न्यूनतम 36 % उत्तीर्णांक प्राप्त करे।

(4) पूरक परीक्षा म उत्तीर्ण होने के लिए कृपाक नही दिए जायेंगे।

(5) पूरक परीक्षा के परिणाम 15 जुलाई तक घोषित कर दिए जायेंगे।

(6) पूरक परीक्षा का शुल्क वही होगा जो वार्षिक परीक्षा के लिए निर्धारित है।

(7) उत्तर पुस्तकों की सुरक्षा

(1) प्रत्येक आवधिक परख, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक एव पूरक परीक्षाओ के प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाए छात्रो को दिखा देने के पश्चात् विद्यालय के कार्यालय मे सुरक्षित रखी जाएगी।

(2) विद्यालय निरीक्षण के अवसर पर इस रिकार्ड का निरीक्षण किया जाएगा।

(3) इस रिकार्ड को आगामी परीक्षा सत्र की समाप्ति तक सुरक्षित रखा जाय।

(8) अन्य नियम

(1) कोई छात्र यदि अपनी वार्षिक परीक्षा मे रूग्णता के कारण सम्मिलित होने की स्थिति म न हो तो उसे अपना रूग्णता प्रमाणपत्र परीक्षा समाप्ति के सात दिन के अन्दर प्रस्तुत कर देना चाहिये।

(2) परीक्षाफल घोषित होते ही परीक्षाफल की एक प्रति यथाशीघ्र निकटतम उच्च अधिकारी के पास प्रेषित की जायेगी।

(3) विद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित किए जाने के पश्चात् एक सप्ताह की अवधि म परीक्षार्थियो को उनकी अक तालिका द दी जाएगी।

(4) (i) परीक्षाफल के पुनरावलोकन के लिए प्रार्थनापत्र, निर्धारित शुल्क 2/-प्रति विषय के साथ, परीक्षाफल घोषित न होने के पश्चात् 21 दिन की अवधि मे सस्था प्रधान के पास विद्यार्थी अथवा उसके अभिभावक के द्वारा प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिये ।

(ii) पुनरावलोकन मे केवल निम्नलिखित बातो की जाच सम्मिलित होगी

(अ) सभी प्रश्न जाचे गए हैं या नही ।

(ब) अको का योग सही है या नही ।

(iii) यदि पुनरावलोकन मे कोई त्रुटि नही पाई गई तो पुनरावलोकन शुल्क वापिस नही लौटाया जाएगा ।

(iv) ऐसे पुनरावलोकन के सभी मामलो का निर्णय पूरक परीक्षा के पूर्व हो जाना चाहिए ।

(5) यदि कोई छात्र सत्र के बीच म किसी ऐसे विद्यालय से आकर प्रवेश लेता है जहा आवधिक परख प्रणाली प्रयुक्त नही होती, तो वैसे छात्र का परीक्षा परिणाम उसकी परीक्षा व उन आवधिक परखो के आधार पर घोषित किया जाएगा जिनम वह इस विद्यालय मे सम्मिलित हुआ है ।

(9) स्वयपाठी छात्र/छात्राएं तथा कर्मचारी[1]

(1) बालक, बालिकाए और कमचारी, स्वयपाठी परीक्षार्थी के रूप म कक्षा 5 तक वार्षिक परीक्षा में बैठने की अनुमति, सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी/वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी/उप जिला शिक्षा अधिकारी (छात्र) से प्राप्त कर सकते हैं ।

(2) कक्षा 6 की परीक्षाओ के लिए यह अनुमति निकटतम माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिकाओ द्वारा प्राप्त कर सकते है ।[2]

(3) जिला शिक्षा अधिकारी स्वयपाठी परीक्षार्थियो के लिए केन्द्र निर्धारित करेगा ।

(4) तत्पश्चात् स्वयपाठी परीक्षार्थी परीक्षा के लिए निर्धारित वार्षिक परीक्षा शुल्क से दुगुना शुल्क सम्बन्धित केन्द्राध्यक्ष के विद्यालय म जमा कराएगा ।

(5) स्वयपाठी छात्र व छात्रा को चाहिए कि वह अपनी परीक्षा प्रवेश प्रार्थनापत्र एक सितम्बर से एक अक्टूबर स मध्य प्रस्तुत करें ।

(6) कक्षा 5 तक की वार्षिक परीक्षा की अनुमति के लिए ऐसे प्रार्थनापत्र जिला शिक्षा अधिकारी/वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी/उप जिला शिक्षा अधिकारी (छात्र) तथा कक्षा 6 की अनुमति के लिए निकटतम राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका को प्रस्तुत करेगे ।

(7) सम्बन्धित अधिकारी उन प्रवेश प्राथनापत्रो की, विभागीय नियमो के अनुसार, स्वय जाच करेगे तथा नियमो को ध्यान मे रखते हुए 30 नवम्बर तक अनुमति प्रदान करेगे ।

(8) इन अनुमति प्राप्त आशार्थियो से नियमानुसार परीक्षा शुल्क [उपरोक्त 9(4)] प्राप्त करके प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका अपने विद्यालय म इनकी वार्षिक परीक्षा, विद्यालय

---

1 शिविरा/प्राथमिक/अ/19746/31/74-75 दि 1-4-1975

2 शिविरा/प्राथमिक/अ/19746/68/73 दिनाक 18-4-74 तथा शिविरा/मा/द/21254/बी-6/53/76-77 दिनाक 24-6-77

की वार्षिक परीक्षा के साथ लेने का प्रबन्ध करेगे । प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका इनका वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे तथा इनको अक तालिका भी प्रदान करेगे ।

(9) (i) यदि स्वयपाठी आशार्थी ने पूर्व मे किसी विद्यालय मे अध्ययन किया है तो वह वहा का स्थानातरण प्रमाणपत्र अपने प्रार्थनापत्र के साथ सलग्न करेगा ।

(ii) यदि उसने कही अध्ययन नही किया है तो राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित शपथपत्र प्रस्तुत करेगा कि उसने किसी अन्य मान्यता प्राप्त अथवा राजकीय सस्था मे अध्ययन नही किया है ।

(10) (i) जिस कक्षा मे छात्र/छात्रा ने अन्तिम बार अध्ययन किया तथा जिस कक्षा मे उसे देनी अभिष्ट है, उसके बीच इतनी अवधि का अन्तर अवश्य होना चाहिए कि यदि वह छात्र/छात्रा नियमित रूप से विद्यालय मे अध्ययन करता/करती तो उस कक्षा मे होता/होती जिसकी परीक्षा वह अब देना चाहता/चाहती है ।

(ii) परन्तु यदि किसी परीक्षार्थी ने पिछले तीन वर्षों मे किसी विद्यालय मे अध्ययन नही किया है तो वह छठी कक्षा तक की किसी भी कक्षा की परीक्षा मे बैठ सकता है ।

(iii) स्वयपाठी परीक्षार्थी यदि सेवारत कर्मचारी है तो उसके लिए भी आवश्यक होगा कि वह उस कार्यालय से, जहा वह कार्य कर रहा है, प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे कि वह वेतन भोगी कर्मचारी है और उसे परीक्षा देने की आज्ञा उस कार्यालय द्वारा प्रदान की गई है ।

(iv) स्वयपाठी परीक्षार्थी पूरक परीक्षा मे नही बैठ सकेंगे ।

(11) (i) ऐसे स्वयपाठी परीक्षार्थियो को जो कक्षा 6 की वार्षिक परीक्षा मे बैठना चाहते है उन्हे केवल माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयो मे आयोजित परीक्षा मे ही सम्मिलित किया जाएगा ।

(ii) छात्राओ को लडको की शालाओ मे भी परीक्षा देने की सुविधा होगी ।

(iii) कक्षा 5 तक के स्वयपाठी परीक्षार्थियो की परीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित केन्द्र पर होगी ।

(12) कक्षा 6 तक किसी कक्षा की वार्षिक परीक्षा छात्र/छात्रा ने यदि नियमानुसार स्वयपाठी परीक्षार्थी के रूप मे दी हो तो वह उत्तीर्ण होने पर अगली कक्षा मे नियमानुसार प्रवेश ले सकता है ।

(13) परीक्षा सम्बन्धी बिन्दु जो उपरोक्त नियमो के अन्तर्गत नही आए हैं, उन पर निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा का निर्णय अन्तिम होगा ।

(10) परीक्षा मे अनुचित साधनो के प्रयोग के बारे मे नियम[1]

(1) निम्न प्रकार के व्यवहार अनुचित साधनो का प्रयोग माने जायेंगे :

(i) परीक्षा कक्ष मे किसी अभ्यार्थी को सहायता देना अथवा उससे या अन्य किसी व्यक्ति से सहायता प्राप्त करना ।

(ii) परीक्षा कक्ष मे कागज, पुस्तक, कापी व अन्य अवाछनीय सामग्री अपने पास/डेस्क/जेब/उत्तर पुस्तिका आदि मे या परीक्षा भवन मे या आसपास रखना ।

1. शिविरा/प्राथमिक/अ/19746/942/73 दिनाक 29-8-75 ।

(iii) उत्तर पुस्तिका चोरी से लाना या ले जाना व उत्तर पुस्तिका मे अपशब्द पूर्ण व अश्लील भाषा का प्रयोग करना अथवा अन्य अनुचित साधनो का प्रयोग करना या करने का प्रयत्न करना अथवा दुराचरण करना।

(2) अनुचित साधनो के प्रयोग की स्थिति मे अपनाई जाने वाली प्रक्रिया :

(i) यदि किसी विद्यार्थी पर अवाछनीय सामग्री का प्रयोग कर लेने या करने का प्रयत्न करने का सदेह हो तो:—

(अ) सम्बन्धित वीक्षक या अधीक्षक परीक्षार्थी की तलाशी ले सकेगे।

(आ) परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका सदेहास्पद सामग्री सहित उससे छीन ली जाएगी और उसका स्पष्टीकरण लिखाया जा कर जो सामग्री उसके हस्ताक्षर करवा कर शेष प्रश्नो का उत्तर देने के लिए नई पुस्तिका दे दी जाएगी।

(इ) यदि परीक्षार्थी लिखने से या सामग्री पर हस्ताक्षर करने से इनकार करे या परीक्षा केन्द्र से भाग जाए तो वीक्षक आसपास बैठे हुए परीक्षार्थियो से उस पर हस्ताक्षर करवा लेगा।

(ई) उन सामग्रियो पर परीक्षार्थी, वीक्षक, केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर करवा परीक्षाफल समिति को उसी दिन भिजवा दी जाएगी।

(उ) ऐसे प्रकरण के साथ निम्नतया सामग्री भेजी जाएगी:—

(क) विद्यार्थी द्वारा लिखी गई उत्तर पुस्तिकायें।
(ख) वह सामग्री जिससे नकल करते पकडा जाए।
(ग) विद्यार्थी, वीक्षक, परिवीक्षक के बयान।
(घ) प्रधानाध्यापक की टिप्पणी।
(ङ) सम्बन्धित विषय के प्रश्नपत्र की एक प्रति।
(च) अन्य कोई सामग्री अथवा प्रमाण जो प्रधानाध्यापक आवश्यक समझे।

(3) प्राथमिक विद्यालयो और उच्च प्राथमिक विद्यालयो की प्राथमिक कक्षाओ पर ये नियम लागू नही होगे।

11) अनुचित साधनो के प्रयोग के बारे मे दण्ड देने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया :

(1) इस प्रकार के समस्त अनुचित साधनों के प्रयोग के मामलो पर विचार के लिए जिला शिक्षाधिकारी द्वारा एक समिति गठित की जाएगी।

(अ) उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए समिति निम्न प्रकार होगी :

(1) एक प्रधानाध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय
(2) एक प्रधानाध्यापक, माध्यमिक विद्यालय
(3) उप जिला शिक्षाधिकारी, (छात्र/छात्रा) सयोजक

(आ) माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयो, के लिए समिति :

(1) प्रधानाचार्य (एक)
(2) प्रधानाध्यापक, माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय (दो)
(3) जिला शिक्षाधिकारी—सयोजक

(2) उक्त समिति परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिनो के भीतर मामले को तय कर लेगी। तब तक सम्बन्धित परीक्षार्थी का परिणाम रोके रखा जाएगा।

(3) समिति की सिफारिश पर अन्तिम निर्णय लेकर अधिकारी उपनिदेशक (महिला) जिला शिक्षाधिकारी (छात्र/छात्रा)/वरिष्ठ उप जिला शिक्षाधिकारी/उप जिला शिक्षा अधिकारी (छात्र/छात्रा) आदेश जारी करें।

12. दण्ड

(1) जिस विषय मे पाया जाए कि नकल की सामग्री लाई तो गई थी परन्तु उसका उपयोग नही किया गया, ऐसे मामलो मे दस प्रतिशत तक अ क प्राप्ताको मे से कम कर दिए जायेंगे।

(2) अनुचित साधनो का प्रयोग करते हुए पाए जाने पर प्रथम उत्तर पुस्तिका को निरस्त किया जाए। दूसरी पुस्तिका के आधार पर जाच की जाए।

(3) दोषी परीक्षार्थी के उस प्रश्नपत्र की परीक्षा को निरस्त किया जाए।

(4) दोषी परीक्षार्थी की सम्पूर्ण परीक्षा निरस्त करना।

(5) (i) जहा विस्तृत पैमाने पर नकल की गई हो वहा वह जिस प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रो से सम्बन्धित हो वह परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी।

(ii) जहा कही ऐसे दोष मे किसी/किन्ही शिक्षक अथवा किसी कर्मचारी के सहयोग की आशका हो वहा नियमो के अन्तर्गत कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ की जाए।

3. *अन्य नियम*

(1) किसी भी परीक्षार्थी को यह अधिकार नही होगा कि वह अपना प्रतिनिधित्व किसी वैधानिक परामर्शदाता, एडवोकेट या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा केन्द्राध्यक्ष अथवा उक्त समिति के समक्ष करा सके।

(2) यदि परीक्षा के समय का अथवा उससे सम्बन्धित कोई मामला उपर्युक्त किसी भी प्रावधान के अन्तर्गत न आए तो भी केन्द्राध्यक्ष (यदि आवश्यक समझे तो) उस मामले मे इन नियमो मे बताई गई पद्धति के अनुसार कार्यवाही करने का अधिकारी होगा।

अध्याय–9

प्रशिक्षण संस्थाएं

1. राज्य मे शिक्षक प्रशिक्षण अपनी प्रकृति और शिक्षा के स्तर के अनुसार निम्न प्रकार से विभाजित हैं .—(अ) एम एड (ब) स्नातको के लिए बी. एड. और माध्यमिक-उच्च माध्यमिक कक्षायें उत्तीर्ण के लिए प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।

2. ऊपर लिखे सभी पाठ्यक्रम शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा को छोड कर एक वर्ष की अवधि के हैं प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा दो वर्ष की है। इन परीक्षाओ मे अधि-स्नातक और शिक्षण में प्रायोगिक पाठ्यक्रम पूरा करने पर डिग्री या डिप्लोमा/प्रमाण पत्र दिया जाता है।

3. बी. एड. और एम. एड प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा नियन्त्रित है और प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा का नियन्त्रण विभाग द्वारा होता है।

4. विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमो मे परीक्षार्थियो का चयन निर्धारित नियम और आदेश के अन्तर्गत निदेशक/सयुक्त निदेशक/उप-निदेशक और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जाता है।

5. निदेशक, शिक्षा विभाग प्रतिवर्ष प्रशिक्षित किये जाने वाले अभ्यार्थियो की प्रशिक्षण सस्थान के अनुसार सख्या निश्चित करेंगे।

6 राजकीय सस्थाग्रा के प्रशि ाग क निए ग्रध्यापको के चयन के साथ मा यता प्राप्त सस्थायें जा निजी प्रबध म हैं उनस भी ग्रध्यापका का चयन किया जा सकेगा। जो प्रबन्धक ग्रपनी सस्थाग्रा स स्टाफ के सदस्या को प्रशिक्षण दिलाना चाहगे व निर्धारित प्रपत्र म प्रति वष फरवरी तक जिला शिक्षा ग्रधिकारी को ग्रावदन करग।

7 जिन ग्रभ्यार्थियो का निजी प्रब ध की सस्थायें प्रशिक्षण क निए भेजेंगी उन्ह वही सुविधायें जो राजकीय सस्थाग्रा के ग्रध्यापका को भेजने पर मिलती हैं व सस्थायें उनके ग्रध्यापको को भी दगी।

8 जिन ग्रध्यापको का प्रशिक्षण क निए चयन होता है वे प्रशिक्षण सस्थाग्रो म उसी दिन उपस्थित होग जिस दिन कि सस्था सत्र ग्रारम्भ होता है। इस तिथि के बाद सस्थाग्रो मे प्रवश तभी मिलेगा जबकि समक्ष ग्रधिकारी की पूव स्वीकृति देरी स उपस्थित होन क निए ल ली जाएगी। यदि सत्र ग्रारम्भ होन क बाद एक महीन की ग्रवधि हा गइ है तो किसी को भी सस्था म प्रवश नही दिया जायगा।

9 जिन ग्रध्यापका की प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्ति की जाती है उनक लिए सस्था म उपस्थिति दनी ग्रनिवाय हागी। मना करन पर ग्रध्यापक को सवा स च्युत किया जा सकता है या वह दण्ड दिया जा सकता है जो चयन करन वाल ग्रधिकारी उचित समझें।

10 प्रशिक्षण पाठयक्रम के लिए चयन सत्र की समाप्ति क पूव कर लिया जाना चाहिए ताकि ग्रभ्यर्थिया का ग्रीष्मावकाश क पूव ही यह ज्ञ त हो सक कि उस ग्रगल सत्र म प्रशिक्षण क लिए जाना है।

11 ग्रावरगीनता ग्रथवा बिना ग्रवकाश स्वीकृत कराय लगातार ग्रनुपस्थित रहने पर सस्थायें प्रधान द्वारा छात्राध्यापक को सस्था स निष्कासन क लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम लागू हाग।

12 सभी प्रशिक्षण सस्थाग्रों म छात्रावास म रहना ग्रनिवाय होगा। सिवाय उन विशिष्ट मामलो क जहा सस्था प्रधान स विशष रूप स ग्रनुमति न ली गई हो। राज्य द्वारा शासित प्रशिक्षण सस्थाग्रा म राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त राज्य कमचारिया स कोई शिक्षण शुल्क नही लिया जायगा। प्राइवट छात्र ग्रोर निजी सस्थाग्रा स ग्राय हुए छात्राध्यापका स राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फीस ली जायगी। सभी छात्राध्यापक जब तक शुल्क म मुक्ति नही दी जाय राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फीस दग।

13 निजी प्रशि ाण सस्थाग्रा म यदि राज्य सरकार प्रशिक्षण क लिए ग्रध्यापको को प्रतिनियुक्त करगी तो उनका शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा दिया जायगा।

14 यदि कोइ छात्राध्यापक बिना ग्रवकाश स्वीकृत कराय ग्रनुपस्थित रहता है तो उसका नाम उपस्थिति म काट दिया जायगा ग्रोर उसका पुन प्रवश तब तक नही हागा जब तक कि उस चयन करन वाला ग्रधिकारी इसकी स्वीकृति नही दता।

15 राजकीय सस्थाग्रा क ग्रध्यापका का प्रशिक्षण म दिताया गया समय वेतन वृद्धि क लिए गिना जायगा।

16 ग्रनुशासन भग करन पर सस्था प्रधान किसी भी छात्राध्यापक का दा दण्ड या दण्ड दन क लिए सक्षम होगा।

17 राजकीय प्रशिक्षण सस्थाए उ ही ग्रवकाशो का उपभोग करेंगी जो विभाग की ग्रन्य सस्थाग्रा द्वारा लिया जाता है।

18 सभी छात्राध्यापका न निर्धारित छात्रावास ग्रोर ग्रन्य शुल्क दिया जायगा।

19. महिला अभ्यार्थी जिनके छोटे बच्चे हैं या जिनके प्रसूती अवकाश की सभावना होगी उन्हे प्रशिक्षण मे प्रवेश नही दिया जायेगा ।

20. विद्यालयो का प्रशिक्षण संस्थाओ से समन्वय :—

(अ) प्रशिक्षण सस्थाओ मे पढाये जाने वाले शिक्षा के उद्देश्य एव शिक्षण की विधि पर आधारित शैक्षणिक कार्य मे आदर्श विद्यालय सुचारु रूप से कार्य करें, इसलिए तथा उनमे यथेष्ट सहयोग एव आपसी प्रभाव बनाये रखने के लिए यह व्यवस्था की जाती है कि—

(i) आदर्श विद्यालयो पर शैक्षणिक नियत्रण सबधित प्रशिक्षण सस्था के प्रधान का रहेगा ।

(ii) प्रशिक्षण सस्था के प्रधान के सहयोग स आदर्श विद्यालय के प्रधान अपनी शाला का काल विभाजन चक्र बनायेंगे, उसमे सशोधन कर सकेंगे, कार्य के घण्टे बदल सकेंगे तथा अन्य सामाजिक प्रवृत्तियो का आयोजन कर सकेगे ।

(iii) वे प्रशिक्षण सस्थाओ के प्रधानो तथा छात्राध्यापको का अपने व्यावहारिक शिक्षण के लिए समस्त सुविधायें प्रदान करेगे ।

(iv) सबधित आदर्श विद्यालय के प्रधान को आकस्मिक अवकाश प्रशिक्षण सस्था के प्रधान स्वीकृत करेगे ।

(v) प्रशिक्षण सस्था का स्टाफ छात्राध्यापक तथा आदर्श विद्यालय का स्टाफ दोनो विद्यालयो की अन्य सामाजिक प्रवृत्तियो मे सक्रिय रूप से भाग लेगा ।

(ब) सगठित जीवन यापन प्रशिक्षण सस्था का एक महत्वपूर्ण भाग होने से, अन्य सामाजिक प्रवृत्तियो के आयोजन तथा उनमे प्रत्येक छात्राध्यापक एव अध्यापक वर्ग द्वारा भाग लिये जाने पर जोर दिया जाना चाहिए । इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये:—

(i) छात्राध्यापकों की प्रगति आदि पर नियत्रक अध्यापको द्वारा दी गई सर्वाधिक टिप्पणी के साथ-साथ, प्रत्येक छात्राध्यापक द्वारा उपरोक्त सामाजिक प्रवृत्तियो के लिए भाग तथा किए गए कार्य का उचित आलेख रखना चाहिए ।

(ii) प्रत्येक सत्र के प्रारम्भ मे अध्यापको के सहयोग एव देखरेख मे प्रत्येक छात्र अध्यापक के चरित्र, आदत, रूचि, स्वभाव, पसन्द तथा नापसन्द एव साधारण चाल-चलन का मूल्याकन किया जावेगा । सत्र के दौरान मे प्रत्येक छात्राध्यापक मे इस सबध मे यदि कोई प्रगति अथवा परिवर्तन हुआ हो, तो उनको आगे दृष्टिगत रखा जावेगा । सत्र समाप्ति पर उपरोक्त मूल्याकन पर पुनर्विचार किया जावेगा तथा अतिम निरूपण लिपिवद्ध किया जावेगा ।

(iii) यद्यपि समस्त सामाजिक प्रवृत्तियो पर ध्यान दिया जाना चाहिये, फिर भी निम्न मे छात्राध्यापको के प्रशिक्षण के लिए विशेष प्रावधान रखना चाहिये:—

(अ) स्काउटिंग (ब) प्राथमिक उपचार व रेडक्रास

(स) शारीरिक ड्रिल व जिमनास्टिक

(द) समाज सेवा, ग्राम सर्वेक्षण तथा सुधार कार्य ।

नोट : मूल कोड मे इस अध्याय मे 20 अनुच्छेद हैं और कोड निर्माण के समय प्रशिक्षण मे अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति विभाग द्वारा होती थी और पूर्ण वेतन अथवा वृत्तिका दी जाती थी । समय और परिवर्तित शक्तियो के कारण अब प्रशिक्षण के लिए विभाग द्वारा अप्रशिक्षित अध्यापको की प्रतिनियुक्ति नही की जाती न ही पूर्ण वेतन अथवा वृत्तिका दी जाती । अब तो अध्यापन

म नियुक्ति ही प्रशिक्षित अध्यापक को दी जाती है अत मूल कोड के बहुत स अनुच्छेद अब लागू नहीं रहे।

विभाग ने प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण पत्राचार बी एड और एम एड चयन/स्वीकृति के समय म विस्तृत नियम बनाये गये हैं। बी एड म नियमित प्रवेश के लिए राजस्थान के तीनो विश्व विद्यालयो के एक स नियम बनाये गये हैं और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमो के अनुसार प्रवेश का कार्य शिक्षा विभाग नियन्त्रित करता है। प्रचलित नियमो को नीचे दिया जा रहा है

प्राथमिक शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों मे प्रवेश सम्बन्धी नियम[1]

(1) प्रस्तावना

(1) ये नियम शिक्षा विभाग के स्थायी आदेश 6/1968 संशोधित 1977 के अति-क्रमण म सत्र 1978–79 से प्रभावी होंगे। और,

(2) निम्नलिखित प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र परीक्षाओ के लिए प्रशिक्षण देने वाले राजकीय/मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थाओ पर समान रूप स लागू होंगे

(i) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (सामान्य)

(ii) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (उद्योग सहित)

(iii) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (विशेष भाषा संस्कृत सहित)

(iv) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (अल्प भाषा उर्दू/सिंधी सहित)

(v) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (यूनिसेफ विज्ञान सहित)

(vi) पूर्व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण

(2) प्रशिक्षण अवधि

(1) उपरोक्त समस्त प्रकार के शिक्षक प्रशिक्षण की अवधि दो वर्ष की होगी जिसम से दोनो वर्षों का पाठ्यक्रम संस्थागत होगा।[2]

(3) चयन समिति

(1) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षणो म प्रवेश सम्बंधी कार्य राजकीय/मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय म (परिशिष्ट 2 के अनुसार) होगा।

(2) सम्बंधित शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय म प्रवेशार्थियो के आवेदन पत्रो पर विचार करके नियमानुसार प्रारम्भिक चयन करने के लिए निम्नांकित अधिकारियो की समिति काय करेगी —

(i) सबंधित शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय का प्रधानाचार्य — संयोजक 9–प्रवेश अधिकारी

(ii) जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त एक राजपत्रित अधिकारी — सदस्य

(iii) सम्बंधित शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय का वरिष्ठ अध्यापक (जिसे जिला शिक्षा अधिकारी की सहमति से — सदस्य सचिव

---

1. शिप्र/बी/18793/218/77 दिनांक 6–5–1978
2. प 12 (1) शिक्षा/ग्रुप–1/81 दिनांक 26–4–82

प्रतिनियुक्त किया जाए और जिसे ग्रीष्मावकाश मे रोके जाने का नियमानुसार लाभ मिलेगा)

(iv) शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रतिनियुक्त एक शिक्षा अधिकारी —परिवीक्षक सदस्य

नोट:— प्रत्येक विद्यालय के लिए परिवीक्षक सदस्य की प्रतिनियुक्ति जून माह की निर्धारित तिथियो के लिए शिक्षक प्रशिक्षण अनुभाग, निदेशालय द्वारा की जाएगी । उसका दायित्व होगा कि विद्यालय द्वारा अकित तैयार वरीयता क्रम की पूरी जाच करे और तब हस्ताक्षर करे ।

(3) चयन समिति के प्रारम्भिक तीनो सदस्य निर्धारित तिथियो म आवेदन-पत्रो के वर्गीकरण अकन और वरीयता क्रम मे निर्धारण का कार्य सम्पन्न करेगे ।

(4) परिवीक्षक सदस्य निर्धारित तिथियो म विद्यालय मे पहु च कर सारी स्थिति का अध्ययन करेगा, वरीयता क्रम का मिलान करेगा और वरीयता सूचिया पजीयन रजिस्टर तथा आवेदन-पत्रो पर समिति के सयोजक और परिवीक्षक सदस्य के दिनाक सहित हस्ताक्षरो से प्रमाणीकरण अकित किया जाएगा ।

(5) तब, चयन समिति का काम सम्पन्न होने और वरीयता सूचियो के प्रकाशन की स्थिति बन सकेगी ।

(4) प्रवेश के लिए क्षेत्रनिर्धारण

(1) पूर्वोक्त *1, (2)* के प्रशिक्षण (ii) से लेकर *(6)* तक के लिए जो प्रशिक्षण सस्थाए' विद्यमान हैं (परिशिष्ट–2) उनमे राज्य के सभी जिलो से प्रवेशार्थी आवेदन कर सकेगे और आवेदनकर्ताओ को, जिलेवार प्राप्त आवेदनो के आधार पर प्रवेश दिया जा सकेगा । किन्तु यदि किसी/किन्ही जिलो से आवेदन प्राप्त न हो तो चयन सबधी नियमो के अधीन प्रवेश कार्य उन्ही आवेदन-पत्रो पर किया जा सकेगा जो कि शि प्र. विद्यालय से प्राप्त हुए हैं ।

(2) पूर्वोक्त 1, (2) के प्रशिक्षण (i) के लिए जो प्रशिक्षण सस्थाए विद्यमान हैं उनमे प्रवेश परिशिष्ट 2 के अनुसार निर्धारित जिले या जिलो के प्रवेशार्थियों के लिए होंगे । यदि किसी जिले के लिए एक से अधिक प्रशिक्षण सस्थाए निर्धारित हो तो प्रवेशार्थी अपनी सुविधा के अनुसार उन सभी मे आवेदन करने के लिए पात्र माना जायेगा ।

(5) गृह जिले का निर्धारण

प्रवेश की पात्रता के लिए प्रवेशार्थी के गृह जिले का निर्धारण निम्नलिखित मे से किसी एक आधार पर किया जाएगा :—

(1) प्रवेशार्थी ने राजस्थान के जिस जिले की राजकीय/मान्यता प्राप्त सस्था मे नियमित परीक्षार्थी की भाति राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की हो उसे उसका गृह जिला माना जाएगा ।

नोट : —इसके प्रमाण स्वरूप आवेदन पत्र के साथ सलग्न प्रमाण पत्रो की प्रतिलिपियो को और आवेदन पत्र म निर्धारित स्थान पर प्रवेशार्थी के पिता/अभिभावक द्वारा की गई घोषणा को आधार माना जाएगा ।

(2) प्रवेशार्थी यदि स्वयपाठी परीक्षार्थी हो तो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उपरोक्त परीक्षा दी हो, उस उसका गृह जिला माना जायगा ।

नोट —(i) इसके प्रमाण स्वरूप आवेदन पत्र के साथ सलग्न प्रमाण पत्रो की प्रतिलिपिया को और आवेदन पत्र म निर्धारित स्थान पर प्रवेशार्थी के पिता/अभिभावक द्वारा की गई घोषणा को आधार माना जाएगा ।

(ii) स्वयपाठी परीक्षार्थी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का अपनी उपरोक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र लगा सके तो वह भी सत्यापन का आधार बन सकेगा ।

(3) उपरोक्त 5 की शर्त (1) व (2) के अन्तर्गत रहते हुए यदि प्रवेशार्थी का पिता/पति सरकारी कर्मचारी हो और अपने गृह जिले से स्थानान्तरित होकर किसी अन्य जिले म सवारत हो तो उस आवेदन पत्र के साथ अपने निकटतम राजपत्रित अधिकारी का सेवा प्रमाण-पत्र (परिशिष्ट–5) के प्रारूप 1 (i) के अनुसार सलग्न करना होगा । तब उसके सेवारत जिले का प्रवेशार्थी का गृह जिला माना जा सकेगा ।

(4) उपरोक्त 5 (3) की स्थिति होते हुए यदि प्रवेशार्थी का पिता/पति सरकारी कर्मचारी न हो तो उस अपने वर्तमान निवास वाले जिले के प्रथम श्रेणी जिला मजिस्ट्रेट का उस आशय का प्रमाण पत्र (परिशिष्ट–5 के प्रारूप 1(ii) अनुसार) आवेदन पत्र के साथ सलग्न करना होगा । तब उसके वर्तमान निवास का जिला प्रवेशार्थी का गृह जिला माना जा सकेगा ।

(5) उपरोक्त 5(1) व (2) की राज माध्य शिक्षा बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण की शर्त पूरी न होती हो, मगर राजस्थान का मूल निवासी होते हुए यदि किसी प्रवेशार्थी की माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शिक्षा और परीक्षा राजस्थान से बाहर हुई हो और वह उत्तीर्ण परीक्षा यदि रा मा शि बोर्ड द्वारा अपनी माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा के समकक्ष मान्य हो, और वैसा प्रवेशार्थी निर्धारित योग्यता के आधार पर अपने गृह जिले के लिए निर्धारित शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय म प्रवेश लेना चाहे तो उस आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित गृह जिले के प्रथम श्रेणी जिला मजिस्ट्रेट का जारी किया हुआ स्थायी निवासी होने का प्रमाण पत्र परिशिष्ट–5 के प्रारूप–1 (iii) के अनुसार सलग्न करना होगा । तब उसके स्थायी निवास का जिला उसका गृह जिला माना जा सकेगा ।

(6) उपरोक्त के अलावा यदि कोई विशिष्ट प्रकरण उपस्थित हो और प्रवेश अधिकारी यदि गृह जिला निश्चित न कर सकें तो वैसा प्रकरण तुरन्त ही निदेशक प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा को भेजकर निर्णय प्राप्त किया जाए । निदेशक का निर्णय अन्तिम होगा ।

(6) प्रवेश के लिए शैक्षिक योग्यता

उपरोक्त 1, (2) के (i) से लेकर (vi) तक वर्णित प्रत्येक शिक्षक प्रशिक्षण म प्रवेश के लिए शैक्षिक योग्यता माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से माध्यमिक (सैकण्डरी) परीक्षा के बाद या उच्च माध्यमिक पार्ट–I (हायर सैकण्डरी पार्ट–I) परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नियमानुसार उच्च माध्यमिक (हायर सैकण्डरी) परीक्षा उत्तीर्ण होना है ।

स्पष्टीकरण

(1) उपरोक्त उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्णता म यह निहित है कि प्रवेशार्थी ने उसम पूर्व जो माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो उसम उसके हिन्दी, अंग्रेजी,

गणित सहित पाच विषय रहे हो और उसके बाद वह उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(2) समकक्ष माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा वही मानी जाएगी जिसे राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने अपनी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा के समकक्ष मान्यता दी हुई हो।

(3) राजस्थान के किसी विश्वविद्यालय से प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पी यू सी.) परीक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थी प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण मे से किसी म प्रवेश के लिए उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा। बशर्ते कि उसने उपरोक्त स्पष्टीकरण (1) की तरह माध्यमिक परीक्षा मे हिन्दी, अंग्रेजी व गणित सहित पाच विषय लेकर उत्तीर्णता प्राप्त की हो और वह माध्यमिक परीक्षा उपरोक्त (2) के अन्तर्गत हो।

(4) राजस्थान से बाहर के किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय की उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थी तभी प्रवेश हेतु पात्र माना जाएगा जब वह—

(i) उपरोक्त नियम 5 के अन्तर्गत गृह जिले की शर्त पूरी करता हो,

(ii) उसकी माध्यमिक परीक्षा मे हिन्दी, अंग्रेजी, गणित सहित पाच विषयो की उत्तीर्णता उपरोक्त स्पष्टीकरण (1) व (2) के अनुसार हो, और

(iii) उसकी उच्च माध्यमिक परीक्षा को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपनी उच्च माध्यमिक परीक्षा के समकक्ष मान्यता दे रखी हो।

(5) उपरोक्त स्पष्टीकरण (1) व (2) तथा (4) के उप नियम (i) व (ii) के अन्तर्गत रहते हुए यदि किसी प्रवेशार्थी ने किसी विश्वविद्यालय की इण्टरमीडियट परीक्षा उत्तीर्ण कर रखी हो तो उसकी वह इण्टरमीडियेट परीक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण मे से किसी म प्रवेश हेतु, उच्च माध्यमिक परीक्षा समकक्ष मानी जाएगी।

(6) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से उपाध्याय परीक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थी जिसने अपनी प्रवेशिका परीक्षा तथा/अथवा उपाध्याय परीक्षा मे अंग्रेजी, हिन्दी व गणित सहित पाच विषय लेकर उत्तीर्णता प्राप्त की हो तो वह भी उक्त शिक्षक प्रशिक्षण म प्रवेश हेतु उच्च माध्यमिक परीक्षा के समकक्ष माना जाएगा।

नोट.—(i) यदि कोई ऐसा प्रवेशार्थी हो जो उपरोक्त नियम 5 के अन्तगत गृह जिले की शर्तें पूरी करता हो, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा नियम 6 के अनुसार उत्तीर्ण भी हो मगर यदि उसकी माध्यमिक परीक्षा, मे किसी विशेष नियम या छूट के अधीन गणित विषय न रहा हो तो उसे प्रवेश हेतु पात्र नही माना जाएगा। जब तक कि आवेदन पत्र भरने से पहले उसे गणित विषय म अतिरिक्त. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से माध्यमिक स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण न करली हो।

(7) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण उद्योग सहित पूर्वोक्त प्रशिक्षण 1, (2) का (ii) मे प्रवेश हेतु शैक्षिक योग्यता उपरोक्त नियम 7 मे वर्णित तथा स्पष्टीकरण (1) से (6) और उसके नोट के अनुसार ही होगी. किन्तु जो प्रवेशार्थी उस प्रशिक्षण म इलैक्ट्रिसिटी और इलैक्ट्रोनिक्स विषय लेना चाहे उसे माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा म विज्ञान वर्ग के विषय और उनम भी भौतिक शास्त्र अवश्य लेकर उत्तीर्ण होना चाहिए।

(8) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्कृत सहित पूर्वोक्त 1, (2) (iii) मे प्रवेश हेतु शैक्षिक योग्यता उपरोक्त नियम 6 म वर्णित तथा स्पष्टीकरण (1) से (6) और उसके नोट के

अनुसार निम्नलिखित में से किसी एक अतिरिक्त शर्त के साथ रहेगी कि:—

(i) या तो उसकी माध्यमिक या उच्च माध्यमिक परीक्षा में संस्कृत एक वैकल्पिक विषय रहा हो, या

(ii) वह राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उपाध्याय परीक्षा या उसके समकक्ष मान्य संस्कृत परीक्षा उत्तीर्ण हो और प्रवेशिका/उपाध्याय परीक्षा में अंग्रेजी, हिन्दी व गणित विषय लेकर उत्तीर्ण भी हो।

(iii) किन्तु यदि प्रवेशार्थी संस्कृत विद्यालय में सेवारत अध्यापक हो तो उसे अंग्रेजी विषय में छूट तभी दी जा सकेगी जब वह अपनी पांच साल की सेवा पूरी कर चुकने का सेवा प्रमाण-पत्र जिला शिक्षा अधिकारी से प्रमाणित कराके आवेदन पत्र के साथ संलग्न करे (परिशिष्ट–5 के प्रारूप (7) में)।

(9) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण, अल्पभाषा सहित पूर्वोक्त 1, (2) (ii) में प्रवेश हेतु शैक्षिक योग्यता उपरोक्त नियम 6 में वर्णित तथा स्पष्टीकरण (1) से (6) और उसके नोट के अनुसार, निम्नलिखित में से किसी एक अतिरिक्त शर्त के साथ रहेगी कि:—

(i) या तो उसके द्वारा उत्तीर्ण माध्यमिक या उच्च माध्यमिक परीक्षा में उर्दू/सिंधी एक एक वैकल्पिक विषय रहा हो, या

(17) प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र मे दिया जाना चाहिए तथा समस्त प्रविष्टिया प्रतिवेदन लिखने वाले अधिकारी के द्वारा अपने स्वय के हाथ से लिखी जानी चाहिये यह प्रतिवेदन जिन्हे भी भेजा जाना है रजिस्टर्ड डाक से अधिकारियो के नाम से भेजा जाना चाहिये। निरीक्षण करने वाले अधिकारी के बारे मे उसकी निरीक्षण की सख्या व उत्तमता पर सम्मति प्रकट की जानी चाहिये। विहित मानदण्ड के अन्तर्गत विभाग द्वारा निर्धारित मानदण्डो का उल्लेख किया जाना चाहिये और यदि उसमे स्थान कम हो तो अतिरिक्त पन्ने जोड दिये जाने चाहिये।

स्पष्टीकरण

(1) राज्य सरकार ने पत्राक एफ-4(32) शिक्षा-2/76 दिनाक 2-3-1982 द्वारा विभिन्न पदो पर काम करने वाले अध्यापको/अधिकारियो के लिए विहित मान-

1 एफ 14(29) कार्मिक/एसीआर/73 दिनाक 30 मार्च, 1976।
2 एफ 14(29) कार्मिक/एसीआर/73 दिनाक 22 जनवरी, 1977।
3 एफ 13(48) कार्मिक/क-4/गो अ/77 दिनाक 16 जुलाई, 80।

दण्ड निर्धारित किये हैं। इन मानदण्डो का प्रसारण निदेशालय, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा के परिपत्र सख्या शिविरा/सस्था/स्पेशल/1/11226/डी/82 दिनाक 11-5-1982 द्वारा किया गया है और ये मानदण्ड शिविरा-जुलाई, 1982 मे भी प्रकाशित किये गये है।

यह मानदण्ड सभी श्रेणी के अध्यापको/प्रधानाध्यापको, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयो के व्याख्याताओ, कार्यालय मे कार्यरत अवर उप जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर मण्डल के उपनिदेशक एव सयुक्त निदेशक से सम्बन्धित हैं। जो भी वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन भरे जावेगे उसमे विहित मानदण्ड का कालम निश्चित रूप से भरा जावेगा और उसके आगे सख्यात्मक रूप मे उपलब्धिया भी बताई जायेंगी यदि किसी कर्मचारी/अधिकारी ने अपने स्तर पर इन विहित मानदण्डो की पूर्ति प्रपत्र मे नही की तो यह समझा जायेगा कि उन्होने मानदण्ड से कम कार्य किया है इसीलिए उसका उल्लेख नही किया गया है। विहित मानदण्ड के लिए प्रपत्र मे स्थान निर्धारित है यदि स्थान कम हो तो अलग पृष्ठ पर लिख कर वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रपत्र के साथ सलग्न किया जा सकता है। वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन प्रपत्र के साथ जो भी विवरण सलग्न किया जाय वह दो पृष्ठो से अधिक का न हो। दो पृष्ठो से अधिक कोई भी सामग्री वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन प्रपत्र के साथ सलग्न नही होनी चाहिए।[1]

(ii) शिक्षा विभाग मे कार्यरत कर्मचारियो/अधिकारियो एव विभिन्न पदो के वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रपत्र हेतु विहित मानदण्ड निर्धारित किये गये है इन विहित मानदण्डो मे नामाकन वृद्धि सम्बन्धित बिन्दु भी है। यह अनुभव किया गया है कि नामाकन वृद्धि की उपलब्धियो का प्रतिवेदनो मे उल्लेख नही किया जाता है। नामाकन वृद्धि राष्ट्रीय महत्व का अभियान है और राज्य सरकार इस अभियान की उपलब्धियो पर बहुत बल दे रही है। अतः इस सम्बन्ध मे सम्बन्धित लोक सेवक/अधिकारी की नामाकन वृद्धि उपलब्धि को विशेषतः आका जाना नितान्त आवश्यक है।

वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदनो मे अनिवार्यतः विहित मानदण्डो मे नामाकन वृद्धि का उल्लेख कर उस पर वर्ष भर की उपलब्धिया दर्शाई जावें तथा प्रतिवेदक/समीक्षक अधिकारी द्वारा इन बिन्दुओ पर स्पष्टतया मूल्याकन कर अपनी टिप्पणी दी जावे। यदि कोई अध्यापक/अधिकारी अपने प्रतिवेदनो मे इस बिन्दु का उल्लेख नही करता है तो यह मान लिया जावेगा कि उस अध्यापक/अधिकारी द्वारा इस अभियान के अन्तर्गत वर्ष भर मे कुछ भी उपलब्धि प्राप्त नही की गई है। सम्बन्धित प्रतिवेदक/समीक्षक अधिकारी इस सम्बन्ध मे उनसे स्पष्टीकरण भी प्राप्त कर उचित निर्णय लेवे।[2]

(18) इन प्रतिवेदनो मे दी गई सम्मतिया, सम्बन्धित अधिकारियो की वयक्तिगत पजिका/पत्रो मे की गई समय समय की प्रविष्टियो पर आधारित होनी चाहिये तथा आवश्यकता पडने पर प्रतिवेदन करने वाले अधिकारी को अपनी बात की पुष्टि मे प्रमाण भी देने चाहिये। जिस अधिकारी ने अपने अधीनस्थ अधिकारी,

1. शिविरा/संस्था/डी-1/11286/बी/81/दिनाक 26-6-1983।
2. शिविरा/सस्था/डी-1/11286/बी/82/159 दिनाक 6-7-1983।

कर्मचारी का कार्य 3 महीने से अधिक देख लिया है वे ही प्रतिवेदक अधिकारी का कार्य कर सकते है।[1]

टीकरण

प्राय: यह देखा जाता है कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियो/अधिकारियो के वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन सेवा निवृत्त के पूर्व उस वर्ष का नही भरते और सेवा निवृत्ति के बाद फिर नियमानुसार वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन भरने के पात्र नहीं रहते हैं। ऐसी स्थिति मे उनके अधीनस्थ उन कर्मचारियो/अधिकारियो का उस वर्ष का वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन नही भरा जाता है। वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन सेवा सम्बन्धी मामलों का एक महत्वपूर्ण अभिलेख है और इसके बिना विभाग को समय समय पर काफी कठिनाई का सामना करना पडता है।

इस विषय पर विचार कर यह निर्णय लिया गया है कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियो/अधिकारियो का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन सेवा निवृत्ति से पूर्व भरेंगे यदि उस वित्तीय वर्ष/अकादमिक वर्ष मे उन्हे कर्मचारियो/अधिकारियो के साथ काम करने का तीन माह से अधिक का समय रहा हो। यदि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी जनवरी से जुलाई अगस्त के बीच सेवा निवृत्त होने वाले हों तो अपने अधीनस्थ कर्मचारियो/अधिकारियो से बिना परीक्षा परिणाम के प्रपत्र की पूर्ति करवा ले और उन्हे भर कर समीक्षक अधिकारी को भेज दे। परीक्षा परिणाम आने पर कर्मचारी/अधिकारी अतिरिक्त रूप से इस प्रपत्र की पूर्ति कर प्रतिवेदन के साथ जोडने के लिए समीक्षक अधिकारी के पास भिजवा देंगे।

यह भी निर्णय लिया गया है कि जो सेवा निवृत्त होने वाला अधिकारी उस वर्ष के कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन प्रतिवेदक अधिकारी के रूप मे भर कर नही देंगे तो उनका अदेय प्रमाणपत्र जब निदेशालय को भेजा जाय तो उस समय यह प्रविष्टि भी अतिरिक्त रूप से उसमे अवश्य हो कि उक्त अधिकारी ने उस वर्ष के सभी वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन भर कर दे दिये है या नही।[2]

(19) प्रतिवेदन करने वाले अधिकारी को अस्पष्ट भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिये तथा पक्ष मे अथवा विपक्ष मे दी गई सम्मति का आधार भी देना चाहिये। बहुत ही गम्भीर एव विरुद्ध प्रतिवेदन होने की स्थिति मे, यह आवश्यक है है कि विपरीत सम्मति दिये गये कार्यों तथा प्रवृत्तियो का सक्षेप उदाहरण भी दिया जाय।

(20) ईमानदारी, परिश्रम तथा परिपूर्णता आदि सहित विभाग म उच्च कार्य किये जाने की योग्यता ही वे सिद्धांत हैं जिन पर ही किसी अधिकारी को विशेष पदोन्नति दिये जाने की सिफारिश की जा सकती है।

विभिन्न प्रतिवेदक और समीक्षक अधिकारी का विवरण परिशिष्ट मे दिया जा रहा है।

एफ 4 (13) कार्मिक/ए-1/79 दिनाक 24-9-1980।
शिविरा/मस्था/डी-1/11284 (11)/83/83 दिनाक 11-4-83।

(21) स्थानान्तरण : विभागीय कार्य के हित मे स्थानान्तरण किए जायेंगे।

(22) कार्य मे व्यवधान और शिक्षण सस्थाओ मे अक्षमता से बचने के लिए सामान्यतः अध्यापको का स्थानान्तरण सत्र के आरम्भ मे ही किया जाना चाहिये जिससे अध्ययन मे कोई हानि नही हो। सत्रभर मे किए गए स्थानान्तरणो का उल्लेख स्थानान्तरणकर्ता अधिकारी एक रजिस्टर मे रखेगा और उस पर अपने हस्ताक्षर करेगा।

राज्य सरकार का निर्णय : प्राय: यह देखा जाता है कि शिक्षा विभाग के अध्यापकगण, कर्मचारीगण एव अधिकारीगण अपने स्थानान्तरण/पदस्थापन सम्बन्धी मामलो को लेकर राज्य सरकार, वरिष्ठ अधिकारियो से स्वयक्तिश सम्पर्क करते रहते है जिससे न केवल शैक्षणिक कार्य मे बाधा आती है, अपितु प्रशासनिक व्यवस्था मे भी व्यवधान उत्पन्न होता है और विद्यालयो के परीक्षा परिणामो मे गिरावट आती है। शिक्षा विभाग में किसी भी कर्मचारी/अधिकारी को यदि कोई कठिनाई हो तो वे अपना प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को डाक द्वारा प्रेषित करें, जिससे उनके जयपुर मुख्यालय से बाहर अन्यत्र जाने मे लगने वाले समय एव धन की भी बचत होगी तथा विद्यार्थियो का भी नुकसान नही होगा। जिला स्तर पर से राज्य स्तर तक के सभी कार्यालयों मे इन आवेदनो पर पूर्ण रूप से गौर किया जाकर यथा सम्भव वाछित कार्यवाही की जावेगी। अतः किसी भी कर्मचारी/अध्यापक/अधिकारी को निजी रूप से स्थानान्तरण/पदस्थापन हेतु शैक्षणिक समय मे किसी भी कार्यालय म कार्य से छुट्टी लेकर जाना उचित नही है।

तद्नुसार भविष्य मे यदि कोई अध्यापक/कर्मचारी एव अधिकारी स्थानान्तरण पदस्थापन हेतु यदि व्यक्तिश: उपस्थित हुए तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। वेतन भुगतान, पदोन्नति, पैंशन आदि मे देर या अनियमितता आदि मामलो के लिए यदा-कदा पूर्व अनुमति से छुट्टी लेकर मिलने हेतु व्यक्तिश: कार्यालयो मे सस्था अधिकारी से सम्पर्क कर सकेंगे।[1]

(23) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो का विशेष मामलो को छोडकर स्थानान्तर नही किया जावेगा और फिर यदि स्थानान्तरण करना भी हो तो विशेष कारणो के होने पर कर सकेंगे।

(24) किसी विशेष निर्देश के नही होने की स्थिति मे, स्थानान्तरित अधिकारी को उससे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा स्थानान्तरण की सूचना मिलने से एक सप्ताह की अवधि मे कार्यमुक्त कर दिया जाना चाहिए। किसी विशेष परिस्थिति मे इस समय सीमा के बाद कार्य मुक्ति आवश्यक हो तो इसका लिखित प्रतिवेदन अपने नियत्रित अधिकारी को देना चाहिए और यह भी लिखा जाना चाहिए कि किस तिथि को उन्हे कार्य मुक्त किया जा सकेगा।

राज्य सरकार का निर्णय : उन सरकारी कर्मचारियो के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाय जो स्थानान्तरण आदेशो की अनुपालना से बचने के लिए अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रहते है के सम्बन्ध मे कार्मिक विभाग के परिपत्र स एफ 9(24)कार्मिक/ए-3/75 दि. 26-7-1975 तथा एफ 14(1) ओ एण्ड एम /ग्रुप-3/76 दिनाक 17-1-1976 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

---

1. एफ-9(3)शिक्षा/ग्रुप-2/83 दिनाक 16-8-1983

ऐसे अनेक मामले सामने आये है जहा सरकारी कमचारी स्थानान्तरण आदेशो की पालना स बचने के लिए अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रह जाते हैं तथा किसी वयोवृद्धा रिश्तेदार की बीमारी की आड लते हुए छुट्टी के लिए प्राथनापत्र रख कर चले जाने अथवा प्राथना पत्र डाक द्वारा भेजने की युक्ति काम म लत है। सामान्यतया इसके पश्चात् उनसे और पत्र प्राप्त होत रहत है तथा विभाग/कार्यालय अध्यक्ष उनस ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए लिखते रहते है। बहुधा ऐसे व्यक्तियो से जो प्राधिकृत चिकित्सा उपचारक नही है चिकित्सा प्रमाण पत्र भी लेकर भेजे जाते हैं।

ड्यूटी से अनुपस्थित रहना एक गम्भीर मामला है तथा जहा यह राजपत्रित अधिकारियो के विरुद्ध सिद्ध हो जाता है वहा कुछ मामलो म उन्ह सेवा से हटाया जाना समुचित शास्ति समझा गया है। अत आपस अनुरोध है कि ऐसे मामलो म दृढता से काम लें।

यदि कोई कमचारी स्थानान्तरण आदेश की प्रत्याशा म अथवा प्राप्त हो जाने पर छुट्टि मजूर कराये बिना पदस्थापन के स्थान से गायब हो जाता है, तो साधारणतया उसे अनुपस्थित रहन क कारण निलबित कर देना चाहिए। बिमारी के कुछ ऐसे मामले भी हो सकत है जिनमे सयोगवश स्थानान्तरण आदेश के साथ साथ कमचारी अथवा उसके परिवार का कोई सदस्य अथवा उसके माता-पिता बीमार हो परन्तु ऐसे मामलो म कमचारी को अपने आसन्न वरिष्ठ से मौखिक अनुज्ञा ले लेनी चाहिए स्वय के सहकर्मी को अथवा किसी अन्य विभाग के सहकर्मी को सूचित कर देना चाहिए और यह सब लिखित मे होना चाहिय।

जब छुट्टी का प्राथना पत्र प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी के चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना ही डाक से अथवा किसी व्यक्ति के माध्यम से भेजे जाय तो कमचारी को तुरन्त उत्तर दे देना चाहिए कि उसे किसी ऐसे सरकारी चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा प्रमाण पत्र भेजना चाहिए जो प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी के समतुल्य रैंक का हो तथा उस स्थान पर स्थित हो जहा कमचारी ठहरा हुआ हो। यदि पास पास की तारीखो मे दिए गए आरोग्यता प्रमाण पत्रो तथा चिकित्सा प्रमाण पत्रो की एक दूसरे की तारीखो में साफ फरक नजर आता हो अथवा चिकित्सा प्रमाण-पत्र बीमारी शुरू होने की तारीख से एक सप्ताह से भी बाद की सफाई की जाच के लिए चिकित्सा अथवा आयुर्वेद विभाग के उच्चतर अधिकारियो को भेजा जाना चाहिए। इन प्राधिकारियो को उन मामलो म तुरन्त अनुशासनिक कायवाही करनी चाहिए जहा प्रमाण पत्र प्रथम दृष्टया ही गलत हो।

बिना छुट्टी अनुपस्थित रहने क लिए अनुशासनिक कायवाही तुरन्त ही सस्थित कर दी जानी चाहिए तथा यदि आरोप सिद्ध हो जाता है तो साधारणतया दण्ड सेवा से हटाया जाना होना चाहिये।[1]

विभागीय निणय—ऐसा देखने मे आया है कि शिक्षा विभाग के शिक्षक एव अधिकारी/कमचारी स्थानान्तरण आदेश प्राप्त होने पर यदिउ ह स्थान पस द नही आता है तो अवकाश पर चल जाते है और नवीन स्थान पर कायभार ग्रहण नही करते। इस प्रकार की हरकतो स विभाग को एव सबधित विद्यालय को कठिनाई का सामना करना पडता है। आश्चय की बात तो यह है कि इस प्रकार की अनुपस्थिति को बडी आसानी से नजर अदाज किया जाकर बाद मे छुट्टी भी मजूर हो जाती है।

राजस्थान सेवा नियम 139 मे यह प्रावधान है कि यदि कोई कमचारी जोईनिंग टाईम क समाप्त होन पर जब कायभार नवीन स्थान पर ग्रहण नही करता है एव स्वेच्छा से अनुपस्थित रहता है तो उसके इस व्यवहार को राजस्थान सेवा नियम 86 क अन्तगत दुव्यवहार मान कर उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कायवाही की जावे। अत नियम के इस प्रावधान को ध्यान म रखते हुए

1 प 9(18) कार्मिक (क-3) 76 दिनाक 12 मई, 1976

स्थानान्तरण के बाद यदि कोई व्यक्ति छुट्टी जाना चाहता है तो ऐसे मामलो मे छुट्टी मजूर नही की जाकर, राजस्थान सेवा नियम की उक्त धारा के तहत उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जावे।

सभी स्थानान्तर करने वाले अधिकारी कृपया इन निर्देशो का सख्ती से पालन करें और भविष्य मे स्थानान्तरण आदेश मे इस बात का उल्लेख कर लिया जावे कि स्थानान्तरण पर यथा समय कार्यभार ग्रहण नही करने पर कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।[1]

राज्य सरकार का निर्णय:—राज्य सरकार के ध्यान मे आया है कि अध्यापको के स्थानान्तरण हो जाने के पश्चात् कार्यमुक्त होकर नये पदस्थापन पर जाने के बजाय पुराने स्थान पर ही कार्य करते रहते है जबकि उनको कार्यमुक्त करने हेतु अन्य अध्यापक उस स्थान पर आकर कार्यभार सभाल लेते हैं। ऐसी स्थिति मे एक पद पर दो अध्यापको को वेतन देना एव दोनो अध्यापको को एक ही स्थान पर एक पद के प्रति उपस्थिति देना नियमानुसार नही है।

अतः समस्त अध्यापको को निर्देश दिये जाते हैं कि उनके स्थानान्तरण होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा तुरन्त कार्य मुक्त होकर अपने नये पद का कार्यभार सभाल लें। सक्षम अधिकारी भी स्थानान्तरण आदेश की पालना मे सबधित अध्यापको को तुरन्त कार्यमुक्त करने के आदेश जारी करें तथा कार्यमुक्त होने के बाद उक्त स्थान से वेतन भुगतान तुरन्त बन्द करें।

उपरोक्त निर्देशो की अवहेलना होने पर सबधित अध्यापक को अनुपस्थित मानते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सक्षम अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।[2]

विभागीय निर्णय:—प्रायः देखने मे आता है कि स्थानान्तरण आदेशो की पालना मे राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये निर्देशो को ध्यान मे नही रखा जाता। या तो स्थानान्तरण आदेश प्राप्त होने पर कई अधिकारी/कर्मचारी अवकाश पर चले जाते हैं या अपनी सुविधा से निर्धारित अवधि के बाद कार्यमुक्त होते हैं। यह समय समय पर प्रसारित राज्यादेशो की अवहेलना है।

राज्य सरकार के परिपत्र सख्या एफ-2 (1) कार्मिक/ए-2/71 दिनाक 9-11-71 द्वारा यह आदेश दिये थे कि जिन अधिकारियों/कर्मचारियो का स्थानान्तरण हो जाता है उन्हे आदेश की प्राप्ति के 7 दिन के भीतर अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाना चाहिए और जिन्हे योगकाल देय नही होता है उन्हे तीन दिन के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाना चाहिए।

नियत्रक अधिकारियो से अपेक्षा की जाती है कि इन आदेशो की पालना करावें तथा पालना नही करने पर सबधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करें।[3]

(25) स्थानान्तरण के समय कार्यभार सभालने वाले अधिकारी को रजिस्टर व अभिलेख का निरीक्षण कर लेना चाहिए तथा यह पता लगा लेना चाहिए कि वे परिपूर्ण तथा अतिम तिथि तक तैयार हैं। उसे सस्था मे रखी जाने वाली सूची से सभाले हुए फर्नीचर, पुस्तके, रजिस्टर, यत्र आदि का मिलान कर लेना चाहिए। उसे यह भी देखना चाहिए कि नकद रकम कैश बुक मे की हुई प्रविष्टिया से मिलती है अथवा नही। यदि उस सस्था मे स्थायी तौर पर कोई अग्रिम राशि रहती हो तो उसका भी चार्ज सभाल लेवे। अगर उसको कोई चीज नही मिले तो उसे इस तथ्य का कार्यभार सभालने के प्रतिवेदन मे उल्लेख करना चाहिए। यह प्रतिवेदन कार्यमुक्त होने वाले व चार्ज लेने वाले दोनो अधिकारियो द्वारा हस्तानान्तरित होना चाहिए।

(26) कार्यभार सभालने मे अनावश्यक रूप से देर नही होनी चाहिए क्योंकि जाने वाला व आने वाला, दोनो अधिकारी एक ही पद पर साथ-साथ काम पर नही माने जा सकते।

1. शिविरा/सस्था/ई 211472/78/13 दिनाक 19-4-1978।
2. एफ-8 (156) शिक्षा-2/79 दिनाक 24-10-1981।
3. शिविरा/निजी/सनि (कार्मिक)/परिपत्र/83 दिनाक 19-10-83।

राज्य सरकार का निर्णय—विभागीय अधिकारियो के कई वार ऐसे मामले सामने आते हैं कि स्थानान्तरण पर जाने वाले कमचारी/अधिकारी/अध्यापक कार्यभार सम्भालने के लिए उपस्थित हो जाते है परन्तु उस पद स मुक्त होने वाला व्यक्ति जानबूझकर कार्यभार सम्भालने म देरी करता है। वह अवकाश के लिए प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करता है अथवा किसी अन्य स्थान को प्रस्थान कर जाता है। इस प्रकार की स्थिति म अपेक्षित कायवाही स्पष्ट है और राज्य सरकार से इसे स्पष्ट करते हुए आदेश भी किये है। स्थानान्तरण पर आने वाले व्यक्ति को तुरन्त ही कार्यभार सम्भाल लेना चाहिए और इसकी प्रतीक्षा नही करनी चाहिये कि स्थानान्तरित व्यक्ति स्वय आकर ही उस काय भार सम्भलवाये। ज्यो ही स्थानान्तरण पर आने वाला व्यक्ति कार्य सम्भाल लेता है तब स्थानान्तरित व्यक्ति अपने आप ही पद भार से मुक्त हो जाता है। इस स्थिति पर माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय म भी विचार किया गया है जिसके निर्णय से भी उपरोक्त तथ्य स्पष्ट हो जाता है।

अत लेख है कि भविष्य म स्थानान्तरण पर आने वाले व्यक्ति को पद भार ग्रहण करने म किसी प्रकार की कठिनाई नही होनी चाहिए और राज्य सरकार के आदेश तथा उच्च न्यायालय के निर्णय को देखते हुए आपके द्वारा तुरन्त हो कायवाही करनी चाहिए।[1]

विभागीय निर्णय—प्राय देखने म आया है कि अधिकारीगण स्थानान्तरण/अवकाश या अन्य कारणो से जब वह अपने पद से कनिष्ठ अधिकारी को कार्यभार स्थानान्तरण करता है तो अपने स कनिष्ठ का चयन सही नही करपाते है। ऐसी स्थिति म असन्तोष होता ही है अपितु कायकुशलता पर कुप्रभाव भी पडता है जिसका परिणाम शिक्षको और कमचारियो व छात्रो को भुगतान करना पडता है। अत निर्देश दिये जाते हैं कि जब भी किसी अधिकारी को किसी भी कारणवश कार्यभार हस्तान्तरण करना पडे तो वह निम्न प्रक्रिया पर ध्यान देकर ही कार्यभार हस्तान्तरण करेगा

	धारित पद	कार्यभार हस्तान्तरण किस अधिकारी को देय होगा
1	निदेशक, राज्य शै अनुसन्धान व प्रशि सस्थान, उदयपुर।	सयुक्त निदेशक
2.	प्रधानाचार्य, राज शिक्षक प्रशि महाविद्यालय/विद्यालय	उप प्रधानाचार्य/उप प्रधानाचाय न होने की स्थिति म प्रोफेसर/शिक्षक प्रशि विद्यालयो म वरिष्ठतम उपलब्ध प्रधानाचार्य (पुरुष/म)
3	सयुक्त निदेशक (पुरुष/महिला)	(1) मुख्यालय पर कार्यरत अन्य स प (पु म) (2) सयुक्त, निदेशक स्नातकाधिकारी उपलब्ध नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी (पुरुष/महिला)
4	उपनिदेशक (पुरुष/महिला)	जिला शिक्षा अधिकारी (पुरुष/महिला)। उपलब्ध न होने पर वरिष्ठतम प्रधानाचाय।
5	जिला शिक्षा अधिकारी (पुरुष/महिला)	मुख्यालय पर वरिष्ठतम अधीनस्थ प्रधानाचाय एव समकक्ष पद (पुरुष/महिला)
6	प्रधानाचार्य (पुरुष/महिला)	सहायक प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका।

---

1 एफ 17 (127) शिक्षा/ग्रुप-2/81 दिनाक 26-7-1982।

		सहायक प्रधानाध्यापक न होने की स्थिति मे उस स्थान पर कायरत वरिष्ठतम प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या ।
7	अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी	उस स्थान पर उपलब्ध प्रधानाचार्य (वरिष्ठतम) उपलब्ध न होने की स्थिति म कार्यालय मे कार्यरत उप जिला शिक्षा अधिकारी ।
8	प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (पु म)	(1) विद्यालय म कार्यरत सहायक प्रधानाध्यापक/ प्रधानाध्यापिका । विद्यालय मे सहायक प्रधानाध्यापक नही होने की स्थिति म वरिष्ठतम स्कूल व्याख्याता । (2) पारी प्रभारी वरिष्ठतम स्कूल व्याख्याता ।
9	प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका माध्यमिक विद्यालय (पुरुष/महिला)	वरिष्ठतम अध्यापक ।

(27) स्थानान्तरण की कायवाही पूरी होने पर कार्य हस्तान्तरण प्रतिवेदन शीघ्र भेज देना चाहिए ।

(28) यदि किसी विद्यालय अथवा कार्यालय के किसी कर्मचारी का किसी अन्य स्थान पर स्थित स्कूल अथवा कार्यालय म स्थानान्तरण हो जावे तो उस स्कूल अथवा कार्यालय का प्रधान निर्धारित प्रपत्र मे उस कर्मचारी के सम्बन्ध म अन्तिम वेतन भुगतान प्रमाण-पत्र तैयार करेगा तथा आवश्यक जाच के वाद उसे बिना किसी विलम्ब के उस स्कूल अथवा कार्यालय के प्रधान को भेज देगा जहा पर कि स्थानान्तरित कमचारी जाने वाला हो । उसे अधिकारी की सेवा पुस्तिका भी पूरी कर उसे उसकी नई जगह के उच्चाधिकारी को भेज दी जानी चाहिय ।[1]

(29) यदि किसी पदाधिकारी का स्थानान्तरण स्वय की प्रार्थना पर अथवा दण्ड के परिणामस्वरूप हुआ हो तो उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने का यात्रा व्यय नही मिलेगा ।

(30) *अवकाश—सरकारी कमचारी के आकस्मिक अवकाश के अलावा अन्य सब प्रकार के* अवकाश के लिए निर्धारित प्रपत्र मे अपना प्रार्थनापत्र अवकाश पर जाने की तिथि से लगभग 6 सप्ताह पूर्व अपने नियन्त्रण अधिकारी को देना चाहिए ।

(31) यदि वह अधिकारी जिस अवकाश के लिए प्राथनापत्र दिया गया हो अवकाश स्वीकार करने के लिए सक्षम नही होगे तो वह उस प्रार्थनापत्र को बिना आवश्यक विलम्ब के अपने से उच्चाधिकारियो को भेज देंगे ।

(32) बीमारी के लिए ली जाने वाली छुट्टी के प्रार्थना-पत्र के साथ उचित चिकित्सा प्रमाणपत्र भी आना चाहिए ।

(33) आकस्मिक अवकाश अथवा स्वीकृत छुट्टियो या लम्बे अवकाश के दिनो म अपना मुख्यालय छोडने के लिए प्राथनापत्र सामान्यतया लगभग एक सप्ताह अग्रिम ही दे देना चाहिए उसमे वापिस लौटने की तिथि का भी उल्लेख होना चाहिए । ग्रीष्मावकाश

1 शिविरा/संस्था/बी III/82 स्थे दिनाक 21–12–82 ।

अथवा लम्बे अवकाश के दिनो का उस कमचारी का पता भी सम्बन्धित अधिकारी को लिखा हुआ रखना चाहिए।

राज्य सरकार का निर्णय—विद्यालयो म काम करने वाले कर्मचारियो/अधिकारियो के लिए 15 दिन का आकस्मिक अवकाश 1 जुलाई से 30 जून तक गिना जाता है। इस अवधि मे विद्यालयो से कार्यालयो या कार्यालयो स विद्यालयो म जाने वाले कमचारियो/अधिकारियो के लिये आकस्मिक अवकाश का स्वरुव नये स्थान पर इस प्रकार रहेगा[1]

तीन माह या इससे कम की सेवा पर—तीन दिन
तीन माह से अधिक की सेवा पर . —सात दिन

(34) कोई भी अधिकारी सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना अपने कार्य से अनुपस्थित नही रहेगा। अपने कायक्षेत्र म बाहर बिना उचित स्वीकृति के व्यतीत किये गये समय के लिए कोई भी पदाधिकारी वेतन अथवा भत्ते को पाने का अधिकारी नही होगा।

विभागीय निर्णय—निदेशालय क ध्यान म आया है कि माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों क प्रधानाचाय/प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिकाए अवकाश पर प्रस्थान करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त नही करत हैं। ऐसा करना राजस्थान सवा नियम के विपरीत होने से अनुशासनहीनता म माना जाता है।

अत यह सभी के ध्यान म लाया जाता है कि प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापिकाए अवकाश म प्रस्थान करने से पूव जिला शिक्षा अधिकारी (छात्र/छात्रा) से लिखित अनुमति प्राप्त करगे। जिला शिक्षा अधिकारी (छात्र/छात्रा) अवकाश क कारण को ध्यान म रखते हुए तुरन्त अवकाश पर प्रस्थान करने की अनुमति अथवा अस्वीकृति जैसी भी स्थिति हा प्रसारित करेगे। दो माह से अधिक समय के लिए अवकाश पर प्रस्थान करने की अनुमति प्रसारित करने के साथ साथ जिला शिक्षा अधिकारी निदेशालय को तार द्वारा यह भी सूचित करगे कि अमुक प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका को अमुक तिथि से अमुक अवधि के लिए अवकाश पर प्रस्थान करने की अनुमति दे दी गई है।[2]

उपर्युक्त सूचना प्राप्त हाने पर ही निदेशालय द्वारा उस विद्यालय म अन्य प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका की व्यवस्था करना सम्भव होगा।

इसके विपरीत यदि किसी विद्यालय म प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका का पद उपर्युक्त सूचना क अभाव म दो माह स अधिक समय के अवकाश काल म रिक्त रहा हो तो विभागीय जाच के उपरात दोषी व्यक्ति को दण्ड देने की प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

(35) उन समस्त मामला म जहा पर कि अवकाश की अवधि एक सप्ताह से अधिक हो प्रार्थी को उस अवधि म अपने तात्कालिक उच्चाधिकारी को रिपोर्ट करनी चाहिये।

विभागीय निर्णय ऐसा देखने म आया है कि कुछ सस्थाए/कार्यालय के प्रधान उन अध्यापको/कमचारियो का काय पर लगने स मना कर देते हैं जो एक लम्बे अवकाश/बीमारी अथवा अन्य अवकाश के बाद काय पर उपस्थित होत हैं यह समझ कर कि जब तक सक्षम अधिकारी का अवकाश प्रकरण निर्णीत नही हा जाता है अथवा जब तक उनका स्थानान्तरण आदेश प्राप्त नही किया जाता उन्ह कायभार सभालन की स्वीकृति नही दी जा सकती। इस प्रकार करने से कार्यभार सभालने मे देरी हो जाती है और कई विसगतिया हो जाती हैं। अत म ऐसे कर्मचारी न्यायालय मे जहा और

---

1 एफ 1 (49) वित्त नियम/68 दिनाक 14-11-70।

2 शिविरा/मस्थापन/बी-1/6924 दिनाक 22-10-1973।

जिस समय के लिए उन्होने कार्यभार नही करने दिया उस समय का वेतन प्राप्त करत हैं यद्यपि उम अवधि म उनके द्वारा कोई कार्य नही किया जाता।

ऐसे भी उदाहरण सामने आये है कि जब प्रधानाध्यापक या कार्यालयाध्यक्ष ने उच्चाधिकारी के स्पष्ट आदेश होने के बावजूद भी उन्हे कार्यग्रहण नही करने दिया, यह अवाछनीय काय ही नही परन्तु अवज्ञा और अनुशासनहीनता की श्रेणी म आता है।

सभी सस्थाओ के प्रधान और क्षत्रीय अधिकारियो को निर्देश दिये जात है कि जब भी कोई अध्यापक/मत्रालयिक कर्मचारी लम्बे अवकाश/स्थानान्तरण के बाद कार्यभार सभालन क लिए उपस्थित हो तो उन्हे कार्यभार सभालने दिया जाय चाहे उनक विरुद्ध कोई कायवाही उच्च अधिकारी को प्रस्तावित की गई हो जो अवकाश की स्वीकृति, स्थानान्तरण या स्थानान्तरण के निरस्त करने के बारे मे या अन्य स्थिति जैसी भी हो।[1]

(36) यदि किसी अधिकारी के आकस्मिक अवकाश पर होन पर जनसवा को काई हानि होती हो तो उसके लिए अवकाश पर जान वाला/अवकाश स्वीकृत करने वाला दाना ही उत्तरदायी हागे।

(37) (अ) सस्था क किसी प्रधान अथवा अध्यापक को ग्रीष्मावकाश म अपन सामान्य क्तव्यो के अन्तर्गत किय गय किसी कार्य के एवज म कोई अतिरिक्त अवकाश पान का अधिकार नही मिल सकगा, जब तक कि समक्ष अधिकारी की स्वीकृति अथवा उसके विशेष आदेशो के अधीन उस छुट्टी मनाने से रोक नही लिया गया हा।

(ब) उपरोक्त प्रावधान के अनुसार, भविष्य म निम्न नियमो का पालन करना चाहिए।

1 अत्यावश्यक कार्य के लिए एक विद्यालय म केवल एक ही अध्यापक को ऐस अवकाश म रोकना चाहिये तथा प्रारम्भ होन के लगभग दो माह पूर्व उस अध्यापक का नाम सक्षम अधिकारी को भेज दिया जाना चाहिय ताकि उसे उसके बदले म प्रीविलेज दी जा सके।

2 यह आवश्यक नही है कि सामान्य प्रशासनिक कार्य के लिए प्रधानाध्यापक को स्वय को ही ग्रीष्मावकाश म रुकना चाहिए किन्तु किन्ही विशेष कारण से सम्बन्धित प्रधानाध्यापक अपनी उपस्थिति आवश्यक समझता हो तो उसे कारणो का वर्णन करना चाहिए तथा ग्रीष्मावकाश प्रारम्भ होन स दो माह पूव ही उसे उस अवधि म काय करन की अनुमति सक्षम अधिकारी स प्राप्त कर लेनी चाहिए।

3 यदि प्रधानाध्यापक को, इस अवकाश म रोका जावे तो फिर किसी अन्य अध्यापक को रोकना आवश्यक नही है।

4 विद्यालय का लिपिक वर्ग लम्बे अवकाश पाने का अधिकारी नही हाने स ग्रीष्मा म भी अपना काय जारी रखगा।

विभागीय निर्णय[2] राजपत्रित अधिकारियो को ग्रीष्मावकाश म कार्य करन के बदले अवकाश का स्वत्व—

ऐसा देखने म आया है कि राजपत्रित अधिकारी अपनी सेवानिवृत्ति के समय अथवा उसके बाद कई वर्षों पूर्व का अवकाश स्वत्व अवकाश लेखा म जोडने क लिए निदेशालय को लिखत हैं और ऐसे मामल भी आये हैं जब 1980 के बाद सेवानिवृत्त हाने वाले अधिकारी न 1950 म ग्रीष्मावकाश म रोके जाने के बदले स्वत्व का लाभ जोडने की प्रार्थना की है। अवकाश स्वत्व दने क बार म

1 शिविरा/विधि/29686/73 दी दिनाक 10 5-73।

2 क्रमाक शिविरा/सस्था/ए-6/45602/82 दिनाक 3-12-82।

राजस्थान सेवा नियमो मे स्पष्ट प्रावधान है । राजस्थान सेवा नियम 94 (ए) स्पष्ट है जिसके अनुसार कार्यालयाध्यक्ष को ग्रीष्मावकाश का उपयोग नहीं करने के बारे मे विभागाध्यक्ष के आदेश होने चाहिये । सक्षम अधिकारी के उक्त आदेश होने और इसके आधार रुकने पर राजस्थान सेवा नियम के 92(बी) के अनुसार अवकाश का स्वत्व देय है । सक्षम अधिकारी के रोकने के आदेश होने पर जिस अधिकारी के पास अवकाश लेखा रहता है वह नियमानुसार अवकाश स्वत्व के लेखे मे अकन कर सकता है ।

समस्त मामले पर विचार कर निम्न निर्णय लिये गये हैं :—

(1) राजपत्रित अधिकारियो का दिनाक 31-12-74 का अवकाश स्वत्व का लेखा महालेखाकार, जयपुर के कार्यालय द्वारा सधारित होता था । अतः दिनाक 31-12-74 के पूर्व का स्वत्व अब देने के बारे मे किसी आवेदन पर इस कार्यालय द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जायेगा । यदि कोई राजपत्रित अधिकारी जिसे सक्षम अधिकारी के आदेश द्वारा दिनाक 31-12-74 के पूर्व ग्रीष्मावकाश मे रोका गया था और अब चाहता है तो उसे महालेखाकार द्वारा दिया हुआ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि दिनाक 31-12-74 से पूर्व इस प्रकार का अवकाश स्वत्व उनके द्वारा अभिलेख मे पूर्व मे नहीं जोडा गया है । इसके अभाव मे दिनाक 31-12-74 के पूर्व मे मामलो पर कोई कार्यवाही सम्भव नही होगी ।

(2) दिनाक 1-1-75 से दिनाक 1-1-83 तक के मामलो मे यदि किसी राजपत्रित अधिकारी का उपार्जित अवकाश के स्वत्व का मामला बकाया हो तो उसे सक्षम अधिकारी के आदेश राजस्थान सेवा नियम 94(ए) के अनुसार आदेश की प्रति और उसकी पालना का प्रमाण सहित अपने उस नियत्रण अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए जिनके पास उनका अवकाश का लेखा सधारित होता है ।

(3) दिनाक 1–1–75 से 1–1–83 की अवधि के मामले यदि किसी राजपत्रित अधिकारी (कार्यालयाध्यक्ष) ने अपने नियत्रण अधिकारी के आदेश से ग्रीष्मावकाश मे काम किया है परन्तु उसके लिए समक्ष अधिकारी अर्थात् निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा के रोकने की स्वीकृति नही है तो ऐसे मामलो मे जिस नियत्रण अधिकारी के आदेश से काम किया है उनकी अभिशसा सहित ऐसे प्रकरण दिनाक 31–3–83 तक निदेशालय को प्राप्त हो जाने चाहिये ताकि राजस्थान सेवा नियम 94(ए) के अनुसार यहा से रोकने की पुष्टि की जा सके । नियत्रण अधिकारी जिन्होने उक्त कार्यालयाध्यक्ष अधिकारी को रोका है वे उसे अधिकारी के रोकने की आवश्यकता, कार्य की मात्रा, कार्यालय मे कार्यरत कर्मचारी/अधिकारियो की सख्या, कार्य नही हो सकने की स्थिति का विवरण, उक्त अवधि मे किसी प्रकार से अवकाश/अनुपस्थित रहने का विवरण और उनके द्वारा किये गये कार्य के प्रमाण सहित मामला यहा भेजे । दिनाक 31–3–83 के बाद प्राप्त होने वाले ऐसे प्रकरणों पर इस कार्यालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

(4) भविष्य मे किसी कार्यालयाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी को यदि नियत्रण अधिकारी ग्रीष्मावकाश मे किसी भी कार्य के लिए रोकना चाहेगा तो इस कार्यालय की पूर्व स्वीकृति लेना आवश्यक होगा । जो मामले वे इस कार्यालय को भेजेगे उसमे अधिकारी को रोकने की आवश्यक्ता, कार्य को मात्रा, वर्तमान मे कार्यरत कर्मचारियो/अधिकारियों की सख्या और उनके द्वारा यह कार्य सम्पादित नही हो सकने की स्थिति का विवरण, कार्य सम्पन्न होने की समय सीमा आदि बातो का उल्लेख करेग ।

(38) सस्था तथा कार्यालयो के प्रधानो को अपने कर्मचारियो की सेवा पुस्तिकायें रखने की व्यवस्था करनी चाहिए ।

(39) स्थायी नियुक्ति पर कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका उसकी नियुक्ति अथवा उसके स्थायीकरण की तिथि से तीन माह के भीतर तैयार कर लेनी चाहिए ।

(40) प्रत्येक पदाधिकारी की सेवा पुस्तिका उसके तात्कालिक उच्चाधिकारी के नियत्रण मे रहेगी जो कि उसको ठीक प्रकार से रखने के लिए उत्तरदायी होगा ।

(41) **विशेष आकस्मिक अवकाश[1] :**

(1) राजकीय विद्यालयो एव महाविद्यालयो मे कार्य करने वाले अध्यापको को एक शैक्षिक सत्र मे अकादमिक कार्य के लिए अधिकतम 15 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकता है । अकादमिक कार्यो मे निम्नलिखित कार्य सम्मिलित होगे :—

(2) (अ) राजस्थान के विश्वविद्यालयो और राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बैठको मे भाग लेना । इन अभिकरणो के लिए निरीक्षक के रूप मे किए गए कार्य भी सम्मिलित होगे बशर्ते कि निरीक्षण कार्य के लिए मानदेय या कोई एक मुश्त राशि नही दी गई हो और केवल साधारण यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता ही दिया गया हो ।

(ब) विश्वविद्यालय/राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/विभाग द्वारा आयोजित प्रायोगिक परीक्षाए लेना ।

(स) राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से अकादमिक प्रवृत्तियो के सेमीनार कार्य गोष्ठी सम्मेलन (राज्य स्तरीय या अखिल भारतीय स्तरीय) मे भाग लेना ।

(द) सगोष्ठी म पत्रवाचन करना या राज्य सरकार अध्यापको की विशेष श्रेणी अथवा विषय के अध्यापक संगठनो द्वारा बुलाये गये सम्मेलन मे अकादमिक विचार करना ।

(3) उपरोक्त अनुच्छेद 2 के (द) मे दिए गए कार्य के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश निम्न शर्तों पर ही दिया जायेगा :

(अ) जबकि किसी विशेष श्रेणी/विषय के अध्यापको के सगठन द्वारा सम्मेलन आयोजित किया गया हो जैसे व्याख्याता स्कूल शिक्षा सगठन, उद्योग शिक्षक सगठन तो विशेष आकस्मिक अवकाश ऐसे सम्मेलनो मे भाग लेने वाले विशेष श्रेणी अथवा विषय के अध्यापको को ही मिलेगा न कि अन्य अध्यापको को ।

(ब) यदि एक ही श्रेणी/विषय के एक से अधिक सगठन हो और वे कोई विचार गोष्ठी उस विषय मे आयोजित करे तो दो दिन से अधिक आकस्मिक अवकाश इन बैठको, सेमीनारो मे भाग लेने के लिए एक समय मे नही दिया जायेगा ।

(स) किसी विशेष अध्यापक को एक अकादमिक सत्र मे चार दिन से अधिक का विशेष आकस्मिक अवकाश नही दिया जायेगा ।

1. एफ. 1(12) एफ डी. (ग्रुप–2)/83 दिनाक 1–4–1983

(द) 30 नवम्बर के बाद शैक्षिक सत्र मे कोई विशेष आकस्मिक अवकाश नहीं दिया जायेगा।

(4) उपरोक्त 2 (द) मे वर्णित कार्यों के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश महाविद्यालय अध्यापको को निदेशक, महाविद्यालय शिक्षा और विद्यालयो मे काम करने वाले अध्यापको को निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

(5) उपरोक्त अकादमिक कार्य के लिए 15 दिन के आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त जैसा कि अनुच्छेद 1 मे वर्णित है, अधिकतम 10 दिन का एक क्लेण्डर वर्ष मे आकस्मिक अवकाश राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय सगठनो के कार्यकारिणी के सदस्यो को अतिरिक्त रूप से दिया जा सकेगा। जैसा कि वित्त विभाग के आदेश सख्या एफ 1 (36) एफ डी/ग्रुप–2/78 दिनाक 7–11–78 मे वर्णित है।

उपरोक्त सारे आदेश राज्य सरकार द्वारा जारी निम्नलिखित आदेशो के अतिक्रमण मे दिये गये हैं :

(i) एफ. 18(12) शिक्षा/52 दिनाक 13-10-53

(ii) एफ 1(78) एफ डी (नियम)/67 दिनाक 13-12-67

(iii) एफ 1(3) वित्त (नियम)/69 दिनाक 30-10-71

(iv) एफ 1(56) वित्त (नियम)/72 दिनाक 21-12-72

(v) एफ. 1(61) वित्त (नियम)/75 दिनाक 30-1-73

विभागीय निर्णय—[1]राज्य सरकार ने आदेश सख्या एफ. 1 (12) एफ डी./ग्रुप-2/83 दिनाक 1–4–83 द्वारा शिक्षा विभाग मे काम करने वाले अध्यापको को अकादमिक कार्य के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश देने के लिए जारी किया है। ये आदेश शिविरा–पत्रिका के मई-जून, 1983 के अक मे भी प्रकाशित हुए हैं।

जो अध्यापक वित्त विभाग के इन आदेशो के अन्तर्गत विशेष आकस्मिक अवकाश लेगे उनका लेखा प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष/सस्था प्रधान द्वारा अध्यापकवार रखा जायेगा और आडिट को आवश्यकता पडने पर अन्य अभिलेखो की तरह ही जाच के लिए प्रस्तुत किया जायेगा।

---

1. शिविरा/सर्तता/32831/द्वितीय/82/18 दिनाक 21–5–83।

नाम अध्यापक/राजपत्रित अधिकारी……………………………………

पद…………………………

शैक्षिक सत्र…………………

क्र	अकादमिक कार्य		कब से कब तक		कब से कब तक		कब से कब तक		कब से कब तक		कुल दिन
			दिनाक	कुल दिन	दिनाक	कुल दिन	दिनाक	कुल दिन	दिनाक	कुल दिन	
(ए)	विश्वविद्यालय या बोर्ड की बैठकें/निरीक्षण	दिन									
		आदेश सख्या									
(बी)	विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा	दिन									
		आदेश सख्या									
(सी)	राज्य/राष्ट्रीय सम्मेलन/सगोष्ठी/कार्य गोष्ठी	दिन									
		आदेश सख्या									
(डी)	राज्य स्तरीय सघो के राज्य-स्तरीय सम्मेलन	दिन	संघ का नाम		संघ का नाम		संघ का नाम		संघ का नाम		
		आदेश संख्या									
		कुल दिन									

शिक्षा विभाग (प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा) राजस्थान कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियो के वार्षिक कार्य मूल्याकन हेतु सक्षम प्रतिवेदक एव समीक्षक अधिकारियों का विवरण[1]

क्रम स	पद का विवरण	प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता अधिकारी	समीक्षक अधिकारी	जिसके पास वार्षिक कार्य मूल्याकन प्रतिवेदन सुरक्षित रखे जावेंगे
1	2	3	4	5
1	शाला प्रधान प्रा वि एव इनके अधीनस्थ कार्यरत तृ वे श्रृखला के अध्यापक/अध्यापिका	अवर उप जिला शिक्षा अधिकारी	सम्बन्धित उप जिला शिक्षा अधिकारी	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय
2	उच्च प्राथमिक विद्यालया मे कायरत तृ वे श्रृखला अध्यापक/अध्यापिका	प्रधानाध्यापक उ प्रा विद्यालय	उप जिला शिक्षा अधिकारी	,,
3	प्रधानाध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय	उप जिला शिक्षा अधिकारी	अतिरिक्त जि शि अ अथवा जि शि अ	सम्बन्धित मण्डल अधिकारी
4	अवर उप जिला शिक्षा अधिकारी एव शिक्षा प्रसार अधिकारी	अतिरिक्त जि शि अ /उप जि शि अ /विकास अधिकारी	जिला शिक्षा अधिकारी	कार्यालय निदेशक प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर
5	उप जिला शि अ	अतिरिक्त जि शि अ /जि शि अधिकारी	मण्डल अधिकारी	,,
6	अतिरिक्त जि शि अ	जि शिक्षा अधिकारी	मण्डल अधिकारी	राज्य सरकार
7	वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी	जि शिक्षा अधिकारी	मण्डल अधिकारी	निदेशक, प्राथ एव माध्य शिक्षा राजस्थान
8	जिला शिक्षा अधिकारी	सम्बन्धित मण्डल अधिकारी	निदेशक, प्रा एव माध्य शि राज	राज्य सरकार

1 शिविरा/सस्था/डी–1/11286 (ए) 79 दिनाक 18 8 81 ।

1	2	3	4	5
9	मण्डल अधिकारी	निदेशक, प्राथ एव माध्य शिक्षा राजस्थान	शिक्षा सचिव राजस्थान, जयपुर	राज्य सरकार
10	विशिष्ट सस्थाए यथा शिक्षा निदेशालय			
	(अ) स्टाक यथा व लि, क लि कार्यालय सहायक आदि के लिए	अनुभाग अधिकारी	ग्रुप अधिकारी	निदेशालय
	(ब) अनुभाग अधिकारी	ग्रुप अधिकारी	निदेशक प्रा एव माध्य शिक्षा राजस्थान	प्रधानाचाय के वेतन शृ खला के पदो की वा का मू प्रतिवेदन राज्य सरकार एव प्रधानाचाय के नीचे के पदो को निदेशालय सधारित करेगा
	(स) ग्रुप आफिसर	निदेशक प्रा एव मा शिक्षा राज बीकानेर	शिक्षा सचिव	राज्य सरकार
	(द) आशुलिपिक ग्रेड द्वितीय एव प्रथम ग्रेड	सम्बन्धित अधिकारी/ग्रुप अधिकारी	निदेशक, प्राथ एव माध्य शिक्षा राजस्थान	निदेशालय
11	मण्डल कार्यालय			
	(अ) स्टाक यथा/क लि, व लि, का स आदि अधीक्षक आदि	सम्बन्धित उप जिला शिक्षा अधिकारी	सम्बन्धित मण्डल अधिकारी	क लि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी/व लि के लिए मण्डल अधिकारी का स एव आशुलिपिक के लिए निदेशालय
	(ब) आशुलिपिक	मण्डल अधिकारी	निदेशव, प्राथ एव माध्य शिक्षा, राजस्थान	निदेशालय
	(स) उप जिला शिक्षा अधिकारी	मण्डल अधिकारी	,,	निदेशालय रखेगा
12	जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय			
	(अ) स्टाक क लि, व लि, का स अधीक्षक आदि	उप जिला शिक्षा अधिकारी	जि शि अ	क लि के लिए जि शि अ /व लि के लिए मण्डल अधिकारी/का स के लिए निदेशालय
	(ब) आशुलिपिक	जि शिक्षा अधिकारी	मण्डल अधिकारी	निदेशालय

1	2	3	4	5
12	(स) उप जि शि/वरिष्ठ उप जि शि अधिकारी	जि शिक्षा अधिकारी	मण्डल अधिकारी	निदेशालय
	(द) शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी	जि शिक्षा अधिकारी	मण्डल अधिकारी	निदेशालय
13	प्रधानाध्यापक मा विद्यालय	सम्बन्धित जि शि अ अथवा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधि	सम्बन्धित मण्डल अधिकारी	निदेशालय म सधारण होगा।
14	माध्यमिक विद्यालय म कायरत तृतीय वेतन शृ खला/द्वितीय वेतन शृ खला अध्यापक तथा क लि व व लि	प्रधानाध्यापक (सबधित) मा वि	अतिरिक्त जि शि अ/जिला शिक्षा अधिकारी	क लि के लिए जिला शिक्षा अधि व लि के लिए मण्डल अधिकारी, तृ वे शृ के लिए जि शि अ तथा द्वि वे शृ खला के लिए मण्डल अधिकारी
15	प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय	सम्बन्धित जि शि अ/अतिरिक्त जि शि अ	सम्बन्धित मण्डल अधिकारी	निदेशालय
16	उच्च माध्यमिक विद्यालय मे कायरत तृ वे शृ/द्वि वे शृ यथा कनिष्ठ लिपिक, व लि तथा व्याख्याता	सम्बन्धित प्रधानाध्यापक उच्च मा विद्यालय	जिला शिक्षा अधिकारी/अतिरिक्त जि शि अ	क लि के लिए जि शि अ तथा मण्डल अधिकारी व लि की रखे तृ वे शृ खला की जि शि अ/द्वि वे शृ खला की मण्डल अधिकारी व्याख्याता की निदेशालय
17	अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे कार्यरत		अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी	क लि के लिए जि शि अ, व लि के लिए सम्बन्धित मण्डल अधिकारी, का स के लिए निदेशालय
	(1) स्टाफ : यथा क लि, का स आदि	उप जि शिक्षा अधिकारी		
	(2) उप जिला शिक्षा अधिकारी	अतिरिक्त जि शि अधि	जि शि अ	निदेशालय
	(3) शिक्षा प्रसार अधिकारी	अतिरिक्त जि शि अधि	जि शि अ	निदेशालय
18	उप जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे कार्यरत			

1	2	3	4	5
	(1) स्टाफ यथा क लि, व लि आदि	उप जि शि अ	जि शि अ	क लि के लिए जि शि व लि के लिए मण्डल अधिकारी, का स के लिए निदेशालय
	(2) शिक्षा प्रसार अधिकारी	उप जि शि अ	जि शि अ	लगातार
19	प्रधानाचार्य उच्च मा वि/शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय	जिला शिक्षा अधि	मण्डल अधिकारी	राज्य सरकार
20	प्रधानाचार्य, उ मा वि मे सहायक प्रधानाध्यापक	प्रधानाचार्य	जिला शिक्षा अधिकारी	निदेशालय
21	प्रधानाचार्य उच्च मा वि/शि	प्र वि म कार्यरत		
	(1) स्टाफ (क लि, व लि, का स आदि)	प्रधानाचार्य	जिला शिक्षा अधिकारी	क लि के जि शि अ व लि के लिए मण्डल अधिकारी का स के लिए निदेशालय
	(2) कनिष्ठ व्याख्याता	प्रधानाचार्य	जिला शिक्षा अधिकारी	निदेशालय
22	प्रधानाचार्य टी टी कालेज/शारीरिक शिक्षा महा वि	निदेशक प्राथ एवं	राज्य सरकार	राज्य सरकार
23	प्रधानाचार्य टी टी सी एवं शारीरिक शिक्षा महा वि म कार्यरत			
	(1) स्टाफ यथा क लि, व लि का स आदि	प्रधानाचार्य	निदेशक	क लि के लिए जि शि अ, व लि के लिए मण्डल अधिकारी का सा के लिए निदेशालय
	(2) कनिष्ठ व्या/व्या/प्राख्याता/उप प्रधानाचार्य ग्रेड 1,2 3 अध्यापक	प्रधानाचार्य	निदेशक	निदेशालय
24	प्रधानाचार्य संगीत संस्थान म कार्यरत स्टाफ			
	(1) कनिष्ठ लिपिक	प्रधानाचार्य	सिप क ख्या के प्रतिवेदन पर समीक्षा निदेशालय करेगा	क लि के लिए जि शि अ तथा व लि के लिए मण्डल अधिकारी

1	2	3	4	5
	(3) कार्यालय सहायक (4) तृ वे. श्रृंखला (5) द्वि वे श्रृं (6) कनिष्ठ व्याख्याता आदि		.	तृ. वे. श्रृंखला के लिए जि. शि. अ /द्वि. वे. श्रृं के लिए मण्डल अधिकारी, क. व्या. के लिए निदेशालय
25.	प्रधानाचार्य, सादुल पब्लिक स्कूल स्टाफ: क लि, व लि. का स, तृ. वे श्रृ, क व्या, सहायक प्र/उप प्र.	निदेशक प्रधानाचार्य सादुल पब्लिक स्कूल	राज्य सरकार क. व्या /सप्र /उप प्रधानाचार्य/ का स प्रतिवेदनो पर समीक्षा निदे पर समीक्षा प्रधानाचार्य करेगा	राज्य सरकार अभिलेख भी संधरित निदेशालय ही करेगा। प्रा मा. शिक्षा तथा उपरोक्त के अतिरिक्त स्टाफ लगातार
. 26	निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एव प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर	निदेशक, प्राथ एव मा. शि.	शिक्षा सचिव	राज्य सरकार
27	सचालक, मानविकी एव समाज विज्ञान (प्रभाग) उदयपुर	निदे, राज्य शैक्षिक अनुसधान एव प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर	शिक्षा निदेशक	राज्य सरकार
28.	सचालक, विज्ञान एव गणित (प्रभाग-2) उदयपुर	"	"	"
29	उप सचालक, मनोवेज्ञा आधार, (प्रभाग-3) मूल्याकन इकाई, शैक्षिक एव व्यावसायिक निर्देशन सहित, उदयपुर	"	"	,
30.	उप सचालक, शिक्षक प्रशि एव पत्राचार पाठ्यक्रम (प्रभाग-4), उदयपुर	"	"	"
31.	उप सचालक, शैक्षिक प्रशासन परिवीक्षण एव आयोजन (प्रभाग-5), उदयपुर	"	"	"
32	प्रोद्योगिकी अधिकारी, शैक्षिक प्रोद्योगिकी (प्रभाग-6ए) ए-51/2 तिलकनगर, शांति पथ, जयपुर-4	"	"	"

1	2	3	4	5
33.	सहायक निदेशक, प्रथम द्वितीय शिक्षा, अजमेर (प्रभाग-6वां)	,,	,,	,,
34.	संचालक, भाषा अध्ययन (प्रभाग-7) (अंग्रेजी, हिन्दी एवं अन्य भाषाओं सहित) गांधीनगर मार्ग, जयपुर	,,		,,
35.	प्रभारी अधिकारी, अनौपचारिक शिक्षा (प्र-8), उदयपुर	,,		,,
36.	उप प्रायोजना अधिकारी, शिक्षा विभाग, जयपुर	जिला शिक्षा अधिकारी, जयपुर सम्बन्धित खण्ड	मण्डल अधिकारी	राज्य सरकार
	(2) उप प्रायोजना अधिकारी कार्यालय स्टाफ: यथा क. लि., व. लि., उप जि. शि. अ.	उप प्रायोजना अधिकारी	जिला शिक्षा अ॰	क. लि. के लिए जि. शि. अ., व. लि. के लिए मण्डल कार्यालय एवं उप जि. शि. अधिकारी के लिए निदेशालय
37.	राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर के कार्यालय में कार्यरत स्टाफ यथा क. लि., व. लि., का. स., स्टेनो आदि	निदेशक, रा. शैक्षिक अनु. एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर	निदेशक, प्रा. एवं मा. शिक्षा, राज., बीकानेर	क. लि. के लिए जि. शि. अ., व लि. के लिए मण्डल अधिकारी तथा का. स. एवं आशुलिपिकों के लिए निदेशालय रखेगा
	(2) निदे रा. शैक्षिक अनु एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर के विभिन्न प्रभागों में कार्यरत स्टाफ व्या., लि. आदि	सम्बन्धित संचालक उप संचालक	निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर	क. लि. के लिए जि शि. अ., व. लि. के लिए मण्डल अधिकारी तथा का. स स्टेनो के लिए निदेशालय रखेगा
38.	पुस्तकालयाध्यक्ष (1) ग्रेड प्रथम/द्वितीय एवं तृतीय	कार्यालय संस्था/प्रधान	नियन्त्रण अधिकारी	ग्रेड प्रथम निदेशालय, द्वितीय मण्डल तृतीय जिला शिक्षा अधिकारी
	(2) जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर कार्यरत पुस्तकालयाध्यक्ष	जि. शि. अधिकारी	नियन्त्रण अधिकारी	,,

अध्याय 13

शिक्षा संस्थाओं को मान्यता प्रदान करना

(1) राज्य मे स्थित समस्त शिक्षा सस्थायें उनमे दिये जाने वाले शिक्षण के स्तर एव स्वरूप नुसार निम्नानुसार वर्गीकृत की जावेगी।

(I) (क) स्नातक तथा स्नातकोत्तर महाविद्यालय।
(ख) उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालय।
(ग) उच्च प्रार्थमिक विद्यालय।
(घ) प्राथमिक विद्यालय।
(ङ) पूर्व प्राथमिक विद्यालय।

(II) शिक्षक प्रशिक्षण सस्थाए :
(अ) वे सस्थाए जो कि स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर का प्रशिक्षण देती हो यथा एम. एड. व बी. एड।
(ब) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण सस्थाए।

(III) प्राच्य विद्या सस्थाए।
(IV) तकनीकी व व्यावसायिक सस्थाए।
(V) विशिष्ट सस्थाएं।

(2) स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यालय और एम एड, बी एड के लिए शिक्षक प्रशिक्षण ाओ को मान्यता विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाती हैं, अत: एतदर्थ प्रार्थनापत्र तत्सम्बन्धित मो के अनुसार विश्वविद्यालय को ही दिया जाना चाहिए। उच्च माध्यमिक/माध्यमिक सस्थाओ मान्यता माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रदान करता है।

(3) पूर्ववर्ती नियम सख्या 2 मे उल्लिखित सस्थाओ तथा उन सस्थाओ जिनको कि मान्यता ी सरकार द्वारा प्रदान की जाती है, को छोडकर बाकी सस्थाओ को मान्यता विभाग प्रदान ता है तथा वह मान्यता विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमो के अनुसार निम्नलिखित शर्तों पर न की जावेगी—

(I) वह सस्था एक उपयोगी शैक्षणिक उद्देश्य की पूर्ति करती है तथा विभाग द्वारा निर्धारित अथवा स्वीकृत पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण देती है।

(II) छात्रो की सख्या पाठ्यक्रम की विविधता को दृष्टि मे रखते हुए छात्रो के मानसिक, नैतिक और शारीरिक विकास के लिए न्यूनतम सुविधाए प्रदान करने के लिए सस्था के पास यथार्थ आर्थिक साधन हो।

(III) धर्म, जाति, नस्ल व वश पर आधारित भेदभाव के बिना सबको प्रवेश दिया जाता है।

(IV) व्यवस्थापक सहमत है कि वे सस्था की कार्यकुशलता को बढाने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये नियम व निर्देशो का पालन करेंगे।

(V) (क) प्रबन्ध समिति मे 15 से अधिक सदस्य नही होगे तथा उसके दो तिहाई से अधिक सदस्य किसी विशिष्ट समुदाय, जाति अथवा वर्ग के भी नही होगे।

(ख) इस समिति मे निम्नलिखित सम्मिलित होगे :—

(I) सदस्यो मे एक तिहाई दानदाताओ तथा नियमित रूप से चन्दा देने वालो मे से होगे।

(ii) सदस्यो मे कम से कम एक सदस्य अध्यापको मे से प्रतिनिधि होगा ।

(iii) एक सदस्य छात्रो के अभिभावको म से होगा ।

(iv) शिक्षा विभाग का एक प्रतिनिधि होगा ।

(v) छात्रो का भी एक प्रतिनिधि लिया जाय । छात्र ससद का प्रधानमन्त्री कार्यकारिणी समिति का पदेन सदस्य होगा ।

(ग) प्रबन्ध समिति म निम्नलिखित पदाधिकारी होगे :—

(i) अध्यक्ष	—	एक
(ii) उपाध्यक्ष	—	दो (इनम से एक व्यवस्थापक का कार्य करेगा
(iii) कोषाध्यक्ष	—	एक
(iv) सचिव	—	एक (प्रधानाध्यापक)

(v) सचिव के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी दानदाताओ म से होगे ।

(घ) अनुदान न लेने वाली सस्थाओ के लिए प्रबन्ध समिति म 15 से अधिक सदस्य नही होंगे । उनमे शिक्षा विभाग का एक प्रतिनिधि होगा ।

(vi) उस सस्था की प्रबन्ध समिति का गठन सचालक द्वारा स्वीकृत किया गया है तथा उसम बाद मे उसकी स्वीकृति के बिना कोई परिवर्तन नही होगा । यदि सचालक की राय मे स्वीकृति रोक दी जानी चाहिए तो वह आदेश प्राप्त करने के लिए उस मामले को सरकार के पास भेजेगा । सरकार उस मामले पर, यदि सम्बन्धित सस्था चाहे तो उसके प्रतिनिधि की बात सुनकर अपना आदेश देगी ।

(vii) प्रबन्ध समिति के सदस्यो मे किया गया प्रत्येक परिवर्तन विभाग को सूचित किया जावेगा ।

(viii) विद्यालय के भीतरी और बाहरी कार्य के लिए उचित भवन व खेल के मैदान बने हुए है और उनका प्रयोग शैक्षणिक कार्य के लिए ही सीमित है । वे किसी भी हालत म सम्प्रदाय तथा राजनीतिक गतिविधियो के लिए काम म नही लिया जायेगा ।

(ix) विभाग द्वारा निर्दिष्ट आवश्यकताओ के अनुसार पुस्तके, फर्नीचर तथा दूसरा सामान सस्था मे मौजूद है ।

(x) छात्रो की शारीरिक शिक्षा, मनोरजन, स्वास्थ्य के लिए उचित प्रावधान किया जाता है ।

(xi) व्यवस्थापको के लिए यह आवश्यक होगा कि वे सेवा के निर्धारित नियम, जिनम वेतन, छुट्टी, पेंशन, भविष्य निधि आदि के बारे मे शर्ते निर्धारित करेंगे। प्रत्येक अध्यापक को नियुक्ति के समय इन सब नियमो की एक प्रति मिलनी चाहिए तथा उसे विद्यालय मे सेवा करने के लिए एक अनुबन्ध करना पडेगा । अनुबन्ध मे अन्य बातो के अलावा यह प्रावधान भी होना चाहिए कि किसी कर्मचारी का पदच्युत करने पर, नौकरी से हटाने पर अथवा उसका वेतन कम करने पर वह सक्षम अधिकारी को पुनर्विचार की प्रार्थना कर सकेगा ।

निजी क्षेत्र की संस्था के कर्मचारियो का एक निर्धारित प्रपत्र पर उनके नाम आदि का उल्लेख कर प्रति वर्ष सस्था के प्रधान द्वारा सक्षम अधिकारी को भेजा जावेगा ।

(xii) संस्था अपने कर्मचारियो के लिए वे ही वेतन शृंखला निर्धारित करेगी जो कि उसी योग्यता वाले कर्मचारियो के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत है। सक्षम अधिकारी द्वारा उनमे मामूली परिवर्तन करने की अनुमति दी जा सकती है।

(xiii) संस्था के समस्त कर्मचारियो को भविष्य निधि के भुगतान किये जाने का प्रावधान किया जावेगा। सम्बन्धित कर्मचारी अपने मासिक वेतन की $6\frac{1}{4}\%$ धनराशि संस्था मे जमा करायेगे जिसके कि बराबर का अंश संस्था द्वारा भी जमा किया जावेगा। यह रकम सरकारी सिक्यूरिटीज अथवा अन्य प्रकार के कार्य (जिसमे कि बैंक मे जमा कराना भी सम्मिलित है) जो कि सक्षम प्राधिकारी उचित समझे, मे लगाई जावेगी। प्रत्येक कर्मचारी की भविष्य निधि का विवरण प्रतिवर्ष निर्धारित प्रपत्र पर भर कर सक्षम अधिकारी तथा सम्बन्धित कर्मचारी को प्रेषित किया जाना चाहिए।

(xiv) शिक्षक वर्ग मे किया गया प्रत्येक परिवर्तन, कारणो सहित सरकार को सूचित किया जावेगा।

(xv) किसी जाति विशेष के लिए दी जाने वाली शिक्षा मे छात्रो अथवा अध्यापको का उपस्थित होना आवश्यक नही है।

(xvi) संस्था मे की जाने वाली सामूहिक प्रार्थनाए जातिगत अथवा विवादाग्रस्त नही होगी।

(xvii) विभाग की पूर्व स्वीकृति बिना कोई नई कक्षा अथवा सैक्शन नही खोला जावेगा।

(xviii) प्रत्येक कक्षा अथवा सैक्शन मे छात्रो की अधिकतम संख्या विभाग द्वारा निर्धारित अंक से अधिक नही होगी।

(xix) विभाग द्वारा चाही गई सूचनायें तुरन्त तथा नियमित रूप से भेजी जाती है।

(xx) संस्था एव उसका समस्त अभिलेख हिसाब आदि निरीक्षण किये जाने तथा संचालक द्वारा अधिकृत व्यक्तियो द्वारा आडिट किये जाने के लिए प्रस्तुत है।

(xxi) अध्यापको व छात्रो के एक संस्था से दूसरी संस्था मे स्थानान्तरण के लिए विभाग द्वारा बनाये हुए नियम अथवा विभिन्न संस्थाओ के आपसी सम्बन्धो के संचालन हेतु बनाये गये नियमो का संस्था पालन करती है।

(xxii) संस्था का सामान्य वातावरण बच्चो की शिक्षा के लिए सहायक है।

(4) निदेशक चाहे तो मान्यता चाहने वाली किसी संस्था को उपरोक्त शर्तो मे से एक अथवा अधिक का पालन करने से सकारण मुक्त कर सकता हैं।

(5) संस्था को प्रदान की गई मान्यता यदि उसको प्रदान करने के एक वर्ष के भीतर-भीतर उसका उपयोग नही किया गया तो निरस्त समझी जायेगी।

(6) यदि शिक्षा निदेशक सतुष्ट हो कि वह संस्था शिक्षा के लिए उचित परिस्थितियो मे सुविधा प्रदान नही कर रही है तो वे उस संस्था की मान्यता अस्थाई तौर से निलम्बित या स्थाई तौर पर वापस कर सकते हैं।

(7) जिस संस्था की मान्यता वापस ले ली गई हो, उसे वह सुविधा तब तक पुनः नही लौटाई जावेगी जब तक कि निदेशक को सतोष नही हो जावे कि वे सब कमियां, जिनके कि कारण से मान्यता छीन ली गई थी, दूर कर दी गई है तथा अन्य सब प्रकार से संस्था निर्धारित शर्तों को पूरा करती है।

(8) यदि कोई मान्यता प्राप्त संस्था अपना अस्तित्व समाप्त कर देती है या किसी अन्य स्थान र स्थानान्तरित हो जाती है अथवा नई प्रबन्धक समिति का गठन हो जाता है तो उस संस्था की

मान्यता निरस्त हो जावेगी तथा भविष्य के लिए मान्यता के प्रश्न के लिए उसे नई सस्था माना जावेगा यदि परिवर्तन निदेशक की स्वीकृति के बिना हुआ हो ।

(9) मान्यता एक शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ से ही दी जावेगी अर्थात् 1 जुलाई से इसके लिए प्रार्थना-पत्र 31 अक्टूबर से पूर्व निर्धारित प्रपत्र मे मान्यता प्रदान करने के लिए अधिकृत अधिकारी को दे देना चाहिए ।

(10) मान्यता हेतु अधिकारियो का विवरण निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर तथा उसके अधीनस्थ अधिकारियो द्वारा निम्न प्रकार से निजी शिक्षण सस्थाओं को मान्यता दी जायेगी :[1]

क्र स	सक्षम अधिकारी	प्रवृति/सस्था प्रकार
(1)	निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा	(i) मोंटेसरी
		(ii) शोध सस्थान
		(iii) मूक बधीर विद्यालय
		(iv) प्रज्ञाचक्षु विद्यालय
		(v) सगीत सस्थायें
		(vi) एम टी सी. तथा शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय
		(vii) अन्य
(2)	उप-निदेशक, समाज शिक्षा	(i) प्रौढ शिक्षा
		(ii) पुस्तकालय एव वाचनालय
(3)	निरीक्षक, शारीरिक शिक्षा (निदेशालय)	(i) क्लब्स
		(ii) व्यायामशाला तथा अन्य खेल और शारीरिक शिक्षा सम्बन्धी प्रवृतिया ।
(4)	जिला शिक्षा अधिकारी (महिला सहित)/ वरिष्ठ उप-जिला शिक्षा अधिकारी (महिला)	(i) उच्च प्राथमिक विद्यालय[2]
		(ii) प्राथमिक विद्यालय
		(iii) बालवाडी

निजी सस्थाओं के मान्यता निरीक्षण हेतु सुझाव .[3]

(1) सस्थाओ स जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय मे 28 फरवरी तक मान्यता हेतु प्रार्थना-पत्र पहुच जाने चाहिये ।

(2) उनकी जाच जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे 31 मार्च तक पूरी हो जानी चाहिए और निरीक्षण के लिए समिति गठित की जानी चाहिए ।

(3) 30 अप्रेल से पूर्व सस्थाओ का निरीक्षण किया जाकर प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे पहु च जाना चाहिये । सम्बन्धित सस्थाओ को निर्णय की सूचना 30 अप्रेल तक रजिस्टर्ड ए. डी द्वारा दी जाए ।

(4) मान्यता शर्तों की कमियो की पूर्ति हेतु निजी सस्थाओ को दो माह का समय दिया जाए जिससे कि पूर्ति होने के पश्चात् अनुपालना प्रतिवेदन 30 जून तक आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाए ।

1. शिविरा/प्राथमिक/डी/19626/स्पेशल/73 दिनाक 16-4-1974
2. एफ 13(28) शिक्षा/ग्रुप-1/77 दिनाक 17-10-77
3. शिविरा/प्राथमिक/डी/19626/स्पेशल/73 दिनाक 16-4-74

(5) नवीन सस्थाओ के निरीक्षण हेतु जो समिति गठित की जाए उसमे एक लेखाकार को अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए।

(6) प्रथम निरीक्षण के समय ही सस्था से सम्बन्धित सभी शर्तों को सम्मिलित कर लिया जाए और किसी भी स्थिति मे हर समय नई-नई शर्तें नही लगाई जाए।

(7) निजी सस्थाओ मे मान्यता हेतु जो आवेदन पत्र आए उनम स्टाफ के नाम और योग्यता सम्बन्धी सूचना स्पष्ट दी जाए।

(8) शर्तों के सम्बन्ध मे विशेष रूप से विचार करने हेतु एक पृथक् समिति बनाई जाए ताकि पूरी समीक्षा की जा सके।

(9) निजी सस्थाओ को समय पर मान्यता हेतु जो समय सारिणी और विधिया नवीन सस्थाओ के लिए प्रस्तावित की गई है वे ही नवीनीकरण के लिए भी रखी जाए।

(10) सस्थावार पत्रावलिए सक्षम अधिकारी कार्यालय म खोली जाए जिनमे सस्था का निरीक्षण प्रतिवेदन एव अन्य आवश्यक पत्र रखे जाए।

(11) समय-समय पर विजिट तथा अचानक निरीक्षण किया जाए एव उसका अभिलेख रखा जाए।

(12) सस्कृत पाठशाला/महाविद्यालय को निम्न स्तर की ··· सस्थाओ को मान्यता निरीक्षक सस्कृत पाठशाला द्वारा दी जायेगी।

11. ऐसी सस्थाए जो शिक्षा की विशेष योजना के अन्तर्गत स्थापित हो और अपना स्वय पाठ्यक्रम चलाये उन्हे राज्य सरकार सीधे ही उनकी प्रार्थना पर अपने द्वारा निर्धारित शर्तो के आधार पर मान्यता दे सकती है।

12. उन समस्त सस्थाओं जिनको कि इन नियमो के प्रचलन से पूर्व ही राजस्थान शिक्षा विभाग अथवा देशी रियासतो के शिक्षा विभागो द्वारा मान्यता मिल चुकी, को उनके वर्तमान स्तर तक इन नियमो के अन्तर्गत भी मान्यता प्राप्त समझा जावेगा। यदि उनका स्तर बढाया गया हो, अथवा नई कक्षा खोली गई हो तो उसे इन नियमो के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त करनी पड़ेगी।

13. जब तक कि विशेष आदेश नही हो, अमान्य सस्थाओ के छात्र वे सब सुविधायें प्राप्त करन के अधिकारी नही होगे, जो कि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त सस्थाओ के छात्रो को मिलती है।

14. मान्टेसरी की मान्यता के लिए निम्नलिखित शर्तें पूरी होनी चाहिए [1]

(i) भवन—न्यूनतम दो हॉल जो प्रत्येक 400 वर्ग फिट से कम नही हो। प्रधानाध्यापिका के लिए एक कमरा, छात्रो के लिए विश्राम गृह जो 400 वर्ग फिट से कम नही हो। औसतन रूप से प्रत्येक छात्र के लिए विद्यालय मे 20 वर्गफिट का स्थान होना चाहिए।

(ii) खेल के मैदान और बगीचा—विद्यालय मे एक छोटा बगीचा और खेल का मैदान, प्रसाधन की व्यवस्था सहित होना चाहिए।

(iii) छात्र अध्यापक अनुपात 20 : 1 वाछनीय है और 50% पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण प्राप्त होने चाहिए। पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापक जैसे ही मिलते जाए शेष अध्यापक भी पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण प्राप्त लिये जाने चाहिये।

(iv) अध्यापकों की सेवा शर्तें वेतन और वेतन शृखला विभाग द्वारा निर्धारित वेतन शृखला के समान होनी चाहिए।

(v) विभागीय नियम के अनुसार व्यवस्था समिति गठित होनी चाहिए।

---

[1] ईडीबी/एसीए/बी-2/14205/33/64 दिनांक 25-8-1964

(vi) प्रत्येक पूर्व प्राथमिक विद्यालय के लिए 5 हजार रुपये का सुरक्षित कोष होना चाहिए।

(vii) विद्यालय के लिए तत्काल दो हजार रुपये के उपकरण और फर्नीचर क्रय किया जाना चाहिये। स्थायी मान्यता प्राप्त होने तक यह सामान 5000 रुपये का हो जाना चाहिये। इस पर अनुदान नही मागा जायेगा।

(viii) पूर्व प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के लिए बोर्ड का गठन शिक्षा निदेशालय द्वारा किया जायेगा और इस बोर्ड की सिफारिश पर ही मान्यता प्रदान की जायेगी।

निर्देश–मान्य विद्यालयों का नियमन :[1]

राज्य सरकार के ध्यान मे लाया गया है कि कुछ प्राथमिक विद्यालयो को उच्च प्राथमिक स्तर या अन्य उच्च स्तर की मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिवर्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत करना पडता है। इस सम्बन्ध मे यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य मे जब किसी प्राथमिक विद्यालय को उच्च प्राथमिक स्तर मे क्रमोन्नत करने की मान्यता प्रदान की जाये तो सिद्धान्तः यह मान्यता कक्षा 6, 7 एव 8 के लिए मानी जायेगी तथा ऐसे विद्यालयो को भविष्य मे पुनः पुनः प्रार्थना पत्र देने की आवश्यकता नहीं होगी, किन्तु जिला शिक्षा अधिकारी ऐसी व्यवस्था करेंगे कि प्रत्येक सत्र के माह दिसम्बर तक विद्यालय का निरीक्षण करवा लिया जाय और जनवरी के अन्त तक सम्बन्धित विद्यालय को यह सूचना दे दी जाये कि आगामी सत्र के लिए उसकी मान्यता बढाई है अथवा नही। मान्यता न बढाई जाने की स्थिति मे संस्था को यह स्पष्ट निर्देश दिया जाना चाहिये तथा वहा पढ रहे छात्रो के पास के अन्य विद्यालयो मे प्रवेश देने का प्रबन्ध जिला शिक्षाधिकारी द्वारा किया जाना चाहिये।

2. अब तक प्राथमिक विद्यालयो को उच्च प्राथमिक स्तर मे क्रमोन्नत करने की स्वीकृति तथा मान्यता देने का कार्य संयुक्त निदेशक/उप निदेशक, शिक्षा (पुरुष एव महिला) विभाग द्वारा किया जाता है किन्तु अब यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य मे (सत्र 1977–78 से) यह कार्य जिला शिक्षा अधिकारी/उप जिला शिक्षा अधिकारी (कन्या शालाये) द्वारा किया जायेगा।

3. *विद्यालय क्रमोन्नत हेतु मान्यता प्रदान करते समय ऐसा भवन पर्याप्त माना जाना चाहिए* जिसमे कि विद्यालय दो पारियो मे भी सुचारु रूप से चल सके। शहरो मे विद्यालय का स्वय का भवन न हो और अगर किराये का भी उपयुक्त भवन हो तो विभाग को मान्यता प्रदान करने मे कोई आपत्ति नही होनी चाहिये।

4. जिला शिक्षा अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि यदि प्रशिक्षित अध्यापक उपलब्ध हो तो विद्यालय मे अप्रशिक्षित अध्यापको की नियुक्ति न दी जाये। संस्था के लिए प्रशिक्षित अध्यापक उपलब्ध नही हैं, इस प्रकार का प्रमाण पत्र संस्था अधिकारी, जिला नियोजन अधिकारी से प्राप्त करके अध्यापकों को नियुक्त करने से पूर्व इसे जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करेंगे।

5. मान्यता प्राप्त संस्थाओं के लिए अध्यापको का चयन करते समय जो विभागीय प्रतिनिधि चयन समिति का सदस्य होगा वह चयन की कार्यवाही की लिखित रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करेगा। यदि वह चयन की किसी प्रक्रिया से सहमत न हो तो उसे चाहिये कि वह कारण सहित असहमति की टिप्पणी चयन की कार्यवाही के नोट पर लिख दे।

6. मान्यता प्राप्त संस्थाओं के लिए नये अध्यापको को नियुक्ति देने से पूर्व शिक्षा विभाग की अनुमति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी। इस हेतु वरिष्ठ अध्यापक पद पर नियुक्ति का अनुमोदन संयुक्त निदेशक/उप निदेशक तथा द्वितीय एव तृतीय श्रेणी के अध्यापको की नियुक्ति का अनुमोदन जिला शिक्षा अधिकारी, उप जिला शिक्षाधिकारी (कन्या शालायें) के स्तर पर किया जायेगा। इसमे यह

1. क्रमांक शिविरा/प्रा/सी/19626/20/77 दिनांक 27–10–77

ध्यान रखना आवश्यक होगा कि सस्था को अनुदान देते समय अध्यापको के वेतन, उनके पदभाहरण करने की तिथि से देय होगा न कि नियुक्ति के अनुमोदन की तिथि से।

7. प्रत्येक जिला शिक्षाधिकारी प्रतिवर्ष छात्रो की ऐसी सस्थायें जिन्हे मान्यता प्राप्ति के बाद कार्य करते हुए पाच वर्ष तथा छात्राओ की ऐसी सस्थायें जिन्हे मान्यता प्राप्ति के बाद कार्य करते हुए तीन वर्ष हो गये हो, उन्हे अनुदान सूची पर लेने की अनुशसा निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा को प्रति वर्ष दिसम्बर के अन्त तक कर दें।

8. इस वर्ष राज्य सरकार ने 1960–70 तक प्रारम्भ की हुई छात्र शालायें, 1973–74 तक प्रारम्भ की हुई छात्रा शालाओ को अनुदान सूची पर लिया है किन्तु शालाओ का निरीक्षण न होने के कारण सूची मे नही लिया जा सका। अतः जिला शिक्षाधिकारी अब ऐसी सस्थाओ की मय पूर्ण विवरण के राज्य सरकार को अगस्त के अन्त तक अवश्य भिजवा दें।

9. यह देखने मे आया है कि प्रायः जिला शिक्षाधिकारी ऐसे विद्यालयो का निरीक्षण नही करते/करवाते जो कि मान्यता प्राप्त होते हैं। यह अनुचित है। भविष्य मे जिला शिक्षाधिकारी प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय का निरीक्षण कम से कम दो वर्ष मे एक बार अवश्य करेंगे/करवायेंगे और सस्था द्वारा मान्यता की शर्तें पूरी न करने की स्थिति मे उनकी मान्यता रद्द करने की कार्यवाही करेंगे।

10. राज्य सरकार के ध्यान मे आया है कि प्रायः अनेक सहायता प्राप्त विद्यालय छात्रकोष की अलग कैशबुक नहीं रखते और छात्रकोष की राशि का जिन प्रवृतियों के लिए यह एकत्रित की जाती है, उसका अन्य कार्यों मे उपयोग किया जाता है। यह अनुचित है। अतः जिला शिक्षाधिकारी यह ध्यान रखेंगे कि प्रत्येक विद्यालय मे छात्रकोष की कैशबुक अलग रखी जाये और छात्रो से प्राप्त राशि जिस प्रवृत्ति के हेतु प्राप्त की गई, उसी प्रवृति हेतु खर्च की जाये।

———

अध्याय 14

विभागीय परीक्षायें

(1) विभागीय परीक्षायें पजीयक विभागीय परीक्षा के नियन्त्रण मे है जिसकी सहायतार्थ उप पजीयक तथा अन्य आवश्यक लिपिक वर्ग एव कर्मचारी कार्य करते हैं। वह निदेशक शिक्षा विभाग के निरीक्षणाधीन इन परीक्षाओ को लेने के प्रति उत्तरदायी हैं।

(2) वर्तमान मे निम्न विभागीय परीक्षायें ली जाती है :

(i) प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा

(ii) पूर्व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा

(iii) उद्योग शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा

(iv) शारीरिक शिक्षा प्रमाण पत्र परीक्षा

(v) शारीरिक शिक्षा डिप्लोमा परीक्षा

(vi) सगीत परीक्षायें (अ) सगीत भूषण (ब) सगीत प्रभाकर

नोट : —अब सस्कृत और आयुर्वेद परीक्षा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राजस्थान विश्व विद्यालय द्वारा ली जाती है।

(3) विभिन्न परीक्षाओ के शुल्कों की सूची परिशिष्ट–9 मे दी गई है (वर्तमान मे लागू)

(4) शारीरिक शिक्षा प्रमाण पत्र और डिप्लोमा मे कोई पूरक परीक्षा नही होती है।

(5) (अ) परीक्षा शुल्क किसी भी आधार पर वापिस नही किया जावेगा।

(ब) कोई विद्यार्थी यदि विशेष बीमारी के कारण इस परीक्षा मे नही बैठ सकता हो, जिसके लिए वह प्रविष्ट किया गया है या की गई है, तो आगामी वर्ष मे केवल परीक्षा शुल्क का चौथाई शुल्क जमा करा कर उस परीक्षा मे वह बैठ सकेगा बशर्ते कि

(i) वह परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि से 15 दिन के भीतर पजीयक के पास अपना शुल्क आगामी वर्ष की परीक्षा मे बैठने के हेतु सुरक्षित रखने हेतु आवेदन पत्र देवे।

(ii) इस आवेदन के साथ राजकीय चिकित्सा अधिकारी का रोग प्रमाणपत्र सलग्न किया जावे जिसमे उसकी बीमारी का वर्णन हो।

(6) प्रश्नपत्र बनाने वाले परीक्षक, परिणाम की सूची तैयार करने वाले व्यक्तियो की नियुक्ति निदेशक के द्वारा सगठित तीन व्यक्तियो की समिति की सिफारिश पर निदेशक द्वारा की जावेगी।

(7) (i) केन्द्रो का वितरण जहां छात्र उम्मीदवार 100 होगे या छात्राए उम्मीदवार 50 होगी वहा एक केन्द्र स्थापित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्रो की जगह का चुनाव करते समय यातायात के साधन तथा आवास कर्मचारीगण फरनीचर आदि की सुविधा को ध्यान मे रखा जावेगा।

(ii) उन शालाओ के प्रधानाध्यापक जहा परीक्षा केन्द्र स्थापित किये जायेगे, परीक्षा केन्द्र के परीक्षा अधीक्षक होगे।

(iii) केन्द्र अधीक्षक के कर्त्तव्य एव अधिकार निदशक शिक्षा विभाग की अनुमति से, पजीयक विभागीय परीक्षा द्वारा प्रसारित एक विवरण पत्र म दिये हुये हागे।

(8) विभिन्न विभागीय परीक्षाए लेने की तिथि पजीयक द्वारा निश्चित तथा प्रकाशित कर दी जावेगी।

(9) विभिन्न परीक्षाओ का पाठ्यक्रम व अध्ययन क्रम समय समय पर विभाग द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

(10) विभिन्न विभागीय परीक्षाओ म उम्मीदवारो को उत्तीर्ण करने हेतु सामान्य नियम निम्न प्रकार हागे किन्तु जब कभी आवश्यकता हो तो निदेशक अपने निर्णयानुसार इन नियमो मे सशोधन या कुछ छूट कर सकता है।

(11) (अ) **प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा तथा पूर्व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा उपस्थिति नियम 1983[1]**

शिविरा/पविप/प्र/अ/464/51/77 दिनाक 16-8-77 द्वारा प्रसारित नियमो को सशोधित एव परिवर्तित करते हुए शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा, 1983 की मुख्य तथा उसक आगे की परीक्षाओ के लिए अगले किसी आदेश अथवा नियम प्रसारण की स्थिति आने तक निम्नाकित परीक्षा तथा उपस्थिति नियम इनकी प्रसारण तिथि से लागू किये जात हैं

(i) **सम्पूर्ण परीक्षा मे उत्तीर्णता** —सम्पूर्ण परीक्षा म केवल उन्ही परीक्षार्थियो को उत्तीर्ण किया जायेगा जो सैद्धान्तिक, क्रियात्मक (कक्षा शिक्षण), प्रायोगिक काय एव समुदाय के साथ कार्य म अलग-अलग स्पष्टत उत्तीर्ण होगे।

(अ) 1984 एव उससे आगे की प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष परीक्षा से सैद्धान्तिक पक्ष म प्रत्यक विषय/प्रश्नपत्र के अन्तराकन, बाह्याकन, उस विषय/प्रश्नपत्र के योगाक तथा समस्त विषयो के वृहद योगाक म पृथक-पृथक 33 प्रतिशत न्यूनतम उत्तीर्णाक रहेग। प्रथम वर्ष के तृतीय एव चतुर्थ प्रश्नपत्र के प्रत्येक भाग म अलग अलग न्यूनतम उत्तीर्णाक रहगे।

नोट —केवल शिक्षक प्रशिक्षण प्रथम वर्ष परीक्षा 1983, म विगत वर्ष की भाति सैद्धान्तिक पक्ष म प्रत्येक विषय/प्रश्नपत्र के अन्तराकन, बाह्याकन उनके योगाक मे न्यूनतम उत्तीर्णाक पृथक पृथक 25 प्रतिशत ही रहग तथा उनके योगाक म एव समस्त प्रश्नपत्रो के वृहद योगाक म न्यूनतम उत्तीर्णाक 33 प्रतिशत रहग।

(ब) क्रियात्मक परीक्षा के अन्तराकन, बाह्याकन एव उनक योगाक म न्यूनतम उत्तीर्णाक पृथक पृथक 33% रहगे। *प्रथम वर्ष की* क्रियात्मक परीक्षा म औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षा म पृथक-पृथक इसी प्रकार (अन्तराकन, बाह्याकन व उनके योगाक म पृथक-पृथक) न्यूनतम उत्तीर्णाक 33% प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

(स) प्रायोगिक काय के प्रत्येक पक्ष म, समुदाय के साथ काय एव नैतिक शिक्षा म पृथक पृथक 33% न्यूनतम उत्तीर्णाक रहग।

---

[1] शिविरा/पविप/प्र/म/514/83 दिनाक 15-9-1983।

(ii) श्रेणी निर्धारण :

सैद्धान्तिक एव त्रियात्मक परीक्षा (कक्षा शिक्षण) मे प्रथम-वर्ष व द्वितीय वर्ष के सम्मिलित प्राप्तांको के आधार पर निम्नानुसार पृथक-पृथक श्रेणी निर्धारित की जावेगी ।

(1) 33 प्रतिशत अथवा उससे अधिक लेकिन 45 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर—तृतीय श्रेणी ।

(2) 45 प्रतिशत अथवा उससे अधिक लेकिन 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर – द्वितीय श्रेणी ।

(3) 60 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने पर—प्रथम श्रेणी ।

प्रथम वर्ष मे कोई श्रेणी नही दी जायेगी ।

(iii) केवल सैद्धान्तिक परीक्षा मे अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित रहने पर—

(1) क्रियात्मक पक्ष (कक्षा शिक्षण), प्रायोगिक कार्य, समुदाय के साथ कार्य व भौतिक शिक्षा म स्पष्टत' उत्तीण किन्तु—

(क) सैद्धान्तिक पक्ष मे प्रश्नपत्रो के बाह्याकन तथा दो स अधिक प्रश्नपत्रो के अन्तराकन मे अनुत्तीर्ण। अनुपस्थित (जो पूरक योग्य नही है) परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण घोपित होगे । ऐसे परीक्षार्थी भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप म अगली मुख्य परीक्षा म सैद्धान्तिक पक्ष की समस्त विषयो/प्रश्नपत्रो की पुन परीक्षा दे सकेंगे । अन्तराकन म अनुत्तीर्ण होने की स्थिति मे समस्त प्रश्नपत्रा के अन्तराकन की पुन कमी पूर्ति करनी होगी तभी उसे उपरोक्तानुसार आगामी परीक्षा म सम्मिलित किया जायेगा ।

(ख) सैद्धान्तिक पक्ष म समस्त प्रश्नपत्रा के बाह्याकन मे उत्तीर्ण किन्तु एक अथवा दो प्रश्नपत्रो के अंतराकन मे अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित हो तो उसे—

(1) प्रथम वर्ष की स्थिति मे द्वितीय वर्ष म प्रोन्नत कर दिया जायेगा एव द्वितीय वर्ष के साथ वाछित अतराकन की कमी पूर्ति करके अतराकन दिसम्बर माह तक पजीयक कार्यालय को प्राप्त होने पर ही परीक्षा मे सम्मिलित किया जायगा ।

(2) द्वितीय वर्ष की स्थिति म परीक्षार्थी का परिणाम रोक लिया जायेगा एव दो माह अथवा 40 कार्य दिवस के पुन. प्रशिक्षण पश्चात् अंतराकन की कमी पूर्ति करने व पजीयक को अक प्राप्त हान पर ही परिणाम घोपित किया जायेगा ।

(ग) यदि एसा कोई परीक्षार्थी लगातार तीन मुख्य परीक्षाओ तक भी वैसा न कर सके या उत्तीर्णता प्राप्त न कर सके तो उसका उक्त प्रशिक्षण और परीक्षा (प्रथम/द्वितीय वर्ष जो भरे हो) स्वत निरस्त हो जायगी ।

(iv) क्रियात्मक परीक्षा (कक्षा शिक्षण) मे अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित रहने पर ·

(1) सैद्धान्तिक पक्ष, प्रायोगिक काय, समुदाय क साथ कार्य एव नैतिक शिक्षा म स्पष्टत उत्तीर्ण किन्तु त्रियात्मक पक्ष (कक्षा शिक्षण के बाह्याकन तथा/अथवा अन्तराकन म अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित परीक्षार्थी को अनुत्तीर्ण घोपित किया जायगा ।

(क) यदि कोई परीक्षार्थी प्रथम वर्ष के क्रियात्मक अनौपचारिक शिक्षण म (अतराकन तथा/अथवा बाह्याकन म अनुत्तीर्ण किन्तु औपचारिक म (अतराकन व बाह्याकन मे पृथक पृथक) उत्तीण होने पर उसे द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण के साथ सम्पूर्ण अनौपचारिक शिक्षण सम्बन्धी कार्य प्रथम वर्ष क परीक्षार्थियो क साथ पूण कर परीक्षा म उत्तीर्ण अक प्राप्त करन होगे। ऐसे छात्रा को प्रथम वर्ष पूर्ववर्ती का आवेदनपत्र भी पृथक से भरना होगा तब उसम उत्तीणता प्राप्त करन पर ही द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित किया जायेगा। इस प्रकार प्राप्त नये अक श्रेणी निर्धारण म जोडे जायेगे।

(ख) यदि वह परीक्षार्थी प्रथमवर्ष के औपचारिक शिक्षण म अनुत्तीर्ण हो तो उसे द्वितीय वर्ष म प्रवेश न दिया जाये बल्कि अगत्र वर्ष (पूवतता परीक्षार्थी के रूप मे उस तीन माह की अवधि का क्रियात्मक पक्ष (अतराकन तथा बाह्याकन दानो) का नियमित परीक्षार्थियो के साथ सस्था म पुनराम्यास कराया जाय। उसकी क्रियात्मक (बाह्य) परीक्षा अगली मुख्य परीक्षा के साथ होगी जिसके लिए उसे पृथक स आवेदनपत्र भरना होगा। सस्था द्वारा नियमित छात्रो के साथ ही उस पूर्ववर्ती परीक्षार्थी के भी सम्पूर्ण क्रियात्मक अतराकन पजीयक को भिजवाये जायेंगे और उसकी क्रियात्मक परीक्षा नये सिरे स होगी एव ये ही प्राप्ताक श्रेणी निर्धारण म नये जोडे जायंगे।

(ग) यदि वह परीक्षार्थी द्वितीयवर्ष का है तो उसे ऊपर (1)(ख) की तरह सस्था मे द्वितीयवर्ष मे नये सिरे से क्रियात्मक पक्ष का (अतराकन एव बाह्याकन दोनो) पुनराभ्यास करना होगा और नये सिरे से आवेदनपत्र भरकर पुन सम्पूर्ण क्रियात्मक परीक्षा देनी होगी।

(2) यदि ऐसी कोई परीक्षार्थी लगातार तीन मुख्य परीक्षाओ तक भी वैसा न कर सके या उत्तीर्णता प्राप्त न कर सके तो उसका उक्त प्रशिक्षण और परीक्षा (प्रथम अथवा द्वितीय वर्ष जो भी हो) स्वत निरस्त हो जायेगी।

(3) केवल क्रियात्मक पुन परीक्षा देने वाले छात्रो को अलग से आवेदनपत्र भरना होगा और उनकी उस सम्बन्धी अकतालिका म केवल क्रियात्मक परीक्षा के अक ही प्रविष्ट किये जायग।

(४) *प्रायोगिक कार्य तथा समुदाय के साथ कार्य एव नैतिक शिक्षा मे अनुत्तीर्ण होने पर*

(1) प्रायोगिक कार्य समुदाय के साथ काय व नैतिक शिक्षा के अको को अकतालिका मे पृथक् पृथक् दर्शायें जायेगे तथा उसम उत्तीर्ण तथा अनुत्तीर्ण का भी उल्लेख किया जायेगा। प्रमाण पत्रो म ग्रेडिंग (योग्यता स्तर) न देकर कवल उत्तीर्णता का उल्लख किया जायेगा।

(2) यदि कोई परीक्षार्थी प्रथमवर्ष म सैद्धातिक पक्ष व क्रियात्मक पक्ष (कक्षा शिक्षण) मे स्पष्टत उत्तीण हो किन्तु प्रायोगिक काय के किसी पक्ष अथवा समुदाय के साथ काय या नैतिक शिक्षा मे निर्धारित न्यूनतम उत्तीण क प्राप्त न कर सके तो उस सम्बधित पक्ष, कार्य जिसम कि वह अनुत्तीर्ण रहा है, उसकी कमी द्वितीयवर्ष के प्रशिक्षण के साथ अधिकतम दिसम्बर माह तक पूरी करनी होगी। सम्बन्धित सस्था प्रधान उसके द्वारा किये गये कार्य का प्रमाणीकरण व कमी पूर्ति का प्रमाण पत्र तथा नये सिरे से प्राप्त अतराकन पजीयक कार्यालय को उसके तुरन्त पश्चात् प्रेषित करेगे। यदि छात्र प्रायो-

गिक कार्य के किसी पक्ष म निर्धारित न्यूनतम उत्तीर्णांक फिर भी प्राप्त न कर सक तो ऐसी स्थिति म उसक द्वितीयवप का ग्रावदनपत्र स्वीकार नही किया जायगा । इसके प्रथमवर्ष की ग्र कतालिका भी उक्त कमी पूर्ति करने के पश्चात् ही जारी की जायगी व परिणाम भी कमी पूर्ति करने की तिथि से प्रभावी होगा ।

(3) (क) यदि ऐसा कोई परीक्षार्थी द्वितीयवप का हो तो उसका द्वितीयवर्ष का परीक्षा परिणाम तब तक घोपित नही किया जायगा जब तक की यह सम्बंधित प्रायोगिक काय ग्रथवा समुदाय क साथ काय मे कमी पूर्ति कर निर्धारित न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त न करलें । इनका परिणाम प्रथम वप क परीक्षार्थियो की भाति ही सस्था प्रधान द्वारा इनके काय का प्रमाणीकरण कमी पूर्ति का प्रमाण पत्र व नये सिरे से ग्र क प्राप्त होने के पश्चात् ही घोपित किया जायेगा ।

(ख) सस्था प्रधान ग्रौर परीक्षार्थी की स्वय की जिम्मदारी होगी कि वह परीक्षार्थी माह तक या स्पष्टत 40 काय दिवसो तक सस्था म पुन उपस्थिति देकर ग्रपन काय की कमी पूर्ति करल ग्रौर कमी पूर्ति का प्रमाण पत्र पजीयक कार्यालय को कमी पूर्ति होत ही भिजवा दिया जाय । कमी पूर्ति का प्रमाण पत्र ग्र क सहित परिणाम घोपणा की तिथि से तीन वप की भीतर न प्राप्त हो तो उस परीक्षार्थी का उक्त प्रशिक्षण एव परीक्षा स्वत िरस्त मानी जायगी ।

(vi) पूरक योग्य

(1) पूरक योग्य उसी परीक्षार्थी को घोपित किया जायेगा जो सैद्धातिक पक्ष के केवल एक विपय, प्रश्नपत्र के बाह्याकन मे ग्रनुत्तीर्ण, ग्रनुपस्थित हो तथा उस प्रश्नपत्र के ग्रन्तराकन सहित शेप समस्त प्रश्नपत्रो के बाह्ययाकन व ग्रन्तराकन सैद्धान्तिक वृहद योगाक मे की क्रियात्मक परीक्षा (कक्षा शिक्षण) प्रायोगिक काय समुदाय के साथ काय व नैतिक शिक्षा म स्पष्टत उत्तीर्ण हो ।

(2) प्रथम वर्ष के तृतीय तथा चतुर्थ प्रश्नपत्रो म जिस भाग के प्रश्नपत्र के बाह्ययाकन म परीक्षार्थी ग्रनुत्तीर्ण ग्रथवा ग्रनुपस्थित रहता है कवल उसी भाग म उस पूरक योग्य घोपित किया जायगा न कि सम्पूर्ण प्रश्नपत्र म यदि काई छात्र इन प्रश्नपत्रो क दोनो भागो म ग्रनुत्तीर्ण रहता है तो उस उन दोनो भागो म पूरक योग्य घोपित किया जायेगा ।

(3) (क) पूरक परीक्षा योग्य घोपित परीक्षार्थियो को पूरक विपय म उत्तीर्णता प्राप्त करने हेतु दो लगातार ग्रवसर प्राप्त होगे पहला सम्भवत सितम्बर ग्रक्टूबर म ग्रायोजित पूरक परीक्षा म ग्रौर दूसरा ग्रगली मुख्य परीक्षा के साथ सम्भवत मई म । ऐसा परीक्षार्थी यदि पूरक के दो ग्रवसर म पुन ग्रनुत्तीर्ण हो गया तो वह उस परीक्षा के सैद्धातिक पक्ष म स्वत ग्रनुत्तीर्ण माना जायगा ।

(ख) ऐस परीक्षार्थियो को पूरक के दो ग्रवसरो क ग्रतिरिक्त पूववर्ती व रूप म प्रविष्ट होन के लिए केवल दो ही लगातार ग्रवसर प्राप्त होग ।

(ग) चाहे किसी भी कारण स इन ग्रवसरो का लाभ न उठा सकने के परिणामो की जिम्मदारी परीक्षार्थी की होगी ।

(घ) पूरक परीक्षा का ग्रावदन पत्र भरकर परीक्षा म न बैठन पर इस सम्बन्ध म शुल्क का कोई भावी ग्रारक्षण नही होगा ।

(4) यदि पूरक योग्य परीक्षार्थी प्रथम वर्ष का हो तो ।

(क) उस द्वितीयवर्ष प्रशिक्षण म अस्थाई प्रवेश की स्वीकृति इस शत पर दी जा सकती है कि प्रथमवर्ष की पूरक परीक्षा के प्रथम अवसर म अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित रहने पर उसका द्वितीयवर्ष प्रशिक्षण का अस्थाई प्रवेश स्वत निरस्त हो जायगा।

(ख) उसे द्वितीयवर्ष परीक्षा मे तब तक प्रवेश नही मिलेगा जब तक वह प्रथमवर्ष की पूरक परीक्षा म उत्तीर्णता प्राप्त न करले ।

(vii) अनिवार्य योग्यता गणित परीक्षा

अनिवार्य योग्यता गणित सम्बन्धी नियम को लोपित किया जाता है ।

(viii) अन्तोत रुके हुए परीक्षा परिणामो एव नियम विरुद्ध प्रवेश की निरस्तीकरण आदि

(1) जिन परीक्षार्थियो का परीक्षा परिणाम किसी कारण से रोक लिया जावे उन्हे परिणाम घोषित होने के तीन वर्ष के भीतर निपटाने का अवसर दे दिया जावेगा और तब भी सतोषजनक पूर्ति का प्रमाण न मिलने पर उन्हे तत्काल प्रभाव से निरस्त माना जावेगा।

(2) यदि कोई छात्र परीक्षा मे नियम विरुद्ध प्रविष्ट हो जाय तो उसकी परीक्षा को नियम विरुद्ध घोषित करके उसे निरस्त कर दिया जावेगा ।

(3) जिन परीक्षार्थियो को प्रथम वर्ष म रही कमी पूर्ति द्वितीयवर्ष प्रशिक्षण के साथ पूर्ण करने की छूट दी गई है (यथा स्थान दिये गये प्रावधान के अनुसार) उस प्रथमवर्ष की अकतालिका सम्बन्धित कमी पूर्ति करने के पश्चात् ही जारी की जायगी व परिणाम भी कमी पूर्ति करने की तिथि स प्रभावी होगा ।

(ix) उपस्थिति नियम

(1) सामान्य उपस्थिति का नियम स्थाई आदेश 22/66 म परिवतन सहित 75 प्रतिशत ही यथावत रहेगा ।

(2) निर्धारित 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने की स्थिति म वसे परीक्षार्थियो को निम्नानुसार छूट दी जा सकेगी —

(क) प्रधानाचार्य यदि योग्य समझे तो तीन प्रतिशत तक की छूट दे सकगे और पजीयक को छूट देने की सकारण सूचना तुरन्त देगे ।

(ख) यदि किसी परीक्षार्थी की उपस्थिति बीमारी के कारण कम होती है तो सबधित जिला शिक्षा अधिकारी चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर छ प्रतिशत की छूट स्वीकृत कर सकते हैं ।

(ग) इसके बाद भी दो प्रतिशत तक की छूट देने का अधिकार पजीयक के पास सुरक्षित रहेगा । पजीयक यह छूट उसी स्थिति मे देगे जबकि प्रधानाचार्य द्वारा छात्र के हित मे उपयुक्त अभिशषा की गई हो और वह सतोषजनक हो ।

(3) किसी भी स्थिति म पूरी छूट का लाभ देने के बाद 64 प्रतिशत से कम उपस्थिति का कोई मामला पजीयक कार्यालय को सदर्भित न किया जाय बल्कि उसे सस्था स्तर पर ही परीक्षा से वचित होने की सूचना दे दी जाय ।

(4) उपस्थिति की गणना सत्र म दो बार की जायेगी —

(क) एक अगस्त अथवा कक्षाए प्रारम्भ होने के प्रथम दिन स फरवरी के अन्त तक पहली बार उपस्थिति गणना करके छात्रो की वास्तविक उपस्थिति की सूचना मार्च के प्रथम सप्ताह म पजीयक कार्यालय को भेजी जायेगी ।

(ख) उपस्थिति की दूसरी गणना एक अगस्त अथवा कक्षाएं प्रारम्भ होने के प्रथम दिन से 15 अप्रेल अथवा सैद्धांतिक परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि से 15 दिन पूर्व तक के समय की, की जाय। उपरोक्त नियम 9(2) के (क) तथा (ख) के अधीन छूट देने के बाद और (ग) के अधीन सिफारिश करने के बाद भी 64 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थी को तत्काल ही सैद्धांतिक परीक्षा से वंचित कर दिया जाय, भले ही पंजीयक कार्यालय से उसे नामांकन आवंटित हो गया हो। वंचित करने की सूचना तार से पंजीयक कार्यालय को भेजी जाय। वैसे वंचित छात्र की क्रियात्मक परीक्षा भी यदि उसने देदी हो तो वह स्वतः निरस्त हो जायेगी।

(ग) दूसरी उपस्थिति की सूचना 16 अप्रेल अथवा उपस्थिति की गणना के अंतिम दिन दिवस के दूसरे दिन हर हालत में निर्धारित प्रपत्र में पंजीयक कार्यालय के लिए रवाना कर दी जानी चाहिए।

(घ) *यदि किसी कारणवश प्रधानाचार्य 64 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थी* को परीक्षा में सम्मिलित करले तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति बनेगी और उसकी परीक्षा नियम 8(2) के अन्तर्गत स्वतः निरस्त हो जायेगी।

(ii) (ब) संगीत परीक्षाएं :

निदेशक प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर की स्वीकृति पूर्वक संगीत संस्थाओं में सत्रावधि, प्रवेश, शिक्षण काल, स्थानीय परीक्षा तथा अन्य सम्बन्धित नियम जारी किये जाते हैं।[1]

ये नियम जुलाई, 1977 से प्रभावी होंगे।

1. सत्र की अवधि :

(i) सत्र की अवधि 1 जुलाई से 15 मई तक (अन्य विद्यालयों की भांति) रहेगी।

(ii) *क्रियात्मक परीक्षा माह अप्रेल के अन्त में होगी।*

(iii) सैद्धान्तिक परीक्षा मई के प्रथम सप्ताह में होगी।

2. प्रवेश की अन्तिम तिथि

(i) संस्थाओं में प्रवेश की अन्तिम तिथि 31 जुलाई होगी।

(ii) इसके बाद 15 अगस्त तक निदेशक महोदय की पूर्व स्वीकृति पूर्वक अपवाद स्वरूप *ही प्रवेश दिये जा सकेंगे।*

(उपरोक्त बिन्दु 1 व 2 के क्रम में शिक्षा निदेशालय के परिपत्र क्रमांक शिविरा/माध्यमिक बी-1/22736/123/76-77 दिनांक 20-3-77 भी जारी किया जा चुका है)

3. प्रवेश नियम

(i) कोई विद्यार्थी यदि विभागीय संगीत भूषण संगीत प्रभाकर या संगीत निपुण के समकक्ष *मान्य परीक्षा अन्य बोर्ड या विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण हो एवं उसी स्तर की विभागीय परीक्षा* में सम्मिलित होना चाहे तो उसे उस परीक्षा के अन्तिम वर्ष में (नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थी के रूप में) सम्मिलित किया जा सकता है।

नोट : समकक्षता सूची बाद में अलग से प्रकाशित की जायेगी।

(ii) यदि कोई परीक्षार्थी किसी विभागीय संगीत परीक्षा उत्तीर्ण हो, किन्तु श्रेणी सुधार हेतु पुनः उसी परीक्षा में सम्मिलित होना चाहे तो उसे श्रेणी सुधार हेतु पुनः उसी

1 शिविरा/पविप/प्र/द/637/76-77/33-34 दिनांक 22-6-77।

परीक्षा का अवसर दिया जा सकता है किन्तु उस परीक्षार्थी का पहला परिणाम प्रवेश से पूर्व ही निरस्त होगा और नया परिणाम ही मान्य होगा, ऐसी घोषणा छात्र को आवेदन पत्र के साथ देनी होगी और उक्त परीक्षा के अपने मूल प्रमाणपत्र तथा मूल अकतालिकाए भी आवेदन पत्र के साथ ही पजीयक कार्यालय को समर्पित कर देनी होगी।

(iii) यदि कोई विद्यार्थी विभागीय सगीत परीक्षा किसी एक विषय में उत्तीर्ण है और वह पुनः उसी परीक्षा के किसी अन्य विषय मे उत्तीर्ण करना चाहे (जैसे गायन मे उत्तीर्ण परीक्षार्थी सितार व तबला या अन्य किसी विषय मे सम्मिलित होना चाहे) तो उसे वैसा अवसर दिया जा सकेगा। मगर स्वयपाठी परीक्षार्थी के लिए ऐसा कोई प्रावधान नही होगा।

नोटः-(i) यह नियम तभी प्रभावी होगा जब पाठ्यक्रम मे सुधार होकर सगीत भूषण के पाठ्यक्रम मे प्रथम दो वर्षों तक एक मुख्य व एक गौण विषय रखे जाए गे और तृतीय वर्ष मे मुख्य विषय केवल एक ही रखा जाकर दूसरी बार अतिरिक्त परीक्षा उसी विषय मे देने की अनुमति देने का प्रावधान किया जाएगा जिसे कि वह पहले दो वर्षों मे पढ चुका है।

(ii) पाठ्यक्रम मे परिवर्तन की सूचना पहुचने के बाद ही सस्थाओ को इस पर अमल करना चाहिए।

(iv) बी. ए. सगीत सहित उत्तीर्ण परीक्षार्थी को जैसे प्रभाकर द्वितीय वर्ष मे प्रवेश दिया जा सकता है वैसे ही एम. ए. सगीत सहित उत्तीर्ण परीक्षार्थी को निपुण द्वितीय वर्ष मे प्रवेश दिया जा सकता है।

(v) बी. ए. सगीत सहित उत्तीर्ण परीक्षार्थी को नियमित परीक्षार्थी के रूप मे जैसे प्रभाकर द्वितीय वर्ष मे प्रवेश दिया जाता है वैसे ही बी. ए. सगीत सहित उत्तीर्ण स्वयपाठी परीक्षार्थी भी (नियमित की भाति) प्रभाकर प्रथम वर्ष के स्थान पर प्रभाकर द्वितीय वर्ष मे प्रवेश प्राप्त कर सकता है।

(vi) सगीत भूषण परीक्षा मे एक वर्ष के अध्यापन अनुभव अथवा अभ्यास सबधी किसी वरिष्ठ अध्यापक या सस्था प्रधान के प्रमाण-पत्र के आधार पर सम्मिलित होने वाले स्वयपाठी परीक्षार्थियो को उसके साथ-साथ न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी राजकीय विद्यालय अथवा शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय के आठवी कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

(vii) भूषण तृतीय वर्ष मे स्वयपाठी परीक्षार्थी के रूप मे सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियो को नियमित की भाति ऐच्छिक विषय सगीत सहित सैकेण्डरी परीक्षा उसी विषय मे उत्तीर्ण होना आवश्यक है जिस विषय की परीक्षा मे वह प्रवेश प्राप्त करना चाहता है।

4. संस्थाओ का कार्यकाल, समय विभाजन एवं कालाश

समस्त सगीत सस्थाओ का कार्यकाल, पाच घटे प्रतिदिन होगा। कार्यकाल के मध्य 30 मिनट का विश्राम होगा। परीक्षावार कालाश विभाजन निम्न प्रकार से होगा तथा प्रत्येक कालाश 45 मिनट का होगा:—

परीक्षा	न्यूनतम कालांश प्रति दिन
सगीत भूषण (प्रथम वर्ष से तृतीय वर्ष)	2 कालाश
सगीत प्रभाकर (प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष)	3 कालाश
सगीत निपुण (प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष)	4 कालाश

इस निर्धारित कालाशो मे उपस्थित रहने पर ही उस दिन की उपस्थिति लगाई जाएगी।

5. स्थानीय परीक्षाग्रो के नियम :

समस्त सगीत सस्थाग्रो की स्थानीय परीक्षाग्रो मे एकरूपता रहे इस हेतु स्थानीय सगीत भूषण प्रथम वर्ष एव द्वितीय वर्ष की परीक्षाग्रो के नियम निम्नानुसार होगे :—

प्रश्नपत्र पूर्णांक व न्यूनतम उत्तीर्णांक

(1) भूषण तृतीय वर्ष की परीक्षा की भाति ही रहेगे।

(2) स्थानीय परीक्षा मे पूरक परीक्षा नही होगी।

(3) कोई कृपाक नही होगा।

(4) विद्यालयी नियमो की भाति वर्ष मे दो टैस्ट (पहला ग्रक्टूबर माह मे तथा दूसरा मार्च मे) तथा एक ग्रर्द्ध वार्षिक परीक्षा (जनवरी माह मे) व एक वार्षिक परीक्षा (मई माह) मे होगी।

(5) पूर्णांको का ग्रधिभार निम्नानुसार होगा:—

वार्षिक	50%
ग्रर्द्ध वार्षिक	30%
दो टैस्ट	20%

(6) सस्था उत्तीर्ण छात्रो को बाकायदा ग्रकतालिका जारी करेगी जिन्हे विभागीय परीक्षा के ग्रावेदन-पत्र के साथ लगाया जाए।

(7) परीक्षा के स्थानीय परीक्षा का वार्षिक परिणाम घोषित होते ही छात्र वार वर्ष वार पृथक् पृथक् परिणाम सूचना पजीयक कार्यालय को निम्नलिखित प्रपत्र मे प्रेषित की जाए:—

परीक्षा का नाम:—भूषण (प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष) परीक्षा 19

क्र स.	नामाक	परीक्षार्थी का नाम	पिता का नाम	सगीत विषय	परिणाम
1	2	3	4	5	6

6. पाठ्यक्रम सबंधी ग्रस्पष्टताएं :

(1) सगीत प्रभाकर (गायन) द्वितीय वर्ष प्रायोगिक के पाठ्यक्रम के साथ ग्रकित वाक्य "पिछले पाठ्यक्रम सहित" को विलोपित समझा जाए।

(2) पाठ्यक्रम की पृष्ठ सख्या 25 मे पैरा न. 4 मे नीचे से तीसरी पक्ति मे ग्र तिम शब्द "विद" यह ग्रनावश्यक रूप से टक्रण की गलती के कारण ग्र कित है जिसे विलोपित समझें।

(3) पाठ्यक्रम के पृष्ठ सख्या 42 मे बिन्दु क्र. मे उल्लेखित "कलाकारो की जीवनियां ग्रपेक्षित है। "जीवनियो" यह शब्द टकन की त्रुटि से रह गया है जिसे सम्मिलित किया जाए।

7. ग्रन्य नियम :

वर्तमान नियम 15 (5) के वाक्य तीन मे ' नियमित" की जगह "पूर्ववर्ती" पढ़ा जाए।

संगीत परीक्षाएं संगीत भूषण उत्तीर्ण नियम :

1. सैद्धातिक एव प्रायोगिक परीक्षा मे प्रत्येक मे पृथक्-पृथक् 36 प्रतिशत न्यूनतम उत्तीर्णांक ग्रनिवार्य है।

2. क्रियात्मक मे 40 प्रतिशत न्यूनतम उत्तीर्णांक हैं।

(2) शारीरिक प्रक्रियाए　　　50 %
(3) पाठय प्रक्रिया एव
ग्राफिसिएटिंग　　　50 %

सैद्धांतिक विषय के लिए निर्धारित प्रश्नपत्र म भी न्यूनतम 30 प्रतिशत ग्रक प्राप्त करना परीक्षा म उत्तीर्ण होने के लिए ग्रावश्यक है। सफल विद्यार्थियो की श्रेणी निम्नलिखित ग्रक प्राप्त करन क ग्राधार पर निश्चित की जावेगी

(1) उपर्युक्त न्यूनतम प्राप्ति ग्रथवा 50 % से कम　तृतीय श्रेणी।
(2) 50% ग्रथवा ग्रधिक लेकिन 60% से कम　द्वितीय श्रेणी।
(3) 60% ग्रथवा ग्रधिक　प्रथम श्रेणी।
(4) 75% ग्रथवा ग्रधिक　विशिष्ट योग्यता श्रेणी।

प्रत्याशी को वार्षिक परीक्षा म प्रवेश की ग्रनुमति उसी समय प्रदान की जावेगी जब वह निम्नलिखित ग्रावश्यक नियमा की पूर्ति करेगा

(ग्र) पजीयक विभागीय परीक्षायें बीकानेर द्वारा निर्धारित ग्रावश्यक उपस्थिति की पूर्ति करना ग्रनिवार्य है।

(ब) ग्रान्तरिक परीक्षा क तीनो भागो म न्यूनतम ग्रको का प्रतिशत प्राप्त करना ग्रावश्यक है। ग्रान्तरिक परीक्षाग्रो का प्रतिशत वार्षिक परीक्षा क निए निर्धारित ग्रको के प्रतिशत के समान होगा।

(स) परीक्षा बोर्ड/सस्था ग्रतिम परिणाम का समुचित तथा परिमित करने के लिए एक परिमित समिति का गठन कर सकती है।

परीक्षा क तीनो भागा म ग्रनुत्तीर्ण होने वाल प्रत्याशी का ग्रग्रिम वार्षिक परीक्षा के तीनो भागो म बठना ग्रनिवार्य होगा।

परीक्षा के प्रथम या तृतीय दोनो भागो म ग्रनुत्तीर्ण होन वाले प्रत्याशी को सिर्फ उन्ही भागो म परीक्षा देनी होगी जिनम वह ग्रनुत्तीर्ण हुग्रा है।

परीक्षा के द्वितीय भाग म ग्रनुत्तीर्ण होन वाल प्रत्याशी को प्रायोगिक काय की सभी प्रक्रियाग्रो का परीक्षण देना होगा।

द्वितीय ग्रथवा तृतीय ग्रथवा दोनो भागो म ग्रनुत्तीर्ण होने वाल प्रत्याशी को सत्र के किसी भी एक टम म ग्रान्तरिक परीक्षण देन हतु सस्था म प्रवेश लना ग्रनिवार्य होगा।

(12) सस्कृत एव ग्रायुर्वेद परीक्षायें —ग्रध्ययन हेतु पाठयक्रम प्रवेश पाने हेतु योग्यता उत्तीर्ण करने के लिए नियम ग्रादि ग्रलग स जारी किय गये पाठयक्रम के ग्रनुसार होग जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड व राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया जावगा।

(13) सभी परीक्षाग्रो क प्रत्यक प्रश्नपत्र क स्थान समय दिनाक ग्रादि का पूर्ण कायक्रम पजीयक द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के एक माह पूव घोषित कर दिया जावेगा।

(14) सभी परीक्षाग्रो क लिए ग्रध्ययन क्रम व पाठयक्रम प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्रो की सस्या तथा प्रत्यक विषय या प्रश्नपत्र क निए निर्धारित ग्रक तथा विशेष नियम एव निर्देश जिनका उल्लेख इस कोड क प्रावधाना म नही किया गया है व सब निदेशक द्वारा जारी किय जायेंगे यदि वे पहल इस रूप म प्रकाशित नही किय गय हो जैसा कि वह चाहता है।

(15) (1) ग्राधुनिक भारतीय भाषाग्रो म दिय गये प्रश्नपत्रो का उत्तर सम्बन्धित भाषाग्रो म ही दिया जावगा। कवल किसी विशेष प्रश्न या प्रश्न क ग्रश म या जब तक

परीक्षक द्वारा अन्य भाषा का प्रयोग नही चाहा गया हो तो वहा उस भाषा का प्रयोग किया जावेगा ।

(2) विदेशी भाषा के प्रश्नपत्र का उत्तर सबधित भाषा मे दिया जावेगा । यदि परीक्षक द्वारा अन्य भाषा मे उत्तर वाछित हो तो उस भाषा मे ही दिया जावेगा ।

(3) बाकी विषयो के प्रश्नपत्रो का उत्तर हिन्दी मे दिया जावेगा ।

(16) जो अभ्यार्थी या उम्मीदवार राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण सस्थाग्रो मे छात्र के रूप मे प्रविष्ट होगे वे शिक्षक प्रशिक्षण मे प्रविष्ट किये जावेंगे यदि उन्होने परीक्षा सम्बन्धी पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया है तथा उन परीक्षाग्रो के पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित व्यवहारिक कार्यपूर्ण कर लिया है ।

(17) सस्कृत आयुर्वेदिक परीक्षाग्रो के छात्रो का प्रवेश इन परीक्षाग्रो हेतु निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार किया जावेगा ।

(18) पजीयक द्वारा ली जाने वाली अन्य परीक्षाग्रो के लिए प्रवेश समय समय पर जारी किये गये इस सहिता के प्रावधानो के अन्तर्गत नियमानुसार होगा ।

(19) मुख्य परीक्षक, प्रश्नपत्र बनाने वाले, परीक्षक, टेबुलेटर्स चैकर्स तथा परीक्षा केन्द्रो के अधीक्षको का पारिश्रमिक निदेशक द्वारा निश्चित किया जावेगा ।

(20) परीक्षायें लेते समय उसकी उचित गोपनीयता, दक्षता आदि की ओर रजिस्ट्रार को विशेष रूप से सतर्क रहना पडेगा । प्रश्नपत्र बनाने वाले परीक्षक टेबुलेटर्स आदि के नामो की अत्यन्त गोपनीयता रखनी पडेगी तथा प्रश्नपत्र रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा भेजे जाने चाहिये । पजीयक या एक उप पजीयक प्रेस मे प्रूफ शोधन हेतु रहेगा जिससे कि उसकी गोपनीयता रह सके । सभी परीक्षा प्रश्नपत्र आदि पजीयक के पास सुरक्षित रहेगे जब तक कि वे सम्बन्धित केन्द्रो पर बीमायुक्त डाक पार्सल द्वारा नही भेज दिये जाते हैं । पजीयक के लिए ऐसे प्रश्नपत्रो को छपवाने के लिए टेण्डर आमन्त्रित करना आवश्यक नही होगा क्योकि प्रश्नपत्रो का अपना पूर्ण रूपेण पजीयक के जिम्मे रहेगा । इसलिए इस सम्बन्ध मे अपनी इच्छानुसार कार्य करने के लिए वह पूर्ण स्वतन्त्र है ।

विभागीय परीक्षाग्रो से सम्बन्धित अन्य विषय मे जिसका ऊपर वर्णन किया गया है रजिस्ट्रार को निदेशक से मार्ग प्रदर्शन एव निर्देशन प्राप्त करना चाहिये तथा उसे सभी आदेशो का पालन करना चाहिये जो निदेशक द्वारा समय समय पर जारी किये गये हो ।

अध्याय 15

संस्कृत एवं आयुर्वेद शिक्षा

(1) वर्गीकरण राजस्थान में वर्तमान संस्कृत संस्थाओं को सामान्यतः निम्न वर्गों में विभाजित किया जा सकता है :

(अ) प्रवेशिका तथा उपाध्याय स्तर तक पाठ्यक्रम की शालायें ।

(ब) शास्त्री एवं आचार्य परीक्षाओं के लिये उम्मीदवारों को अध्ययन कराने वाले संस्कृत विद्यालय ।

(2) नियंत्रण केवल संस्कृत विद्यालय जयपुर, अलवर एवं उदयपुर के अतिरिक्त सभी शिक्षण संस्थायें विभाग के नियन्त्रणाधीन हैं तथा संस्कृत पाठशाला के निरीक्षक द्वारा उनका प्रबन्ध किया जाता है । निरीक्षक को उप निरीक्षकों द्वारा सहायता दी जाती है ।

(3) संस्कृत महाविद्यालय जयपुर, उदयपुर एवं अलवर सीधे सरकार के अधीन कार्य करते हैं तथा सचिव, शिक्षा विभाग राजस्थान से उनका सीधा पत्र व्यवहार रहता है ।

नोट अब संस्कृत शिक्षा के लिए अलग से निदेशालय स्थापित हो गया है ।

(4) किसी भी संस्कृत संस्था में कोई भी शुल्क वसूल नहीं किया जाता है तथा गरीब एवं योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति सहायता के रूप में दी जाती है ।

(5) अन्य शिक्षण संस्थाओं का जो समय, अवकाश एवं छुट्टियां रहती हैं वे सभी इन संस्कृत संस्थाओं में रहेंगी । सक्षम अधिकारी द्वारा जब कोई आदेश नहीं दिया जाता है तब तक कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है ।

(6) पंजीयक निम्न परीक्षायें लेता है

प्रवेशिका, उपाध्याय, शास्त्री तथा आचार्य । प्रवेशिका के अध्ययन का पाठ्यक्रम दस वर्ष का होता है । एक व्यक्ति के प्रवेशिका परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने पर उसे उपाध्याय परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु दो वर्ष तक अध्ययन करना पड़ेगा तथा इस प्रकार जो शास्त्री परीक्षा में प्रविष्ट होगा उसे उपाध्याय उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो वर्ष तक अध्ययन करना पड़ेगा । एक शास्त्री को आचार्य परीक्षा में प्रवेश होने से पूर्व 3 वर्ष तक अध्ययन करना पड़ेगा । इस प्रकार आचार्य परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु कम से कम 17 वर्ष का पूर्ण समय होना अनिवार्य है ।

नोट प्रवेशिका, उपाध्याय की परीक्षा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और इससे उच्च परीक्षा राजस्थान विश्व विद्यालय द्वारा ली जाती है । अध्ययन अवधि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित है ।

(7) सभी संस्कृत संस्थाओं और सभी संस्कृत परीक्षाओं हेतु एक सामूहिक पाठ्यक्रम एवं अध्ययन तैयार किया गया है । प्रवेशिका उत्तीर्ण करने में अंग्रेजी का आवश्यक तथा उपाध्याय एवं शास्त्री परीक्षा में ऐच्छिक विषय रखा है । शास्त्री स्तर तक हिन्दी आवश्यक है ।

नोट उपरोक्त संस्कृत परीक्षाओं में अध्ययन क्रम इन दोनों अभिकरणों द्वारा निर्धारित किया जायगा और उसी के अनुसार अध्ययन होगा ।

(8) राजस्थान में आयुर्वेदिक कालेज, आयुर्वेदिक अध्ययन, अधीक्षक के नियन्त्रण में कार्य हैं ।

नोट . अब आयुर्वेद विभाग अलग से स्थापित हो चुका है ।

(9) पजीयक निम्न आयुर्वेदिक परीक्षायें लेता है :

(1) भिषग्वर (आयुर्वेद शास्त्री)

(2) भिषगाचार्य (आयुर्वेदाचार्य)

नोट : अब आयुर्वेद परीक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा ली जाती है ।

(10) उपरोक्त परीक्षाओ के अध्ययन का सग्रहीत पाठ्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है तथा भिषगाचार्य व भिषग्वर की परीक्षाओ मे बैठने के लिये कम से कम क्रमशः 2 और 4 वर्ष है ।

नोट : अब अवधि राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की जाती है ।

(11) भिषग्वर परीक्षाओ की तैयारी कराने वाली कक्षाओ मे प्रवेश पाने के लिये निम्न परीक्षाओ को मान्यता प्रदान की गई है :

(1) सस्कृत कालेज बनारस से मध्यमा परीक्षा

(2) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से मध्यमा

(3) पजाब से विशारद

(4) बगाल से तीर्थ परीक्षा

(5) जयपुर की उपाध्याय

(6) मैट्रिक जिसम ऐच्छिक विषय सस्कृत रहा हो ।

नोट : प्रवेश के लिए मान्यता राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित होती है ।

(12) किसी भी राजकीय आयुर्वेदिक कालेज मे शिक्षण शुल्क वसूल नही किया जाता है तथा गरीब एव योग्य व्यक्तियो की सहायतार्थ छात्रवति दी जाती है ।

(13) आयुर्वेद कालेज के साथ अस्पताल, प्रदर्शन तथा अभ्यास आदि व्यावहारिक ज्ञान प्राप्ति हेतु सलग्न है तथा परीक्षायें व्यवहारिक तथा सैद्धातिक दोनो रूपो मे ली जाती है ।

अध्याय 16

स्वास्थ्य शारीरिक शिक्षा तथा अन्य सहशैक्षणिक प्रवृत्तिया

1 (i) खेल शिक्षा का अभिन्न अ ग है और सही नागरिका के निर्माण के लिए जिससे शरीर व मन का उचित विकास हो इस पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए।

(ii) प्रत्येक सस्था का प्रधान खेलकूद क आयोजन के लिए मुख्यातया उत्तरदायी है और उस यह देखना चाहिए कि छात्रो तथा अध्यापको द्वारा उनमे यथेष्ट रुचि ली जाती है। जहा तक सम्भव हो प्रत्येक छात्र को खेलकूद म नियमित रूप स भाग लेने के लिए कहना चाहिए।

स्पष्टीकरण (1) विद्यालय म अध्ययनरत प्रत्येक बालक बालिका अनिवाय रूप से सप्ताह म कम स कम दो दिन खेलो मे भाग ल।[1]

स्पष्टीकरण (2) उपस्थिति[2]

(क) शारीरिक दृष्टि से योग्य सभी छात्र/छात्राओ की उपस्थिति शारीरिक शिक्षा कालाश मे यूनतम 75% होनी चाहिए। जिन छात्र छात्राओ की 75% से उपस्थिति कम हो उ हे वार्षिक परीक्षा म सम्मिलित नही होना चाहिये।

(ख) निर्धारित प्रतिशत से कम उपस्थिति होने की स्थिति मे प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी

(1) 60% उपस्थिति होने पर (शेष 15 / की क्षमा स्वीकृति) जिला शिक्षा अधिकारी देगा पर तु इस स्वीकृति के लिए सस्था प्रधान द्वारा अभिशसित प्राथनापत्र जिला अधिकारी के पास भेजा जाना आव श्यक है। स्वीकृति के आधार हेतु दिये गये कारण पुष्ट हाने चाहिए।

(2) 50% उपस्थिति होने पर (शेष 25% की क्षमा स्वीकृति) बि दु (1) पर दिये गये विवरणानुसार मण्डल अधिकारी दगे।

(3) ऐसे सभी छात्र/छात्राओ की सकलित सूचना सम्बन्धित अधिकारी द्वारा प्रति वष 30 अप्रल तक निम्न परिपत्र म निदेशालय मे भेज दी जायेगी

(क) छात्र/छात्रा का नाम कक्षा
(ख) शाला का नाम
(ग) सत्र मे उपस्थिति
(घ) कितने प्रतिशत की क्षमा स्वीकृति की गई
(ङ) कमी के कारण एव तत्सम्बन्धित पुष्ट आधार

---

1. शिविरा/खेलकूद/35018/7/81–82 दिनाक 8–7–1981।
2. शिविरा/शाशि/32727/ए/1/73 दिनांक 23–8–1973।

(च) शारीरिक शिक्षा की कक्षा मे 40 से 50 छात्र/छात्राम्रो से म्रधिक सख्या नही होनी चाहिए। एक कुशल म्रध्यापक इतने छात्र/छात्राम्रो को ही भलीभाति पढा सकता है यदि कक्षा बडी हो तो म्रच्छे योग्य छात्रो का सहयोग लिया जा सकता है। कक्षा मे तथा कक्षा के बाहर शारीरिक शिक्षा एव खेलकूद सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों मे छात्र/छात्राम्रो का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिए।

(iii) जहा तक कि खेलकूद की विविधता का प्रश्न है, वह पाठशाला के स्तर तथा छात्रो की सख्या म्रौर प्राप्त धनराशि पर निर्भर करेगा। माध्यमिक शालाम्रो के लिए हाकी, फुटबाल, बालीबाल तथा बास्केट बाल उचित है जबकि प्राथमिक शालाम्रो मे बिना खर्चे के खेल तथा "खो-म्वो" को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

विभागीय निर्णय[1]—शारीरिक शिक्षा म्रध्यापको की भूमिका को पुनर्परिभाषित करते हुए, समस्त विद्यालय प्रधानो को निर्देशित किया जाता है कि वे शारीरिक शिक्षा विषय को विद्यालयी पाठ्यक्रम का म्रभिन्न म्रग मानते हुए, विद्यालय के समय विभागचक्र मे इसे समुचित स्थान दें।

शारीरिक शिक्षा विषयान्तर्गत निम्नाकित गतिविधिया म्राती हैं, जिनका कौशलगत शिक्षण एव विकास, विद्यालय मे सुलभ न्यूनतम वित्तीय एव भौतिक साधनो को दृष्टिगत रखते हुए, कक्षावार निर्धारित कालाशो मे समावेश किया जाना म्रनिवार्य समझा जाय :

(1) विविध खेल एवं स्पोर्ट्‌स :

(क) वृहत खेल - फुटबाल, हॉकी, क्रिकेट, वास्केटवाल, बॉलीबाल, टेबिलटेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी एव खो-खो।

(ख) विविध लघु संगठनो के म्रनुरंजनात्मक खेल—रिले दौड एव देशी खेल म्रादि।

(2) एथलेटिक्स—समस्त प्रकार के ट्रैक एव फील्ड प्रतियोगिताए यथा दौड, कूद एव फैंक।

(3) जिम्नास्टिक एवं भार प्रशिक्षण—ग्राउण्ड वर्क, पैरेलल-बार, हारिजेण्टलबार, वॉल्टिंग-होर्स, पामेलहोर्स, रोमन रिग्स, बैलेंसिग बीम सादा एव वैत का मलखम्ब एव शरीर सौष्ठव व्यायाम प्रशिक्षण म्रादि।

(4) म्रौपचारिक विकासात्मक व्यायाम क्रियाए—विविध व्यायाम म्रभ्यास, पिरामिड मैचिंग, लेजिम, डम्बल्स, वास, रिंग ध्वज, ड्रिल, दण्ड बैठक एव कैलेस्थिनिक्स व्यायाम शिक्षण म्रादि।

(5) यौगिक व्यायाम—सभी प्रकार के म्रासन एव सूर्य नमस्कार।

(6) विविध द्वन्द्वात्मक कार्यकलाप—कुश्ती, जुडो, बाक्सिग, लाठी, जम्बिया, तलवार, फेंसिंग, काठी एव पट्टा खेलना म्रादि।

(7) जल क्रीड़ायें—तैराकी, डाइविंग एव जीवन सुरक्षा।

(8) लयात्मक कार्यकलाप—लोक एव सामाजिक नृत्य, समूहगान एव गीत व्यायाम म्रादि।

(9) कैम्पिंग एवं म्राउटिंग्स—हाइकिंग, पिकनिक्स, भ्रमण एव प्रकृति दर्शन म्रादि।

(10) साहसिक कार्यकलाप—पर्वतारोहण, बेसिक कोर्स इन रॉकक्लाईम्बिंग, पर्वतीय पदयात्राए, ट्रैकिंग।

1. शिविरा/माशि/म्रा/33556/20/79-80 14-4-1980

(11) नागरिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिक्षण—इस सम्बन्ध मे जिलाधीशो से अथवा अन्य स्थानीय अभिकरणों से जो निर्देशन प्रसारित हों, से सम्बद्ध करणीय कार्यवाही।

विद्यालय समयान्तर्गत कालांश निर्धारण :

शारीरिक शिक्षा से सम्बद्ध उपरोक्त गतिविधियो के कौशल का मूल शिक्षण कार्यक्रम हेतु विद्यालयीय समय विभाग चक्र में प्रदत्त कक्षा 5 से 8 तक तीन एव 9 से 11 तक दो कालाश प्रति सप्ताह रखे जाए। ग्रीष्म एव शीत ऋतु के अनुकूल क्रमशः पूर्वार्द्ध (विद्यालय-समयान्तर्गत) एव उत्तरार्द्ध के कालाशों का निर्धारण इस विषय के शिक्षण हेतु करते हुए एक शारीरिक शिक्षक को एक सप्ताह में 24 से 27 कालाश दिये जाए तथा प्रतिदिन साय 4 30 बजे से 6 30 बजे तक का समय शारीरिक शिक्षक एवं अन्य खेल अभिरुचि वाले अध्यापको के पर्यवेक्षण एव निर्देशन मे विविध खेलो का अभ्यास योजना सत्र पर्यन्त किया जाय। दो पारी वाले विद्यालय भी उपर्युक्त सिद्धान्त को परिपालनीय मानते हुए प्रात. या सायकालीन समय का उपयोग खेलो के सचालन हेतु प्रकाश व समय की सुविधानुसार अवश्य करें।

सार रूप मे एक शारीरिक शिक्षक के लिए कालाशो का साप्ताहिक निर्धारण निम्नोक्ततया किया जाय :

(क) परियोजना संचालन हेतु : विद्यालय समयावधि मे : प्रतिसप्ताह 6 कालाश

(ख) पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध : कोशलगत निर्देशन कालाश : 24 कालाश प्रति सप्ताह
विद्यालय समयावधि मे
अभ्यास कालाश विद्यालय समयान्तर (विद्यालय समय के बाद) 12 कालाश प्रति सप्ताह

कुल : 42 कालाश प्रति सप्ताह

क्रीडागणो के नियमित उपयोग मे ही उनकी देखरेख एव सुधार सभव है, इस कथन की सार्थकता तभी है जब स्वय सस्था प्रधान एव निरीक्षण अधिकारी जन सायकालीन क्रीडाभ्यास क्रमा का पर्यवेक्षण करने का दायित्व वहन करें एव शारीरिक शिक्षक भी अनिवार्यतः क्रीडागणो पर उपस्थित रह कर खेलो का सचालन करे।

कई बार विभिन्न स्तरों पर निदेशालयीय निर्देशो मे हुए इस उल्लेख—"शारीरिक शिक्षा अध्यापको को सामान्य विषय शिक्षण का कार्य न सौपा जाय" से यह अभिप्राय सहज ही निकाल लिया जाता है कि शारीरिक शिक्षक को विद्यालय समय विभाग चक्र मे कोई सामान्य विषय शिक्षण कालाश नही दिया जाना है लेकिन इसे और स्पष्ट करते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि जिन विद्यालयो मे 8 से कम प्रभाग (सैक्शन) हो एव विद्यालय के शारीरिक शिक्षक हेतु विद्यालय समयावधि मे प्रति सप्ताह निर्धारणीय 24 कालाशो का कार्यभार पूरा न होता हो, तो ऐसी स्थिति मे सम्बद्ध विद्यालय प्रधान अपने विद्यालयीय शारीरिक शिक्षक की सेवाओ का लाभ सामान्य विषय शिक्षण हेतु शिक्षक की योग्यतानुसार ले सकते है, लेकिन ऐसा शारीरिक शिक्षण काय को हानि पहुचाते हुए किसी भी स्थिति मे न किया जाय।

बालको के स्वास्थ्य, सामर्थ्य एव अनुरजन की दृष्टि से परिचलनीय परियोजनायें

विद्यालयीय सीमान्तर्गत अन्तसंदनीय स्पर्धाए : प्रति सप्ताह एक/दो दिन स्पर्धाए
मुक्तहस्त सामूहिक व्यायाम : प्रति सप्ताह एक दिन

(3) स्वास्थ्य परीक्षण	:	जुलाई तथा फरवरी मे
(4) राष्ट्रीय शारीरिक सामर्थ्य परीक्षण कार्यक्रम (एन. पी एफ पी.)	:	एक बार अक्टूबर मे
(5) सामूहिक व्यायाम प्रदशनो का आयाजन	:	राष्ट्रीय वर्पो एव वार्पिकोत्सव पर
(6) पडोसी सस्थाओ से आमन्त्रित मैच	:	सत्र मे चार बार
(7) विद्यालय स्पोर्ट्स दिवस	:	सत्र मे एक बार जनवरी मे
(8) विद्यालयीय स्वास्थ्य, स्वच्छता एव श्रमदान कार्यक्रम	:	सत्र मे दा बार।
(9) खेल समाचार पट्ट का दैनिक उपयोग	;	प्रतिदिन

व्यापक अर्थ मे शारीरिक शिक्षा के अन्तर्गत स्वास्थ्य, सन्तुलित भोजन, अच्छी अभिवृत्तियो (आदतें), आवादी शिक्षण एव हाईजीन आदि पक्ष भी समाहित है। इनके ज्ञान एव आचरण म अभिवृत्ति विकसित करने के लिए कक्षावार प्रदत्त कालाशो मे से कक्षा 8 तक पाठ्यक्रमानुसार एक कालाश प्रति सप्ताह निर्धारित किया जाय। बालको मे अनुशासित व्यवहार विकसित करने की दृष्टि से यह अनिवार्य है कि शारीरिक शिक्षण एव खेलकूद गतिविधियो का सचालन प्रतिदिन नियमित रूप से शारीरिक शिक्षक की देखरेख एव पर्यवेक्षण मे सत्र पर्यन्त होता रहे। इसमे अन्य रुचिशील अध्यापको का भी सहयोग लिया जा सकता है।

यह आवश्यक है कि विद्यालय मे उपलब्ध साधन सुविधाओं को दृष्टिगत रख कर शारीरिक शिक्षा एव खेलकूद की वार्पिक योजना बनाई जाय एव उसे विद्यालय की मूल वार्पिक योजना मे अगीभूत किया जाय।

(iv) इन प्रवृत्तियो के धन की व्यवस्था हेतु इस कार्य के लिए सरकार से मिले अनुदान की कमी पूरी करने के लिए समस्त शिक्षण सस्थायें क्रीडाशुल्क लेनी है। सस्था प्रधान का यह देखने का दायित्व होगा कि उपरोक्त अनुदान का छात्रो की अधिकतम सख्या के लाभार्थ उचित रीति से उपयोग होता है।

(v) इन लाभदायक प्रवृत्तियो को गति व प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए, अध्यापको को इन्हे अपने कर्तव्य का एक भाग समझना चाहिये और इनके आयोजन मे सक्रिय सहयोग देना चाहिये तथा स्वय को उनमे भाग लेना चाहिये।

स्पष्टीकरण[1]:— शारीरिक शिक्षा कालाश एव शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा एन. डी. एस. आई का कार्य क्षेत्र :

(1) शारीरिक शिक्षा के लिए निर्धारित कालाश का सामान्य विषय शिक्षा तथा पुस्कालय एव वाचनालय कार्य मे उपयोग कदापि न किया जाय। सस्था प्रधान शारीरिक शिक्षा अध्यापको तथा/अथवा एन. डी एस. आई. से सामान्य विपय पढाने तथा पुस्तकालय एव वाचनालय का काम न लें और न ही अन्य अध्यापको के रिक्त कालाश भरने की दृष्टि से उसका उपयोग करें। स्पष्ट है कि शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा/अथवा एन डी. एस. आई से शारीरिक शिक्षा कार्य के अतिरिक्त अन्य और कोई कार्य न लिया जाय वल्कि उनसे योजना के अन्तर्गत दिये गये विन्दु 1 से 11 तक के कार्य पूर्ण कराये जावें।

(2) शारीरिक शिक्षा शिक्षक तथा/अथवा एन डी. एस. आई प्रतिदिन प्रात. व साय विद्यार्थियो को अपनी उपस्थिति मे नियमित रूप से खेल-कूद का अभ्यास करायेगे। जिन विद्यालयो के पास स्वय के खेल मैदान नही हैं, उनके विद्यार्थियो को सम्बन्धित शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा/अथवा एन. डी एस. आई. दूसरे विद्यालय के खेल के मैदानो म एक निश्चित कार्य क्रमानुसार अभ्यास

1. शिविरा/शा शि/32727/ए/1/73 दिनाक 23-8-1973

करायेंगे। अन्य विद्यालयों के खेल मैदानों के उपयोग का कार्यक्रम उस विद्यालय प्रधान से विचार विमर्श कर इस तरह निर्धारित किया जायेगा कि उस विद्यालय के छात्रा के खेलकूद अभ्यास मे कोई बाधा उत्पन्न न हो।

(3) विद्यालयो म प्रत्येक कक्षा के लिए शारीरिक शिक्षा कालाश की निम्न प्रकार स समय विभाग चक्र म व्यवस्था की जाए

कक्षा 5 से 7 3 कालाश प्रति सप्ताह प्रति अनुभाग
कक्षा 8 स 9 3 —,,—
कक्षा 10 से 11 2 —,,—

(4) इन कालाशो म शिक्षा के कुछ प्रमुख बिन्दु इस प्रकार होग। सम्बन्धित अध्यापक इसकी विस्तृत रूपरेखा बिन्दुवार तैयार कर सगे

(1) व्यक्तिगत स्वच्छता
  (क) शरीर की सफाई
  (ख) कमरे की व्यवस्था
  (ग) आस-पास क परिवेश की स्वच्छता
(2) सामान्य छुआछूत के रोगो क सम्बन्ध म प्रिवण्टिव तथा क्योरेटिव शिक्षण।
(3) दैनिक जीवन म शारीरिक स्वास्थ्य एव खेलो का महत्व।
(4) विभिन्न खेलो की जानकारी
  (क) खेलो के प्रकार का नाम
  (ख) प्रक्रिया
  (ग) नियम
(5) पोस्चज।
(6) राष्ट्रीय भावना तथा राष्ट्रीय भावात्मक एकता की भावना का विकास।
(7) पौष्टिक आहार एव इनका महत्व
  (क) शरीर के लिए आवश्यक विभिन्न पौष्टिक तत्व,
  (ख) विभिन्न खाद्य पदार्थों के पौष्टिक गुण,
  (ग) सतुलित भोजन,
  (घ) पाचन क्रिया प्रणाली।
(8) सुव्यस्थित दैनिक चर्या एव तदन्तर्गत अच्छे प्रजातान्त्रिक व्यवहारगत परिवर्तन का विकास
  (क) सुव्यवस्थित दैनिक चर्या क्या हा।
  (ख) अच्छी आदतें एव व्यवहार
    (1) स्वय के प्रति
    (2) कुटुम्ब के प्रति
    (3) सहयोगियो के प्रति
    (4) जाति एव राष्ट्र के प्रति
    (5) नशीली वस्तुओ से बचाव एव इनसे सम्भावित हानिया विभिन्न प्रकार की नशीली वस्तुए
    (6) सडक पर चलने के नियम
    (7) लाइन (क्यू) आदि मे खडे होने का तरीका आदि।

(9) राष्ट्रीय गायन/राष्ट्र गीत की जानकारी एव तदनुसार व्यवहारगत प्रशिक्षण आदि।

(5) विभाग द्वारा शाला दनिक कायक्रम म जोड गय अ तिम कालाश म निम्न बिन्दुओ के अनुसार सामूहिक कायक्रम रखे जाए। इस कालाश म कायक्रम सचालन हेतु शाला प्रधान द्वारा एक नियोजित योजना बनाई जाये जिसम शारीरिक शिक्षा अध्यापक एन डी एस आई तथा अ य सभी अध्यापका का (दैनिक योजना क अनुसार) सहयोग लिया जाय।

कायक्रम के मुख्य क्षत्र इस प्रकार हैं—(सामूहिक से यहा तात्पय विभिन्न दलो से है जो इस कालाश हतु बनाये गये है) —

(क) सामूहिक पी टी
(ख) सामूहिक माचपास्ट
(ग) राष्ट्र गीत का सामूहिक अभ्यास
(घ) खलो का सामूहिक अभ्यास
(च) इसी प्रकार क अ य शैक्षिक सह शैक्षिक एव सास्कृतिक कायक्रम

(6) जिन शालाओ मे शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा एन डी एस आई शाला समय के अतिरिक्त रुक कर छात्र/छात्राओ को खलकूद अथवा शारीरिक शिक्षा काय म प्रशिक्षण देने का काय करते हैं उ ह शाला समय के प्रारम्भिक अथवा अतिम कालाशो मे विद्यालय म उपस्थित रहने की सुविधा दी जाये। सस्था प्रधान द्वारा शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा/अथवा एन डी एस आई के अतिरिक्त कायभार को देखकर उपरोक्त सुविधा उपलब्ध करवायी जायेगी।

(2) शारीरिक शिक्षा

(i) माध्यमिक विद्यालयो म जबकि साधारणतया पूरे समय काय करने वाले शारीरिक प्रशिक्षक होते है अन्य सस्थाओ म अध्यापको म से ही एक इन प्रवृत्तिया को देखता है। अध्यापक प्रशिक्षण सस्थाओ के पाठयक्रम म शारीरिक शिक्षा का महत्वपूण स्थान है जिससे कि अपने विद्यालयो म इन प्रवृत्तियो के आयोजन व प्रोत्साहन क लिए प्रशिक्षित अध्यापक मिल सकें।

(ii) निरीक्षण करने वाले अधिकारियो को अपने निरीक्षण के समय देखना चाहिये कि शिक्षा के इन महत्वपूण अग पर आवश्यक ध्यान दिया जाता है। अपने निरीक्षण काय के भाग के रूप म शारीरिक प्रशिक्षण एव खेलकूद का प्रदशन देखना चाहिए।

(iii) शारीरिक शिक्षा के कुशल प्रावधान के लिए शारीरिक प्रशिक्षको का शिक्षण आवश्यक है। अतएव राजस्थान मे शारीरिक शिक्षा के महाविद्यालय की स्थापना होन तक राज्य से बाहर स्वीकृत प्रशिक्षण पाठयक्रमो के लिए योग्य अध्यापको को नियुक्त किया जाना चाहिए।

नोट — अब राज्य मे शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की स्थापना हो गई है और इसम शारीरिक शिक्षा प्रमाण पत्र व डिप्लोमा की शिक्षा दी जाती है।

(iv) ग्रीष्मावकाश और छुट्टियो म अल्पकालीन प्रशिक्षण शिविर और शारीरिक शिक्षा शिविर आयोजित किया जाना चाहिए। शारीरिक शिक्षका के ज्ञान और व्यवहार को अद्यतन रखने के लिए अभीनवन प्रशिक्षण आवश्यक है।

(v) प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयो म शारीरिक शिक्षा को अनिवाय रूप मे लागू करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए और इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्राथमिक व माध्यमिक

विद्यालयो मे शारीरिक शिक्षा को पाठ्यक्रम मे एक विषय के रूप मे रखा गया है। छात्रो म शारीरिक विकास के लिए स्वीकृत शारीरिक परीक्षा का भी आयोजन किया जाना चाहिये।

स्पष्टीकरण[1]:—विद्यालयो मे शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम को व्यवस्थित ढग से चलाये जाने की दृष्टि से निम्नलिखित आदेश प्रसारित किये जाते है। ये आदेश राजस्थान के सभी उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एव उच्च माध्यमिक बालक/बालिका विद्यालयो म तुरन्त प्रभावी हागे।

विद्यालय की शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद की वार्षिक योजना :

सत्र के प्रारम्भ मे शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा एन. डी एस. आई शारीरिक शिक्षा एव खेलकूद की वार्षिक योजना बनायेगे। योजना म निम्नलिखित विन्दुओ को प्रमुख रूप से समाहित किया जायेगा .

(1) खेलकूद का वार्षिक पचाग (कैलेण्डर)

(2) चिकित्सक द्वारा सभी छात्रो के स्वास्थ्य की जाच व्यवस्था करना तथा जिन विद्यार्थियो को कोई *शारीरिक दोष हो उससे छात्र/छात्रा तथा उसके अभिभावक को (उस दोष से)* अवगत कराना।

(3) विद्यालय के प्रत्येक छात्र/छात्रा की ऊचाई व वजन आदि का अभिलेख रखना। यह जाच सत्र मे दो बार होनी चाहिय।

(4) सस्था प्रधान को विद्यालय के पुस्तकालय मे शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद सबधी पुस्तको तथा पत्रिकाओ को मगाने हेतु सूची बनाकर देना।

(5) छात्र/छात्राओ की व्यक्तिगत एव विद्यालय की सामूहिक स्वच्छता मे सहयोग देना।

(6) विद्यालय म अनुशासन व्यवस्था बनाये रखने मे सहयोग देना।

(7) क्षेत्रीय प्रतियोगिताये प्रारम्भ होने से पूर्व विद्यालय की अन्तः कक्षा अथवा अन्त. सदन प्रतियोगिताए आयोजित कर प्रतियोगिताओ हेतु विभिन्न खेलो के लिए छात्रो को चयनित कर उन्हे विशेष प्रशिक्षण देना।

(8) केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय स्वस्थता और (एन एफ. सी.) पाठ्यक्रम को लागू करना। यह पाठ्यक्रम कक्षा 5 से 11 तक के लिए निर्धारित है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियो म शारीरिक कुशलता, दृढता सहनशीलता, साहस, अनुशासन एव देश प्रेम को विकसित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रो मे जनतान्त्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा उत्पन्न करना भी अभीष्ठ है। इसके अन्तर्गत प्रत्यक कक्षा के लिये निम्नलिखित गतिविधिया अनिवार्यतः अपनाई जायेगी :—

(1) शारीरिक अभ्यास
(2) ड्रिल एव मैंचिग
(3) लेजिम
(4) जिमनास्टिक/लोक नृत्य
(5) प्रमुख खेल एव देशी खेल
(6) दौड/उछलकूद, विभिन्न शारीरिक कुशलता परीक्षा एव भ्रमण
(7) मलखम्भ

---

1. शिविरा/शा नि /32727/ए/1/73 दिनाक 23-8-1973

(8) राष्ट्रीय आदर्श, श्रेष्ठ नागरिकता एव राष्ट्रीय भावात्मक एकता सबधी गीत
(9) विभिन्न खेलों मे प्रशिक्षण
(10) राष्ट्रीय शारीरिक कुशलता अभियान मे भाग लेने हेतु छात्रो को प्रोत्साहित करना तथा जाच व्यवस्थित रूप से आयोजित करना
(11) प्रतिभावान छात्र/छात्रा खिलाडियो के विशेष अभ्यास की व्यवस्था करना
(12) छात्रो को सामूहिक व्यायाम का अभ्यास कराना व समय समय पर आयोजित होने वाले समारोहो, पर्वो व उत्सवो के अवसर पर उनको प्रदर्शित कराना। इसके अन्तर्गत छात्र/छात्राओ को सप्ताह के निश्चित दिनो पर सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन का अभ्यास कराया जाये। इसमे जिन अभ्यासो को प्रमुख बल दिया जायेगा, वे इस प्रकार हैं—शोभा परेड, ध्वजारोहण, मार्चपास्ट, बैण्ड प्ले, राष्ट्रीय गान, व्यायाम प्रदर्शन तथा लेजिम, मलखम्भ, लोक नृत्य, जिमनास्टिक, सामूहिक गान व अन्य सामूहिक गतिविधिया।

उपर्युक्त बिन्दुओ के आधार पर शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा/अथवा एन. डी एस आई. द्वारा निर्मित वार्षिक योजना को सस्था प्रधान विद्यालय योजना मे सम्मिलित करेंगे। शारीरिक शिक्षा सबधी वार्षिक योजना को विधिवत क्रियान्वित करने व उसके सफल सचालन के लिए शारीरिक शिक्षा अध्यापक तथा/अथवा एन. डी. एस आई उत्तरदायी माने जायेगे।

विभागीय निर्णय[1]:—प्रतियोगिताओं के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश :

(1) माध्यमिक एव उच्च माध्यमिक विद्यालयो की समस्त छात्र/छात्रा केलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन विभाग द्वारा तैयार की गई नियमावली एव मार्गदर्शिका के आधार पर होगा।

(2) **आवास व्यवस्था:**- सभी प्रतियोगिताओं के आयोजक जब सम्भागी छात्र/छात्राओ के लिए आवास व्यवस्था करें तब इस बात का ध्यान रखें कि दल नायक एव दल प्रभारी अपनी अपनी टीमों के साथ ठहरें। किसी भी तरह की दुखद घटना न हो इसका विशेष ध्यान रखें। छात्र/छात्राओ को बिना प्रभारी के स्वच्छन्द रूप से बाहर जाने की स्वीकृति किसी भी स्थिति मे न दी जाए। दल नायक एव दल प्रभारी किन्ही भी अन्यान्य कार्यों के निमित्त से अपने दल के छात्र/छात्राओ को छोडकर कही इधर उधर नही जायें। आवास व्यवस्था के लिए यह भी ध्यान रखा जावे कि वहा नशीली वस्तुओ के सेवन पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहे।

(3) **अनुशासन:**— दल नायक, दल प्रभारी एव प्रतियोगिता के सभागी खिलाडियो मे पूर्ण अनुशासन बनाये रखने पर पूर्ण ध्यान दिया जाय। सभी कार्यक्रम निर्धारित समय पर सम्पादित हो, यह बात भी स्वभावतः ध्यातव्य है। दल नायक एव दल प्रभारी खेल के समय मे मैदान मे ही उपस्थित रहेगे। यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना हुई तो उसका दायित्व उन्हे मनोनीत करने वाले अधिकारी का होगा। अतः दल नायक की नियुक्ति के समय सबधित अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि दल नायक/दल प्रभारी योग्य अनुभवी, उत्तरदायित्वनिष्ठ तथा खेलकूद का पूर्ण ज्ञान रखने वाला हो।

(छ) सभी अवस्थाओ म स्वीकृति राशि के भुगतान के समय या इसके पूर्व अनुदानग्राही एव अनुदानकर्ता राज्याधिकारी इस अभिप्राय की एक लिखित संविदा हस्ताक्षरित करेंगे कि अनुदान इस शर्त पर दिया जा रहा है व स्वीकार किया जा रहा है कि, इन नियमो म वर्णित सभी शर्तें मान्य होगी। अनुदानग्राही इसके लिए आश्वासन देगा व पजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत पजीकृत करायेगा। ऐसी अवस्था म जबकि, अनुदान राज्य सरकार द्वारा किसी भवन के निर्माण, खरीद सुधार अथवा मरम्मत के लिए दिया गया हो वह भवन न तो हस्तान्तरित ही किया जावेगा तथा न ही विभाग की अनुमति क बिना किसी भी समय अन्य उद्देश्य के लिए काम म लाया जावेगा। साधारणतया ऐसे भवन पर दी गयी अनुदान राशि की वसूली हेतु राज्य सरकार का प्रथम ग्रहणाधिकार होगा जबकि, या तो भवन को हस्तान्तरित किया जा रहा हो या उस किसी उद्देश्य क लिए काम म लने का प्रस्ताव हो जो उस उद्देश्य स भिन्न हो कि जिसके लिए भवन निर्माण किया गया था। ऐसे भवन का बाजार भाव निश्चित करने का अधिकार राज्य सरकार को होगा। उपरोक्त शर्त ऊपर वर्णित संविदा म अवश्य सम्मिलित की जायगी।

प्रबन्धकारिणी द्वारा किये जाने वाले संविदा का प्रारूप परिशिष्ठ 8 के अनुसार, ऐसे सुधारो क साथ जो शिक्षा निदेशक द्वारा स्वीकृत कर लिये गये हो, होगा।

7 बड़ी निर्माण परियोजनाओ के मामले म अच्छी प्रकार चलने वाली सुदृढ़ संस्थाओ को सरकार अपनी इच्छा से सहायता अनुदान की प्रथम किश्त व्यय के पेशगी म दे सकती है।

नियम 8 कार्य दिवस —यदि किसी संस्था ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले 12 महीनो म 200 दिन से कम कार्य किया हो, तो नियमानुसार सालाना अनुदान की भुगतान म अनुपातिक कमी की जा सकती है।

नियम 9 सहायता अनुदान के लिए प्रार्थना पत्र —किसी भी वित्तीय वर्ष के सहायता अनुदान अथवा विशिष्ट अनुदान क लिए प्रार्थना पत्र हर साल क अगस्त माह म निर्दिष्ट प्रपत्रो म होना चाहिये। ऐसा पत्र निम्नलिखित बातो सहित होगा —

1 चार्टर्ड अकाउन्टेट से लेखा परीक्षण किया हुआ, पिछले साल की 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का लेखा विवरण।

टिप्पणी —संस्थायें, जिनके वार्षिक खर्चे 2000/–रुपये अथवा इससे कम प्रति वर्ष है वे चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट से अपने लेखा के परीक्षण करवाने से मुक्त हैं।

2 संस्था जिनके लिए अनुदान मांगा जा रहा है, की प्रबन्धिका से अधिकृत व्यक्ति को एक घोषणा कि, वार्षिक व्यय की राशि से तिगुनी से करीब राशि इस की परिसम्पत्ति है तथा ऐसी परिसम्पत्ति (सूची नत्थी करनी चाहिये) सारे ऋणो स मुक्त है और प्राप्त किये हुए सहायता अनुदान से न्यूनता पूर्व की हुई ऐसी परिसम्पत्ति स आय संस्था को सुचारु रूप स चलाने के लिए, तथा संस्था कर्मचारी वर्ग के वेतन को भुगतान करने के लिये जैसा कि सरकार अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट है।

टिप्पणी —इस शर्त पर सस्था के प्रथम तीन वर्षो मे जोर नही दिया जायेगा ।

नोट .—रेलवे बोर्ड द्वारा सचालित रेलव विद्यालयो को उपरोक्त 9 (2) धारा से मुक्त किया जाता है ।[1]

नियम 10 अनुदान मे कमी, वापसी रोकना आदि —सहायता अनुदान स्वीकृति देने वाले अधिकारी की इच्छा से रोके जाने, कमी करने अथवा वापसी करने के लिये उत्तरदायी होगी, यदि इसकी (स्वीकृति देने वाले अधिकारी) सम्मति म सस्था इन नियमो म निर्दिष्ट किसी भी शर्त को सतुष्ट करने म असमर्थ हो गई है, लेकिन इस नियम के अन्तर्गत कोई ऐसी कायवाही करने से पूर्व प्रबन्धिका को सूचित किया जायेगा तथा लगाये गये अभियोगो क विरुद्ध कारण बताने के लिए तथा इसके विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही मे बचाव प्रस्तुत करने के लिए अवसर दिया जायेगा । अनुदान को रोकने, कम करने अथवा वापसी के लिए अधिकारी के आदेश के विरुद्ध सरकार को अपील के लिए प्रबन्धिका स्वतन्त्र होगी, तथा यह अपील कथित आदेश की प्राप्ति की तारीख से दो माह के अदर होगी ।

नियम 11 प्रार्थना पत्र को जाचने के लिए समिति —

(1) नयी सस्थाओ के लिये आवर्तक अनुदान ।
(2) सहायक सूची म रही हुई सस्थाओ के आवर्तक अनुदान के प्रतिशत म वृद्धि ।
(3) अनावर्तक अनुदानो क लिय ।

सभी प्रार्थना पत्र निम्नलिखित सदस्यो स बनी हुई समिति द्वारा विचार किये जायेगे तथा स्वीकृति करन वाले अधिकारी को सिफारिश की जायेगी । समिति इन नियमो सरकारी आदेशो तथा इसके लिए समय समय पर जारी किय गये परिपत्रो तथा बजट म व्यवस्था को ध्यान म रखगी ।

(1) निदशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा सयोजक
(2) महा विद्यालय शिक्षा निदेशक (जब कि महाविद्यालयो के प्रकरण विचाराधीन हो ।)
(3) अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ।
(4) शिक्षा विभाग का प्रतिनिधि ।
(5) वित्त विभाग का प्रतिनिधि ।
(6) सस्कृत शिक्षा निदेशक, जब कि सस्कृत शिक्षण सस्थाओ के प्रकरण पर विचार हो ।
(7) हर मण्डल का उप शिक्षा निदेशक, जबकि उसके मण्डल से सम्बन्धित प्रकरणो पर विचार हो ।
(8) तीन मुख्य गैर सरकारी शिक्षा शास्त्री ।
(9) निदेशक, तकनीकी शिक्षा जबकि तकनीकी शिक्षा के प्रकरण विचाराधीन हो ।
(10) जब उपरोक्त समिति की बैठक होगी तो शिक्षा निदशक वर्ष म उपलब्ध हो सकने वाली राशि की सूचना देगा ।

स्पष्टीकरण[2]—अनुदान नियम 1963 की धारा 4 (बी) क अन्तर्गत राजस्थान सरकार से अनुदान प्राप्त शिक्षण सस्थाओ म कार्यरत कर्मचारियो को राजस्थान वेतन शृंखला के समकक्ष वेतनमान म भुगतान की गई राशि पर ही अनुदान स्वीकृत करन का प्रावधान है । रेलवे स्कूल क कर्मचारियो को केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान म ही वेतन भुगतान की व्यवस्था है तथा इन सस्थाओ द्वारा अनुदान प्रार्थना पत्र (आवर्तक) म प्रदर्शित सूचना इन कर्मचारियो को वास्तव म

1 एफ 1 (33)25/70 दिनांक 5-12-73
2 क्रमांक निविरा/अनु/ए/16011/74/73 दिनांक 5-9 73 ।

भुगतान की गई राशि पर आधारित रहती है। परन्तु अनुदान वेतन केवल राजस्थान वेतनमान मे देय राशि पर ही दिया जाता है। निदेशालय स्तर पर राजस्थान वेतनमान मे समस्त कर्मचारियों का वेतन गणित कर अनुदान स्वीकृत करने मे अनावश्यक श्रम करना पडता है। अब यह निर्णय लिया गया है कि वह अपने प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी द्वारा अनुदान हेतु स्वीकृत पदो पर देय वेतन राशि का स्टेटमेन्ट ही अपने अनुदान प्रार्थना पत्र के साथ सलग्न कर प्रस्तुत करे। यदि वह चाहे तो समस्त केन्द्रीय वेतन श्रृंखला मे भुगतान की गई राशि का भी विवरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

कर्मचारियो का नाम, नियुक्ति तिथि, जन्मतिथि आदि सूचना भी निम्न प्रपत्र मे अनुदान प्रार्थना पत्र के साथ सलग्न किया जावे:—

प्रपत्र

नाम कर्मचारी	पद	वेतनमान केन्द्रीय	वेतनमान राजस्थान	योग्यता शैक्षणिक	योग्यता प्रशेक्षणिक	जन्मतिथि
1	2	3	4	5	6	7

नियुक्ति तिथि	वेतन वृद्धि तिथि	राजस्थान वेतनमान मे 1-4-72 से 31-3-73 तक देय वेतन
8	9	10

प्रतिहस्ताक्षर कर्ता अधिकारी को निर्देश दिये जाते हैं कि वह रेलवे स्कूल के अनुदान प्रार्थना पत्र की जाच करते समय सस्था के अनुदान हेतु स्वीकृत समस्त पदो की आर्थिक वर्ष की देय राशि का विवरण पत्र तैयार कर ही स्वीकृत राशि की गणना करे तथा अनिवार्य रूप से रेलवे स्कूल के अनुदान प्रार्थना पत्र (आवर्तक) की जाच कर दिनाक 31-10-73 तक निदेशालय को प्रेषित करे ताकि इसकी जाच समुचित रूप से की जा सके।

इन आदेशो की अनुपालना न किये जाने पर सम्बन्धित रेलवे स्कूल को अनुदान स्वीकृत नही किया जावेगा। अपेक्षित सूचना के समुचित रूप से प्राप्त होने पर ही निदेशालय द्वारा अनुदान स्वीकृत करने की कार्यवाही की जावेगी। अतः रेलवे स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं प्रतिहस्ताक्षर-कर्ता अधिकारियो का यह दायित्व है कि वह उपरोक्त अपेक्षित सूचना सहित अनुदान प्रार्थना पत्र (आवर्तक) को प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर तक इस कार्यालय को प्रेषित करने की व्यवस्था करें।

नियम 12. स्वीकृति देने वाला अधिकारी:—

(1) नई सस्थाओ को आवर्तक अनुदान और 50,000 रुपये ऊपर के आवर्तक अनुदान सरकार द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे।

(2) शिक्षा निदेशक को निम्नलिखित व्यय अनुमोदन करने और स्वीकृति जारी करने का अधिकार होगा:—

(अ) सहायता अनुदान सूची मे स्थित सस्थाओ को पुनरावृत अनुदान इन नियमो के अनुसार होगा।

(ब) 50,000 रुपये तक के अनावर्तक अनुदान, सहायता अनुदान समिति की स्वीकृति से।

(स) 25,000 रुपये तक के अनावर्तक अनुदान, बिना सहायता अनुदान समिति की स्वीकृति से।

नियम 13. सम्पत्ति का हस्तान्तरण :—सस्थाए अथवा निकाय, जिनने कि इन नियमों के नुसार सहायता अनुदान प्राप्त किया है, किसी भी व्यक्ति, संस्था या समूह को बिना विभाग/सरकार की सहमति के सम्पत्ति का स्थानान्तरण, सिवाय अनुपयोगी वस्तुओं के निवटारे के, नही करेगी।

स्पष्टीकरण:—सहायता प्राप्त सस्थाओं के एक दूसरी व्यवस्थापन समिति के अधीन हस्तान्तरण[1]

ऐसे अनेक मामले विभाग के सामने आये जिनमे एक सहायता प्राप्त सस्था या तो इसकी रजिस्टर्ड सहायता प्राप्त सस्था के नियत्रण मे जाने अथवा दोनो ही एक दूसरे को नियत्रण मे लेने या देने सबधी कार्यवाही अपने ही स्तर पर कर लेते है तथा उसके प्रस्ताव बाद मे भेजते है। यह अनुदान नियम 13 के अन्तर्गत सर्वथा अनुचित है। नियमानुसार ऐसी कार्यवाही को वैध नही माना जा सकता।

अत: सभी सहायता प्राप्त सस्थाओं को आदेश दिये जाते है कि जब भी किसी सस्था का हस्तान्तरण या विलीनीकरण किया जावे उसके लिये विधिवत अनुमति विभाग से पूर्व मे प्राप्त की जावे तथा रजिस्ट्रार समितिया को सूचना भेजी जावे। सबधित प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारियों से भी निवेदन है कि वे ऐसे प्रस्तावो पर अपनी विशिष्ट टिप्पणी दिया करें। भविष्य में बिना पूर्वानुमति प्राप्त मामलो पर विचार करना सभव नही होगा।

नियम 14. रजिस्टर इत्यादि का सधारण:—समस्त वस्तुए जो कि सस्था निधि से समय-समय पर खरीद की जाती है, को सामग्री पजिका मे प्रविष्ट किया जायेगा, जिनको प्रत्येक सस्था अनुदान सूची के अनुसार संधारित करेगी। सस्था प्रधान इसके ठीक सरक्षण के लिये उत्तरदायी होगा। समस्त विपत्रो पर, जो कि चुकारे के लिये प्राप्त किये गये है निम्न प्रमाण-पत्र होगा।

"प्राप्त की गई वस्तु की किस्म अच्छी है, तादाद और विशिष्ट विवरण के अनुसार सही है, दरें बाजार मे प्रचलित दरों से अधिक नही है, तथा सामग्री पजिका के पृष्ठ सख्या म प्रविष्ट कर कर ली गई है।"

नियम 15. निविदा के द्वारा क्रय:—समस्त प्रकार का क्रय, जो 250 रुपये के मूल्य से अधिक हो, उत्पादक वितरक और ठेकेदारो से निविदा प्राप्त करके खरीद किया जायेगा। जहा तक सभव हो, सबसे निम्न निविदा को स्वीकार किया जायेगा, जब तक कि किसी विशेष कारण से प्रबन्ध कारिणी इसके अतिरिक्त तय न करे, जो कि अभिलिखित होना चाहिये।

इन नियमो के प्रावधानो मे छूट देने का सरकार का अधिकार—सरकार विशेष मामलो मे सस्था को इन नियमो मे उल्लिखित एक या अधिक परिस्थितियो मे छूट स्वीकार कर सकती है।

नियम 16. अतिक्रमण:—राजस्थान शिक्षा अधिनियम, 1957 के अध्याय 17 मे उल्लिखित वर्तमान अनुदान नियमो (जैसा कि इसके द्वारा समय-समय पर सशोधन किया गया है) का इसके द्वारा अतिक्रमण किया जाता है।

संलग्नकों की सूची

परिशिष्ट	1	नियम सख्या 3 के उपनियम (5) प्रबन्ध कारिणी का गठन
,,	2	अनुशासन
,,	3	नियम सख्या 4 का उपनियम (अ)—प्रबन्ध कारिणी समिति तथा अध्यापक के बीच अनुबंध पत्र।

1. क्रमाक ईडीबी/एड/ए/16011/77/72 दिनाक 25-11-72

परिशिष्ट	4	प्रबन्ध कारिणी समिति तथा सस्था के प्रधान के बीच अनुबन्ध पत्र ।
	5	नियम संख्या 4 के उपनियम (जी) नियम संख्या 11 का उपनियम (बी)-शक्तियां
,	6	नियम संख्या 6 की टिप्पणी संख्या 9-खर्चे की अधिकतम सीमा
	7	चतुर्थ श्रेणी की शृंखला
,	8	नियम संख्या 7 उपनियम (डी) बंध पत्र

परिशिष्ट-1
प्रबन्ध मण्डलों का निर्माण

1 प्रबन्ध समिति या प्रबन्ध मण्डल में 15 सदस्य से अधिक नहीं होंगे । इसके अतिरिक्त समिति द्वारा चलाई जाने वाली संस्था का प्रधान या संस्थाओं के प्रधान शामिल होंगे ।

2 प्रबन्ध में किसी एक समुदाय सम्प्रदाय या जाति का हिस्सा 2/3 से अधिक नहीं होना चाहिये ।

3 कुल सदस्यों के 1/3 भाग से दान देने वाले या चन्दा देने वाले कम नहीं होने चाहिये ।

4 प्रबन्धकों द्वारा चलाई जाने वाली संस्था या संस्थाओं के अध्यापक वर्ग में से कम से कम एक सदस्य अवश्य स्वीकार किया जाना चाहिये ।

5 शिक्षा विभाग प्रबन्ध समिति में एक सदस्य भेजेगा जो कि शिक्षा विभाग का उच्च अधिकारी या प्रमुख शिक्षा शास्त्री होगा ।

नोट —प्रबन्ध समिति या मण्डल जो कि तीन संस्था से अधिक न चलाती हो या कम से कम माध्यमिक स्तर पर चलाती हो जिसका वार्षिक व्यय तीन लाख से अधिक न हो तो मनोनयन निदेशक द्वारा किया जावेगा । प्रबन्ध मण्डल अगर तीन संस्था से अधिक चलाती हो जो कि कम से कम माध्यमिक स्तर पर हो जिसका खर्चा तीन लाख से अधिक हो तो इस स्थिति में शिक्षा निदेशक की सलाह से सरकार मनोनयन करेगी ।

6 प्रबन्धकों द्वारा चलाई जाने वाली संस्था या संस्थाओं में विद्यार्थियों के संरक्षकों की ओर से कम से कम एक सदस्य सम्मिलित किया जावेगा ।

7 उपबन्ध संख्या 4 6 7 के अन्तर्गत प्रबन्धकों द्वारा चलाई जाने वाली संस्था में से प्रबन्ध समिति या प्रबन्ध मण्डल के दूसरे सदस्यों द्वारा एक पुराना विद्यार्थी चुना जावेगा ।

नोट —(1) दान देने वाले —वे जिन्होंने कम से कम 250 रु एक ही साथ दिया हो या 3 रु प्रतिमाह के हिसाब से कम से कम एक साल तक दिया हो दान देने वाले कहे जायंगे । संस्थायें अपनी अपनी आवश्यकतानुसार दान या चन्दे की अधिकतम सीमा निर्धारित कर सकती है ।

(2) दान देने वाले व संस्थापक सदस्य एवं अवैतनिक सदस्य (अगर कोई हो) प्रबन्ध समिति या प्रबन्ध मण्डल उपबन्ध 3 के अनुसार सदस्यों का चुनाव करने के लिए एक चुनाव मण्डल का निर्माण करेंगे ।

(3) मनोनयन करते समय विभाग यह देखेगा कि विभागीय अधिकारी उस संस्था प्रधान के पद से निम्न स्तर का नहीं है ।

/

स्पष्टीकरण:—अनुदान प्राप्त सस्थाओं मे पदाधिकारी/मत्री/मैनेजर का परिवर्तन[1]

इस विभाग के पत्र सख्या ईडीबी/ऐड/ए/16008/36/65 दि. 12-5-67 के अनुसार सहायता प्राप्त सस्थाओं के पदाधिकारियो द्वारा जिस घोषणा पत्र को भरकर देने का आदेश है उसमे निम्नलिखित परिवर्तन किये जाते है :—

1. घोषणा पत्र मे परसनल (व्यक्तिगत) शब्द के स्थान पर एक्स-ओफिशियो (पदेन) पढा जाय।
2. इस समय कार्य करने वाले पदाधिकारियो को भी यह घोषणापत्र प्रेषित करना आवश्यक है। पदाधिकारी के परिवर्तन होने पर नये व्यक्ति को कार्यभार सभालने के लिये जाने वाले व्यक्ति को उसके हस्ताक्षर प्रमाणित करने चाहिये।
3. नये व्यक्ति को कार्यभार सभालने से पूर्व मैनेजमेट प्रस्ताव पारित कर अनुदान बिलो पर प्रतिहस्ताक्षर करने वाले अधिकारी को सूचना देनी चाहिये तथा जिस व्यक्ति का चयन या मनोनयन हुआ है, सारा पत्र व्यवहार व अनुदान की राशि प्राप्त करना उन्ही के हस्ताक्षर से ही हो सकेगा।
4. इस प्रकार घोषणापत्र नही आने पर प्रतिहस्ताक्षर करने वाले अधिकारी बिलो पर प्रतिहस्ताक्षर नही करेंगे।
5. घोषणा पत्र का हिन्दी रूपान्तर सलग्न है।

घोषणा-पत्र

क्रमाक दिनाक

सेवामे :

(1) अपर निदेशक,
प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर।

(2) उप निदेशक (महिला अथवा पुरुष),
शिक्षा विभाग.....................

(3) प्रतिहस्ताक्षरकर्ता,.....................

विषय : वचन बद्धता

मैं.....................आत्मज.....................वर्तमान निवासी.....................(नाम संस्था).................. का वैधानिक मत्री/व्यवस्थापक/सभापति के नाते (जैसा कि व्यवस्थापन समिति के प्रस्ताव स. ...... दिनाक.......... द्वारा अधिकृत किया गया), राजस्थान सरकार, के शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत राशि प्राप्त करने तथा उससे सम्बद्ध सस्था के लेखा जोखा को व्यवस्थित ढग से रखने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व लेने की लिखित वचन बद्धता देता हू तथा मेरे इस पद पर कार्यकाल के दौरान यदि कोई अर्थ हानि, गबन, दुरुपयोग व अनियमितता प्रकट हुई, उसके लिए उपरोक्त सस्था के पदेन अधिकारी के रूप मे, जिम्मेदार हूगा, तथा राजस्थान सरकार, अपर निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा व प्रति हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी द्वारा समय-समय पर प्रसारित नियमो व आदेशो का यथावत् अनुपालन करने को बाध्य हूगा।

हस्ताक्षर,
पद का नाम..................
सस्था का नाम..............

दिनाक..................

1. क्रमाक : ई डी बी/ऐड/ए/16028/69/65 दिनाक 5-1-68

स्पष्टीकरण—प्रबन्ध कारिणी समिति का गठन[1]

राजस्थान सरकार से अनुदान प्राप्त कतिपय सस्थाओ की व्यवस्थापक/प्रबन्धकारिणी समिति का गठन अनुदान नियम 1963 के परिशिष्ट एक के अनुसार विधिवत नही होने की सूचना प्राप्त हुई है। ऐसी सस्थाओ म प्रबन्धकारिणी समिति के विवाद के कारण सस्था सचालन सुचारु रूप से नही होने की स्थिति उत्पन्न होती है। इन कठिनाइयो एव समस्याओ को दृष्टि म रखते हुए समस्त अनुदान प्राप्त सस्थाओ को आदेश दिया जाता है कि वे नवम्बर 1972 तक विधिवत अनुदान नियम 1963 के परिशिष्ट एक म दिये गये निर्देशनो का पूर्णत पालन करते हुए सस्था प्रबन्ध कारिणी समिति का गठन करले तथा प्रबन्धकारिणी क विधिवत गठन होने का सत्यापन पजीयक सस्थाय राजस्थान जयपुर द्वारा करवाकर इसकी एक सत्यापित प्रतिलिपि इस कार्यालय को प्रेषित की जावे। सस्थाये जिनम प्रब धकारिणी नियमानुसार गठित हो इसक सदस्यो की सूची अनुदान विपत्र पर प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी को प्रेषित की जावें यदि किसी सस्था ने इस आदेश की अनुपालना म शिथिलता की तो उसके विपत्र पर दिसम्बर, 1972 स प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी हस्ताक्षर नही कर और एसी दशा मे अनुदान राशि प्राप्त न होन पर सस्था म उत्पन्न समस्त समस्याओ का दायित्व सस्था अधिक रिया का होगा। अनुदान नियम 1963 के अनुसार गठित समिति का कायकाल यदि तीन वप से अधिक हो गया है तो पुनर्निर्वाचन किये जावें।

प्रबन्धकारिणी समिति का गठन नियमानुसार हो इस हेतु प्रत्यक सस्था को आदेश दिया जाता है कि निम्नलिखित अभिलख रख जाव तथा प्रतिवष निरीक्षण अधिकारी द्वारा इसकी जाच की जावे —

(क) आजन्म सदस्यो की नामावली।

(ख) मानद सदस्यो की नामावली।

(ग) दानदाता सदस्यो की नामावली।

प्रबन्धकारिणी व्यवस्थापक समिति चुनाव हेतु निम्न प्रणाली का अनुसरण किया जावे।

(1) एक चुनाव अधिकारी मनोनीत किया जावे।

(2) चुनाव तिथि क कम स कम एक माह पूव चुनाव अधिकारी समस्त चयन मण्डल के सदस्यो को चुनाव हेतु आवश्यक सूचना प्रसारित करेंगे।

(3) चुनाव सम्ब धी सूचना प्रसारित की जाव। इसम चुनाव तिथि, चुनाव स्थल समय का उल्लेख किया जावे।

(4) चुनाव सम्ब धी समस्त विवरण चुनाव अधिकारी रखेंगे।

(5) चुनाव विवरण म प्रस्तावित सदस्यो की एव चयनित सदस्यो की नामावली तथा उसके द्वारा प्राप्त मत सख्या का उल्लेख किया जावे।

(6) चुनाव गुप्त मत प्रणाली द्वारा ही सम्पन्न हो। गुप्त मत प्रणाली के सम्बन्ध क काय प्रणाली का चुनाव अधिकारी स्वय निर्धारण कर।

(7) चयनित सदस्य चुनाव क एक माह भीतर सहवरण सदस्यो का चुनाव कर लिया जावे।

(8) चुनाव क तुरन्त बाद विभागीय प्रतिनिधि की सदस्यता नियोजन हेतु उचित कायवाही की जावे।

(9) प्रब धकारिणी समिति क गठन हो जाने पर व्यवस्थापक सचिव सभापति, कोषाध्यक्ष आदि पदो का चुनाव चयनित एव मनोनीत सदस्य करेगे।

---

1 क्रमाक, ईडीबी/एड/ए/16007/66/72–73 दिनाक 13 जून, 72।

प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारियो को ग्रादेश दिया जाता है कि वह अपने अधीनस्थ समस्त सस्था ।बन्धकारिणी । व्यवस्थापक समिति की सूचना निम्न प्रपत्र मे रखें एव इसकी एक प्रति प्रत्येक वर्ष ाह जनवरी मे निदेशक, प्राथमिक माध्यमिक शिक्षा को प्रेषित करे ।

प्रपत्र

प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के कार्यालय की मुहर प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी का पूरा नाम.................. ....

सस्था का नाम	प्रबन्धकारिणी की कार्यभार सभालने की तिथि	सदस्यो की सख्या	विभागीय नियोजित अधिकारी का नाम
1	2	3	4

स्पष्टीकरण[1]—इस कार्यालय के पूर्व पृष्ठाकन सख्या ईडीबी/एड/एफ/16007/66/72-73 दिनाक 15-6-72 की मूल भावना यह थी कि सहायता प्राप्त सस्थायें अपनी व्यवस्थापन समिति का गठन अनुदान नियम परिशिष्ट एक के अनुसार करेंगे । अब यह सशोधित किया जाता है कि एक से अधिक सस्थाओ का सचालन करने वाली रजिस्टर्ड सस्था (ट्रस्ट) को उसके अधीन चल रही अनुदान प्राप्त सस्था के लिये अलग प्रबन्धकारिणी समिति के गठन अनुदान नियम 1963 के परिशिष्ट एक के अनुरूप किया जावे परन्तु ऐसी समिति के सदस्यो की सूची को रजिस्ट्रार सस्थायें द्वारा रजिस्टर्ड करने की आवश्यकता नही है ।

परिशिष्ट 2

शिक्षण सस्थाओ के अनुशासन के नियम

मान्यता प्राप्त शिक्षण सस्थाओ के प्रबन्धको की अनुशासन से सम्बन्धित निम्न सिद्धान्तो का पालन करना चाहिये :—

(1) कक्षा में दृढ नियमितता व आज्ञा पालन होना चाहिये ।

(2) सस्था के बाहर प्रतिकूल आचरण की सूचना पर दड देना चाहिये ।

(3) छात्रो के सरक्षको को यह समझा देना चाहिये कि वे प्रबन्धकों को आज्ञा नही दे सकते, बल्कि प्रबन्धको को यह अधिकार है कि वे छात्रो को अपनी सस्था मे भर्ती करने की शर्तें निर्धारित करें ।

(4) विनय, भाषण व व्यवहार मे नम्रता तथा उसी प्रकार व्यक्ति और कपड़े की सफाई की बात मन म बैठाए ।

(5) कोई भी मान्यता प्राप्त सस्था ऐसे छात्र को, जो कि सक्रामक या छूत की बीमारी या रोगी है, उपस्थित होने की अनुमति नही देगी ।

(6) पढते समय छात्र/छात्रा जो 16 साल मे ऊपर है, समस्त सार्वजनिक सभाओ मे उपस्थित होन के लिए स्वतन्त्र है । पढते समय 16 से कम उम्र के छात्र/छात्रा को कालेज या स्कूल का प्रधान, सरक्षक की सहमति मे किसी भी प्रकार की सभा मे भाग लेने के लिये प्रतिबध लगा सकता है, मगर कालेज या स्कूल के प्रधान को इसमे आपत्ति हो ।

(7) पढाई के समय 18 वर्ष से अधिक आयु होने पर किसी सगठन का सदस्य बनने की

1. ईडीबी/एड/ए/16011/108/72 दिनांक 3-2-73

2. जानबूझ कर कार्य की अवज्ञा ।

3 गम्भीर अवचार या ऐसा कार्य करना जो फौजदारी अपराध हो ।

अध्यापक प्रस्ताव पास करने के 30 दिन के अन्दर समिति के निर्णय पर द्वितीय सभा मे पुनः विचार करने के लिए प्रार्थना-पत्र दे सकता है । समिति इस प्रार्थना-पत्र के प्राप्त होने की तिथि से एक माह के अन्दर सभा बुलायेगी । दूसरी सभा मे अध्यापक अपने मामले से सम्बन्धित अतिरिक्त विवरण प्रस्तुत कर सकता है । वह स्वय उपस्थित होने की माग करता है तो ऐसा हो सकता है, व सभा मे उपस्थित किसी भी सदस्य द्वारा पूछे गये प्रश्न का उत्तर दे सकता है । *यदि अध्यापक समिति* को प्रस्ताव पर पुन. विचार करने के लिए प्रार्थना-पत्र नही देता है, तो समिति दूसरी सभा मे प्रस्ताव का स्थायी कर देती है, तो अध्यापक को कार्यच्युत करने की दूसरी बार सूचना नही दी जावेगी, परन्तु उसे प्रस्ताव की एक लिखित प्रति जिसमे कार्यच्युत करने के कारणो का विवरण हो, भेजी जावेगी । उसे जब से कार्यच्युत किया या उन दिनो के साथ उसे उसका वेतन चुकाना होगा, परन्तु उसे स्कूल का रुपया या स्कूल सम्पत्ति अथवा उसकी कीमत जिसका उसने दुरुपयोग किया है, या उसने गलती से अधिकार मे रोक रखा है, उसका भुगतान करना होगा ।

(ii) उपरोक्त कारणो से अध्यापको को कार्यच्युत करने के स्थान पर समिति प्रस्ताव पास करके अल्प दण्ड दे सकती है, जैसे निश्चित समय तक वेतन कम करके *अथवा स्थाई व अस्थाई रूप से उसको वेतन न दे करके, अगर कोई हो, साधा-*रण दण्ड दे सकती है । उप-वाक्य (1) के अन्तर्गत अध्यापक समिति को पुनः विचार के लिए प्रार्थना-पत्र देता है, *यह* समिति की इच्छा पर निर्भर है कि उसकी अपील स्वीकार करे अथवा नामन्जूर करे, *या* उपरोक्त लघु दण्ड के स्थान पर कार्यच्युत करने का प्रस्ताव पास करती है तो इस प्रकार के मामले मे *अध्यापक का कार्यच्युत करने का प्रस्ताव अन्तिम होगा और दुबारा सूचना की* कोई आवश्यकता नही होगी ।

(iii) अध्यापक को दण्ड देने या कार्यच्युत करने के लिए सभा बुलाने से पहले समिति या प्रबन्धक अध्यापक के विरुद्ध लगाये स्पष्ट दोष का या दोषो का समय और स्थान के साथ एक विवरण अध्यापक को देना होगा और कम से कम दस दिन का समय उसे लिखित उत्तर देने के लिए देना होगा । समिति की विचाराधीन सभा उपरोक्त दोष या दोषो पर विचार कर सकती है, समिति या प्रबन्धक सदस्य को निलम्बित कर सकता है । अगर अध्यापक की इच्छा अपने मामले को समझाने के लिए समिति के सामने स्वय उपस्थित होने की है, तो ऐसा हो सकता है और सभा मे उपस्थित किसी भी सदस्य द्वारा पूछे गये प्रश्न का उत्तर दे सकता है ।

नोट –प्रबन्धक का यह कर्त्तव्य है कि अध्यापक के, जिसको निलम्बित किया गया है, दोषो का उत्तर पाने के एक मास के अन्दर सभा बुलाये । जब तक उसे निलम्बन होने के समय से लेकर मामला तय नही हो जाय तब तक निर्वाह के लिए उसके वेतन का एक चौथाई भत्ता *चुकाना होगा । (अब आधे वेतन के बराबर निर्वाह भत्ता मिलता है ।)*

(1) अगर अध्यापक अपने दोषो के विरुद्ध निर्दोष सिद्ध कर देता है तो उसे अपने पद पर पूर्व अवस्था के अनुसार नियुक्त किया जायगा और निलम्बन होने के समय का उसका वेतन चुकाया जायेगा ।

2 परीवीक्षा काल के समाप्त होने पर अगर स्थायी हो जाता है तो उसका मासिक वेतन रु बढोत्तरी " " " के अनुसार होगा।

3 प्रबन्ध प्रधानाध्यापक को उसके द्वारा कमाया हुआ वेतन, उस माह के दस दिन के अन्दर भुगतान कर और प्रधानाध्यापक रसीद के लिए हस्ताक्षर करे।

4 प्रधानाध्यापक को प्रधानाध्यापक से सबधित समस्त काय करने चाहिये। इन समस्त कतव्य के लिए प्रधानाध्यापक प्रबधक क प्रति उत्तरदायी है प्रधानाध्यापक आन्तरिक प्रबन्ध व अनुशासन के लिए पूणतया जिम्मेदार हैं जसे पाठ्य पुस्तका का चुनाव समय सारिणी की व्यवस्था स्कूल अधिकारी वग के सदस्यो म काय वितरण प्रब धको द्वारा बनाये गये अवकाश नियमो के अनुसार कमचारी वग का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करना सेवक की नियुक्ति, पदोन्नति नियन्त्रण व कायच्युत करना प्रबधको को स्वीकृति के अनुसार आधी शुल्क व मुल्क मुक्त छात्रो को भर्ती करना अधीक्षक द्वारा छात्रावास पर नियत्रण छात्रो की भर्ती व उनकी उन्नति खेल की व्यवस्था खेल कोष और उसके समान अय कोषो जसे वाचनालय या परीक्षा कोष पर अधिकार व अ य मामलो म जिसम प्रधानाध्यापक पूणतया जिम्मेदार नही है उसे प्रब धक के निर्देश मानने होगे। प्रब धको द्वारा दिए गये स्टाफ क सदस्यो के लिए निर्देश प्रधानाध्यापक द्वारा दिए जावगे।

प्रधानाध्यापक का लिपिक पर निय त्रत शासन होगा और प्रब धका को सलाह देगा कि कितन छात्र शुल्क मुक्त व कितने आधी शुल्क के हागे। प्रबधक लिपिक को नियुक्त करन पदोन्नत करने और उसको कायच्युत करने का अधिकार है परन्तु प्रधानाध्यापक को उस पर नियत्रण रखने का अधिकार है।

5 प्रधानाध्यापक को सब समय स्कूल की सेवा के लिए देना होगा। वह कोई भी एसा काय जो स्कूल से सबधित नही है जब तक प्रब धक से पूव लिखित आज्ञा प्राप्त न करल न करेगा प्रधानाध्यापक जहा स्कूल स्थित है उस स्थान का जो कि छुट्टियो म या अवकाशो म बिना प्रब धक की आज्ञा के न छोडगा।

6 प्रधानाध्यापक को सस्था म लागू समस्त स्वीकृत नियमो व अवकाश नियमो का पालन करना होगा एव उस समस्त कानूनी आज्ञाओ व निर्देशो का जो कि समय समय पर प्रब धका से प्राप्त हाते हैं पालन करना होगा।

7 (अ) प्रब धक प्रधानाध्यापक का निम्न म स किसी एक या अधिक अपराध करन पर कायच्युत कर सकता है —

1 आज्ञा भग

2 जान बूझ कर कतव्य की अवज्ञा

3 गम्भीर दुराचार, या एसा काय जो कि फौजदारी अपराध हो।

उचित जाच करने क बाद एक दोषारोपण पत्र दिया जावगा व सम्बधित व्यक्ति को उत्तर देन की सुविधा दी जावगी।

(ब) इस प्रकार की सेवा समाप्ति विशष प्रस्ताव के द्वारा होगा जिसम तीन चौथाई सदस्य उपस्थित हो, व उपस्थित सदस्या का दो तिहाई बहुमत प्राप्त हो।

(स) निदेशक की अनुमति से ही किसी अध्यापक को निकाला जायेगा या कार्यच्युत किया जायेगा। अगर कोई अध्यापक बिना सूचना के या सूचना के कार्यच्युत किया जाता है, वह कार्यच्युत या हटाए जाने की आज्ञा प्राप्त होने के तीस दिन के अन्दर निदेशक के पास अपील कर सकता है।

8. वाक्य 1 के अन्तर्गत जब प्रधानाध्यापक परीवीक्षा काल पर हो, तो प्रबन्धक दो माह की लिखित सूचना देकर या दो माह का अग्रिम वेतन जो कि वह प्राप्त कर रहा था, देकर सेवा समाप्त कर सकता है। इसी तरह प्रधानाध्यापक प्रबन्धक को दो माह की लिखित सूचना देकर या दो माह का वेतन जमा करवा कर इस इकरारनामे को तोड सकता है।

9. परीवीक्षा काल समाप्त होने के बाद, वाक्य 8 के अन्तर्गत प्रधानाध्यापक न तो इकरारनामा समाप्ति की सूचना ही पाता है, और न देता ही है, तो उसकी नियुक्ति वास्तविक में स्वतः स्थाई हो जायेगी।

10. वाक्य 7 के अन्तर्गत, प्रधानाध्यापक के स्थाई होने के बाद न तो प्रधानाध्यापक और न प्रबन्धक ही तीन माह की लिखित सूचना दिये बिना या तीन माह का वेतन जमा कराये बिना, जो कि प्रधानाध्यापक प्राप्त कर रहा है, इकरारनामे को नहीं तोड सकेंगे।

11. अगर प्रधानाध्यापक वाक्य 8 या 10 के विरुद्ध किसी भी समय इकरारनामे का खण्डन करता है तो उसकी बकाया रकम जब्त करली जावेगी और प्रबन्धक उसको कार्यच्युत कर सकता है।

12. इस इकरारनामे के पक्षो को, शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर मान्यता प्राप्त स्कूलो के व्यवहार के नियमो के लिए लागू शर्तों को स्वीकार करना होगा। उपरोक्त लिखित साल व दिन को दोनो पक्षो ने साक्षी के सम्मुख लिखित हस्ताक्षर किये।

हस्ताक्षर

प्रबन्ध समिति की ओर से प्रस्ताव द्वारा प्रदत्त प्राधिकार से निम्न की उपस्थिति मे प्रस्ताक्षरित किया :—

साक्षी 1.................................
पता ....
साक्षी 2.................................
पता ....

हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक इनकी उपस्थिति मे :—

साक्षी 1.................................
पता ....
साक्षी 2.................................
पता ....

टिप्पणी :—1. कॉलेज के लिए जहां कहीं भी शब्द "स्कूल" आया है वहां "कॉलेज" व "प्रधानाध्यापक" के स्थान पर "आचार्य" समझा जाय।

2. छात्राओं के सम्बन्ध में जहां कहीं भी शब्द "प्रधानाध्यापक" आया है, वहां "प्रधानाध्यापिका" समझा जाय।

परिशिष्ट 5

मान्यता प्राप्त संस्थाओं के विभागीय अधिकारियों के अधिकारों की सूची

क्रम सं	द्रय का नाम	सरकार	शिक्षा निदेशक	मण्डल का उप शिक्षा निदेशक	जिला शिक्षा अधिकारी	विशेष कथन
1	2	3	4	5	6	7
1	नियुक्ति व निए अनुमोदन	समस्त अधिकारी	1 शिक्षा निदेशक (कालेज) व्याख्याता तक 2 शिक्षा निदेशक (प्रा व मा) (अ) प्रधानाध्यापक माध्यमिक (ब) प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय (स) व्याख्याता स्कूल शिक्षा 3 निदेशक, तकनीकी शिक्षा (अ) व्याख्याता 4 निदेशक, संस्कृत शिक्षा संस्कृत कालेज म व्याख्याता तक इसके बाद सरकार मद नं 1 म दी गई शक्ति के अनुसार	— 1 प्रशिक्षित स्नातक 2 द्वितीय वेतन शृंखला 3 वरिष्ठ लिपिक इसके बाद उप निदेशक	— तृतीय श्रेणी अध्यापक कनिष्ठ लिपिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इसके बाद निदेशक	— ऐसी संस्था के कर्मचारी द्वारा प्रथम अपील जो कि तीन या तीन से अधिक संस्थाएं चलाती हैं, जिसका वार्षिक खर्च 1 लाख रु से अधिक हो, निदेशक शिक्षा विभाग के पास की जायेगी और दूसरी बार अपील सरकार के पास होगी।

3. नए पद के लिए अनुमोदन	संचालक की शक्ति के बाद के समस्त अधिकार	समस्त अधिकार इस तक 1. शिक्षा निदेशक कालेज व्याख्याता तक 2. निदेशक, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा, प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका/माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय तक व अन्य अध्यापको के पद 3. निदेशक, तकनीकी व्याख्याता 4. निदेशक, सस्कृत शिक्षा प्राध्यापक सस्कृत कालेज			
4. स्तर ऊंचा उठाने/नये विषय के लिए अनुमोदन	समस्त अधिकार	×	×	×	×
5. नया वर्ग (सेक्सन) खोलने के लिए अनुमोदन	समस्त अधिकार	×	×	×	×
6. अनावर्तक व्यय का अनुमोदन	सहायता अनुदान समिति की राय से 50,000 के ऊपर के समस्त अधिकार	सहायता अनुदान समिति की राय से 50,000 तक	अनुमोदित प्रणाली के अन्तर्गत माध्यमिक स्तर तक	अनुमोदित प्रणाली के अन्तर्गत प्राथमिक स्तर तक	
7. सविधान के लिए अनुमोदन	समस्त अधिकारी (कालेज)	समस्त अधिकारी (स्कूल स्तर)	उच्च प्राथमिक विद्यालय	प्राथमिक विद्यालय	

1	2	3	4	5	6	7
8.	अनावर्तक अनुदान की स्वीकृति बजट के अनुसार	समस्त अधिकार	25,000 तक	×	×	×
9.	नई संस्थाओं को सहायता अनुदान की स्वीकृति	सहायता अनुदान समिति की राय से समस्त अधिकार	×	×	×	×
10.	राजस्थान से बाहर की संस्थाओं की सहायता अनुदान	सहायता अनुदान समिति की राय से समस्त अधिकार	×	×	×	×
11.	संस्था की सहायता अनुदान की स्वीकृति जो पहले से ही बजट से सहायता अनुदान प्राप्त कर रही है	—	समस्त अधिकार	×	×	×
12	संस्था की श्रेणी का परिवर्तन	—	सहायता अनुदान समिति की राय से समस्त अधिकार	×	×	×
13.	विशेष वेतन वृद्धि व उच्च स्तर के वेतन (हायर स्टार्ट) स्वीकृत करना	समस्त अधिकार	नियुक्ति के अधिकार तक समस्त अधिकार	×	×	×

स्पष्टीकरण:—अनुदान प्राप्त प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयो मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के पद ।[1]

अनुदान नियम 1963 के परिशिष्ट 7 के अनुसार प्राथमिक शालाओ के लिए एक भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद नियत नही है तथा माध्यमिक विद्यालय मे तीन से अधिक पद मान्य नही है लेकिन कुछ शालाए ऐसी है जो कि 1-4-63 से पहले भी अनुदान सूची पर थी और उनमे पहले से ही उपरोक्त सीमा से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियुक्त हैं तथा उन पर अनुदान भी स्वीकार किया जाता रहा है।

इस सम्बन्ध मे महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर द्वारा आडिट आक्षेप होने के फलस्वरूप निम्न निर्णय लिया गया जिसे लागू करने के लिए तत्काल कार्यवाही शुरू कर दी जावे:—

(1) जिन माध्यमिक शालाओ मे 1-4-63 से पहले से तीन से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियुक्त है तथा जिनके बारे मे विभाग की विशिष्ट स्वीकृति 1-4-63 के बाद नही ली गई है उन पर दिनाक 1-4-63 के अनुदान स्वीकार नही किया जायगा।

(2) जिन प्राथमिक शालाओ मे 1-4-63 से पूर्व एक से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियुक्त थे उन पर भी दिनाक 1-4-68 से अनुदान नही दिया जायगा।

(3) जो प्राथमिक शालाए 1-4-63 से या उसके बाद मे अनुदान सूची पर आई है उनमे *चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का एक भी पद दिनाक 1-4-68 से अनुदान हेतु मान्य नहीं* किया जायगा।

अत: सम्बन्धित प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी अपने अधीनस्थ माध्यमिक व प्राथमिक शालाओ के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के पदो की जाच करके दिनाक 1-4-68 से सस्थानुसार अधिक होने वाले पदो का ब्यौरा दिनाक 29-2-68 तक इस कार्यालय को पेश करने की व्यवस्था करदें। कृपया इस परिपत्र की प्राप्ति रसीद भेजें।

स्पष्टीकरण:—प्राथमिक विद्यालय मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नही[2]

अनुदान नियम 1963 के परिशिष्ट 7 के अनुसार प्राथमिक शालाओ के लिए एक भी पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद निर्धारित नही होने के कारण विभाग द्वारा विगत वर्षों मे जो प्राथमिक शालाओ के लिये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के पदो पर अनुदान दिया गया था उस पर लेखा आक्षेप बन कर जनलेखा समिति के समक्ष प्रस्तुत हुआ और उस प्रसग मे राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार विभाग को ऐसे भुगतान को वसूली करना सम्भव नही होगा।

अत: इस कार्यालय के परिपत्र सख्या ईडीबी/एड/ए/16007/50/67 दिनाक 7-1-68 के अधिलघन मे सूचित किया जाता है कि आवर्तक अनुदान 69-70 मे किसी भी प्राथमिक शाला मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कोई पद स्वीकार नही किया जा सकेगा। अत: इस बिन्दु पर विभाग से अनावश्यक पत्राचार नही किया जावे।

स्पष्टीकरण—पूर्व कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी[3]।

सशोधित अनुदान नियम लागू होने के पूर्व मे जिन प्राथमिक विद्यालयो ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियुक्त कर रखे थे उन पर किया जाने वाला व्यय मान्य कर दिया जाय जब तक कि वे सेवा निवृत्त हों, त्याग पत्र दें या सेवा से हटाये जाय ऐसे वर्तमान कर्मचारियो के बाद मे उन पदो का

1. क्रमाक . ईडीबी/एड/ए/16007/50/67 दिनाक 5-2-1968।
2. ईडीबी/एड/ए/16007/बी–2/69–70 दिनाक 10-2-70।
3. एफ. 5 (डी)(24) एज्यू सेल–6/67 दिनाक 4 जून, 1970।

नही भरा जायेगा और अनुदान कम कर दिया जायेगा ।

स्पष्टीकरण:—प्राथमिक शालाओं मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के वेतन पर अनुदान[1]।

इस विभाग के सम सख्यक आदेश दिनाक 4-6-70 के क्रम मे निर्देशानुसार लेख है कि राज्यपाल महोदय ने ऐसे कर्मचारियो जिनकी नियुक्ति सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयो मे 1-4-63 के बाद परन्तु राज्यादेश 4-6-70 के जारी होने से पूर्व की गई थी के वेतन को अनुदान हेतु मान्य समझने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान करदी है ।

इस स्वीकृति हेतु वित्त विभाग ने अपनी सहमति उनके पृष्ठाकन स 29925 दिनाक 23-6-73 द्वारा प्रदान करदी है ।

स्पष्टीकरण:—चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो का अनुमोदन[2]।

पूर्व स्थाई आदेश सख्या 4/72 क्रमाक शिविरा/अनु/ए/16007/28/72–73 दिनाक 12-5-72 एव स्थाई आदेश सख्या 6/72 क्रमाक शिविरा/अनु/ए/16007/72–73 दिनाक 17-5-72 मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के लिए नियुक्ति पर विभागीय अनुमोदन की आवश्यकता की शर्त लगाई थी। बाद मे इस कार्यालय के परिपत्र सख्या शिविरा/अनु/डी/16002/75–76/54 दिनाक 22-5-76 मे यह शिथिलन दिया गया था कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठक बुलाने की आवश्यकता अब नही होगी और केवल नियोजन कार्यालय से प्राप्त आशार्थियो की सूची मे से ही व्यक्ति नियुक्त किया जा सकेगा ।

उपरोक्त स्थाई आदेश एव परिपत्रो के उपरात भी सस्थाओ ने च श्रे क. की नियुक्ति का अनुमोदन विभाग से करवाने के मामले मे अनुदान नियमो मे प्रावधान नही होने की बिना शिथिलन चाहा है । इस बिन्दु पर विचार करने के बाद कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के लिए योग्यता का कोई निर्धारण नही है और विभागीय अनुमोदन केवल औपचारिकता है अतः उक्त अनावश्यक पत्राचार को रोकने हेतु स्थाई आदेश 4/72 एव 6/72 मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो की नियुक्ति के विभागीय अनुमोदन की शर्त को अब हटाया जाता है एव यह स्पष्ट आदेश दिये जाते है कि भविष्य मे ऐसी नियुक्तियो का विभागीय अनुमोदन अनावश्यक नही होगा किन्तु चयनित आशार्थी का नियोजन कार्यालय से निर्दिष्ट होना जरूरी होगा और नियुक्ति आदेश की प्रति निदेशालय तथा प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी को डाक प्रमाण पत्र के अन्तर्गत तत्काल भेजनी अनिवार्य होगी ।

स्पष्टीकरण:—सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयो के लिपिको के पदो का अनुदान नियमो मे प्रावधान[3]।

निर्देशानुसार लेख है कि जिन 83 सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयो मे प्रत्येक मे एक कनिष्ठ लिपिक शिक्षा विभाग के अनुदान नियम लागू होने के पश्चात् भी चले आ रहे हैं एव जिन पर शिक्षा विभाग अनुदान स्वीकार भी करता आया है. कि दिनाक 30 जून 1973 तक नियमित करने की राज्यपाल महोदय की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस अवधि के पश्चात् किसी भी परिस्थिति मे स्वीकृति नही दी जा सकेगी एव अनुदान नियमानुसार ही दिया जायगा ।

यह स्वीकृति वित्त विभाग की सहमति से जो कि उनके अन्तर्विभागीय सख्या 371/वित्त/व्यय/1/73 द्वारा प्राप्त की गयी है, जारी की जाती है ।

---

2. शिविरा/अनु/ए/17906/परि/76–77 दिनाक 12-10-76 ।
1. प. स 5 (डी)(24) शिक्षा/6/67 दिनाक 29 जून, 1973 ।
3. प. स. 5(डी)(24) शिक्षा/6/67 दिनाक 29 जून, 1973 ।

स्पष्टीकरण —अतिरिक्त पद हेतु माग[1]।

अनुदान प्राप्त सस्थाओ द्वारा समय समय पर अतिरिक्त कमचारियो हेतु माग की जाती है। वष्य मे अतिरिक्त स्टाफ की माग माह अप्रेल म निम्नाकित परिपत्र मे भरकर भेजी जाय ताकि भागीय वार्षिक बजट मे उचित प्रावधान की माग वित्त विभाग को प्रस्तुत की जा सक। जो सस्था 0 मई तक यह माग प्रस्तुत नही करेगी उस की माग पर वष के मध्य म विचार नही किया यगा। वष 77–78 की माग हेतु प्राथना पत्र दिनांक 30 5 76 तक इस कार्यालय मे प्राप्त हो न चाहिए एव भविष्य म ऐसी माग प्रतिवष अप्रल क अ त तक प्राप्त हो जानी चाहिए। माग पत्र तिहस्ताक्षर कर्ता अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत होना आवश्यक है।

1 सस्था का नाम
2 सस्था स्तर जिसके लिए अनुदान मिल रहा हैं
3 प्रतिशत जिस पर सस्था को अनुदान मिल रहा है
4 बजट शीषक जिसके अ तगत प्रावधान करना है
5 वतमान कुल पद कडर वाईज (जिस पर अनुदान मिल रहा है)
6 अतिरिक्त पद जो चाहिये कडर वाईज
7 किस आधार पर माग की जा रही है
8 छात्रो की सख्या गत वष एव चालू वष म एव कक्षा वग के अनुसार
9 अतिरिक्त पदो का वष भर का व्यय तथा
 (1) वेतन
 (2) महगाई भत्ता आदि
 (3) कुल व्यय
 (4) अनुदान राशि
10 प्रतिहस्ताक्षर कर्ता अधिकारी की अभिशषा —

प्रतिहस्ताक्षर कर्ता अधिकारी　　　　सस्था व्यवस्थापक

स्पष्टीकरण —अतिरिक्त पद हतु छात्र सख्या[2]

इस कार्यालय के पूव परिपत्र सख्या शिविरा/अनु/डी/17006/76/77 दिनाक 3–5–76 मे अनुदान प्राप्त सस्थाओ के लिये अतिरिक्त पदो के प्राथना पत्र प्रस्तुत करन सम्ब धी प्रक्रियाओ के निर्देश दिय गये थे। इन निर्देशो के साथ निर्धारित प्राथना पत्र की क्रम स 8 क अ तगत छात्रो की सख्या गत वष एव चालू वष की सस्थाओ स मागी जाती रही है। अनेक सस्थायें इस प्रकोष्ठ मे जुलाई की छात्र सख्या बतात है जा अनुदान नियमानुसार सही नही है। अत अब यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी सस्थाओ को अतिरिक्त पदा की माग क साथ सलग्न प्राथना पत्र म छात्रो की सख्या गत तीन वर्षों क माच की बतानी चाहिए। इसके अलावा अ य माह की छात्र सख्या को पदो का आधार नही माना जावेगा।

स्पष्टीकरण —अनुदान प्राप्त सस्थाओ म अध्यापक एव अ य अतिरिक्त पद[3]

समस्त अनुदान प्राप्त शिक्षण सस्थाओ तथा प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारियो का ध्यान इस कार्यालय क परिपत्र क्रमाक इडीबी/एड/ए/16007/111/74 दिनाक 4–9–71 की ओर आकर्षित

1 शिविरा/अन/डी/17906/76–77 दिनाक 3 5 76।
2 (क्रमाक–शिविरा/अनु ए/17907/78 79/103 दिनाक 15 माच 1979)
3 (क्रमाक ईडीबी/एड/ए/16007/23/72–73 दिनाक 9–5–72)

किया जाता है कि जिसम ये निर्देश दिए गए थे कि अध्यापक एव अन्य अतिरिक्त पद स्वीकृत करने सम्बन्धी प्रकरण एक निर्धारित समय मे भेजे लेकिन इस ओर कोई ध्यान न देकर ऐसे प्रकरण वर्ष के अन्त तक भेजे गये । जिन पर कार्यवाही करना न तो उचित था और न ही समयाभाव और अन्य कारणवश इन पर विचार किया जा सका। अतः इस सत्र अर्थात् 72-7 एव भविष्य के लिए यह आदेश दिये जाते है कि समस्त सस्थाए अपने विद्यालय मे छात्र सख्या के बढोतरी के फलस्वरूप तथा अतिरिक्त वर्ग खोलने की विभागीय अनुमति प्राप्त करने पर स्टाफ के अतिरिक्त पदो की माग के प्रस्ताव प्रत्येक सत्र के माह अगस्त के अन्त तक प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के कार्यालय मे प्रस्तुत करेंगे क्योकि शिक्षा सत्र एक जुलाई से शुरू होगा और इसी माह के अन्त तक छात्रो का पूर्ण रूप से प्रवेश का कार्य समाप्त हो जाता है। अतः अतिरिक्त पदो की माग के लिए उनकी स्थिति स्पष्ट हो जावेगी ।

अतिरिक्त वर्ग खोलने की अनुमति देने के लिए सक्षम अधिकारी अनुदान नियम 1963 के परिशिष्ट 4 के क्रम स. 4 के अनुसार होंगे । प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी अपने जिले के ऐसे सारे प्रकरणो की जाच कर अपनी उचित तथा विस्तृत अभिशषा इस कार्यालय को दो माह अर्थात् अक्टूबर तक अवश्य प्रस्तुत करेंगे ताकि ऐसे प्रकरण एक बार मे ही तय किये जा सके प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी प्रकरणो को अलग-अलग तथा टुकडो मे भेजेंगे लेकिन अक्टूबर के अन्त तक भेजे जा सकेंगे। ताकि ऐसे प्रकरणों पर समय पर उचित कार्यवाही की जा सके और अन्तिम रूप से इस विषय के प्रकरण नवम्बर तक निपटाये जा सके। उक्त तिथि के बाद किसी भी सस्था के ऐसे प्रकरणो पर विचार नही किया जावेगा ।

स्पष्टीकरण.—अनुदान प्राप्त सस्थाओ के अध्यापको की नियुक्तिया अनुमोदन[1]

ऐसा देखने को आया है कि अनुदान प्राप्त सस्थाओ मे अध्यापकों की नियुक्ति के अनेक मामले बहुधा अपूर्ण प्राप्त होते हैं। अधीनस्थ अधिकारी या तो सस्थाओ के मूल पत्र सलग्न कर देते हैं, या उनके द्वारा नियुक्त व्यक्ति के कार्यालय आदेश की प्रति सलग्न कर इस कार्यालय को अनुमति देने हेतु भेज देते हैं । इस तरह से प्राप्त हुए पत्रो मे अनेक कठिनाइया उपस्थित होती हैं, फलस्वरूप सूचना के अभाव में पुनः इस कार्यालय से या तो पूछा जाता है या मामला लौटाया जाता है। इससे अनावश्यक पत्र व्यवहार मे समय नष्ट होता है। अतः भविष्य मे इन मामलो मे शीघ्रता लाने हेतु निम्न निर्देश प्रसारित किये जाते हैं, जिनके आधार पर मामले इस कार्यालय मे प्रस्तुत किया करें :—

1. नियुक्ति नियोजन कार्यालय द्वारा भेजे गये प्रार्थियो मे से की गई है या विज्ञापन द्वारा की गई है।

2. नियुक्ति के लिए कितने प्रार्थी साक्षात्कार के लिए आये उनकी पूरी सूची मय पूर्ण योग्यता, कार्य अनुभव एव अन्य विवरण ।

3. सस्था की व्यवस्थापन समिति द्वारा नियुक्ति का प्रस्ताव एव चयन समिति के सदस्यो का नाम भी लिखा जावे। यह देखा जावे कि चयन समिति मे विभागीय प्रतिनिधि की हैसियत से कोई अधिकारी उपस्थित रहा अथवा नही। विभागीय अधिकारी की अनुपस्थिति मे चयन किये गये कर्मचारी के मामलों को ग्रहण न किया जावे ।

4. प्रत्येक नियुक्ति पर, सस्था से निर्धारित प्रपत्र मे सूचना प्राप्त की जावे जिसमे, कर्मचारी का नाम, जन्म तिथि, योग्यता, पूर्ण अनुभव, नियुक्ति का पद, वेतन मय वेतन शृखला नियुक्ति तिथि रिक्त स्थान की उपलब्धि। निर्धारित प्रपत्र का नमूना सलग्न है ।

1. (क्रमाक:—ईडीडी/एड/एफ/16007/71 दिनाक 7-9-74)

5. अध्यापकों की ज्यादातर नियुक्तियां जुलाई और अगस्त के बीच में होती है, अत: भी संस्थाओं से प्राप्त मामले एक स्टेटमेन्ट में दर्ज करके उक्त पूर्ण विवरण सहित एक साथ स कार्यालय में 31 अगस्त के बाद में भेजे जावें। विशेष मामले पहले भेजे जा सकते है।

6. कर्मचारी के त्याग पत्र के कारण हुए रिक्त स्थान पर नियुक्ति का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए यह प्रमाणित किया जाये कि त्याग पत्र देने वाला व्यक्ति बिना किसी दबाव या वं में लिये गये त्याग पत्र के कारण छोडकर नही गया है। त्याग पत्र देने की तिथि और उसके नयमानुसार नोटिस समय का वेतन देने की भी विशेषतया निर्धारित प्रपत्र के अन्त में टिप्पणी ोना जरूरी है।

7. जिस विषय के अध्यापक पद का रिक्त स्थान हुआ है, उसी विषय के दूसरे व्यक्ति की नियुक्ति का मामला विचारार्थ भेजा जाये।

प्रपत्र

स्कूल का नाम	चयन समिति के सदस्यों का नाम	रिक्त पद मय वेतन शृंखला	साक्षात्कार मे बुलाये गये व्यक्तियो के क्रमानुसार नाम
1	2	3	4
चयन किये गये व्यक्ति का नाम	जन्म तिथि	योग्यतापूर्ण अनुभव	नियुक्ति तिथि
5	6	7	8

वतन मय शृंखला	रिक्त स्थान की उपलब्धि के कारण.............. सेवानिवृत्त/सेवा समाप्ति त्याग पत्र	त्याग पत्र पर हुए रिक्त स्थान में पूर्व नियोजित कर्मचारी का नाम
9	10	11

क्या वह संस्था से त्याग पत्र देकर गया है	टिप्पणी
12	13

स्पष्टीकरण—नियुक्ति अनुमोदन हेतु अधिकारी[1]

समस्त अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थाओं तथा प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी का ध्यान इस कार्यालय के परिपत्र क्रमांक ईडीबी/एड/एफ/16007/76 दिनांक 7-9-71 की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके अन्तर्गत यह निवेदन किया गया था कि अध्यापकों तथा अन्य स्टाफ की नियुक्ति का विभागीय अनुमोदन लेना आवश्यक है जो केवल प्रशासनिक बिन्दु से ही आवश्यक नही है अपितु अनुदान नियम 1963 के परिशिष्ट-5 (पांच) की पालना के लिए भी आवश्यक है। लेकिन 70-71 के अनुदान प्रार्थना-पत्र के अन्तिमीकरण की जांच करते समय यह पाया गया है कि अनेक संस्थाओं द्वारा अध्यापकों तथा अन्य स्टाफ की नियुक्ति की विभागीय अनुमोदन प्राप्त नहीं किया है जो अवांछनीय है। अतः यह पुनः आदेश दिये जाते हैं कि उपरोक्त परिपत्र में दिये गये निर्देशनों की अनुपालना की जाये। इस आदेश की अवहेलना करना संस्थाओं को सत्र 72-73 तथा भविष्य में ऐसी नियुक्तियों पर राजकीय अनुदान स्वीकृत नहीं किया जावेगा। नियुक्ति के अनुमोदन हेतु सक्षम

1. (क्रमांक ईडीबी/एड/एफ/16007/28/72-73 दिनांक 12-5-72)

अधिकारी अनुदान नियम 1963 क परिशिष्ट पाच के अनुसार होंगे जो निम्न प्रकार से है:—

निदेशक —1 वरिष्ठ अध्यापक एव उससे उच्च पद पर नियुक्त अध्यापको की नियुक्ति ।

2 शोध अधिकारी, सहायक अन्य विशेष श्रेणी की नियुक्ति ।

सयुक्त निदेशक (महिला)/द्वितीय ग्रेड अध्यापक तथा वरिष्ठ उपनिदेश ।

लिपिक

विद्यालय निरीक्षक/कन्या विद्यालय निरीक्षिका — तृतीय श्रेणी अध्यापक, कनिष्ठ लिपिक तथा चतुर्थ श्रेणी कमचारी

नियुक्ति सम्बन्धी सूचना सस्था द्वारा निम्नलिखित प्रपत्र म प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के कार्यालय म नियुक्ति के 15 दिन के भीतर-भीतर प्रस्तुत करेंगे और प्रतिहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी प्रकरण की जाच कर सक्षम अधिकारी के कार्यालय म एक पक्ष के भीतर भीतर प्रस्तुत करेंगे।

स्पष्टीकरण—परिवीक्षा व स्थायीकरण[1]

विभाग के ध्यान म लाया गया है कि प्राय अनुदान प्राप्त सस्थाओ के व्यवस्थापक अपने कर्मचारियो को एक वर्ष की नियुक्ति देते हैं तथा सत्र की समाप्ति के दिन बिना कारण बताये सेवा मुक्त कर दत है या एक माह का नोटिस देकर पद से हटा देते हैं। ऐसा वे सम्भवतया ग्रीष्मावकाश का वेतन बचाने हतु करत हैं। कुछ सस्थायें अगले सत्र म भी पुन उन्हे सवा म रख लेती हैं। अकारण सवामुक्त हान स अध्यापकों म असन्तोष होना स्वाभाविक है, क्योंकि व ग्रीष्मावकाश के वेतन से वचित रहत हैं तथा उन्ह पिछले वर्ष की सवा का लाभ आगे क वर्ष म नही मिलता।

समस्त सस्था व्यवस्थापको को आदेश दिया जाता है कि रिक्त पदो पर नियुक्तिया एक वर्ष के परिवीक्षाकाल पर हो एव वष उपरान्त नियुक्ति स्थाईकरण के आदेश प्रसारित कर इस विभाग को सूचित किया जावे। परिवीक्षाकाल की समाप्ति पर केवल वे ही व्यक्ति सेवा मुक्त किये जा सकते है जा या तो स्थानापन्न रिक्त पद पर नियुक्त किय गये हो अथवा जिनका कार्य एव व्यवहार सन्तोषजनक न रहा हो जिन व्यक्तियो का कार्य व्यवहार सन्तोषजनक न हो उन्ह नियमानुसार कारण बताकर नोटिस दिया जाना चाहिए तथा व्यवस्थापक समिति की जिस बैठक मे ऐसे व्यक्तियो को सवा मुक्त करन का निणय लिया जावे उसमे विभागीय प्रतिनिधि को बुलाना आवश्यक है। नियुक्ति के समय नियुक्ति सम्बन्धी इस कार्यालय परिपत्र ईडीबी/एड/एफ/16007/76 दिनाक 7-9-71 का पूर्णत पालन करना आवश्यक है। इस आदेश की अवहेलना करने पर नियुक्तियां अनियमित समझी जावेगी एव उनके वतन की राशि पर अनुदान नही दिया जायेगा।

विद्यालय निरीक्षक कृपया देखेंगे कि इन आदेशो का पालन उचित प्रकार से हो रहा है तथा अध्यापको का अनावश्यक रूप से सेवामुक्त नही किया गया है और कोई सस्था इन नियमो का समुचित पालन नही करगी तो उसकी मान्यता समाप्त की जा सकती है तथा अनुदान कम या बन्द किया जा सकता है।

स्पष्टीकरण— ग्रीष्मकाल का वेतन[2]

स्थाई आदेश स 10/72 में यह निर्णय प्रसारित किया गया था कि नियोजन कार्यालय से प्रशिक्षित अध्यापक उपलब्ध न होने की स्थिति म चयन समिति द्वारा चयनित अप्रशिक्षित अध्यापक

---

1 क्रमांक शिविरा/ईवोडी/एड/एफ/16007/35/72-73 दिनाक 17-5-1972।

2 शिविरा/अनु/ए/17907/75/77-78 दिनांक 29-10-77।

की नियुक्ति केवल एक शैक्षणिक सत्र के लिये ही की जावे तथा यदि 31 दिसम्बर से पूर्व नियुक्ति हुई हो तो संस्था ऐसे अध्यापको को ग्रीष्मावकाश का वेतन देगी। अब राजस्थान सेवा नियम के नियम 97 के नीचे दिये गये निर्णय राजाज्ञा स. एफ 1 (22) एफ डी (ग्रुप-2)/75 दिनाक 9-6-75 द्वारा सशोधन करना अनिवार्य हो गया है। अत: स्थाई आदेश 10/72 में निम्न सशोधन किये जाते है:—

1. आदेश के अनुच्छेद 2 की लाईन 5 मे शब्द 'नियुक्ति केवल एक शैक्षणिक सत्र के लिये ही की जावे' के बाद विराम (।) का चिन्ह लगाया जावे।
2. अनुच्छेद 2 मे लाइन 5 मे शब्द तथा यदि नियुक्ति 31 दिसम्बर.........व उसके आगे की सभी लाइने विलोपित करते हुए उनके स्थान पर निम्न प्रविष्टि की जावे :

"वे अध्यापक जिनकी नियुक्ति रिक्त पद पर सक्षम अधिकारी द्वारा मान्य है एवं जिन्हे 31 दिसम्बर को या उससे पूर्व नियुक्त किया गया है ग्रीष्म अवकाश का वेतन मान्य होगा बशर्ते कि उस पद पर अन्य किसी कर्मचारी द्वारा ग्रीष्मावकाश का वेतन नही उठाया गया हो और ऐसे कर्मचारी ने उस पद पर आगामी सत्र मे शाला खुलने के एक माह के भीतर-भीतर कार्य ग्रहण कर लिया हो तथा वह आगामी सत्र मे माह दिसम्बर तक कार्यरत रहे।

स्पष्टीकरण:—अनुदान प्राप्त सस्थाओ मे अध्यापको की नियुक्ति[1]

अनुदान प्रार्थना पत्रो की जाच करते समय प्राय: यह देखा गया है कि अनुदान प्राप्त विद्यालयो मे अप्रशिक्षित अध्यापको की नियुक्तिया की जाती हैं और विभाग द्वारा समय समय पर प्रसारित आदेशो की अवहेलना की जाती है। समस्त अनुदान प्राप्त सस्थाओ को नव नियुक्ति के हेतु विभागीय आदेश दिनाक 9–7–69 का पूर्णत: पालन करना एव नियुक्ति का अनुमोदन सक्षम विभागीय अधिकारी द्वारा प्राप्त करना आवश्यक है। *बिना अनुमोदन प्राप्त नियुक्तिया अनियमित समझी जावेगी* एव इस प्रकार नियुक्त अधिकारियो के वेतन व्यय पर अनुदान नही दिया जावेगा। प्रशिक्षित अध्यापक की नियुक्ति रिक्त पदो हेतु दैनिक समाचार पत्रो मे विज्ञापन दिये जायें साथ ही इस हेतु पूर्व विवरण नियोजन कार्यालय को देकर उनके नाम मागे जावें। प्राप्त प्रार्थना पत्र का विवरण सलग्न प्रपत्र मे तैयार किया जावे। चयन समिति का गठन किया जावे जिसमें एक विभागीय अधिकारी अवश्य सम्मिलित हो जिस हेतु आदेश क्रमाक ईवीडी/एड/एफ/16007/28/71–72 दिनाक 12–5–72 द्वारा सूचित किया जा चुका है। चयन विवरण पत्र अनुमोदन सक्षम अधिकारी को पद पर सम्भालने की तिथि के दो माह भीतर प्रस्तुत किया जावे। अगर इस दो माह की अवधि मे चयन विवरण पत्र प्रस्तुत नही किया गया तो ऐसे पदो पर अनुदान देने मे कठिनाई होगी। अप्रशिक्षित अध्यापको की अस्थाई नियुक्ति *नियोजन कार्यालय* द्वारा अनुपलब्धि प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर ही की जावे। इस सम्बन्ध मे निम्न रिकार्ड रखना आवश्यक होगा :—

(क) *नियोजन अधिकारी को भेजे गये पत्र की प्रतिलिपि।*
(ख) नियोजन अधिकारी से प्राप्त उत्तर की प्रति।
(ग) साक्षात्कार हेतु भेजे गये *निमन्त्रण-पत्र की प्रति।*
(घ) प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र।
(ङ) चयन समिति के सदस्यो की नामावली।
(च) चयन समिति की बैठक मे उपस्थित विभागीय अधिकारी का नाम एव पद।
(छ) चयन एव मूल्याकन विवरण पत्र।

1. (क्रमाक-ई वी डी/एड/एफ/16007/136/72–73 दिनाक 16-17-5-72)

नियुक्ति हेतु व्यक्तियों का चयन विवरण पत्र

प्रार्थी का नाम (इसमे समस्त आवेदन कर्ताओ के नाम अकित किये जायेगे)	पद जिसके हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया गया	योग्यता शैक्षणिक/ प्रशैक्षणिक (इसमे श्रेणी व प्रतिशत अक लिखे जावें)	अनुभव	चयन समिति द्वारा दिये गये अक
1	2	3	4	5

नोट :—चयन समिति द्वारा अक दिये जाने का मापदण्ड सक्षेप मे लिखा जावे ।

स्पष्टीकरण:—नियुक्ति नियम सभी पर लागू[1]

सहायता प्राप्त विद्यालयो मे अध्यापको की नियुक्ति सम्बन्धित विस्तृत निर्देशन जो इस कार्यालय के स्थाई आदेश स. 6–12 क्रमाक ईबीडी/एड/एफ/16007/36/72–73 दिनाक 17–5–72 के अन्तर्गत प्रसारित किये गये हैं, वे निर्देशन अध्यापको के साथ साथ सहायता प्राप्त सस्थाओ मे अन्य सभी पदो की नियुक्तियो के लिए लागू होगे ।

स्पष्टीकरण:—नियुक्ति के लिए विज्ञापन[2]

अनुदान प्राप्त सस्थाओ को आदेश दिया जाता है कि किसी भी दैनिक या साप्ताहिक समाचार पत्र मे अध्यापको तथा मान्य कर्मचारियो के पदो हेतु विज्ञापन प्रकाशित करते समय निम्न सूचनाए अवश्य दी जाए:—

(क) पद का नाम
(ख) पद हेतु अपेक्षित योग्यताए शैक्षणिक एव प्रशैक्षणिक
(ग) पद की वेतन शृ खला
(घ) पद हेतु अपेक्षित अनुभव या अन्य योग्यता सम्बन्धी सूचना, यदि आवश्यक हो ।

विज्ञापन व्यय पर अनुदान स्वीकृति हेतु निम्न प्रमाण प्रस्तुत किया जावे :—

(अ) विज्ञापन की कतरन जिसमे समाचार पत्र का नाम एव प्रकाशन तिथि के प्रमाण हो ।
(ब) प्रकाशन द्वारा प्रस्तुत विपत्र की राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि ।
(स) प्रकाशक द्वारा प्रस्तुत विपत्र की राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि ।

यह भी आवश्यक है कि विज्ञापन दो ऐसे समाचार पत्रो मे दिए जाए जो परिचालन के आधार पर राज्य स्तरीय रूप मे जाए ।

उपरोक्त निर्देशन की अवहेलना या अनुपालना के अभाव मे विज्ञापन मद मे व्यय की गई राशि पर अनुदान स्वीकृत करना सम्भव नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण :—ग्रीष्म अवकाश का वेतन व नव नियुक्ति[3]

अनुदान नियम 1963 धारा 3(14) के अन्तर्गत केवल प्रशिक्षित अध्यापको को अनुदान प्राप्त सस्थाओ मे स्थाई रूप से नियुक्ति करने का प्रावधान है । इस कार्यालय के परिपत्र ईबीडी/एड/ए/

1. क्रमाक–ईबीडी/एफ/एड/16007/92/72–73/49 दिनाक 25–5–72
2. क्रमाक–ईबीडी,/एड/एफ/16007/71–72 दिनाक 31-7-72
3. क्रमाक–ईबीडी/एड/ए/16011/72–73 दिनाक 10-8-72

16007/238/67 दिनांक 11-7-69 द्वारा अप्रशिक्षित अध्यापक जो दिनाक 1-1-69 तक नियोजित किये जा चुके थे उन्हे आगामी तीन वर्ष मे प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने पर ही उनके वेतन व्यय पर अनुदान देय था तथा इस कार्यालय के समसख्यक परिपत्र दिनाक 17-1-70 द्वारा अनुदान प्राप्त सस्थाओ मे नियोजन हेतु प्रशिक्षित अध्यापको की उपलब्धि की कठिनाईयो को ध्यान मे रखते हुए एक लाख से कम आबादी वाले कस्वो की शिक्षा सस्थाओ मे अप्रशिक्षित अध्यापिकाओ की नियुक्ति का प्रावधान है । यह प्रावधान 30-6-72 तक ही प्रभावी समझा जाये ।

अब विभाग ने यह निर्णय लिया है कि अनुदान प्राप्त शिक्षण सस्थाओ मे अध्यापको की *नियुक्ति विभागीय स्थाई आदेश 6/72 दिनाक 17-5-72 की अनुपालना करते हुए की जावे* । नये शैक्षणिक सत्र मे समाचार पत्रो मे अध्यापक पदो हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने तथा *नियोजन कार्यालय* से भी प्रशिक्षित अध्यापक उपलब्ध न होने की स्थिति मे चयन समिति द्वारा चयनित अप्रशिक्षित अध्यापक की नियुक्ति केवल एक शैक्षणिक सत्र के लिये ही की जावे तथा यदि नियुक्ति 31 दिसम्बर के पूर्व *तिथि को हो तो सस्था द्वारा ऐसे अध्यापको को ग्रीष्मावकाश* का वेतन *भुगतान करना* आवश्यक है, परन्तु अध्यापक का सेवाकाल 30 जून को स्वत: समाप्त माना जाये । नियुक्ति करने वाले अधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र मे ही इस शर्त का समावेश कर दिया जावे ।

विभाग द्वारा प्रसारित अध्यापको के प्रशिक्षण सम्बन्धी पूर्व आदेश मे कोई शिथिलता देना सम्भव नही है ।

स्पष्टीकरण:—चयन समिति मे विभागीय प्रतिनिधि[1] ।

विभागीय स्थाई आदेश स 6/72 दिनाक 17-5-72 के अनुसार अनुदान प्राप्त सस्थाओ के स्वीकृत पदो पर नव नियुक्ति हेतु सस्था द्वारा चयन समिति गठित करना आवश्यक है । समिति मे एक विभागीय प्रतिनिधि भी सम्मिलित किया जावेगा विभिन्न स्तर की सस्थाओ द्वारा निर्मित चयन समिति द्वारा विभिन्न श्रेणी की नियुक्ति हेतु निम्न विभागीय अधिकारियो को विभागीय प्रतिनिधि नियोजित किया जाता है ।

नियुक्ति पद का नाम	*सस्था का नाम*	*नियोजित विभागीय अधिकारी*
1	2	3
1. प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक तथा अन्य पद	शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय	सयुक्त निदेशक/उपनिदेशक (पुरुष/महिला)
2. प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय	उच्च माध्यमिक विद्यालय	सयुक्त निदेशक/उपनिदेशक (पुरुष/महिला) तथा विद्यालय निरीक्षक कन्या विद्यालय
3. *प्रधानाध्यापक तथा ओरगेनाइजिंग सेक्रेटरी विशिष्ठ सस्थाओ के अन्य पद*	*(1) माध्यमिक विद्यालय*	*निरीक्षका विद्यालय निरीक्षक कन्या विद्यालय निरीक्षिका तथा प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय*
	(2) विशिष्ठ सस्थायें	
	(3) केन्द्रीय कार्यालय	
4. वरिष्ठ अध्यापक	उच्च माध्यमिक विद्यालय	प्रधानाचार्य तथा प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय
5 द्वितीय वेतन श्रृखला	(1) माध्यमिक विद्यालय	प्रधानाध्यापक, *उच्च माध्यमिक*

1. क्रमाक : ईडीबी/एड/ए/16011/12/72/73 दि. 16 अगस्त 1972 ।

1	2	3
अध्यापक तथा प्रयोगशाला सहायक	(2) उच्च प्राथमिक विद्यालय (3) मोन्टेसरी (4) अन्य वरिष्ठ संस्थाएं	विद्यालय तथा विद्यालय उप निरीक्षक
6 तृतीय वेतन श्रृंखला अध्यापक	सम्बन्धित संस्थाएं	विद्यालय उपर अव निरीक्षक (एस डी आई)
7 लिपिक वर्ग	सम्बन्धित संस्थायें	विद्यालय उप निरीक्षक

विभागीय अधिकारियों को इस योजना को समुचित ढंग से कार्यान्वित करने के सम्बन्ध में निम्न निर्देशन दिये जाते हैं ,—

   (ख) भवन की स्थिति और उसका पूरा पता
   (ग) किस कार्य के लिए भवन की आवश्यकता है
   (घ) भवन के स्थान, विस्तार आदि का ब्यौरा
   (ङ) भवन मालिक द्वारा कितना किराया मांगा गया है
   (च) सार्वजनिक निर्माण विभाग से कितना किराया कूंता है
   (छ) बजट मद जिससे किराये का भुगतान होगा
   (ज) अनुपलब्धता प्रमाण-पत्र और समुचित किराया प्रमाण-पत्र साथ में भेजे जाएं।

(4) जैसे ही किराये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हो, उसी समय भवन मालिक से परिशिष्ट-1 (क) में किरायानामा भरवाया जाए ताकि बाद में विभाग को कोई कठिनाई न आए[2]।

---

1. वित्तीय अधिकार निदेशक-600, सं. नि./उ नि. (महिला सहित)-375, जि शि अधिकारी-225/- के स्थान पर प्रतिस्थापित।
   क्रमांक—शिविरा एफ 5 (20) एफएडी/रेवेन्यू/78 दिनांक 14-8-1978।
2. ईडीबी/स्थापना/ए/बी/2009/65/86 दिनांक 2-3-1968।

(5) माह अप्रैल के किराये क बिल के साथ प्रति वर्ष अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सलग्न किया जाता है। अत जिलाधीश से प्रत्येक वर्ष समय पर अनुपलब्धता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लना चाहिए।

(6) समुचित किराया प्रमाण-पत्र प्रत्येक वर्ष प्राप्त करने की आवश्यकता नही है। भवन मालिक की प्रार्थना पर, बिना निदेशालय की पूर्व स्वीकृति के, किराये का पुन मूल्याकन न करवाया जाए।

(7) किराये की प्रशासनिक स्वीकृति का प्रतिवर्ष नवीनीकरण करवान की आवश्यकता नही है।

(8) जब किराये की दर म परिवर्तन होता है तथा भवन म परिवृद्धि होती है, तक किराय म वृद्धि की स्वीकृति दी जाती है। अत किराय की प्रशासनिक स्वीकृति जो एक बार जारी हो जाती है वह तब तक प्रभाव म रहती है जब तक राजकीय भवन उपलब्ध न हो जाए अथवा कम किराय का भवन उपलब्ध न हो जाय[1]।

(9) भवन मालिक म निवेदन किया जाना चाहिए कि व किराये का बिल जिस माह का किराया देना है, उसकी 25 तारीख तक प्रस्तुत कर द और अगले माह की 7 तारीख तक किराय का भुगतान कर दिया जाना चाहिए। हर हालत मे बिल प्राप्ति के 10 दिन के भीतर भवन मालिक को किराये का भुगतान कर दिया जाना चाहिए।

(10) जो भवन दिनाक 10 अक्टूबर, 76 से पूर्व किराये पर लिए गए हैं उनका पुन मूल्याकन करवाना मान्य नही है। यदि भवन मालिक को आपत्ति हो तो वह न्यायालय की शरण ल सकता है। किराये क भवनो को मालिक द्वारा नोटिस देने पर ही खाली नहीं कर देना चाहिए। खाली करन से पूव निदशालय की स्वीकृति प्राप्त करके ही खाली करना चाहिय[2]।

(11) किराय का समय पर भुगतान हो इसे देखन के लिए आहरण अधिकारी एक रजिस्टर परिशिष्ट–1 के प्रपत्र (ख) म सधारित करेंग।

(12) कार्यालयाध्यक्ष की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वे देखें कि प्रपत्र (ख) म जो रजिस्टर सधारित किया जा रहा है, वह ठीक तरह से व नियमित रूप से सधारित होता है और वह हर माह की 10 तारीख को इस रजिस्टर की जाच करे और देखे कि किराये क भवनो के किराये का भुगतान हो गया है।

(13) निरीक्षण अधिकारी भी अपने दौरे के दौरान यह देखेगे कि किराये के रजिस्टर का नियमित रूप से सधारण हो रहा है।

(14) किरायनामे म भवन मालिक से यह शर्त रख लें कि वर्ष म एक माह का किराया भवन की मरम्मत के लिए प्रयोग म लाया जायगा।

(15) भवन किराय की स्वीकृति के लिए स्वीकृति का एक प्रारूप परिशिष्ट–1 के प्रपत्र (ग) म दिया गया है। सक्षम अधिकारी इसी प्रारूप म स्वीकृति जारी करें।

(16) सार्वजनिक निर्माण विभाग से फेयर रेंट सर्टिफिकेट तत्परता स प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि अधिशाषी अभियन्ता को भवन के सम्बन्ध म पूरा ब्यौरा दिया जाए।

---

1 ईडीबी/जीए/बी/2909/16/73 दिनाक 10-5-1973।

2 एफ (26) शिक्षा-5/69 दिनाक 28-2-1970।

यह सूचना अधिशाषी अभियन्ता को परिशिष्ट–1 के प्रपत्र (ग) मे प्रस्तुत की जाए। फेयर रेंट सर्टिफिकेट का निर्धारित प्रारूप परिशिष्ट–1 के प्रपत्र (घ) मे दिया हुआ है।[1]

परिशिष्ट–1

प्रपत्र (क)

सरकारी स्कूल चलाने के लिए किराये पर दिए गए भवन का पट्टा विलेख

दिनाक..........19　　को प्रथम पक्ष मे श्री..............................पुत्र.......................... निवासी..............जिसे एतस्मिन् पश्चात् "पट्टाकर्ता" कहा गया है (जिस पद मे उसके वारिस उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासक तथा समनुदेशिती सम्मिलित हैं) तथा द्वितीय पक्ष मे राजस्थान राज्य के राज्यपाल जिन्हे एतस्मिन् पश्चात् "पट्टेदार" कहा गया है (जिस पद मे उसके पद उत्तराधिकारी और अनुमत समनुदेशिती सम्मिलित है) के बीच कृत यह पट्टा निम्नलिखित प्रकार से साक्ष्य करता है :

(1) पट्टाकर्ता.......... ....रास्ते (कस्बा.......................) पर स्थित है और.......... के नाम से जाने वाले उस पूरे रिहायशी मकान को उसकी उपाबद्ध भूमि सहित जो इसकी अनुसूची मे पूर्ण रूपेण वर्णित है, पट्टेदार को केवल स्कूल/शिक्षा सस्थान चलाने हेतु, और अन्य किसी प्रयोजनार्थ नही, दिनाक..................से....... .... वर्षों की अवधि के लिए, उक्त अवधि के दौरान मासिक किराया रु.................जो उस मास जिसका कि किराया देय हो गया है, के अनुवर्ती मास की तारीख... .... को भुगतान योग्य होगा, भुगतान करते हुए, धारण करने हेतु एतद्द्वारा पट्टान्तरित करता है,

(2) पट्टेदार पट्टाकर्ता के साथ निम्नलिखित रूप से एतद्द्वारा प्रसविद् करता है :

(क) कि पट्टेदार उक्त अवधि के दौरान समस्त स्थानीय करो (रेटो) और अन्य प्रभारो का भुगतान करेगा, जिनमे गृह कर सम्मिलित नही है, जो कि पट्टान्तरित भू गृहादि के सम्बन्ध मे व भुगतान योग्य है या एतद्पश्चात् भुगतान योग्य हो,

(ख) कि वह पट्टाकर्ता की लिखित पूर्वानुमति के बिना पट्टान्तरित भूगृहादि का अन्तरण नही करेगा अथवा उसे उप पट्टे पर नही देगा अथवा उसके कब्जे से अन्यथा विलग नहीं होगा,

(ग) कि वह पट्टाकर्ता की लिखित पूर्वानुमति के बिना पट्टान्तरित भूगृहादि का शिक्षा सस्थान चलाने से भिन्न प्रयोजनार्थ उपयोग नही करेगा,

(घ) कि वह पट्टाकर्ता की लिखित पूर्वानुमति के बिना पट्टान्तरित भूगृहादि मे कोई परिवर्तन या परिवर्धन नहीं करेगा।

(3) पट्टाकर्ता पट्टेदार के साथ निम्नलिखित रूप से एतद्द्वारा करार करता है :

(क) कि पट्टाकर्ता उक्त अवधि के दौरान पट्टान्तरित भूगृहादि को विद्युत् अधिष्ठापन नल लाईन और सैनिटरी फिटिंग सहित ठीक और सारपूर्ण मरम्मत अपने खर्चे से करायेगा और प्रति वर्ष वर्षा के पश्चात् पट्टान्तरित भूगृहादि के ऐसे भागो के अन्दर और बाहर दोनों ओर सफेदी या रगाई करायगा जैसी कि इस समय सफेदी या रगाई की हुई है तथा प्रति तीसरे वर्ष सभी दरवाजा खिडकियो व अन्य

1. ईडीबी/साप्र/बी/2809/106/73 दिनाक 8-11-73

लकडी और लोहे की सरचनाओ की पेंटिंग करायेगा जो कि इस पट्टे की तारीख को पेंट किए हुए हैं तथा समस्त टूटे हुए शीशा, बोल्ट्स इत्यादि को बदलवायेगा

परन्तु यह कि यदि किसी समय पट्टकर्ता उक्त मरम्मत, सफेदी रगाई या पेंटिग जैसे कि जहा विनिर्दिष्ट है, कराने म विफल रहता है तो पट्टेदार पट्टाकर्ता का 15 दिन का नोटिस देने क पश्चात् उक्त कार्य स्वय करवा सकेगा और उसकी लागत पट्टाकर्ता को देय किराये म से काट सकेगा, जब तक कि उक्त लागत एतद्द्वारा समायोजित न हो जाय।

(ख) कि वह पट्टान्तरित भूगृहादि म आवश्यक मरम्मत, छोटे मोटे परिवर्तन एव परिवतन करवायेगा तथा पट्टेदार के पट्टाकर्ता को किन्ही विशेष अपक्षरणो, कमियो और मरम्मत की कमी का लिखित नोटिस देने पर, पट्टाकर्ता उक्त नोटिस प्राप्त होने के एक कलैंडर मास के भीतर उसकी मरम्मत और सुधार करवायेगा।

(ग) कि पट्टेदार एतद्द्वारा आरक्षित किराया देत हुए और इसमे अतर्विष्ट समस्त निबन्धनो का पालन और उनके अनुसार कार्य करते हुये उक्त अवधि के दौरान उपर्युक्त रीति से, पट्टाकर्ता या किसी व्यक्ति या व्यक्तियो द्वारा जो कोई भी हो, बिना किसी वैधिक बाधा या विघ्न के उक्त भूगृहादि को शातिपूर्वक धारण करेगा, कब्ज म रखेगा और उनका उपयोग करेगा।

परन्तु सदैव यह करार किया जाता है कि

(1) यदि पट्टेदार इस किरायेदारी को समाप्त करना चाहेगा और अपनी इस इच्छा का दो कलैंडर मास का पूर्व लिखित नोटिस देगा तो उक्त नोटिस की अव्यवहित समाप्ति पर यह पट्टा दोनो म से किसी पक्ष से दूसरे के विरुद्ध पहले के दावो का असविदा भग सम्बन्ध उपचारो पर विपरीत भाव डाले बिना, शून्य हो जायेगा।

(2) यदि पट्टेदार पट्टे के नवीनीकरण की इच्छा अभिव्यक्त करते हुए इसम आरक्षित अवधि के पूर्व पट्टाकर्ता को — मास का लिखित नोटिस दे देता है तथा इसकी समस्त शर्तों और निबधनो का पालन और अनुपालन कर रहा होता है तो पट्टाकर्ता पट्टेदार को पट्टांतरित भू गृहादि का नवीन पट्टा इसकी समाप्ति की तारीख से प्रारम्भ होत हुए और " वर्ष की अवधि के लिए उसी किराये पर और सभी प्रकार स उन्ही शर्तों तथा निबधनो पर अनुदत्त करेगा जैसा कि इसम आरक्षित तथा अन्तर्विष्ट है। इसकी साक्ष्य मे पट्टाकर्ता और पट्टेदार ने क्रमश अपने अपने हस्ताक्षर प्रथमत. उल्लिखित दिनाक और वर्ष म किए हैं।

पट्टाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित	राजस्थान के राज्यपाल के आदेश और उनकी ओर से · · द्वारा हस्ताक्षरित
साक्षिया	साक्षिया
(1)	(1)
(2)	(2)

पट्टांतरित भूगृहादि की अनुसूची

प्रपत्र (ख)

मकान मालिक का नाम	सस्था/कार्यालय का नाम जो भवन मे आवासित है	प्रतिमाह किराये की दर	भवन मालिक द्वारा बिल देने की तिथि	ट्रेजरी मे बिल प्रस्तुत करने की तिथि
1	2	3	4	5

ट्रेजरी से बिल पास होकर प्राप्त होने की तिथि	राशि प्राप्त होने की तिथि	भवन मालिक को भुगतान करने की तिथि	विलम्ब से यदि भुगतान किया हो तो कारण
6	7	8	9

प्रपत्र (ग)

PROFORMA FOR ASSESSMENT OF REASONABLE RENT FOR PRIVATE BUILDING TAKEN ON RENT FOR GOVERNMENT PURPOSES

The Executive Engineer (B & R)
Public Works Department.

A building of the particulars given below has been/will be taken on rent .for which a Fair Rent Certificate be issued :

Name of place :

1. *Name of the building/Landlord.*
2. Locality of the building & full address.
3. Year of construction of building.
4. Plinth area of the building.
5. Area of land.
6. Purpose for which building is acquired on rent.
7. Date from which the building has been/will be hired by the renting Department.
8. State, if the Fair Rent Certificate was issued previously, if so, reference number and date must be quoted.
9. Details of accommodation required/occupied.
   (Plan or rough sketch of the building showing the portion required under occupation by the Department should be attached.)
10. No. of officers & other staff occupying the building.
    (This should be given category-wise as per Govt. Orders No. 6274/F. 5 (15)GA/A/59 Dated 18-5-59)
11. Monthly rent settled or demanded by the Land lord.
12. Prevailing rent in the Area.
13. If any portion of the building is occupied by other Department, (full details may be mentioned),
14. Has a non-availability certificate been obtained from the competent authority ? If so, give its number and date.
15. Remarks, if any.

Signature and Designation
of the Officer Renting the Building.

N. B.

1. If the building has been taken on rent for the first time, 3 copies of the

form with 3 copies of plan or sketch should be sent to the concerned Executive Engineer P W D B & R

2 For renewal only one copy of this form with one copy of plan should be sent to P W D in the beginning of each financial year A certificate should also be given that there is'no change in accommodation since the issue of last certificate

3 All columns of this form must be filled in correctly failing which there may be delay in issue of Fair Rent Certificate

प्रपत्र (घ)

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P W D
(B & R)

No Date

To

The

Sub Fair Rent Certificate for the year

Ref Your letter No ... Dated ..

Certified that a suitable building belonging to the Government is not available for the purpose of for which the building is required and that the rental charges viz Rs P M which works out to % of the present day cost of the building calculated according to sub section (b) of section 3 of the Rajasthan Premises (Requisition and Eviction) Ordinance (Amendment) Act 1952 dated 31st May 1952 is reasonable The accommodation available in the building is a given below and is not in excess of the minimum requirements of for the purpose stated above

The building belongs to Shri and is situated in

Executive Engineer
P W D (B & R)

Details of Accommodation

किराया निर्धारण[1]

The existing Sub item (2) below item No 4(a)(i) of appendix VIII of General Financial & Accounts Rules shall be substituted by the following

(2) Certificate that the rent charges is reasonable is necessary from Public Works Department (B & R) authorities specified below on the basis of cost of the building (including cost of plot) assessed as under only when building is first taken on rent

(i) Upto Rs 50 000/-	Asssistant Engineer
(ii) Above Rs 50 000/ & upto Rs 5 00 000/	Executive Engineer
(iii) Above Rs 5 00 000/	Superintending Engineer

अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश[2]

राज्य सरकार के यह ध्यान म आया है कि सरकारी भूमियो एव नगर विकास न्यासा तथा नगर परिषदा/पालिकाओ की रिक्त पडी हुई भूमियो पर बडे पैमानो पर अतिक्रमण किय जा रहे हैं।

1 No प 5(4) वित्त/रा ल व अ /76 (50/81) दिनाक 3 11 81 ।

2 प 8(115) नविशा/ग्रुप 4/80 दिनाक 10 नवम्बर, 1980 ।

यही नही कुछ लोगो मे कृषि भूमियो पर अनाधिकृत रूप से मकान बनाने की प्रवृत्ति है और प्रकार की प्रवृत्ति बढती जा रही है। इसके फलस्वरूप जगह-जगह अतिक्रमण बढ रहा है। न विकास न्यासें/परिषदें/नगरपालिकाओ तथा राजस्व अधिकारी इन्हे रोकने तथा इस ओर अप दायित्व निभाने मे पूर्णतः सफल नही हो रहे हैं। नगर विकास न्यासो/नगर परिषदो तथा राज अधिकारियो का यह एक आवश्यक कर्तव्य है कि वे इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए तुरन्त कार कदम उठायें। इन अतिक्रमणो एव अनाधिकृत निर्माणो के फलस्वरूप शहरो की रूपरेखा विगड जा रही है। शहरो के योजनावद्ध विकास के लिए यह अतिआवश्यक है कि निर्माण कार्य योजना तरीके से ही किये जायें तथा ऐसे कार्यो को रोकने के लिए तुरन्त समुचित कार्यवाही की ज चाहिए। आप इस कार्य से सम्बन्धित सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को सतर्क कर दें कि जो व्यक्ति इस सम्बन्ध मे ढिलाई वरतेगे और अपने दायित्व निभाने में लापरवाही का परिचय देंगे उ विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। अवैध निर्माण अव जहा कही भी बनें उन्हे तुरन्त न किया जाये। सरकारी भूमियो पर नाजायज कब्जे तुरन्त रोके जायें तथा आप इस बारे मे आवश कार्यवाही कर समय-समय पर राज्य सरकार को सूचित करते रहें।

ग्रध्याय 19

व्यक्तिगत ट्यूशन्स तथा अन्य वृत्तियां

ग्रध्यापको को व्यक्तिगत ट्यूशन तथा ग्रन्य वृत्तियों को करने की स्वीकृति के सम्बन्ध मे निम्न नियम हैं :

(1) साधारण तौर से छात्रों को व्यक्तिगत ट्यूशन करने की ग्रावश्यक्ता नही है इसलिए विभाग की नीति यह है कि व्यक्तिगत ट्यूशन्स को प्रोत्साहन नही दिया जाना चाहिये। निरीक्षण ग्रधिकारी तथा सस्था प्रधान दोनो को यथाशक्ति इस प्रथा को रोकना चाहिए।

(2) शिक्षण सस्था में नियुक्त ग्रध्यापक को कोई व्यक्तिगत ट्यूशन या व्यक्तिगत कार्य नही करना चाहिये जब तक कि सक्षम ग्रधिकारी की वे लिखित स्वीकृति प्राप्त न कर लें। इसी प्रकार व्यक्तिगत प्रबन्धाधीन या राजकीय सस्थाग्रो मे लगे हुए ग्रध्यापको को भी ऐसा ही करना चाहिए।

नोट :—किसी भी छात्र की ट्यूशन करते समय स्वीकृति प्राप्त करना ग्रति ग्रनिवार्य है चाहे विद्यार्थी नियमित विद्यार्थी है या नही।

(3) (ए) ग्रध्यापक द्वारा कक्षा मे पढाये जाने वाले छात्र की प्राइवेट ट्यूशन करने की स्वीकृति विशेष कारणो के कारण ही दी जानी चाहिए, जिनको ग्रभिलेखित भी किया जाना चाहिए।

(बी) ऐच्छिक विषय पढाने वाले ग्रध्यापको को ग्रपने द्वारा पढाये जानी वाली कक्षा के छात्र की भी व्यक्तिगत ट्यूशन करने की स्वीकृति यदि इस विषय म ग्रन्य ग्रध्यापको का उपलब्ध होना सभव न हो तभी दी जा सकती है।

(सी) महाविद्यालयो के प्रधानाचार्य, माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाध्यापक एव छात्रावास के ग्रधीक्षक (जो रु 20/–या इससे ग्रधिक छात्रावास भत्ते के रूप मे प्राप्त कर रहे हो) जो महाविद्यालय या विद्यालय से सलग्न हो तथा वे ग्रध्यापक जिनको सार्वजनिक परीक्षा में प्रवेश होने की स्वीकृति दी गई हो (उसी वर्ष के लिए जिस वर्ष वे परीक्षा मे प्रविष्ठ होगे) उनको किसी भी प्रकार से व्यक्तिगत ट्यूशन करने की ग्राज्ञा नही दी जा सकती है।

(डी) परिशिष्ट मे दिये गए निर्धारित प्रपत्र मे ट्यूशन करने की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ग्रावेदन सक्षम ग्रधिकारी के पास भेजा जाना चाहिए।

(इ) महाविद्यालयो मे एक तथा शालाग्रो मे दो व्यक्तिगत ट्यूशन करने के ग्रतिरिक्त ग्रधिक ट्यूशन करने की स्वीकृति नही दी जा सकती है। ट्यूशन का कुल समय महाविद्यालयो के ग्रध्यापको द्वारा डेढ घन्टे एव शालाग्रो के ग्रध्यापको द्वारा दो घन्टे से किसी भी दशा मे ग्रधिक नही दिया जायेगा।

(एफ) महाविद्यालयों एव माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयो के छात्रों की ट्यूशन दो से ग्रधिक न होगी तथा उच्च प्राथमिक कक्षाग्रो मे तीन एव प्राथमिक श्रेणी की कक्षाग्रो मे 4 से ग्रधिक न होगी।

(4) उपरोक्त नियमानुसार व्यक्तिगत प्रबन्धाधीन मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रधान, प्रार्थना-पत्रों पर स्वीकृति देने हेतु विचार करेंगे।

(5) किसी भी अध्यापक को व्यक्तिगत ट्यूशन करने से या व्यक्तिगत व्यवसाय करने से मना किया जा सकता है यदि उसके ऐसा करने से शाला के कार्य में कोई बाधा उत्पन्न होती हो या जहा तक कि घर पर पाठ तैयार करने, उत्तर पुस्तिकाए देखने एव सहशैक्षिक प्रवृत्तियों मे भी भाग लेने मे कोई बाधा उत्पन्न होती हो।

(6) व्यक्तिगत अध्यापन करने को स्वीकृति देने का अधिकार सम्बन्धित संस्था प्रधान को होगा[1]:

देश:—प्राइवेट ट्यूशन (स्थायी आदेश संख्या 1/1968)[2]

विभाग वैयक्तिक अध्यापन को शिक्षण व्यवस्था की एक बुराई मानता है। प्रयत्न यह किया ना चाहिए कि वैयक्तिक अध्यापन की आवश्यकता ही न रहे। बहुधा देखा गया है कि वैयक्तिक ध्यापन विद्यार्थियो की संख्या के अधिक होने के कारण, या अध्यापकों द्वारा अपने दायित्व को न मझने के कारण अधिक पनपता है। विभाग की मान्यता है कि इस कुप्रथा को निर्मूल तो नहीं या जा सकता परन्तु यदि सभी सबधित व्यक्ति इस ओर जागरूक रहे तो इसके कुप्रभावों मिटाया जा सकता है। इसके लिए रचनात्मक तथा अनुशासनात्मक, दोनों ही प्रकार की कार्य-ाही करनी आवश्यक होगी।

रचनात्मक एव उपचारात्मक दृष्टि से जिस कार्यवाही को आवश्यकता है उसे अधिकाश स्थाध्यक्ष जानते हैं। कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं का उल्लेख यहा किया जा रहा है :

(1) प्रधानाध्यापक के शैक्षिक कार्य का परिवीक्षण वर्ष भर लगातार करते रहना चाहिये ताकि कक्षाओं मे अध्यापन सुचारु रूप से वर्ष भर नियमित चलता रहे तथा पाठ्यक्रम सन्तोषजनक तरीके से पूरा कर लिया जावे।

(2) जो छात्र कमजोर रहते है उनको सुधारने का दायित्व उस कक्षा मे पढाने वाले अध्यापक का है। उसे लगातार प्रयत्न करते रहना चाहिए कि कमजोर छात्रों की कमजोरी दूर होती रहे। साप्ताहिक डायरी में कमजोर छात्रो के सुधार के लिए की जाने वाली कार्यवाही का उल्लेख होता रहना चाहिए और प्रधानाध्यापक को इसे देखना चाहिये और समय समय पर मार्गदर्शन देना चाहिए। प्रधानाध्यपक अपने विद्यालय के अध्यापकों की बैठको मे मेधावी तथा पिछडे हुए छात्रों के लिए विशिष्ट योजना बनावें तथा अध्यापकों का दायित्व स्पष्ट कर उसके अनुपालना की व्यवस्था करें।

---

1. स्थाई आदेश संख्या शिविरा/प्रस्थापन ब-ई 11385/3/68 दिनाक 29-1-68 द्वारा निम्न-लिखित के स्थान पर प्रतिस्थापित :—

"राजकीय प्रबन्धाधीन संस्थाओं में व्यक्तिगत ट्यूशन करने की अनुमति देने वाले अधिकारी निम्न प्रकार होंगे :—

पद	स्वीकृति प्रदानकर्ता
1. व्याख्याता एव प्राध्यापक स्नातकीय एव स्नातकोत्तरीय महाविद्यालय	संस्था प्रधान
2. माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता एव अध्यापक	संस्था प्रधान
3. उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक	निरीक्षक शिक्षणालय

2. क्रमाक उपरोक्त

(3) कमजोर छात्रों के हेतु जहां भी आवश्यकता हो अलग से कक्षाएं लगाई जानी चाहिए। उनके सुधार का कार्य सिद्धांततः विद्यालय का नियमित कार्य होना चाहिए लेकिन यदि और कोई तरीका न हो तो अतिरिक्त कार्य के लिये शुल्क भी लिया जा सकता है। परन्तु यह शुल्क उस छात्र के मासिक शिक्षण शुल्क से अधिक नहीं होना चाहिए।

(4) टैस्ट और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रगति पत्र परीक्षाएं समाप्त होते ही केलेण्डर में वर्णित तिथियों के अनुसार दे दिये जाने चाहिए ताकि छात्रों और उनके अभिभावकों को उनके बारे में स्थिति का ज्ञान हो सके।

(5) यदि किसी विद्यालय में वैयक्तिक अध्यापन का बहुत अधिक जोर हो तो ऐसा प्रबन्ध किया जाना चाहिए कि विद्यार्थियों को मालूम नहीं हो सके कि कौनसा अध्यापक उसकी परीक्षा लेगा। आवश्यकतानुसार आखिरी समय में परीक्षक बदल दिया जाय और यदि एक शाला में एक विषय का एक से अधिक अध्यापक न हो तो दूसरी शालाओं के अध्यापकों की सहायता ली जा सकती है। परीक्षा पत्रों का निर्माण करते समय अध्यापक को यह ज्ञान नहीं होना चाहिए कि उसका ही प्रश्नपत्र परीक्षा के लिए निर्धारित किया जा रहा है। प्रश्नपत्रों की जांच के समय भी सावधानी बरती जानी चाहिए। इस प्रकार पास होने का ठेका लेकर वैयक्तिक अध्यापन करने का निन्दनीय तरीका समाप्त किया जा सकता है।

(6) प्रधानाध्यापकों को वैयक्तिक अध्यापन करने के बारे में अपना दायित्व भली प्रकार समझना चाहिए और निर्भीक होकर इस कुप्रथा को कम करने के लिए कदम उठाना चाहिए। प्रत्येक प्रधानाध्यापक अच्छी तरह जानता है कि कौनसा अध्यापक अधिक ट्यूशन करता है। सबसे पहले इस तरह के अध्यापकों को मौखिक चेतावनी दी जानी चाहिए तथा इन्हें स्पष्ट कहना चाहिए कि वे व विभाग इस स्थिति को असह्य मानते हैं।

संस्थाध्यक्षों की सजगता तथा उपरोक्त उल्लिखित बिन्दुओं के अनुसार कार्यवाही करने से निश्चय ही वैयक्तिक अध्यापन की कुप्रथा कम होगी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से कुछ सीमा तक छूट देने, वैयक्तिक अध्यापन का लेखा रखने तथा आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में दिशा देने के उद्देश्य से शिक्षा संहिता इस संबंध में दिये गये निर्देशों तथा अन्य आदेशों/परिपत्रों आदि के अधिक्रमण में निम्नलिखित आदेश किये जाते हैं

(1) राजकीय विद्यालयों में कार्य करने वाले अध्यापक वैयक्तिक अध्यापन सक्षम स्वीकृति अधिकारी की आज्ञा के बिना नहीं कर सकते।

(2) वैयक्तिक अध्यापन करने की अनुज्ञा देने का अधिकार संबंधित संस्थाध्यक्ष का होगा :—

(3) जहां आवश्यक समझा जाए वहां, वैयक्तिक अध्यापन के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन प्राप्त होने पर, निम्न नियमों को ध्यान में रखते हुए अनुज्ञा दी जा सकती है।

(ए) अध्यापक जिस कक्षा में जो विषय पढ़ाता है उस कक्षा के छात्र का वैयक्तिक अध्यापन करने की इजाजत उसे नहीं दी जानी चाहिए। यदि बहुत ही आवश्यक हो तो सक्षम स्वीकृति अधिकारी ऐसा करेगा परन्तु स्वीकृति देते समय प्रार्थनापत्र पर उन विशेष कारणों का उल्लेख करेगा जिनके कारण ऐसा किया गया है।

यदि किसी वैकल्पिक विषय को पढाने वाला अन्य अध्यापक न हो तो उस कक्षा को पढाये जाने वाले अध्यापक को आज्ञा दी जा सकती है।

(बी) विद्यालय के प्रधानाध्यापक और छात्रावास के अधीक्षक को वैयक्तिक अध्यापन की आज्ञा नही दी जा सकेगी।

(सी) उच्च एव उच्चतर माध्यमिक कक्षाओ को पढाने वाले अध्यापको को दो, मिडिल कक्षाओ को पढाने वाले को तीन और इससे नीची कक्षाओ को पढाने वालो को चार से अधिक वैयक्तिक अध्यापन करने की आज्ञा नही दी जायेगी।

नोट —वैयक्तिक अध्यापनो की सख्या का अर्थ छात्र सख्या से है।

(डी) इस प्रकार किये गये वैयक्तिक अध्यापनो में अध्यापक को प्रति दिन दो घण्टे से अधिक समय नही लगाना चाहिए।

(इ) वैयक्तिक अध्यापन के कारण अध्यापक के शाला के नियमित कार्य, जैसे अध्यापन पाठो की तैयारी, लिखित कार्य की जाच, पाठयतर कार्यक्रमो मे भाग लेना आदि मे कोई बाधा नही होनी चाहिए। यदि वैयक्तिक अध्यापन से इन कार्यो मे बाधा पहुचती है तो सस्वीकृति अधिकारी वैयक्तिक अध्यापन की अनुज्ञा निरस्त कर सकेगा।

(4) शाला मे वैयक्तिक अध्यापन का अभिलेख एक रजिस्टर मे रखा जाना चाहिए। जिसमे वैयक्तिक अध्यापन करने वाले अध्यापको और छात्रो का विवरण परिशिष्ट के प्रपत्र मे होगा।

(5) साधारणत जिन अध्यापको को वैयक्तिक अध्यापन करने के लिए स्वीकृति दी जावे उनके तथा उन द्वारा वैयक्तिक अध्यापन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो के नाम सूचना पट्ट पर लगाये जाने चाहिए जिससे कि गलत सूचना देने वाले अध्यापको के विषय मे प्रधानाध्यापक को सूचना मिल सके।

(6) निरीक्षण के समय शिक्षा अधिकारी को वैयक्तिक अध्यापन का रजिस्टर ध्यानपूर्वक देखना चाहिए। वे यह भी देखेगे कि इस स्थायी आदेश की अनुपालना भली भाति हो रही है या नही।

(7) बिना स्वीकृति या निर्धारित सख्या से अधिक सख्या मे वैयक्तिक अध्यापन करने वाले अध्यापको के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निम्न प्रकार से की जाय—

(ए) मौखिक व लिखित चेतावनी।

(बी) यदि चेतावनी से काम न चले और सबूत हो तो सी सी ए नियमो के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही।

(सी) यदि सबूत न हो या सी सी ए नियमो के अन्तर्गत कार्यवाही करना अन्य कारणो से उचित न समझा जाय तो ऐसे अध्यापको का उनके लिए दुरूह स्थानो पर स्थानान्तरण।

(डी) वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन मे इसका अकन।

आशा की जाती है कि सभी प्रशासकीय अधिकारी एव शिक्षक वर्ग इस हानिकारक कुप्रथा के निवारण के लिए सतत् प्रयत्नशील रहेगे तथा उन कतिपय अध्यापको, जो कि रचनात्मक तरीको से सही मार्ग पर जाने के लिए तैयार नही है को शैक्षिक अनुशासन की परिसीमा मे रहने को बाध्य करेंगे।

परिशिष्ट—1

वैयक्तिक ग्रध्यापन के लिए प्रार्थना-पत्र

(1) प्रार्थी का नाम (ग्रध्यापक)

(2) पद

(3) विद्यालय का नाम

(4) विद्यार्थियो का नाम व कक्षा (विभाग सहित)

(5) क्या विद्यार्थी ग्रध्यापक द्वारा पढाये जाने वाली कक्षा (विभाग) मे पढता है ?

(6) वैयक्तिक ग्रध्यापन का विषय

(7) इसी सत्र मे इससे पूर्व वैयक्तिक ग्रध्यापन का विवरण

(8) विद्यार्थी द्वारा ग्रध्यापक को दिया जाने वाला पारिश्रमिक

(9) इस वैयक्तिक ग्रध्यापन के लिए खर्च होने वाला समय (घटे प्रति दिन)

1. मैं प्रमाणित करता हूं कि वैयक्तिक ग्रध्यापन से मेरे विद्यालय के कार्य मे कोई बाधा नही पहुचेगी।

2. मैं वैयक्तिक ग्रध्यापन के विभागीय नियमो का पूर्णरूपेण पालन करूंगा।

तिथि हस्ताक्षर ग्रध्यापक

मैं........................पिता/संरक्षक छात्र कक्षा................घोषित करता हूं कि मैं........................को श्री........................सहायक ग्रध्यापक/वरिष्ठ ग्रध्यापक के पास पढना चाहता हू ग्रौर रुपये........................नियमित मासिक पारिश्रमिक देता रहूंगा।

तिथि

हस्ताक्षर छात्र के पिता/संरक्षक

संस्वीकृति ग्रधिकारी द्वारा ग्राज्ञा

ह. संस्वीकृति ग्रधिकारी

परिशिष्ट 2

वैयक्तिक अध्यापन का रजिस्टर

क्रम सं.	नाम अध्यापक	पद	वैयक्तिक अध्यापन करने वाले छात्रों का विवरण		कक्षा अध्यापक जिस कक्षा मे विषय पढ़ाता है	वैयक्तिक अध्यापक को दिया जाने वाला समय	पारिश्रमिक	प्रधानाध्यापक द्वारा दी गई आज्ञा		अन्य विवरण
			कक्षा	विषय				सं. व दिनांक		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
			1							
			2							
			3							
			4							

अध्याय 20

सार्वजनिक परीक्षाओ मे बैठने की अनुमति

शिक्षकों निरीक्षण अधिकारियो तथा मंत्रालयिक कर्मचारियो को सावजनिक परीक्षाओ मे ठने की अनुमति देने के निम्नलिखित नियम है —

(अ) शिक्षको/अधिकारियों को अनुमति[1]

उद्देश्य

(1) शिक्षको म शैक्षणिक योग्यताए बढाने की भावना को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए और इसलिए उन्हे सार्वजनिक परीक्षाओ (पब्लिक एक्जामिनेशन्स) मे सम्मिलित होने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध होना चाहिए ।

(2) सार्वजनिक परीक्षाओ म सम्मिलित होने वाले शिक्षको की सख्या इतनी अधिक नही होनी चाहिए कि जो छात्रो के अध्ययन के लिए अहितकर हो ।

(3) जिन विषयो म परीक्षा म बैठने की अनुज्ञा प्रदान की जाती है उनका चुनाव सबधित शिक्षक की शैक्षिक अभिरुचि तथा साथ ही शिक्षण सस्थाओ की आवश्यकताओ को ध्यान म रखकर किया जाना चाहिए ।

(4) शिक्षक बिना पूर्व अनुज्ञा के सार्वजनिक परीक्षाओ म न बैठे इसके लिए यह आवश्यक है कि ऐसा करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए ।

2 परिभाषा

(1) सार्वजनिक परीक्षा से तात्पय उन सभी परीक्षाओ से है जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है । निम्नलिखित श्रेणी की परीक्षाए सार्वजनिक परीक्षा मे सगणित नही होगी —

(क) शिक्षको के व्यावसायिक प्रशिक्षण से सम्बन्धित परीक्षाए

(ख) लोक सेवा आयोगो द्वारा सचालित सभी प्रकार की परीक्षाए

(ग) अन्य व्यवसायो से सम्बन्धित परीक्षाए

(2) सत्र स तात्पर्य जुलाई से अगले वर्ष की जून तक की अवधि से है ।

(3) शिक्षक से तात्पय उन सभी कमचारियो से है जो राजस्थान शिक्षा सेवा म तथा राजस्थान अधीनस्थ शिक्षा सेवा म है ।

3 पूर्वअनुज्ञा

(1) किसी सार्वजनिक परीक्षा म बैठने के लिए प्रार्थना पत्र भरने से पूर्व सक्षम अधिकारी की पूव अनुज्ञा प्राप्त करना शिक्षको के लिए आवश्यक होगा ।

(2) किसी भी पत्रचार पाठ्यक्रम अथवा रात्रि कक्षाओ म प्रवेश लेने से पूर्व भी पूर्व अनुज्ञा लेनी होगी ।

(2) यदि किसी अध्यापक ने स्वीकृति प्राप्त करने से पूव परीक्षा या भरती के लिए प्रार्थना पत्र दे दिया होगा तो उसे अनुज्ञा प्रदान नही की जाएगी ।

---

1 शिविरा/नियुक्ति/एफ/1/12226 (जी)/विशप/70 दिनाक 5-8-70 तथा एफ 111/13362/16/1 दि 25-3-76

4. परिसीमा .

(1) किसी भी स्थिति म किसी एक सस्था के 40 प्रतिशत से अधिक शिक्षको को सार्वजनिक परीक्षाओ मे सम्मिलित होने की अनुज्ञा प्रदान नही की जाए ।

(2) 10 जमा 2 योजना के अन्तर्गत नवीन विषयो के अनुसार अध्यापक उपलब्ध कराने हेतु अध्यापको को स्नातक स्तर पर अतिरिक्त विषय म परीक्षा अनुज्ञा निर्धारित कोटे के अतिरिक्त दी जा सकती है, इस अपवाद के साथ कि —

(क) जिन विद्यालयो म शिक्षको की सख्या 6 से कम परन्तु दो से अधिक है प्रतिवष एक शिक्षक को अनुज्ञा दी जाए ।

(ख) प्राथमिक विद्यालया म शिक्षको को विद्यालय अवर उप निरीक्षक (एस डी आई) *या शिक्षा प्रसार अधिकारी के* क्षेत्र से सभी शिक्षको की सख्या के 40 प्रतिशत शिक्षको तक स्वीकृति दी जाएगी शत यह है कि अनुज्ञा देत समय अनुज्ञा देने वाले अधिकारी देख लें कि इस प्रकार किसी विद्यालय के इतने अधिक शिक्षको को अनुज्ञा नही मिल जाती कि विद्यालय के कार्य मे हर्ज हो ।

टिप्पणी —(i) उक्त प्रतिशत मे रात्रि कक्षाए तथा पत्राचार पाठ्यक्रम मे सम्मिलित होने वाले शिक्षको की सख्या भी सम्मिलित की जाएगी ।

(ii) उक्त प्रतिशत म अनुत्तीण होकर वापिस परीक्षा म बैठने वाले तथा किसी परीक्षा क एक भाग म सम्मिलित होने वाले शिक्षक भी गिने जायेंगे, जैसे बी ए के भाग प्रथम म बैठने वाले ।

(iii) किसी एक विषय म स्नातकीय (बी ए) परीक्षा देने वाले शिक्षक भी इस प्रतिशत म गिने जाए गे ।

(iv) यदि कोई शिक्षक एन एन बी की परीक्षा देना चाहे तो विभागीय नियमानुसार निर्धारित प्रतिशत सख्या की सीमा म उसे इस परीक्षा म बैठने की अनुमति दी जा सकती है ।[1]

(v) राज्यादेश क्रमाक प 14(65) शिक्षा–2–78 दिनाक 26–4–78 द्वारा एम एड (पत्राचारिक) की अनुमति सभी इच्छुक शिक्षको को उपलब्ध किये जा सकने विषयक आदेश के अनुसरण म यह अभिज्ञापित किया जाता है कि सभी श्रेणी के इच्छुक शिक्षका का एम एड (पत्राचारिक–अवकाशकालीन) की अनुमति भी अब स व विभिन्न क्षेत्रीय शिक्षाधिकारी जन ही देग जो कि उन्ह पूर्व-प्रसारित नियमो एव आदेशा के अन्तगत विभिन्न सार्वजनिक परीक्षाओ क लिए अनुमति देने हतु सक्षम घोषित किये हुए है । यह भी ध्यातव्य कि यह अनुमति सार्वजनिक परीक्षाओ के लिए दी जा सकने वाली अनुमति के लिए सस्था/अधिकरणवार निर्धारित प्रतिशत की मर्यादा म ही दी जावगी ।[2]

5 प्रतिबन्ध—

सावजनिक परीक्षा म सम्मिलित हाने की अनुज्ञा उन शिक्षको को नही दी जाएगी :

(1) जिसन अध्यापक पद पर पूरे दो सत्र की पूव अनवरत सवा न की हो ।

[illegible] : [illegible] रजी सस्थाओ म की गई सवाएं सम्मिनित

2 क्रमाक—शिविरा/शिप्रप्र/सी/21605/12/78 दिनांक 29 8-78 ।

की जा सकती है, बशर्ते कि निजी संस्था से राजकीय सेवा में कार्यग्रहण करने का अन्तर सात दिन से अधिक न हो।

(2) जिसका कार्य पूर्णतया संतोषप्रद न हो।

टिप्पणी—

(i) सामान्यतया एक शिक्षक का कार्य केवल इस प्रयोजन (सार्वजनिक परीक्षा में बैठने) के लिए संतोषप्रद माना जाएगा यदि उसका परीक्षा परीणाम 60 प्रतिशत से अधिक है।

(ii) यदि किसी अध्यापक का अंग्रेजी अथवा गणित विषय का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत से कम परन्तु 45 प्रतिशत से अधिक है तथा अन्य विषयों के परिणाम 60 प्रतिशत है तो केवल इस प्रयोजन (सार्वजनिक परीक्षा में बैठने) के लिए उसका कार्य संतोषप्रद माना जाएगा।

(iii) शिक्षा प्रसार अधिकारी, विद्यालय प्रवर उप-निरीक्षक व्यायाम शिक्षक आदि अन्य कर्मचारियों के जो कि अध्यापन कार्य नहीं करते हैं या जिनके विषयों की परीक्षा नहीं होती, कार्य का मूल्यांकन संस्वीकृति अधिकारी गोपनीय प्रतिवेदन अथवा अन्य विधि से जो भी वे उचित समझें, करेंगे।

(iv) यदि कार्य असंतोषजनक होने के कारण अनुज्ञा नहीं दी जाती है तो अनुज्ञा नहीं देने के कारण का परिशिष्ट–2 की सारिणी में उल्लेख किया जाए तथा निर्णय से आवेदनकर्ता को सूचित किया जाए।

(3) जो उस पद के लिए जिस पर कि वह कार्य कर रहा है, व्यावसायिक प्रशिक्षण की न्यूनतम योग्यता नहीं रखता हो।

टिप्पणी :—(i) प्रत्येक श्रेणी एवं वर्ग के शिक्षक के लिए न्यूनतम व्यावसायिक प्रशिक्षण निम्नतया होगा :

	वर्ग	तृतीय श्रेणी	द्वितीय श्रेणी एवं उच्च पद
1.	व्यायाम शिक्षक	व्यायाम शिक्षा का प्रमाण पत्र	व्यायाम शिक्षा की डिग्री या डिप्लोमा
2.	शिल्प शिक्षक	शिल्पकला का मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र	शिल्प शिक्षा का मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र या डिप्लोमा
3.	चित्रकला शिक्षक	उच्चतर माध्यमिक में ड्राइंग का विशेष विषय या राजस्थान कला संस्था का एक वर्षीय प्रशिक्षण या मान्यता प्राप्त समतुल्य प्रशिक्षण या कोर्स	ड्राइंग विषय के साथ स्नातक या राजस्थान कला संस्थान का द्वितीय या पंचवर्षीय प्रशिक्षण या मान्यता प्राप्त समतुल्य प्रशिक्षण या कोर्स
4.	संगीत शिक्षक	उच्चतर माध्यमिक में संगीत का विशेष विषय या राजस्थान संगीत संस्थान का संगीत का एक वर्षीय प्रशिक्षण या मान्यता प्राप्त समतुल्य प्रशिक्षण या कोर्स	संगीत विषय के साथ स्नातक या संगीत की डिग्री या डिप्लोमा का समतुल्य प्रशिक्षण या कोर्स

वर्ग	तृतीय श्रेणी	द्वितीय श्रेणी एव उच्च पद
सामान्य शिक्षक	एस टी सी या अन्य मान्यता प्राप्त समतुल्य प्रशिक्षण	बी एड या समतुल्य डिग्री
पुस्तकालयाध्यक्ष	पुस्तकालय विज्ञान का प्रमाण पत्र	पुस्कालय विज्ञान का डिप्लोमा

(ii) निम्न प्रकार के शिक्षको को अप्रशिक्षित होते हुए भी सार्वजनिक परीक्षा की अनुज्ञा दी जाएगी—

(अ) जिस अध्यापक ने 1-9-68 से पूर्व अध्यापक पद पर 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा की हो। यह छूट सार्वजनिक परीक्षा मे अनुज्ञा के लिए ही मान्य होगी।

(आ) जिस अध्यापक ने प्रथम नियुक्ति के समय टी डी सी, एम ए, शास्त्री, आचार्य, उपाध्याय की खण्ड परीक्षा उत्तीर्ण की हुई है।

(इ) अंध विद्यालय, बधिर एव मूक विद्यालय मे कार्य कर रहे ऐसे विकलांग, नेत्रहीन, बधिर आदि अध्यापक।

(ई) वह व्यक्ति जो मैट्रिक या समतुल्य योग्यता नही रखते हो तथा संस्कृत की ही योग्यता रखते हो।

(उ) प्रयोगशाला सहायक जिन्होने दो वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण कर ली है।

(iii) उपरोक्त टिप्पणी संख्या (i) मे वर्णित पुस्तकालयाध्यक्ष वर्ग से प्रयोजन अधीनस्थ शिक्षा सेवा के पुस्तकालयाध्यक्ष से है। लिपिकीय वर्ग मे कार्य कर रहे पुस्तकालयाध्यक्ष पर राज्य सरकार के सार्वजनिक परीक्षा मे बैठने के सामान्य नियम प्रयुक्त होगे।

(4) *यदि कोई व्यक्ति अनुज्ञा प्राप्त करने के बाद परीक्षा मे सम्मिलित नही होता है तो उसे दो सत्र के लिए फिर अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।*

(5) किसी शिक्षक को परिवीक्षा काल (प्रोबेशन पीरियड) की अवधि मे किसी सार्वजनिक परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए किसी प्रकार की अनुज्ञा नही दी जाएगी।

6 निर्देशक बिन्दु :

सार्वजनिक परीक्षा मे बैठने की अनुज्ञा वरिष्ठता के आधार पर निम्न निर्देश बिन्दुओ (गाईड लाइन्स) को दृष्टि मे रखकर प्रदान की जाएगी:—

(1) *वरीयता क्रम (आर्डर आफ प्रिफरेंस) निर्धारित करने का क्रम निम्न प्रकार होगा,—*

(क) चूंकि अधीनस्थ शिक्षा सेवा के सामान्य पद की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता सैकण्डरी अथवा हायर सैकण्डरी है अत. सैकेण्डरी अथवा हायर सैकण्डरी परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए —

(अ) कर्मचारी संबंधित अनुज्ञा अधिकारी को परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु *निश्चित प्रपत्र मे आवेदन पत्र देगा तथा अनुज्ञा अधिकारी सामान्यतया* अनुज्ञा देगा परन्तु 5 (2) मे वर्णित अर्हता की पूर्ति आवश्यक होगी।

(आ) ऐसे कर्मचारियो के लिए प्रशिक्षित होना या पूरे *दो सत्र की अनिवार्य* अनवरत सेवा का होना आवश्यक नही होगा। परन्तु *5 (1) व 5 (2) मे वर्णित अर्हताओ की पूर्ति आवश्यक होगी।*

(इ) जो कर्मचारी विज्ञान विषय सहित हायर सैकेण्डरी परीक्षा देना चाहता है परन्तु अप्रशिक्षित है तथा उदयपुर विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय या सस्थान के विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम म सम्मिलित होना चाहत है उनके लिए भी प्रशिक्षित होना आवश्यक नही होगा।

(ख) प्रशिक्षित मैट्रिक जो कि स्नातक उपाधि (बी ए या समकक्ष) प्राप्त करना चाहता है।

(ग) स्नातक जो विषय विशेष में स्नातक की उपाधि प्राप्त करना चाहता है।

(घ) स्नातक जो कि स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएशन) प्राप्त करना चाहता है।

(ङ) श्रेणी सुधारन के उद्देश्य से सभी विषयो म पुन स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने का इच्छुक।

(च) स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त (पोस्ट ग्रेजुएट) शिक्षक जो दूसरे विषय म स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने का इच्छुक हो।

(2) उन्ही अध्यापन विषयो म अनुज्ञा दी जाए जो विद्यालयों म अध्यापन विषय है।

(3) अध्यापकों को गृह विज्ञान विषय म अनुज्ञा नहीं दी जाए, क्योंकि वह केवल बालिका विद्यालयों म ही अध्यापन विषय है।

(4) माध्यमिक या उच्च माध्यमिक विद्यालयो एव अन्य कार्यालयो म स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के लिए विद्यालय के 20 प्रतिशत से अधिक शिक्षको या कमचारियो को अनुज्ञा नही दी जाएगी।

(5) दो से अधिक विषयो मे स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने की अनुज्ञा नही दी जाएगी।

(6) ऊपर लिखे हुए 6 (2) को ध्यान मे रखत हुए स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधि के लिए सम्मिलित होने की अनुज्ञा अनिवार्य रूप म वरिष्ठता के आधार पर ही, बिना इस विचार के कि वह किस विषय मे स्नातकोत्तर परीक्षा म सम्मिलित होना चाहता है, दी जाएगी।

(7) प्राथमिक एव उच्च प्राथमिक विद्यालयो के शिक्षको को परीक्षा म बैठन की अनुज्ञा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा, वरिष्ठ उप जिला शिक्षाधिकारी उप जिला शिक्षा अधिकारी या शिक्षा प्रसार अधिकारी क क्षेत्रवार, जिला स्तर की वरिष्ठता क आधार पर अधिमान्यता क्रम बनाकर दी जाएगी। इसका अर्थ यह हुआ कि क्षेत्रवार अधिकारी क 40 प्रतिशत शिक्षको को परीक्षा म सम्मिलित होन की अनुज्ञा दी जा सकती है परन्तु·—

(i) एक समय म किसी एक सस्था के 40 प्रतिशत से अधिक शिक्षको को परीक्षा म सम्मिलित होने की अनुज्ञा नही दी जाए।

(ii) जिस सस्था म दो अध्यापक हो वहा पर केवल एक अध्यापक को ही अनुज्ञा दी जाए।

(iii) जिस सस्था म एक ही अध्यापक हों वहां पर अनुज्ञा देत समय यह ध्यान रखा जाए कि उस सस्था क अध्यापक को अनुज्ञा देन पर वर्ष भर की अध्यापन व्यवस्था पर कोई असर न पडे तथा उसे आगाह कर दिया जाय कि अनुज्ञा के कारण अध्यापन तथा विद्यालय व्यवस्था म न्यूनता नही आने दे।

(8) दूसरे विषय म स्नातकोत्तर उपाधि की परीक्षा म बैठने की अनुज्ञा बिन्दु 7 (4) से (6) म वर्णित शर्तों क अनुसार दी जा सकती है। उसी प्रकार स्नातकोत्तर की उपाधि म श्रेणी (डिविजन) सुधारने के लिए दुबारा प्रयत्न करने की अनुज्ञा निधारित कोटे म स्थान रिक्त होने पर बिन्दु 7 (4) से (6) क अनुसार ही दी जा सकती है।

(9) किसी भी स्थिति म शिक्षको को दिन की कक्षाओ म सम्मिलित होने की अनुज्ञा प्रदान नही की जायगी जब तक कि वे उस अवधि के लिए जिसम कि क ाए लगती है, अवकाश नही लेते।

(10) वरिष्ठतानुसार परीक्षा की अनुज्ञा देते समय यह ध्यान रखा जाए कि अमुक अध्यापको ने इसस पूव कितनी बार परीक्षा नहीं दी है। ऐसी व्यवस्था की जाए कि परीक्षा अनुज्ञा का लाभ सभी का निष्पक्षत प्राप्त हो।

अनवरत अनुज्ञा

(1) यदि किसी शिक्षक को किसी परीक्षा म जो कि खण्डो म पूर्ण की जाती है, (जैसे बी ए की परीक्षा के खण्ड या एम ए की परीक्षा म प्रीवियस/फाईनल) बैठने की अनुज्ञा दी गई है, तो उस परीक्षा को पूर्ण करने क लिए अगले वर्षों म भी अनुज्ञा दी जानी चाहिए।

(2) परन्तु यदि पहले दी गई अनुज्ञा के कारण अध्यापक का कार्य असन्तोषजनक हो गया हो तो आगे दी जाने वाली अनुज्ञा रोकी जा सकती है।

(3) जिन अध्यापको ने सेवा म आने से पूर्व कोई खण्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो तो उन्हे उसी वर्ष अग्रिम परीक्षा अनुज्ञा दी जाए।

(4) गत परीक्षा (हायर सैकण्डरी, स्नातक व स्नातकोत्तर) प्रथम श्रेणी म उत्तीर्ण करने पर अध्यापक को उसी वर्ष अनुज्ञा दी जा सकेगी।

(5) गत परीक्षा (हायर सैकण्डरी, स्नातक व स्नातकोत्तर) द्वितीय श्रेणी म उत्तीर्ण करने पर अध्यापको को एक वर्ष पश्चात् अनुज्ञा दी जा सकेगी।

(6) गत परीक्षा (हायर सैकण्डरी, स्नातक व स्नातकोत्तर) तृतीय श्रेणी म उत्तीर्ण करने पर अध्यापको को दो वर्ष पश्चात् अनुज्ञा दी जाए।

(7) यदि कोई शिक्षक किसी परीक्षा को उत्तीर्ण करने म असफल रहता है तो उसे अगले वर्ष दुबारा परीक्षा म सम्मिलित होने की अनुज्ञा दी जाएगी परन्तु वह दुबारा असफल रहता है तो उसे अगली अनुज्ञा दो वर्ष बाद ही मिलेगी। किन्तु परीक्षा देने वाले यदि किसी खण्ड म उत्तीर्ण हो जाते हैं और अगले खण्ड म लगातार दो वर्ष तक असफल रहते हैं तो उन्हें निर्धारित कोटे म स्थान रिक्त होने पर विशेष परिस्थितियों म एक बार और एटेम्प्ट करने की अनुज्ञा दी जा सकती है।[1]

अवकाश

(1) सार्वजनिक परीक्षा म सम्मिलित होने क लिए अनुज्ञा प्राप्त शिक्षक परीक्षा की तैयारी क लिए किसी प्रकार के अवकाश के अधिकारी नहीं होंगे।

(2) उन्हे केवल परीक्षा की अवधि तथा जहा आवश्यक हो, यात्रा की अवधि का ही अवकाश दिया जायगा।

---

1 क्रमांक शिविरा/प्रस्पा/एफ-4/13704/(4)/73 दिनांक 9-4-74

(इ) स्वीकृति देने वाले अधिकारी के आदेश संख्या व सवर्ग..................

(ई) परीक्षा का परिणाम......................

(उ) श्रेणी जिसमें परीक्षा उत्तीर्ण की है......................

8. सार्वजनिक परीक्षा जिसमे सम्मिलित होने को स्वीकृति चाही जा रही है :

सार्वजनिक परीक्षा का नाम	परीक्षा लेने वाले बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	विषय जिसमें परीक्षा देना चहाता है	माह जिसमे परीक्षा होगी
....	....	....	....
....	....	....	....
....	....	....	....

9. सायकालीन/पत्राचार पाठ्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए :

(क) पाठ्यक्रम का नाम....................

(ख) सस्था का नाम......................

(ग) सस्था मे सायकालीन पढाई के घटे....................

(घ) सस्था मे अनिवार्य रूप से पढाई का विषय.................. ....
(यदि पत्राचार का पाठ्यक्रम हो)

(ङ) विषय जो लिए जाने हैं..........................

मैं शपथपूर्वक घोषित करता हूं कि उपरोक्त तथ्य सही हैं और मैंने कोई सूचना छिपाई नही है।

प्रार्थी के हस्ताक्षर

विद्यालय/कार्यालय प्रधान की सिफारिश

प्रमाणित किया जाता है कि

(1) प्रार्थी द्वारा उसके प्रार्थना पत्र मे लिखे गए तथ्यो की उसकी व्यक्तिगत पजिका और सेवा पुस्तिका से जाच की और ठीक पाया।

(2) उसके द्वारा पढाई जाने वाली कक्षाओ का परिणाम पूर्व-सत्र मे 60 प्रतिशत से कम नही रहा है।

(3) उसका कार्य पूरी तरह से संतोषजनक रहा है।

दिनाक

हस्ताक्षर व पद
विद्यालय/कार्यालय प्रधान

परिशिष्ट—2

सार्वजनिक परीक्षा/पत्राचार पाठ्यक्रम मे प्रवेश चाहने वाले प्रार्थियो के प्रार्थना पत्र का विवरण

(सक्षम अधिकारी को 19 अगस्त तक प्राप्त होना चाहिए)

संस्था का नाम | श्रेणी

पद	स्वीकृत पदो की संख्या	कम की गई और प्रतिनियुक्ति आदि पर शिक्षको की संख्या	वास्तविक संख्या जिसके आधार पर अनुज्ञा संख्या निर्धारित की जानी है	अनुज्ञा योग्य संख्या
1	2	3	4	5
अध्यापक प्रथम श्रेणी अध्यापक द्वितीय श्रेणी अध्यापक तृतीय श्रेणी				
योग				

निर्धारित कोटे के अनुसार जिनकी स्वीकृति दी जा सकती हो उन व्यक्तियो की संख्या तथा विवरण

6

क्रम स	प्रार्थी का नाम मय पद	जन्म तिथि	अविच्छिन्न सेवा मे प्रथम नियुक्ति की तिथि वरिष्ठ अध्यापक के पद पर नियुक्ति की तिथि यदि 31-12 65 को या उससे पहले हुई हो	वरिष्ठता संख्या मय वेतन शृंखला	वर्तमान अधिकतम योग्यताए: शैक्षिक	वर्तमान अधिकतम योग्यताए: व्यावसायिक	सार्वजनिक परीक्षा का विवरण जिसके लिए स्वीकृति चाही गई है।	स्वीकृति देने वाले अधिकारी का निर्णय	हस्ताक्षर व स्वीकृति देने वाले अधिकारी का पद	विशेष टिप्पणी
6(1)	6(2)	6(3)	6(4)	6(5)	6(6)	6(7)	6(8)	6(9)	6(10)	6(11)

टिप्पणी—अन्य कोई सूचना जो प्राथना पत्र को स्वीकृत या अस्वीकृत करने के लिए उपयोगी हो, पृथक संलिविष्ट के लिए उपयुक्त टिप्पणी अंकित की जाए।

हस्ताक्षर

नाम

पद

विद्यालय/कार्यालय प्रधान

परिशिष्ट 3

सावजनिक परीक्षा के लिए दी गई अनुज्ञा का विवरण

कार्यालय/विद्यालय				सत्र जिसमे परीक्षा देने की अनुज्ञा दी गई							
क्रम स	स्वीकृत पदो का वग श्रेणी एव सख्या	आवेदन कर्ता का नाम	राज्य सवा म अविच्छिन्न प्रथम नियुक्ति की तिथि	वरिष्ठता क्रम		वतमान अधिकतम योग्यता वप सहित		पूव म दी गई परीक्षा का विवरण			
				ग्र ड	वरि क्रम	सद्धा	प्रायो	नाम परीक्षा	विषय	वप	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

परीक्षा का नाम जिसके लिए अनुज्ञा दी गई						गत तीन सत्रो मे पढाए गए विषयो/कक्षाओ का परीक्षा फल				
नाम परीक्षा	वप	विश्वविद्यालय/बोड का नाम	विषय	मास जिसम परीक्षा होगी	स्वीकृति आदेश का प्रसग	सत्र	कक्षा	विषय	कुल छात्र सख्या	उत्तीण छात्रो की सख्या (पूरक को छोडकर)
13	14	15	16	1	18	19	20	21	22	23

प्रतिशत	सायकालीन/पत्राचार पाठयक्रम मे सम्मिलित होने के लिए दी गई अनुमति के विषय मे						
	काय व्यवहार पर टिप्पणी	पाठयक्रम का नाम	सस्था का नाम	सायकालीन पढाई की अवधि	सस्था म अनिवाय पूरा समय पढाई की अवधि	विषय जो लिए गए	विविध विवरण
24	25	26	27	28	29	30	31

हस्ताक्षर

परिशिष्ट-4

सावजनिक परीक्षा अनुज्ञाओ की सकलन तालिका

म स्या	स्वीकृत पदा के वग तथा श्रेणी	आवदनकर्ताओ के प्रपत्र-3 का क्रम	परीक्षा हेतु दी गई अनुज्ञाओ का विवरण (प्रपत्र 5)
1	2	3	4

परिशिष्ट 5

परीक्षाओं के लिए दी गई अनुज्ञाओ का विवरण

जिला सत्र --- -- --

क्र स	वग व श्रेणी	स्वीकृत पदा की सख्या	परीक्षा हेतु दी गई अनुज्ञाओ की सख्या						योग	विशेष विवरण
			सैकण्डरी	हायर सैकण्डरी	स्नातक	स्नातकोत्तर	विषय	अन्य परीक्षाएं		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

संयुक्त निदेशक
उप निदेशक

परिशिष्ट 6

सावजनिक परीक्षा म प्रविष्ट हुए व्यक्तियो का परीक्षाफल विवरण

नाम विद्यालय/कार्यालय परीक्षा उत्तीर्ण करन का वष

क्रम स	वग व श्रेणी	परीक्षा अनुमति का विवरण				
		नाम कमचारी	परीक्षा का नाम	विश्वविद्यालय	विषय	स्वीकृति का प्रसग
1	2	3	4	5	6	7

परीक्षा फल का विवरण			विशेष विवरण
परीक्षाफल घोषित होने की तारीख	श्रेणी जिसम उत्तीर्ण हुए	विशेष योग्यता विषय सहित	
8	9	10	11

टिप्पणी —यदि अनुत्तीर्ण हुआ हो तो अनु शब्द कोष्ठक सख्या 9 म लिखें।
पूरक का उल्लेख भी उसी कोष्ठक म किया जाए।

अनुज्ञा दन वाले अधिकारी क तिथि सहित
हस्ताक्षर व पद

परिशिष्ट–7

परीक्षाफल संकलन तालिका

क्रम संख्या	नाम विद्यालय/कार्यालय	वर्ग व श्रेणी	प्रपत्र का क्रम	परीक्षा अनुमति का विवरण		
				परीक्षा का विषय	क्रम	विश्वविद्याल
1	2	3	4	5	6	7

परीक्षाफल का विवरण				विशेष विवरण
घोषित होने की तिथि	श्रेणी जिसमें उत्तीर्ण हुए विषय सहित	अनुत्तीर्ण	पूरक	
8	9	10	11	12

(ब) शिक्षा विभाग के प्रयोगशाला सहायकों को सार्वजनिक परीक्षा में बैठने की अनुमति[1]

1 सामान्य

(1) शिक्षा विभाग के प्रयोगशाला सहायकों के पद राजस्थान अधीनस्थ शिक्षा सेवा नियम 1971 के परिशिष्ट–1 क्रमांक 7 पर सम्मिलित किए गए हैं और द्वितीय श्रेणी अध्यापकों की निर्धारित योग्यता धारण करने पर वे पदोन्नति के पात्र होते हैं।

(2) ऐसे कर्मचारियों को सार्वजनिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुमति हेतु सुव्यवस्था व एक सी प्रणाली जारी करने के लिए निम्न आदेश जारी किए जाते हैं।

(3) ये आदेश नियुक्ति विभाग के आदेश संख्या एफ 13 (13) नियुक्ति ए/55/ग्रुप-3 दिनांक 31–7–51 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 25–6–57 व 2–7–70 पर आधारित हैं।

2 परिभाषा

(1) प्रयोगशाला सहायकों से तात्पर्य उन व्यक्तियों से है जो विभाग के माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जहां विज्ञान का विषय है और प्रयोगशालाओं में सहायक का कार्य करते हैं परन्तु अध्यापक वर्ग व अध्यापकों की श्रेणी में नहीं माने हैं।

(2) सार्वजनिक परीक्षाओं से तात्पर्य उन सभी शिक्षा व प्रशिक्षण परीक्षाओं से है जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है और मान्यता प्राप्त बोर्ड एवं विश्वविद्यालयों द्वारा ली जाती हैं। इसमें एम एड की परीक्षा सम्मिलित नहीं है।

(3) कार्य दिवसों के नियमित छात्र के रूप में प्रवेश लेने से पूर्व प्रत्येक कर्मचारी को सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(4) सक्षम अधिकारी से तात्पर्य है जिले का शिक्षाधिकारी (छात्र/छात्रा) जिसके क्षेत्र में प्रयोगशाला स्थापित है।

3 अनुमति हेतु आवेदन पत्र

(1) प्रत्येक वर्ष 30 जून तक सार्वजनिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रयोगशाला सहायकों को निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र (परिशिष्ट–1) सम्बन्धित अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

(2) इन आवेदनपत्रों को जांच करके 15 जुलाई तक अनुमति अधिकारी अनुमति जारी करें।

---

[1] क्रमांक—शिविरा/माध्य/एफ–4/13701/1/73 दिनांक 29–1–73।

4. **परीक्षा ग्रनुज्ञा का कोटा :**

(1) सक्षम ग्रधिकारी क ग्रधीनस्थ कार्य करने वाले प्रयोगशाला सहायको की सख्या के 20 प्रतिशत से ग्रधिक किसी भी स्थिति मे ग्रनुज्ञा प्रदान नही की जानी चाहिए ।

(2) ग्रनुज्ञा निर्धारित कोटे के ग्रन्तर्गत नियम 7 में ग्रकित परीक्षाग्रो के लिए क्रम ग्रनुसार ही दी जाए ।

5. **ग्रनुज्ञा प्रदान करने की प्रणाली :**

(1) ग्रनुज्ञा प्रदान करते समय सर्वप्रथम सेवा के ग्राधार पर (नियुक्ति दिनाक) उन कर्मचारियो को प्राथमिकता दी जाए जिसकी ग्रायु 35 वर्ष से 45 वर्ष के बीच है ।

(2) क्रम सख्या 5(1) के ग्राशार्थियो को ग्रनुज्ञा देने के पश्चात् यदि निर्धारित कोटा में स्थान रिक्त रह जाते हैं तो 35 वर्ष से कम ग्रायु वाले कर्मचारियो को उनकी ग्रनवरत सेवा के ग्राधार ग्रर्थात् नियुक्ति तिथि के ग्राधार पर ग्रनुज्ञा प्रदान की जाए ।

6 **प्रतिबन्ध :**

(1) ऐसे कर्मचारियो को ग्रनुज्ञा प्रदान न की जाए जिनकी ग्रायु 50 वर्ष से ग्रधिक है ।

(2) जिन कर्मचारियो ने तीन वर्ष की ग्रनवरत सेवा पूर्ण नही की है, उन्हे ग्रनुज्ञा प्रदान न की जाए ।

(3) जो कर्मचारी एक से ग्रधिक बार एक परीक्षा मे ग्रनुत्तीर्ण हो चुके हैं उन्हे दो वर्ष तक ग्रनुज्ञा प्रदान न की जाए ।

(4) जिन कर्मचारियो का कार्य सतोषजनक नही है उन्हे ग्रनुज्ञा नही दी जानी चाहिए ।

(5) एक परीक्षा देने के पश्चात् दूसरी परीक्षा की ग्रनुज्ञा दो वर्ष तक नही दी जानी चाहिए। उदाहरणार्थ बी ए की परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात् एम ए की परीक्षा में सम्मिलित होने की ग्रनुज्ञा दो वर्ष पूर्व न दी जाए । परन्तु यह प्रतिबन्ध (बी एड) की परीक्षा पर लागू नही होगा ।

7 **परीक्षाएं जिनके लिए ग्रनुज्ञा प्रदान की जाए :**

(1) स्नातक—

प्रथम प्राथमिकता ऐसे ग्राशार्थियो के मामलो में दी जाए जो स्नातक परीक्षा के लिए ग्रनुज्ञा चाहते है, प्रथम वर्ष की ग्रनुज्ञा देने के पश्चात् ग्रगले वर्ष के लिए ग्रनुज्ञा दी जाए ।

(2) प्रशिक्षण—

द्वितीय प्राथमिकता ऐसे ग्राशार्थियो के मामलो में दी जाए जो प्रशिक्षण हेतु परीक्षा देना चाहते है ।

(3) ग्रधि-स्नातक —

उपरोक्त दोनो प्रकार की परीक्षाग्रो की ग्रनुज्ञा प्रदान करने के बाद निर्धारित कोटे में बचे स्थानो पर ग्रधि स्नातक परीक्षा में बैठने वाले कर्मचारियो के ग्रावेदन पत्रो पर विचार किया जाए ।

(4) ग्रधि-स्नातक ग्रतिरिक्त विषय—

जिनने ग्रधि स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करली है ग्रौर ग्रब ग्रतिरिक्त विषय में या डिविजन सुधारने हेतु एम ए करना चाहते हैं तो एसे मामले में सक्षम ग्रधिकारी ग्रनुज्ञा प्रदान नही करेंगे । ऐसे प्रकरण निदेशक महोदय की विशेष स्वीकृति के लिए भेजे जाए ।

8 ग्रनुज्ञा का लाभ न उठाने पर

यदि कोई कमचारी ग्रनुज्ञा प्राप्त करन क पश्चात् परीक्षा म सम्मिलित नही होता है ता उ ग्रगले दो वप तक ग्रनुज्ञा नही दी जाएगी ।

9 परीक्षाकाल मे ग्रवकाश

(1) जिन कमचारियो को सावजनिक परीक्षा के लिए ग्रनुज्ञा प्रदान की जाएगी उन्हे परीक्ष की तयारी के लिए ग्रवकाश स्वीकृत नही किया जाएगा ।

(2) उन्हे परीक्षा समय सारिणी एव लिए गए विषयो के ग्रनुसार केवल परीक्षा की ग्रवधि तथा जहा ग्रावश्यक हो यात्रा की ग्रवधि का ही ग्रवकाश स्वीकृत किया जाएगा ।

(3) यदि कोई कमचारी ग्रनियमित प्रकार से ग्रवकाश लने का प्रयत्न करेगा तो उसकी परीक्षा ग्रनुज्ञा किसी भी समय निरस्त की जा सकगी ।

10 दण्ड विधान

जो कमचारी सावजनिक परीक्षा म बिना सक्षम ग्रधिकारी की पूव ग्रनुज्ञा के सम्मिलित होगा उस सी सी ए नियमो मे निर्धारित क्रियाविधि के पालन के पश्चात् उचित दण्ड दिया जा सकेगा एव इस प्रकार उसकी उत्तीण की गई परीक्षा को पाच वप तक क्वालीफाईड होने हेतु शामिल नही किया जाएगा व उक्त पाच वर्षो म बठने की इजाजत नही दी जाएगी ।

11 जिन कमचारियो को परीक्षा ग्रनुज्ञा दी गई है वे परीक्षाफल प्राप्त होन के एक सप्ताह के भीतर ग्रपनी ग्रकतालिका की एक प्रतिलिपि सक्षम ग्रधिकारी को प्रस्तुत करगे ।

परिशिष्ट–1

सावजनिक परीक्षा के लिए विभागीय ग्रनुज्ञा हेतु ग्रावेदन पत्र

(प्रयोगशाला सहायको के लिए)

1 कमचारी का नाम
2 वतमान पद व स्थान
3 जन्म तिथि
4 प्रथम नियुक्ति तिथि
5 स्थायी होने की तिथि
6 (ग्र) परीक्षा का नाम जिसके लिए ग्रनुमति चाही जा रही है
   (ब) विश्वविद्यालय तथा कालेज का नाम
7 पिछली परीक्षा का विवरण
   (क) परीक्षा का नाम
   (ख) उत्तीण करने का वप
   (ग) श्रेणी जिसम परीक्षा पास की (ग्रकतालिका की प्रति सलग्न करें)
   (घ) यदि गत परीक्षा म बठन की ग्रनुज्ञा प्रदान की गई तो उसका सदभ
   (ङ) विश्वविद्यालय का नाम

क्या पिछले दो वर्षों मे परीक्षाओ की अनुमति प्राप्त की है, अगर की है तो निम्न सूचना दें:—

(1) दो वर्ष पूर्व कौनसी परीक्षा मे बैठे और उनका नतीजा (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) ....

(2) गत वर्ष परीक्षा मे बैठे उनका फल उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण ....

नाक	प्रार्थी के हस्ताक्षर

कार्य एवं व्यवहार के बारे मे निकटतम अधिकारी की राय

निकटतम अधिकारी के हस्ताक्षर
मय पद व वर्तमान पद व स्थान

(ख) मत्रालयिक कर्मचारियो को सार्वजनिक परीक्षा में बैठने की अनुज्ञा[1]

परिचय :

(1) विभाग के मत्रालयिक कर्मचारियो को सार्वजनिक परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए अनुज्ञा प्रदान करने की सुव्यवस्था व एक सी प्रणाली जारी करने के लिए निम्नलिखित आदेश जारी किए जाते हैं ।

(2) ये आदेश नियुक्ति विभाग के आदेश सख्या एफ.13 (17) नियुक्ति/ए/55/ग्रु.प-3/दिनाक 31-7-51, समसख्यक आदेश दिनाक 25-6-57 एव 2-7-70 पर आधारित है ।

. परिभाषाएं :

(1) मत्रालयिक कर्मचारियो के अन्तर्गत वे समस्त कर्मचारी परिगणित होगे जो राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मिनिस्टीरियल स्टाफ नियम 1957 मे निर्दिष्ट है ।

(2) सार्वजनिक परीक्षाओं से तात्पर्य उन सभी परीक्षाओ से है जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और मान्यता प्राप्त बोर्ड एव विश्वविद्यालयों द्वारा ली जाती है । इसमें एल एल बी की परीक्षा भी सम्मिलित है ।

(3) कालेज/विद्यालय के नियमित छात्र के रूप मे प्रवेश लेने से पूर्व प्रत्येक कर्मचारी को सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

3. अनुज्ञा हेतु आवेदन पत्र :

(1) सक्षम अधिकारी प्रत्येक वर्ष 30 जून तक सार्वजनिक परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए मत्रालयिक कर्मचारियों से आवेदन पत्र परिशिष्ट 1 के प्रारूप मे प्राप्त करेंगे और इन आवेदन पत्रो की जाच करके 15 जुलाई तक अनुज्ञा आदेश जारी करेंगे ।

(2) किसी भी सार्वजनिक परीक्षा मे बैठने विद्यालय/कालेज मे प्रवेश प्राप्ति के लिए आवेदन पत्र भरने से पूर्व सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा प्राप्त कर लेनी आवश्यक होगी ।

1. शिविरा,सात्र/ए/1225/72 दिनाक 27-7-72

4. परीक्षा अनुज्ञा देने के सक्षम अधिकारी :

मत्रालयिक कर्मचारियो को परीक्षा अनुज्ञा देने के लिए निम्नलिखित अधिकारी सक्षम होंगे :

वर्ग	सक्षम अधिकारी
1—कनिष्ठ लिपिक 1—वरिष्ठ लिपिक	जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिले में पद स्थापित समस्त कनिष्ठ लिपिक वरिष्ठ लिपिक/लेखालिपिको को परीक्षा अनुज्ञा देने के लिए सक्षम होंगे।

टिप्पणी : निदेशक, राज्य शिक्षा सस्थान/निदेशक, राज्य विज्ञान शिक्षा सस्थान/उप निदेशक, शैक्षणिक एव व्यावसायिक निर्देशन केन्द्र/मूल्याकन अधिकारी/सयुक्त निदेशक, उप निदेशक मडल/प्रधानाचार्य, शिक्षक प्रशिक्षण महा-विद्यालय/प्रधानाचार्य, सादुल पब्लिक स्कूल अपने कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक/वरिष्ठ लिपिको को परीक्षा अनुज्ञा देने मे सक्षम होंगे।

वर्ग	सक्षम अधिकारी
3—कार्यालय सहायक 4—आशुलिपिक द्वितीय श्रेणी (महिला सहित)	सयुक्त निदेशक/उप निदेशक मडल वे यह अनुज्ञा सवधित कार्यालय के लिए निर्धारित कोटा के अन्तर्गत देंगे।
5—कार्यालय अधीक्षक (प्रथम व द्वितीय श्रेणी 6—आशुलिपिक (प्रथम श्रेणी) 7—निदेशालय के समस्त कर्मचारी	निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा

5. परीक्षा का कोटा :

(1) प्रत्येक वर्ग के कर्मचारियो की सख्या के 20 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियो को किसी भी स्थिति मे अनुज्ञा प्रदान नही की जानी चाहिए।

(2) प्रत्येक वर्ग मे 5 स कम सख्या होने पर पूरा वर्ग अलग न माना जाए।

